(और ऐ याक़ूब के बेटो!) जब तुमने एक शख़्स को मार डाला और उसके बारे में (आपस में) झगड़ने लगे और जो तुम छिपा रहे थे अल्लाह को उसका भेद खोलना मंज़ूर था। (७२) पस हमने कहा कि बैल का कोई टुकड़ा मुर्दे को छुआ दो, इसी तरह (क़ियामत में) अल्लाह मुर्दों को जिलायेगा। वह तुमको अपनी (क़ुदरत का) चमत्कार दिखाता है, शायद तुमको समझ आजाय। (७३)

---

§ यहूदियों को शनिश्चर के दिन मछली का शिकार खेलने की इजाज़त न थी। उन्होंने शुक्रवार के दिन नदी के किनारे गढ़े खोदे ताकि सनीचर को उसमें मछलियाँ आ जायें और वह इतवार को उनको पकड़कर कहें कि यह शिकार तो शुक्रवार का है। † मूसा के समय में एक बड़ा धनवान आदमी था। उसके कोई सन्तान न थी। उसके भतीजे ने उसे माल धन के लोभ से इस तरह मार डाला कि कोई जान न सके। कुछ लोग हज़रत मूसा के पास गये कि क्या करें जिससे क़ातिल का पता चल जाय। मूसा ने कहा, बैल ज़बह करो। इस पर (हत्या का भेद खुल जने के डर से) उन लोगों ने कहा, हम तो क़ातिल को जानना चाहते हैं और तुम हमसे कहते हो बैल हलाल करो! यह क्या मज़ाक है? काटने के बाद, मांस का एक टुकड़ा मरे हुए आदमी को मारा गया। वह उठ बैठा और उसने अपने क़ातिल का पता बताया। मक़तूल का नाम आमील था। इस क़िस्से से यह ज़ाहिर हुआ कि जिस तरह खुदा ने उस क़त्ल हुये शख़्स को ज़िन्दः कर दिया उसी तरह क़ियामत के दिन तमाम मुर्दों को उठा खड़ा करेगा।

सुम्म क़सत् क़ुलूबुकुम् मिम्बअ़्दि ज़ालिक फ़हिय कल्हि़जारति औ अशद्दु क़स्वतन् ṭ व अिन्न मिनल्हि़जारति लमा यतफ़ज्जरु मिन्हुल्अन्हारु ṭ व अिन्न मिन्हा लमा यश्शक़्क़क़ु फ़यख्रुजु मिन्हुल्मा॑अु ṭ व अिन्न मिन्हा लमा यह्बितु मिन् ख़शयतिल्लाहि ṭ व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अ़म्मा तअ़्मलून (७४)

لما يتفجر منه الانهر وان منها لما يشقق فيخرج منه الماء و
ان منها لما يهبط من خشية الله وما الله بغافل عما تعملون ۝
افتطمعون ان يؤمنوا لكم وقد كان فريق منهم يسمعون كلم
الله ثم يحرفونه من بعد ما عقلوه وهم يعلمون ۝ واذا لقوا الذين
امنوا قالوا امنا واذا خلا بعضهم الى بعض قالوا اتحدثونهم بما
فتح الله عليكم ليحاجوكم به عند ربكم افلا تعقلون ۝ اولا يعلمون
ان الله يعلم ما يسرون وما يعلنون ۝ ومنهم اميون لا يعلمون
الكتب الا اماني وان هم الا يظنون ۝ فويل للذين يكتبون الكتب
بايديهم ثم يقولون هذا من عند الله ليشتروا به ثمنا قليلا
فويل لهم مما كتبت ايديهم وويل لهم مما يكسبون ۝ وقالوا
لن تمسنا النار الا اياما معدودة قل اتخذتم عند الله عهدا فلن
يخلف الله عهده ام تقولون على الله ما لا تعلمون ۝ بلى من كسب
سيئة واحاطت به خطيئته فاولئك اصحب النار هم فيها
خلدون ۝ والذين امنوا وعملوا الصلحت اولئك اصحب الجنة هم
فيها خلدون ۝ واذ اخذنا ميثاق بني اسراءيل لا تعبدون الا
الله وبالوالدين احسانا وذي القربى واليتمى والمسكين وقولوا للناس
حسنا واقيموا الصلوة واتوا الزكوة ثم توليتم الا قليلا منكم وانتم

منزل ١

अफ़ततम्अ़ून अंय्युअ्मिनू लकुम् व क़द् कान फ़रीक़ुम् मिन्हुम् यस्मअ़ून कलामल्लाहि सुम्म युहर्रिफ़ूनहू मिम्बअ़्दि मा अ़क़लूहु व हुम् यअ़्लमून (७५) व अिज़ा लक़ुल्लज़ीन आमनू क़ालू॑ आमन्ना ज् सला व अिज़ा ख़ला बअ़्ज़ुहुम् अिला बअ़्ज़िन् क़ालू॑ अतुहद्दिसूनहुम् बिमा फ़तहल्लाहु अ़लैकुम् लियुहा॑ज्जू कुम् बिही॑ अ़िन्द रब्बिकुम् ṭ अफ़ला तअ़्क़िलून (७६) अव ला यअ़्लमून अन्नल्लाह यअ़्लमु मा युसिर्रून व मा युअ़्लिनून (७७) व मिन्हुम् उम्मीयून ला यअ़्लमूनल्किताब अिल्ला॑ अमानीय व अिन् हुम् अिल्ला यज़ुन्नून (७८) ● फ़वैलुल्लिल्लज़ीन यक्तुबूनल्किताब बिऐदीहिम् क़् सुम्म यक़ूलून हाज़ा मिन् अ़िन्दिल्लाहि लियश्तरू बिही॑ समनन् क़लीलन् ṭ फ़वैलुल्लहुम् मिम्मा कतबत् ऐदीहिम् व वैलुल्लहुम् मिम्मा यक्सिबून (७९) व क़ालू लन् तमस्सनन्नारु अिल्ला॑ अैयामम्मअ़्दूदतन् ṭ क़ुल् अत्तख़ज़्तुम् अ़िन्दल्लाहि अ़ह्दन् फ़लैंयुख़्लिफ़ल्लाहु अ़ह्दहू॑ अम् तक़ूलून अ़लल्लाहि मा ला तअ़्लमून (८०) बला मन् कसब सैयिअतौंव अह़ातत् बिही॑ ख़ती॑अतुहू फ़अुला॑अिक अस्हा़बुन्नारि ज् हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (८१) वल्लज़ीन आमनू व अ़मिलुस्सालिहा़ति अुला॑अिक अस्हा़बुल्जन्नति ज् हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (८२) ★ व अिज़् अख़ज़्ना मीसाक़ बनी॑ अिस्रा॑अील ला तअ़्बुदून अिल्लल्लाह क़िफ़् व बिल्वालिदैनि अिह्-सानौंव ज़िल्क़ुर्बा वल्यतामा वल्मसाकीनि व क़ूलू लिन्नासि हुस्नौंव अक़ीमुस्सलात व आतुज़्ज़कात ṭ सुम्म तवल्लैतुम् अिल्ला क़लीलम् मिन्कुम् व अन्तुम् मुअ़्रिज़ून (८३)

● नि १/२

★ रु. ९/९ आ ११

फिर इसके बाद भी तुम्हारे दिल सख़्त ही रहे कि गोया वह पत्थर हैं बल्कि उनसे भी बढ़कर कठोर। (क्योंकि) पत्थरों में कुछ ऐसे भी हैं कि उनसे नदियाँ फूट निकलती हैं और कुछ पत्थर ऐसे हैं जो फट जाते हैं और उनसे पानी झरता है और कुछ पत्थर ऐसे भी हैं जो अल्लाह के डर से लुढ़क पड़ते हैं, और जो कुछ तुम कर रहे हो अल्लाह उससे बेख़बर नहीं। (७४) तो (मुसलमानो!) क्या तुमको आशा है कि (यहूदी) तुम्हारी बात मान कर ईमान ले आवेंगे? (जबकि) उनका हाल यह है कि उनमें कुछ लोग ऐसे भी हैं जो ख़ुदा का कलाम सुनते हैं फिर उसको समझ लेने के बाद भी उसको कुछ का कुछ कर देते हैं। और वह इसे (ख़ूब) जानते भी हैं। (७५) और जब ईमानवालों से मिलते हैं तो कह देते हैं कि हम भी ईमान ला चुके हैं और जब आपस में अकेले में होते हैं तो कहते हैं कि जो कुछ (तौरात में) ख़ुदा ने तुम पर खोला है, क्या तुम मुसलमानों को उसकी ख़बर दिये देते हो कि तुम्हारे पालनकर्ता के सामने उसी बात की सनद पकड़कर तुमको क़ायल कर दें,§ तो क्या तुम (इतनी बात भी) नहीं समझते। (७६) (परन्तु) क्या इन मनुष्यों को यह बात मालूम नहीं कि वह जो कुछ छिपाते हैं और जो कुछ ज़ाहिर करते हैं, अल्लाह जानता है। (७७) और बाज़ उनमें अनपढ़ हैं जो अपने दिलों को खुश करने वाली झूठी ख़्वाहिशों (मनोरथों) के अलावा किताब का ज्ञान नहीं रखते और वह फ़क़त ख़याल पकाया करते हैं। (७८) ● पस ख़राबी है उन लोगों पर जो अपने हाथ से तो किताब लिखें फिर कहें कि यह ख़ुदा के यहाँ से (उतरी) है ताकि उसके द्वारा थोड़े से दाम हासिल करें: सो ख़राबी है उनके लिए उनके ऐसा लिखने के कारण और ख़राबी है उनके लिए ऐसी कमाई करने पर। (७९) और वे कहते हैं कि गिनती के चन्द रोज़ के सिवा (दोज़ख़ की) आग उनको छुएगी नहीं†। (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो, क्या तुमने अल्लाह से कोई अहद पा लिया है और इसलिए अब अल्लाह अपनी प्रतिज्ञा के हरगिज़ ख़िलाफ़ नहीं करेगा, या बेसमझे अल्लाह के लिए ऐसी बातें कहते हो? (८०) सच्ची बात तो यह है कि जो भी बुरी बातें करता है और (जो) हर तरफ़ से पापों में घिरा है तो ऐसे ही लोग दोज़ख़ी हैं कि वह सदैव जहन्नम (नरक) ही में रहेंगे। (८१) और जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये, ऐसे ही लोग जन्नती हैं कि वह हमेशा जन्नत ही में रहेंगे। (८२) ★

● नि. १/२

★ रु. ९/९ आ ११

और (वह समय याद करो) जब हमने याक़ूब के बेटों से पक्की प्रतिज्ञा ली कि ख़ुदा के सिवा किसी की इबादत नहीं करेंगे और माता पिता के साथ सलूक से पेश आयेंगे और रिश्तेदारों, अनाथों और दीन दुखियों के साथ (भी)। और लोगों से साफ़ और भले तौर पर (मुलायमत से) बात करेंगे और नमाज़ क़ायम करेंगे और ज़कात देते रहेंगे। फिर तुममें से थोड़े आदमियों के सिवा बाक़ी सब पलट गये और तुम लोग तो पलट जाया ही करते हो। (८३)

§ यहूदियों के धर्मग्रंथ में उनसे ख़ुदा की यह भविष्यवाणी है कि आगे चलकर तुम्हारे ही भाईबन्दों (सेमेटिक जाति की ही दूसरी शाखा अरबों) में हम एक धर्मग्रंथ और पैग़म्बर को भेजेंगे। लेकिन डाह के सबब, यहूदी इस बात से मुकरते थे और क़ुर्आन और मुहम्मद का स्वागत नहीं कर रहे थे। धर्म और अधर्म का यह सनातन से झगड़ा है। लेकिन स्वयं रसूल (मुहम्मद) के कथनानुसार ज्ञान को चीन जैसे दूर देश से भी हासिल करके, अपने स्थान पर ही अधर्म और अज्ञान का नाश किया जा सकता है। (अ.यू.) † यहूदी कहते थे कि हम अल्लाह के प्यारे हैं। हम चाहे जितने पाप करें, चन्द दिन से आगे नरक में नहीं रह सकते। कुछ ने कहा चालीस दिन, जितने दिन बछड़ा पूजा था; कुछ ने कहा चालीस साल, जितने वर्ष 'तीह' में मारे मारे फिरे; कुछ ने कहा हर एक जितने दिन तक जीवित रहा।

व अिज़् अख़ज़्ना मीसाक़कुम् ला तस्फ़िकून दिमा'अकुम् व ला तुख़्रिजून अन्फ़ुसकुम् मिन् दियारिकुम् सुम्म अक़्रर्तुम् व अन्तुम् तश्हदून (८४) सुम्म अन्तुम् हा'अुला'अि तक़्तुलून अन्फ़ुसकुम् व तुख़्रिजून फ़रीक़म्मिन्कुम् मिन् दियारिहिम् ज़् तज़ाहरून अलैहिम् बिल् अिस्मि वल्अुद्वानि त् व अींयअ्तूकुम् अुसारा तुफ़ादूहुम् व हुव मुहर्रमुन् अलैकुम् अिख़्राजुहुम् त् अफ़तुअ्मिनून बिबअ्ज़िल्-किताबि व तक्फ़ुरून बिबअ्ज़िन् ज़् फ़मा जज़ा'अु मैंयफ़्अलु ज़ालिक मिन्कुम् अिल्ला ख़िज़्युन् फ़िल्हयातिद्दुन्या ज़् व यौमल्क़ियामति युरद्दून अिला अशद्दिल्अज़ाबि त् व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अम्मा तअ्मलून (८५) अुला'अिकल्लज़ीनश्तर - वुल्हयातद्दुन्या बिल्आख़िरति ज़् फ़लायुख़फ़्फ़फ़ु अन्हुमुल्अज़ाबु व ला हुम् युन्सरून (८६) ★ व लक़द् आतैना मूसल्किताब व क़फ़्फ़ैना मिम्बअ्दिही बिर्रुसुलि ज़् व आतैना अीसब्न मर्यमल्बैयिनाति व अैयद्नाहु बिरूहिल्क़ुदुसि त् अफ़कुल्लमा जा'अकुम् रसूलुम्बिमा ला तह्वा अन्फ़ुसुकुमुस्-तक्बर्तुम् ज़् फ़फ़रीक़न् कज़्ज़ब्तुम् ज़् व फ़रीक़न् तक़्तुलून (८७) व क़ालू क़ुलूबुना ग़ुल्फ़ुन् त् बल् लअनहुमुल्लाहु बिकुफ़्रिहिम् फ़क़लीलम्मा युअ्मिनून (८८) व लम्मा जा'अहुम् किताबुम्मिन् अिन्दिल्लाहि मुसद्दिक़ुल्लिमा मअहुम् ला व कानू मिन् क़ब्लु यस्तफ़्तिहून अलल्लज़ीन कफ़रू ज़् सला फ़लम्मा जा'अहुम् मा अरफ़ू कफ़रू बिही ज़् फ़लअ्नतुल्लाहि अलल्-काफ़िरीन (८९) बिअ्समश्तरौ बिही अन्फ़ुसहुम् अैंयक्फ़ुरू बिमा अन्ज़लल्लाहु बग़्यन् अैंयुनज़्ज़िलल्लाहु मिन् फ़ज़्लिही अला मैंयशा'अु मिन् अिबादिही ज़् फ़बा'अू बिग़ज़बिन् अला ग़ज़बिन् त् व लिल्काफ़िरीन अज़ाबुम्मुहीनुन् (९०) व अिज़ा क़ील लहुम् आमिनू बिमा अन्ज़लल्लाहु क़ालू नुअ्मिनु बिमा अुन्ज़िल अलैना व यक्फ़ुरून बिमा वरा'अहू क् व हुवल्हक़्क़ु मुसद्दिक़ल्लिमा मअहुम् त् क़ुल् फ़लिम तक़्तुलून अम्बिया'अल्लाहि मिन् क़ब्लु अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (९१)

★ रु. १० / १० आ ४

الم ١١ البقرة ٢

مُعْرِضُونَ ۝ وَإِذْ أَخَذْنَا مِيثَاقَكُمْ لَا تَسْفِكُونَ دِمَاءَكُمْ وَلَا تُخْرِجُونَ أَنْفُسَكُمْ
مِنْ دِيَارِكُمْ ثُمَّ أَقْرَرْتُمْ وَأَنْتُمْ تَشْهَدُونَ ۝ ثُمَّ أَنْتُمْ هٰؤُلَاءِ تَقْتُلُونَ أَنْفُسَكُمْ
وَتُخْرِجُونَ فَرِيقًا مِنْكُمْ مِنْ دِيَارِهِمْ تَظٰهَرُونَ عَلَيْهِمْ بِالْإِثْمِ وَالْعُدْوَانِ
وَإِنْ يَأْتُوكُمْ أُسٰرٰى تُفٰدُوهُمْ وَهُوَ مُحَرَّمٌ عَلَيْكُمْ إِخْرَاجُهُمْ أَفَتُؤْمِنُونَ بِبَعْضِ
الْكِتٰبِ وَتَكْفُرُونَ بِبَعْضٍ فَمَا جَزَاءُ مَنْ يَفْعَلُ ذٰلِكَ مِنْكُمْ إِلَّا خِزْيٌ فِي الْحَيٰوةِ
الدُّنْيَا وَيَوْمَ الْقِيٰمَةِ يُرَدُّونَ إِلٰى أَشَدِّ الْعَذَابِ وَمَا اللّٰهُ بِغٰفِلٍ عَمَّا تَعْمَلُونَ ۝
أُولٰئِكَ الَّذِينَ اشْتَرَوُا الْحَيٰوةَ الدُّنْيَا بِالْآخِرَةِ فَلَا يُخَفَّفُ عَنْهُمُ الْعَذَابُ وَلَا
هُمْ يُنْصَرُونَ ۝ وَلَقَدْ آتَيْنَا مُوسَى الْكِتٰبَ وَقَفَّيْنَا مِنْ بَعْدِهِ بِالرُّسُلِ وَآتَيْنَا
عِيسَى ابْنَ مَرْيَمَ الْبَيِّنٰتِ وَأَيَّدْنٰهُ بِرُوحِ الْقُدُسِ أَفَكُلَّمَا جَاءَكُمْ رَسُولٌ بِمَا
لَا تَهْوٰى أَنْفُسُكُمُ اسْتَكْبَرْتُمْ فَفَرِيقًا كَذَّبْتُمْ وَفَرِيقًا تَقْتُلُونَ ۝ وَقَالُوا قُلُوبُنَا
غُلْفٌ بَلْ لَعَنَهُمُ اللّٰهُ بِكُفْرِهِمْ فَقَلِيلًا مَا يُؤْمِنُونَ ۝ وَلَمَّا جَاءَهُمْ كِتٰبٌ مِنْ
عِنْدِ اللّٰهِ مُصَدِّقٌ لِمَا مَعَهُمْ وَكَانُوا مِنْ قَبْلُ يَسْتَفْتِحُونَ عَلَى الَّذِينَ
كَفَرُوا فَلَمَّا جَاءَهُمْ مَا عَرَفُوا كَفَرُوا بِهِ فَلَعْنَةُ اللّٰهِ عَلَى الْكٰفِرِينَ ۝ بِئْسَمَا اشْتَرَوْا
بِهِ أَنْفُسَهُمْ أَنْ يَكْفُرُوا بِمَا أَنْزَلَ اللّٰهُ بَغْيًا أَنْ يُنَزِّلَ اللّٰهُ مِنْ فَضْلِهِ عَلٰى
مَنْ يَشَاءُ مِنْ عِبَادِهِ فَبَاءُوا بِغَضَبٍ عَلٰى غَضَبٍ وَلِلْكٰفِرِينَ عَذَابٌ مُهِينٌ ۝
وَإِذَا قِيلَ لَهُمْ آمِنُوا بِمَا أَنْزَلَ اللّٰهُ قَالُوا نُؤْمِنُ بِمَا أُنْزِلَ عَلَيْنَا وَيَكْفُرُونَ
بِمَا وَرَاءَهُ وَهُوَ الْحَقُّ مُصَدِّقًا لِمَا مَعَهُمْ قُلْ فَلِمَ تَقْتُلُونَ أَنْبِيَاءَ اللّٰهِ مِنْ

منزل ١

(और वह समय याद करो) जब हमने तुमसे पक्की प्रतिज्ञा ली कि आपस में एक दूसरे का ख़ून न बहाना और न अपने शहरों से अपने लोगों को देश-निकाला देना, फिर तुमने प्रतिज्ञा की और तुम (इस बात के) गवाह भी हो। (८४) फिर तुम वही हो कि अपनों को क़त्ल भी करते हो और अपनों ही में से कुछ को देशनिकाला भी कराते हो (और) उनपर गुनाह और ज़ुल्म के साथ (चढ़ाई करके उन अपनों के विरोधियों का) साथ भी देते हो। और उन्हीं में से कोई अगर क़ैद होकर तुम तक पहुँचते हैं तो तुम फ़िदयः (बदले में धन) देकर उनको छुड़ा लेते हो§। हालांकि उनको देश-निकाला कराना ही तुमको हराम (निषिद्ध) था। तो क्या किताब की कुछ बातों को मानते हो और कुछ को नहीं मानते? तो जो लोग तुममें से ऐसा करें, इसके सिवा उसकी और क्या सज़ा हो सकती है कि दुनिया की ज़िन्दगी में अपमानित हों और क़ियामत के दिन बड़ी ही कठिन सज़ा की तरफ़ लौटा दिये जायँ और जो कुछ भी तुम लोग करते हो, अल्लाह उससे बेख़बर नहीं है। (८५) यही हैं जिन्होंने आख़िरत (परलोक) के बदले संसार की ज़िन्दगी मोल ली। सो न तो (क़ियामत के दिन) उनकी सज़ा ही हलकी की जायगी और न उनको मदद ही पहुँचेगी। (८६)★

★ रु. १० / १० आ ४

और हमने मूसा को किताब (तौरात) दी और उनके बाद एक के बाद एक रसूल (पैग़म्बर) भेजे और मरियम के बेटे ईसा को (भी) खुले निशान (चमत्कार) दिये और पाक रूह के द्वारा उनकी ताईद (पुष्टि) की। तो जब-जब तुम्हारे पास कोई रसूल (ईश्वर-दूत) तुम्हारी इच्छाओं के ख़िलाफ़ कोई हिदायत लेकर आया, तुमने घंमड किया ? फिर कुछ को तुमने झुठलाया और कुछ को मार डालने लगे। (८७) और वह (यहूदी घमण्ड से) कहते हैं कि हमारे दिल कवच से सुरक्षित हैं,† बल्कि (सही यों है कि) कुफ़्र के कारण ख़ुदा ने इनको फटकार दिया है। सो उनका ईमान बहुत ही थोड़ा (सीमित) है। (८८) और जब ख़ुदा की तरफ़ से इनके पास एक किताब (क़ुर्आन) आई, जो उनकी किताब (तौरात) की तसदीक़ करती है और इससे पहले वह काफ़िरों के मुक़ाबिले में ख़ुद ही बयान किया करते थे तो जब वह चीज़, जिसको जाने-पहचाने हुए थे, आ मौजूद हुई, तो उससे इनकार कर बैठे। इन इन्कारियों पर ख़ुदा की फटकार। (८९) वह चीज़ बुरी है जिसके बदले उन लोगों ने अपने आप को बेच डाला—कि इन्कारी हो गये उस चीज़ के जिसको अल्लाह ने उतारा, सिर्फ़ इस ज़िद पर कि ख़ुदा (क्यों) अपने बन्दों में से जिस पर चाहता है (उसी पर) अपनी कृपा से (इल्म) उतारता है♦। इसलिए कोप पर कोप में पड़े और इन्कारियों के लिए ज़िल्लत (अपमान) की सज़ा है। (९०) और जब इनसे कहा जाता है कि क़ुर्आन जो ख़ुदा ने उतारा है उस पर ईमान लाओ तो कहते हैं कि हम उसी को मानते हैं जो हम पर उतर चुकी है और उसके अतिरिक्त दूसरी किताब से इन्कार करते हैं। हालाँकि यह क़ुर्आन सच्चा है और जो किताब उनके पास है उसकी तसदीक़ (समर्थन) करता है। (ऐ पैग़म्बर! इनसे यह तो) पूछो कि (अगर तुम ईमानवाले थे तो) इसके पहले (तौरात के ही समर्थक) ख़ुदा के पैग़म्बरों को क्यों मार डाला करते थे? ‡ (९१)

---

§ यह ज़िक्र इस तौर पर है। यहूदियों में 'बनी क़ुरैज़ः' और 'बनी नुज़ैर' दो वंश थे, जिनमें अदावत चलती थी। उसी तरह मुशरिकों में 'औस' और 'ख़ज़रज' दो कुटुम्ब थे, जो आपस में बैर रखते (अगले पृष्ठ पर)

† यहूदियों का कहना था कि सारा इल्म हमारे दिलों में महफ़ूज़ है। किसी दूसरे इल्म, किताब या रसूल की अब इसमें गंजाइश नहीं है। (अ. यू.) ♦ यहूदी दूसरी जाति में नबी पैदा होने से मारे डाह के कहते थे कि ख़ुदा ने मुहम्मद ही को पैग़म्बरी के लिए क्यों चुना। जवाब दिया गया है कि ख़ुदा जिसको जो दर्जा दे, उसकी मरज़ी है। ‡ अगर महम्मद से दूसरी क़ौम होने के सबब से तुमको हसद है तो तुम्हारी ही क़ौम में जो ईसा वग़ैरः नबी हुये उनको क्यों क़त्ल कर डालते थे। मतलब तो यह कि उनकी इन्कारी का असली सबब तो उनका अपना स्वार्थ, अपनी तंगनज़री और ख़ुदग़रज़ी थी (अ.यू.)

व लक़द् जा॑अकुम् मूसा बिल् बैयिनाति सुम्मत्तख़ज़्तुमुल्‌अिज्ल मिम्बअ़्दिहीؕ व अन्तुम् ज़ालिमून (९२) व अिज़् अख़ज़्ना मीसाक़कुम् व रफ़अ़्ना फ़ौक़कुमुत्तूर त् ख़ुज़ू मा॑ आतैनाकुम् बिक़ूवतिंव्वस्मअ़ू त् क़ालू समिअ़्ना व अ़सैना क़् व अुश्‌रिबू फ़ी क़ुलूबिहिमुल्‌अिज्ल बिकुफ़्‌रिहिम् त् क़ुल् बिअ्‌समा यअ्‌मुरुकुम् बिहीؕ॑ अीमानुकुम् अिन् कुन्तुम् मुअ्‌मिनीन (९३) क़ुल् अिन् कानत् लकुमुद्दारुल्‌आख़िरतु अिन्दल्लाहि ख़ालिसतम्मिन्दूनिन्नासि फ़तमन्नवुल्-मौत अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (९४) व लैंयतमन्नौहु अबदम्‌बिमा क़द्दमत् अैदीहिम् त् वल्लाहु अ़लीमुम्-बिज़्ज़ालिमीन (९५) व लतजिदन्नहुम् अह्‌रसन्नासि अ़ला हूयातिन् ज् ∴ व मिनल्लज़ीन अश्‌रकू ∴ ज् यवद्दु अहदुहुम् लौ युअ़म्मरु अल्फ़ सनतिन् ज् व मा हुव बिमुज़ह्‌ज़िहिहीؕ मिनल्‌अ़ज़ाबि अैंयुअ़म्मर त् वल्लाहु बसीरुम्-बिमा यअ़्मलून (९६) ★ क़ुल् मन् कान अ़दूवल्लिजिब्‌रील फ़अिन्नहू नज़्ज़लहू अ़ला क़ल्बिक बिअिज़्निल्लाहि मुसद्दिक़ल्लिमा बैन यदैहि व हुदौंव बुश्रा लिलमुअ्‌मिनीन (९७) मन् कान अ़दूवल्लिल्लाहि व मला॑अिकतिहीؕ व रुसुलिहीؕ व जिब्‌रील व मीकाल फ़अिन्नल्लाह अ़दूवुल्लिलकाफ़िरीन (९८) व लक़द् अन्ज़ल्ना॑ अिलैक आयातिम् बैयिनातिन् ज् व मा यक्फ़ुरु बिहा॑ अिल्लल्‌फ़ासिक़ून (९९) अव कुल्लमा आ़हदू अ़हदन्नबज़हू फ़रीक़ुम्मिन्हुम् त् बल् अक्सरुहुम् ला युअ्‌मिनून (१००) व लम्मा जा॑अहुम् रसूलुम्मिन् अ़िन्दिल्लाहि मुसद्दिक़ुल्लिमा मअ़हुम् नबज़ फ़रीक़ुम्मिनल्लज़ीन अूतुल्‌किताब क़् ला किताबल्लाहि वरा॑अ ज़ुहूरिहिम् कअन्नहुम् ला यअ़्लमून ज् (१०१)

∴ मु. अि. मु. ता ख. २ ★ रु. ११ ११ आ १०

الم ۱ — ۱۲ — البقرة ۲

قَبْلُ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ۝ وَلَقَدْ جَآءَكُمْ مُّوْسٰى بِالْبَيِّنٰتِ ثُمَّ اتَّخَذْتُمُ الْعِجْلَ
مِنْۢ بَعْدِهٖ وَاَنْتُمْ ظٰلِمُوْنَ ۝ وَاِذْ اَخَذْنَا مِيْثَاقَكُمْ وَرَفَعْنَا فَوْقَكُمُ الطُّوْرَ ؕ خُذُوْا
مَآ اٰتَيْنٰكُمْ بِقُوَّةٍ وَّاسْمَعُوْا ؕ قَالُوْا سَمِعْنَا وَعَصَيْنَا ٭ وَاُشْرِبُوْا فِىْ قُلُوْبِهِمُ الْعِجْلَ
بِكُفْرِهِمْ ؕ قُلْ بِئْسَمَا يَاْمُرُكُمْ بِهٖۤ اِيْمَانُكُمْ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ۝ قُلْ اِنْ
كَانَتْ لَكُمُ الدَّارُ الْاٰخِرَةُ عِنْدَ اللّٰهِ خَالِصَةً مِّنْ دُوْنِ النَّاسِ فَتَمَنَّوُا الْمَوْتَ
اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ۝ وَلَنْ يَّتَمَنَّوْهُ اَبَدًاۢ بِمَا قَدَّمَتْ اَيْدِيْهِمْ ؕ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌۢ
بِالظّٰلِمِيْنَ ۝ وَلَتَجِدَنَّهُمْ اَحْرَصَ النَّاسِ عَلٰى حَيٰوةٍ ۚ وَمِنَ الَّذِيْنَ اَشْرَكُوْا ۚ
يَوَدُّ اَحَدُهُمْ لَوْ يُعَمَّرُ اَلْفَ سَنَةٍ ۚ وَمَا هُوَ بِمُزَحْزِحِهٖ مِنَ الْعَذَابِ اَنْ يُّعَمَّرَ ؕ
وَاللّٰهُ بَصِيْرٌۢ بِمَا يَعْمَلُوْنَ ۝ قُلْ مَنْ كَانَ عَدُوًّا لِّجِبْرِيْلَ فَاِنَّهٗ نَزَّلَهٗ عَلٰى
قَلْبِكَ بِاِذْنِ اللّٰهِ مُصَدِّقًا لِّمَا بَيْنَ يَدَيْهِ وَهُدًى وَّبُشْرٰى لِلْمُؤْمِنِيْنَ ۝
مَنْ كَانَ عَدُوًّا لِّلّٰهِ وَمَلٰٓئِكَتِهٖ وَرُسُلِهٖ وَجِبْرِيْلَ وَمِيْكٰلَ فَاِنَّ اللّٰهَ عَدُوٌّ
لِّلْكٰفِرِيْنَ ۝ وَلَقَدْ اَنْزَلْنَآ اِلَيْكَ اٰيٰتٍۢ بَيِّنٰتٍ ۚ وَمَا يَكْفُرُ بِهَآ اِلَّا الْفٰسِقُوْنَ ۝
اَوَكُلَّمَا عٰهَدُوْا عَهْدًا نَّبَذَهٗ فَرِيْقٌ مِّنْهُمْ ؕ بَلْ اَكْثَرُهُمْ لَا يُؤْمِنُوْنَ ۝ وَ
لَمَّا جَآءَهُمْ رَسُوْلٌ مِّنْ عِنْدِ اللّٰهِ مُصَدِّقٌ لِّمَا مَعَهُمْ نَبَذَ فَرِيْقٌ مِّنَ الَّذِيْنَ
اُوْتُوا الْكِتٰبَ ۙ كِتٰبَ اللّٰهِ وَرَآءَ ظُهُوْرِهِمْ كَاَنَّهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ۝ وَاتَّبَعُوْا مَا تَتْلُوا
الشَّيٰطِيْنُ عَلٰى مُلْكِ سُلَيْمٰنَ ۚ وَمَا كَفَرَ سُلَيْمٰنُ وَلٰكِنَّ الشَّيٰطِيْنَ كَفَرُوْا
يُعَلِّمُوْنَ النَّاسَ السِّحْرَ ۗ وَمَآ اُنْزِلَ عَلَى الْمَلَكَيْنِ بِبَابِلَ هَارُوْتَ وَمَارُوْتَ ؕ وَمَا

منزل ۱

और तुम्हारे पास मूसा खुले निशान लेकर आये, इस पर भी तुम (जब वे तौरात लेने तूर पहाड़ पर गये) उनके पीछे बछड़े को (पूजने के लिए) ले बैठे और तुम तो हो ही अन्यायी। (९२) (वह समय याद करो) जब हमने तुमसे पक्की प्रतिज्ञा ली और तूर (पहाड़) लाकर तुम पर ऊँचा उठाया और हुक्म दिया कि यह किताब (तौरात) जो हमने तुमको दी है, इसको मज़बूती से पकड़े रहो, सुनो और पल्ले बाँधो। उत्तर में उन लोगों ने कहा कि हमने सुन लिया; लेकिन हमने माना नहीं§ और उनकी (अब तक की) इन्कारी के कारण बछड़ा उनके दिल में समाया हुआ था। (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि अगर तुम ईमानवाले (बनते) हो तो तुम्हारा ईमान तुमको कैसी बुरी बात सिखला रहा है। (९३) (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि अगर ख़ुदा के यहाँ आक़िबत का घर (परलोक का सुख) ख़ास कर तुम्हारे ही लिए है, दूसरे लोगों के लिए नहीं और अगर तुम्हारा यह ख़याल सच्चा है तो मौत की इच्छा कर देखो। (९४) लेकिन वह अपने पिछले कुकर्मों के कारण मौत की प्रार्थना कभी नहीं कर सकते और ख़ुदा अन्यायियों को ख़ूब जानता है (९५) और (ऐ रसूल) उन्हें और सब आदमियों से और मुशरिकों† से भी संसारी जीवन के लिए ज़्यादा लालची पाओगे और उनमें से हर एक चाहता है कि हज़ार बरस उम्र पावे और इतनी उम्र पा भी जावें तो वह उन्हें (आख़िरत की) सज़ा से बचा न सकेगी। और ख़ुदा देखता है जो कुछ वह करते हैं। (९६)★

★ रु. ११/११ आ १०

(ऐ पैग़म्बर!) कहो जो शख़्स जिबरील फ़रिश्ते का दुश्मन हो, उसको मालूम हो कि उसने तो (क़ुर्आन) ख़ुदा के हुक्म से तुम्हारे दिल में डाला है, जो उन (किताबों) की भी तसदीक़ करता है जो इससे पहले से मौजूद हैं और ईमानवालों के लिए हिदायत और ख़ुशख़बरी देता है। (९७) जो मनुष्य अल्लाह का दुश्मन हो और उसके फ़रिश्तों का और उसके रसूलों का और जिबरील का और मीकाईल (फ़रिश्ते) का, तो अल्लाह भी ऐसे काफ़िरों का दुश्मन है। (९८) और (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुम्हारे पास खुली (स्पष्ट) आयतें भेजी हैं और बदकिरदारों (दुष्कर्मियों) के सिवाय और कोई उनसे इन्कार न करेगा। (९९) जब कभी वे कोई प्रतिज्ञा कर लेते हैं तो इनमें का कोई न कोई फ़रीक़ उस अह्द (प्रतिज्ञा) को तोड़ फेंकता है, बल्कि इनमें के ज़्यादातर तो ईमान ही नहीं रखते। (१००) और जब उनके पास ख़ुदा की तरफ़ से रसूल (मुहम्मद) आये (और वह) उस किताब (तौरात) की जो इन (यहूदियों) के पास है, तसदीक़ भी करते हैं तो (इन) किताबवालों में से एक गरोह ने अल्लाह की किताब (तौरात) को (जिसमें इन रसूल की पेशींगोई भी है) अपनी पीठ के पीछे फेंक दिया कि गोया वह कुछ जानते ही नहीं (कि यह कौन किताब है और इसमें कैसी पेशींगोइयाँ हैं)‡। (१०१)

(पिछले पृष्ठ से) थे। एक दूसरे के धर्म के विरोधी होते हुए भी 'बनी क़ुरैज़ः' औस के साथ मिलकर और 'बनी नुज़ैर' ख़ज़रज की सहायता से एक दूसरे से लड़ते और देश से निकलवा देते व उनकी जायदाद पर अधिकार कर लेते। एक ओर तो अपनों को ग़ैरों की मदद से नष्ट करते, दूसरी ओर अपनी धर्मपुस्तक तौरात के हुक्म के अनुसार क़ैदी की शकल में आने पर उन्हीं को बदले में धन देकर क़ैद से छुड़ा भी लेते। क्या कहा जाय? वह तौरात के ख़िलाफ़ करते थे या मुआफ़िक़, या दोनों?

§ उन्होंने ज़बानी तो अह्द कर लिया लेकिन दिल में इन्कारी बसी होने के सबब उस अह्द पर अमल नहीं किया। (अ. यू.) † ख़ुदा में, उसकी ज़ात में, उसकी सिफ़तों में, उसकी इबादत (उपासना) में दूसरे को शरीक करनेवाले मुशरिक कहलाते हैं—(विभाजक)। ‡ यह हर क़ौम का एक चलन देखा गया है कि जब उन पर कोई ज्ञान उतरता है तो कुछ दिनों उस पर चल कर और दुनियावी और रूहानी तरक़्क़ी हासिल कर लेने के बाद उन पर एक नशा छाने लगता है कि अल्लाह के बस वही बन्दे हैं। उनके अलावा सारी ख़िलक़त का ख़ुदा से वास्ता नहीं और न ख़ुदा उनकी परवाह करेगा। यह कमज़ोरी ही उस क़ौम के ज़वाल का सबब होता है। कोई मज़हब हत्ता कि मुसलमान भी इस भरम के उतने ही शिकार हो सकते हैं जितने कि दूसरे लोग।

वत्तबअू मा तत्लुश्शयातीनु अला मुल्कि सुलैमान ज् व मा कफ़र सुलैमानु व लाकिन्नश्शयातीन कफ़रू युअल्लिमूनन्नासस्सिह्र क् व मा॑ उन्ज़िल अलल्मलकैनि बिबाबिल हारूत व मारूत त् व मा युअल्लिमानि मिन् अह़दिन् ह़त्ता यक़ूला॑ इन्नमा नह़्नु फ़ित्नतुन् फ़ला तक्फ़ुर् त् फ़यतअल्लमून मिन्हुमा मा युफ़र्रिक़ून बिही बैनल्-मर्अि व ज़ौजिही त् व मा हुम् बिज़ा॑र्रीन बिही मिन् अह़दिन् इल्ला बिइज़्निल्लाहि त् व यतअल्लमून मा यज़ुर्रुहुम् व ला यन्फ़अु-हुम् त् व लक़द् अलिमू लमनिश्तराहु मा लहू फ़िल्आख़िरति मिन् ख़लाक़िन् क़िफ़ त् व लबिअ्स मा शरौ बिही॑ अन्फ़ुसहुम् त् लौ कानू यअ्लमून (१०२) व लौ अन्नहुम् आमनू वत्तक़ौ लमसूबतुम्मिन् अिन्दिल्लाहि ख़ैरुन् त् लौ कानू यअ्लमून (१०३) ★ या॑ अैयुहल्लजीन आमनू ला तक़ूलू राअिना व क़ूलुन्ज़ुर्ना वस्मअू त् व लिल्काफ़िरीन अज़ाबुन् अलीमुन् (१०४) मा यवद्दुल्लजीन कफ़रू मिन् अह्लिल्किताबि व लल्मुश्रिकीन अैंयुनज़्ज़ल अलैकुम् मिन्ख़ैरिम्मिर्रब्बिकुम् त् वल्लाहु यख़्तस्सु बिरह़्मतिही मैंयशा॑उ त् वल्लाहु ज़ुल्फ़ज़्लिल् अज़ीमि (१०५) मा नन्सख़् मिन् आयतिन् औ नुन्सिहा नअ्ति बिख़ैरिम्मिन्हा॑ औ मिस्लिहा त् अलम् तअ्लम् अन्नल्लाह अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१०६) अलम् तअ्लम् अन्नल्लाह लहू मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि त् व मा लकुम् मिन् दूनिल्लाहि मिंव्वलीयिंव्व ला नसीरिन् (१०७) अम् तुरीदून अन् तस्अलू रसूलकुम् कमा सुअिल मूसा मिन् क़ब्लु त् व मैंयतबद्दलिल्कुफ़्र बिल्ईमानि फ़क़द् ज़ल्ल सवा॑अस्सबीलि (१०८) वद्द कसीरुम्मिन् अह्लिल्किताबि लौ यरुद्दूनकुम् मिम्बअ्दि ईमानिकुम् कुफ़्फ़ारन् ज् सला ह़ूसदम्मिन् अिन्दि अन्फ़ुसिहिम् मिम्बअ्दि मा तबैयन लहुमुल्ह़क़्क़ु ज् फ़अ्फ़ू वस्फ़ह़ू ह़त्ता यअ्तियल्लाहु बिअम्रिही त् इन्नल्लाह अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१०९) ● व अक़ीमुस्सलात व आतुज़्ज़कात त् व मा तुक़द्दिमू लिअन्फ़ुसिकुम् मिन् ख़ैरिन् तजिदूहु अिन्दल्लाहि त् इन्नल्लाह बिमा तअ्मलून बसीरुन् (११०)

रु. १२/१२ आ ७

सु. ३/४

يُعَلِّمٰنِ مِنْ اَحَدٍ حَتّٰى يَقُوْلَآ اِنَّمَا نَحْنُ فِتْنَةٌ فَلَا تَكْفُرْ فَيَتَعَلَّمُوْنَ مِنْهُمَا
مَا يُفَرِّقُوْنَ بِهٖ بَيْنَ الْمَرْءِ وَزَوْجِهٖ وَمَا هُمْ بِضَآرِّيْنَ بِهٖ مِنْ اَحَدٍ اِلَّا بِاِذْنِ
اللّٰهِ وَيَتَعَلَّمُوْنَ مَا يَضُرُّهُمْ وَلَا يَنْفَعُهُمْ وَلَقَدْ عَلِمُوْا لَمَنِ اشْتَرٰىهُ مَا لَهٗ
فِي الْاٰخِرَةِ مِنْ خَلَاقٍ وَلَبِئْسَ مَا شَرَوْا بِهٖٓ اَنْفُسَهُمْ لَوْ كَانُوْا يَعْلَمُوْنَ ۝
وَلَوْ اَنَّهُمْ اٰمَنُوْا وَاتَّقَوْا لَمَثُوْبَةٌ مِّنْ عِنْدِ اللّٰهِ خَيْرٌ لَوْ كَانُوْا يَعْلَمُوْنَ ۝
يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَقُوْلُوْا رَاعِنَا وَقُوْلُوا انْظُرْنَا وَاسْمَعُوْا وَلِلْكٰفِرِيْنَ
عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۝ مَا يَوَدُّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ وَلَا الْمُشْرِكِيْنَ اَنْ
يُّنَزَّلَ عَلَيْكُمْ مِّنْ خَيْرٍ مِّنْ رَّبِّكُمْ وَاللّٰهُ يَخْتَصُّ بِرَحْمَتِهٖ مَنْ يَّشَآءُ وَاللّٰهُ
ذُو الْفَضْلِ الْعَظِيْمِ ۝ مَا نَنْسَخْ مِنْ اٰيَةٍ اَوْ نُنْسِهَا نَاْتِ بِخَيْرٍ مِّنْهَآ اَوْ
مِثْلِهَا اَلَمْ تَعْلَمْ اَنَّ اللّٰهَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۝ اَلَمْ تَعْلَمْ اَنَّ اللّٰهَ لَهٗ مُلْكُ
السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا لَكُمْ مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ مِنْ وَّلِيٍّ وَّلَا نَصِيْرٍ ۝ اَمْ
تُرِيْدُوْنَ اَنْ تَسْـَٔلُوْا رَسُوْلَكُمْ كَمَا سُئِلَ مُوْسٰى مِنْ قَبْلُ وَمَنْ يَّتَبَدَّلِ
الْكُفْرَ بِالْاِيْمَانِ فَقَدْ ضَلَّ سَوَآءَ السَّبِيْلِ ۝ وَدَّ كَثِيْرٌ مِّنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ
لَوْ يَرُدُّوْنَكُمْ مِّنْ بَعْدِ اِيْمَانِكُمْ كُفَّارًا حَسَدًا مِّنْ عِنْدِ اَنْفُسِهِمْ مِّنْ
بَعْدِ مَا تَبَيَّنَ لَهُمُ الْحَقُّ فَاعْفُوْا وَاصْفَحُوْا حَتّٰى يَاْتِيَ اللّٰهُ بِاَمْرِهٖ اِنَّ اللّٰهَ
عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۝ وَاَقِيْمُوا الصَّلٰوةَ وَاٰتُوا الزَّكٰوةَ وَمَا تُقَدِّمُوْا
لِاَنْفُسِكُمْ مِّنْ خَيْرٍ تَجِدُوْهُ عِنْدَ اللّٰهِ اِنَّ اللّٰهَ بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ ۝

और उन (ढकोसलों) के पीछे लग गये जिनकी सुलेमान के राज्यकाल में शैतान चर्चा किया करते थे (यानी जादू) हालाँकि सुलेमान तो काफ़िर न थे बल्कि वह शैतान थे जो कुफ़्र करते थे और लोगों को जादू सिखाया करते थे, और (वह उसके पीछे हो लिये) जो बाबुल (शहर) में हारूत और मारूत फ़रिश्तों पर उतरा था। और वह (दोनो) किसी को कुछ न सिखाते थे जब तक उनसे न कह देते थे कि हम तो जाँच के लिए हैं, बस तू काफ़िर न हो जाना। इस पर भी उनसे ऐसी बातें सीखते जिसके द्वारा पति-पत्नी में जुदाई पड़ जाय। हालाँकि बग़ैर हुक्म खुदा वह अपनी इन बातों से किसी को नुक़सान नहीं पहुँचा सकते। ग़रज़ यह लोग ऐसी बातें सीखते जिनसे इन्हें ही नुक़सान था, फ़ायदा नहीं। और वह इतना ज़रूर जानते थे कि जो शख़्स इन बातों का ख़रीदार हुआ उसके लिए आख़िरत (परलोक) में कोई हिस्सा नहीं, और निस्सन्देह वह बहुत बुरा था जिसके बदले इन्होंने अपने आप को बेच डाला। हा शोक! इनको अगर समझ होती। (१०२) और अगर यह ईमान लाते और परहेज़गार बनते तो खुदा के पास से अच्छा फल मिलता अगर इनको समझ होती। (१०३) ★

★ रु. १२/१२ आ ७

ऐ ईमानवालो! (पैग़म्बर के साथ) 'राअ़िना' कहकर सम्बोधन न किया करो बल्कि उन्ज़ुर्ना§ कहा करो और उन्हें ध्यान से सुना करो। काफ़िर के लिए दुखदाई सज़ा है। (१०४) किताबवालों में से जो लोग इन्कारी हैं और मुशरिक, वे इस बात से खुश नहीं हैं कि तुम्हारे पालनकर्त्ता की तरफ़ से तुम पर भलाई उतरे, (यहूदी तमन्ना करते हैं कि बनी इस्राईल में से अन्तिम रसूल होता और मुशरिक चाहते हैं कि अन्तिम रसूल उनकी जाति में से होता परन्तु अल्लाह ने जिस पर चाहा अपनी दया उतारी।) और अल्लाह जिसको चाहता है अपनी दया के लिए ख़ास चुन लेता है और अल्लाह बड़ा दयावान है। (१०५) (ऐ पैग़म्बर!) हम कोई आयत मन्सूख़ (वर्जित) कर दें या बुद्धि से उसको उतार दें तो उससे अच्छी या वैसीही (आयत) पहुँचा देते हैं; † क्या तुमको मालूम नहीं कि अल्लाह हर चीज़ पर समर्थ है? (१०६) क्या तुमको मालूम नहीं कि आसमान और ज़मीन का राज्य उसी अल्लाह का है और अल्लाह के सिवाय तुम्हारा कोई दोस्त और मददगार नहीं है? (१०७) क्या तुम यह चाहते हो कि जिस तरह पहले मूसा से सवालात किये गये थे, (उनकी बातों में सन्देह के कारण, जो ईमान के विरुद्ध है) तुम भी अपने रसूल से सवालात करो (यहूदियों के बहकाने से सन्देह में पड़ कर, जो रसूल पर विश्वास करने के विरुद्ध है), और जो ईमान के बदले कुफ़्र ले ले (सन्देह में पड़ना कुफ़्र है) तो वह सीधे रास्ते से भटक गया। (१०८) अक्सर किताब के माननेवाले सच्चाई ज़ाहिर हो जाने के बावजूद अपनी दिली ईर्ष्या की वजह से चाहते हैं कि तुम्हारे ईमान लाने के बाद फिर तुमको काफ़िर बना दें, तो क्षमा करो, और उन पर ध्यान न दो, यहाँ तक कि खुदा अपनी आज्ञा जारी करे। (आख़िर आज्ञा आ गई कि यहूदियों को मदीने के आस पास से निकाल बाहर करो) बेशक अल्लाह हर चीज़ पर शक्तिशाली है। (१०९) ● नमाज़ पर दृढ़ रहो और ज़कात देते रहो और जो कुछ भलाई अपने लिए पहले से भेज दोगे उसको खुदा के यहाँ पाओगे। बेशक अल्लाह जो कुछ भी तुम करते हो देख रहा है। (११०)

● मु. ३/४

§ 'राअ़िना' के माने हैं 'हमारी ओर ध्यान दें'। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहू अलैहि व आलिही व सल्लम के दरबार में यहूदी आकर बैठते और हुज़ूर का कोई शब्द समझ में न आता तो 'राअ़िना' के स्थान पर 'राअ़ीना' का शब्द शरारत से इस्तेमाल करते। **'राअ़ीना' के माने हैं** 'हमारा चर्वाहा' और यहूदियों की बोली में राअ़िना मूर्ख को भी कहते हैं। इसलिए मुसलमान भी यहूदियों की इस शरारत में भटक न जायँ, उन्हें हिदायत की गई कि वे 'उन्ज़ुर्ना' कहा करें। उसके माने हैं हमारी ओर ध्यान दीजिये। इस प्रकार 'राअ़िना' और 'राअ़ीना' की भूल से बच जायँ। † बाज़ लोगों की मुराद यहाँ क़ुर्आन की ही आयतों से है और बाज़ का कहना है कि और दूसरी खुदाई किताबों की आयतों पर भी मुराद है। मतलब यह है कि (अगले पृष्ठ पर)

व क़ालू लैंयद्ख़ुलल्जन्नत अिल्ला मन् कान हूदन् औ नसारा ṭ तिल्क अमानीयुहुम् ṭ क़ुल् हातू बुर्हानकुम् अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१११) बला क़् मन् अस्लम वज्हहु लिल्लाहि व हुव मुह्सिनुन् फ़लहू अज्रुहु अिन्द रब्बिही स् व ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून (११२) ★ व क़ालतिल्यहूदु लैसतिन्नसारा अला शैअिन् स् ०व क़ालतिन्नसारा लैसतिल्यहूदु अला शैअिन् ला ०व हुम् यत्लूनल्किताब ṭ कजालिक क़ालल्लजीन ला यअ्लमून मिस्ल क़ौलिहिम् ज् फ़ल्लाहु यह्कुमु बैनहुम् यौमल्क़ियामति फ़ी मा कानू फ़ीहि यख़्तलिफ़ून (११३) व मन् अज़्लमु मिम्मम्मनअ मसाजिदल्लाहि अैंयुज़्कर फ़ीहस्मुहू व सआ फ़ी ख़राबिहा ṭ अुलाअिक मा कान लहुम् अैंयद्ख़ुलूहा अिल्ला ख़ाअिफ़ीन ० ṭ लहुम् फ़िद्दुन्या ख़िज़्यूंव लहुम् फ़िल्आख़िरति अजाबुन् अज़ीमुन् (११४) व लिल्लाहिल्मश्रिक़ु वल्मग़्रिबु क़् फ़अैनमा तुवल्लू फ़सम्म वज्हुल्लाहि ṭ अिन्नल्लाह वासिअुन् अलीमुन् (११५) व क़ालुत्तख़ज़ल्लाहु वलदन् ला सुब्हानहू ṭ बल्लहू मा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ṭ कुल्लुल्लहू क़ानितून (११६) बदीअुस्समावाति वल्अर्ज़ि ṭ व अिजा क़ज़ा अम्रन् फ़अिन्नमा यक़ूलु लहू कुन् फ़यकूनु (११७) व क़ालल्लजीन ला यअ्लमून लौ ला युकल्लिमुनल्लाहु औतअ्तीना आयतुन् ṭ कजालिक क़ालल्लजीन मिन् क़ब्लिहिम् मिस्ल क़ौलिहिम् ṭ तशाबहत् क़ुलूबुहुम् ṭ क़द् बैयन्नल्आयाति लिक़ौमींयूक़िनून (११८) अिन्ना अर्सल्नाक बिल्हक़्क़ि बशीरौंव नजीरन् ला ०व ला तुस्अलु अन् अस्हाबिल्जहीमि (११९) व लन् तर्ज़ा अन्कल्यहूदु व लन्नसारा हत्ता तत्तबिअ मिल्लतहुम् ṭ क़ुल् अिन्न हुदल्लाहि हुवल्हुदा ṭ व लअिनित्तबअ्त अह्वाअहुम् बअ्दल्लजी जाअक मिनल्अिल्मि ला मा लक मिनल्लाहि मिंव्वलीयिंव्व ला नसीरिन् ● (१२०)

वَقَالُوا لَنْ يَدْخُلَ الْجَنَّةَ إِلَّا مَنْ كَانَ هُودًا أَوْ نَصٰرٰى تِلْكَ أَمَانِيُّهُمْ قُلْ
هَاتُوا بُرْهَانَكُمْ إِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِينَ ۝ بَلٰى مَنْ أَسْلَمَ وَجْهَهُ لِلّٰهِ وَهُوَ
مُحْسِنٌ فَلَهُ أَجْرُهُ عِنْدَ رَبِّهِ وَلَا خَوْفٌ عَلَيْهِمْ وَلَا هُمْ يَحْزَنُونَ ۝ وَقَالَتِ الْيَهُودُ
لَيْسَتِ النَّصٰرٰى عَلٰى شَيْءٍ وَقَالَتِ النَّصٰرٰى لَيْسَتِ الْيَهُودُ عَلٰى شَيْءٍ وَهُمْ
يَتْلُونَ الْكِتٰبَ كَذٰلِكَ قَالَ الَّذِينَ لَا يَعْلَمُونَ مِثْلَ قَوْلِهِمْ فَاللّٰهُ يَحْكُمُ
بَيْنَهُمْ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ فِيمَا كَانُوا فِيهِ يَخْتَلِفُونَ ۝ وَمَنْ أَظْلَمُ مِمَّنْ مَنَعَ
مَسٰجِدَ اللّٰهِ أَنْ يُذْكَرَ فِيهَا اسْمُهُ وَسَعٰى فِي خَرَابِهَا أُولٰئِكَ مَا كَانَ لَهُمْ أَنْ
يَدْخُلُوهَا إِلَّا خَائِفِينَ لَهُمْ فِي الدُّنْيَا خِزْيٌ وَلَهُمْ فِي الْآخِرَةِ عَذَابٌ عَظِيمٌ ۝
وَلِلّٰهِ الْمَشْرِقُ وَالْمَغْرِبُ فَأَيْنَمَا تُوَلُّوا فَثَمَّ وَجْهُ اللّٰهِ إِنَّ اللّٰهَ وَاسِعٌ عَلِيمٌ ۝
وَقَالُوا اتَّخَذَ اللّٰهُ وَلَدًا سُبْحٰنَهُ بَلْ لَهُ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضِ كُلٌّ لَهُ
قٰنِتُونَ ۝ بَدِيعُ السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضِ وَإِذَا قَضٰى أَمْرًا فَإِنَّمَا يَقُولُ لَهُ كُنْ
فَيَكُونُ ۝ وَقَالَ الَّذِينَ لَا يَعْلَمُونَ لَوْلَا يُكَلِّمُنَا اللّٰهُ أَوْ تَأْتِينَا آيَةٌ كَذٰلِكَ
قَالَ الَّذِينَ مِنْ قَبْلِهِمْ مِثْلَ قَوْلِهِمْ تَشَابَهَتْ قُلُوبُهُمْ قَدْ بَيَّنَّا الْآيٰتِ
لِقَوْمٍ يُوقِنُونَ ۝ إِنَّا أَرْسَلْنٰكَ بِالْحَقِّ بَشِيرًا وَنَذِيرًا وَلَا تُسْئَلُ عَنْ أَصْحٰبِ
الْجَحِيمِ ۝ وَلَنْ تَرْضٰى عَنْكَ الْيَهُودُ وَلَا النَّصٰرٰى حَتّٰى تَتَّبِعَ مِلَّتَهُمْ قُلْ
إِنَّ هُدَى اللّٰهِ هُوَ الْهُدٰى وَلَئِنِ اتَّبَعْتَ أَهْوَاءَهُمْ بَعْدَ الَّذِي جَاءَكَ مِنَ
الْعِلْمِ مَا لَكَ مِنَ اللّٰهِ مِنْ وَلِيٍّ وَلَا نَصِيرٍ ۝ الَّذِينَ آتَيْنٰهُمُ الْكِتٰبَ يَتْلُونَهُ

और यहूदी कहते हैं कि हमारे सिवा और ईसाई कहते हैं कि हमारे सिवा बहिश्त में कोई नहीं जाने पायेगा। यह उनकी (अपनी) ख़ियाली बातें हैं। (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो अगर सच्चे हो तो अपनी सनद (प्रमाण) पेश करो। (१११) हाँ सच बात तो यह है कि जिसने अपने को (भक्तिपूर्वक) ख़ुदा को सौंप दिया और नेककार (सत्कर्मी) भी हो* तो उसके लिए उसका फल उसके पालनकर्त्ता से मिलेगा और ऐसे लोगों पर न डर होगा और न वह उदास होंगे। (११२) ★

और यहूदी कहते हैं ईसाइयों का मज़हब कुछ नहीं और ईसाई कहते हैं यहूद का मज़हब कुछ नहीं, हालाँकि वह (दोनो ही ख़ुदाई) किताब (तौरात व इंजील) के पढ़नेवाले हैं। इसी तरह इन्हीं जैसी बातें (अरब के मुशरिक भी) कहा करते हैं जो कुछ भी (ईश्वरीय) ज्ञान नहीं रखते। तो जिस बात में यह लोग झगड़ रहे हैं क़ियामत के दिन अल्लाह इनमें उसका फ़ैसला कर देगा। (११३) उससे बढ़कर ज़ालिम कौन है जो अल्लाह की मसजिदों (प्रार्थना-स्थलों) में उसका नाम लिए जाने को मना करे और उनके उजाड़ने की कोशिश करे? § यह लोग खुद इस योग्य नहीं कि मसजिदों में आने पावें सिवा इसके कि डरते हुए। इनके लिए दुनिया में अपमान व निरादर और आख़िरत में बड़ी सज़ा है। (११४) (यहूद व नसारा अपने अपने क़िबलों के लिए झगड़ते हैं हालाँकि) अल्लाह ही का पूर्व और पश्चिम है तो जिस ओर भी तुम मुँह करो, उधर ही अल्लाह का सामना है। बेशक अल्लाह बेहद वसत वाला (सर्वव्यापी) और सब कुछ जाननेवाला (सर्वज्ञ) है। (११५) और कहते हैं कि ख़ुदा औलाद रखता है (हालाँकि) वह इन बातों से पाक है बल्कि जो कुछ आसमान और ज़मीन में है वह सबका स्वामी है (न कि बाप) और सब उसकी आज्ञा के आधीन है। (११६) वह आसमान और ज़मीन का बनानेवाला है और जब किसी काम का करना ठान लेता है तो बस उसके लिए फ़र्मा देता है कि 'हो' और वह हो जाता है। (११७) जो कुछ नहीं जानते वे कहते हैं कि ख़ुदा हमसे बात क्यों नहीं करता या हमारे पास कोई निशानी क्यों नहीं आती (जिससे हम पैग़म्बरी की तसदीक़ कर लें), इसी तरह जो लोग इनसे पहले हो गये हैं इन्हीं-जैसी मूर्खता की बातें वह भी कहा करते थे। इन सबके दिल एक ही तरह के हैं। जो लोग यक़ीन रखते हैं उनको तो हम निशानियाँ साफ़ तौर पर दिखा चुके। (११८) (ऐ पैग़म्बर!) हमने तुमको सच्ची बात देकर मंगल समाचार देनेवाला और डरानेवाला (बनाकर) भेजा है और तुमसे दोज़ख़ (नरक की राह) पर तुले लोगों की बाबत कुछ पूछताछ नहीं होगी। (११९) और न तो यहूदी ही तुमसे कभी रज़ामंद होंगे और न ईसाई ही, जब तक कि तुम उन्हीं के मत की पैरवी न करो। (ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों से कहो कि अल्लाह की हिदायत (इस्लाम) ही हिदायत है और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुम इसके बाद कि तुम्हारे पास इल्म (यानी क़ुर्आन) आ चुका है, उनकी ख़्वाहिशों पर चले तो तुमको ख़ुदा के कोप से बचाने-वाला न कोई दोस्त है और न कोई मददगार ● । (१२०).

★ रु. १३ १३ आ ६

● न. मं.

(पिछाले पृष्ठ से) ईश्वर का पैग़ाम तो हमेशा एक और न बदलनेवाला है लेकिन ज़माने के लिहाज़ से उन आज्ञाओं की शक्लें बदल कर खुदा की तरफ़ से आ सकती हैं। तौरात, इंजील और क़ुर्आन तीनो ईश्वर का हुक्म होते हुये भी उनमें समय के अनुसार खुदा ने जब जो मुनासिब समझा आयत को भेजा, बदला या मन्सूख़ किया। (अ. यू.)

* सिर्फ़ किसी खास धर्म में नामज़द होजाने से बहिश्त या अल्लाह की कृपा मयस्सर नहीं। ईमान और अमल—श्रद्धा और आचरण दोनो होने पर ही खुदा के फ़ज़ल (कृपा) की प्राप्ति होती है। § मक्का के मुशरिक. काबा में, जहाँ उन्होंने सैकड़ों मूर्तियाँ स्थापित कर रखी थीं. मुसलमानों को प्रवेश नहीं करने देते थे। जब कि मुसलमान एक मात्र अल्लाह के सच्चे मानने वाले थे और इब्राहीम का काबा सचमुच उनके लिए ही इबादत का स्थान था, न कि उन बहुदेव-पूजकों के लिए। † ईसाई हज़रत ईसा को खुदा का बेटा कहते हैं। उनको ही मुख़ातिब करते हुये यह आयत उतरी है। जिस तरह मनुष्य या पशु के औलाद होती है उस तरह से अल्लाह के औलाद होना यह कहना अन्याय है।

रु. १४ १४ आ ६

अल्लज़ीन आतैना-हुमुल्किताब यत्लूनहू हक़्क़ तिलावतिही ट़् उला॑इक युअ्मिनून बिही ट़् व मैंयक्फ़ुर् बिही फ़उला॑इक हुमुल्ख़ासिरून (१२१) ★ या बनी॑ इस्रा॑ईलज़्कुरू निअ्मतियल्लती॑ अन्अम्तु अलैकुम् व अन्नी फ़ज़्ज़ल्तुकुम् अलल्आलमीन (१२२) वत्तक़ू यौमल्ला तज्ज़ी नफ़्सुन् अन् नफ़्सिन् शैऔंव ला युक़्बलु मिन्हा अद्लूँव ला तन्फ़अुहा शफ़ाअ़तूँव ला हुम् युन्सरून (१२३) व अिज़िब्तला॑ अिब्राहीम रब्बुहू बिकलिमातिन् फ़अतम्महुन्न ट़् क़ाल अिन्नी जाअिलुक लिन्नासि अिमामन् ट़् क़ाल व मिन् ज़ुर्रीयती ट़् क़ाल ला यनालु अह्दिज़्ज़ालिमीन (१२४) व अिज़् जअ़ल्नल्बैत मसाबतल्लिन्नासि व अम्नन् ट़् वत्तख़िज़ू मिम्मक़ामि अिब्राहीम मुसल्लन् ट़् व अहिद्ना॑ अिला॑ अिब्राहीम व अिस्माअील अन् तह्हिरा बैतिय लित्ता॑अिफ़ीन वल्आकिफ़ीन वर्रुक्कअिस्सुजूदि (१२५) व अिज़् क़ाल अिब्राहीमु रब्बिज्अल् हाज़ा बलदन् आमिनौंवर्ज़ुक़् अह्लहू मिनस्समराति मन् आमन मिन्हुम् बिल्लाहि वल्यौमिल्आख़िरि ट़् क़ाल व मन् कफ़र फ़उमत्तिअुहू क़लीलन् सुम्म अज़्तर्रुहू॑ अिला अज़ाबिन्नारि ट़् व बिअ्सल्मसीरु (१२६) व अिज़् यर्फ़अु अिब्राहीमुल्क़वाअिद मिनल्बैति व अिस्माअीलु ट़् रब्बना तक़ब्बल् मिन्ना ट़् अिन्नक अन्तस्समीअुल्अलीमु (१२७) रब्बना वज्अल्ना मुस्लिमैनि लक व मिन् ज़ुर्रीयतिना॑ उम्मतम्मुस्लिमतल्लक ट़् व अरिना मनासि-कना व तुब् अलैना ज् अिन्नक अन्तत्तौवाबुर्रहीमु (१२८) रब्बना वब्अस् फ़ीहिम् रसूलम्मिन्हुम् यत्लू अलैहिम् आयातिक व युअ़ल्लिमुहुमुल्किताब वल्हिक्मत व युज़क्कीहिम् ट़् अिन्नक अन्तल्अज़ीज़ुल्हकीमु (१२९) ★ व मैंयर्ग़बु अम्मिल्लति अिब्राहीम अिल्ला मन् सफ़िह नफ़्सहू ट़् व लक़दिस्तफ़ैनाहु फ़िद्दुन्या ज् व अिन्नहू फ़िल्आख़िरति लमिनस्सालिहीन (१३०) अिज़् क़ाल लहू रब्बुहू॑ अस्लिम् ला क़ाल अस्लम्तु लिरब्बिल्आलमीन (१३१)

रु. १५ १५ आ ८

البقرة ١٥

حَقَّ تِلَاوَتِهِ أُولٰٓئِكَ يُؤْمِنُوْنَ بِهٖ وَمَنْ يَّكْفُرْ بِهٖ فَأُولٰٓئِكَ هُمُ الْخٰسِرُوْنَ
يٰبَنِيْٓ إِسْرَآءِيْلَ اذْكُرُوْا نِعْمَتِيَ الَّتِيْٓ أَنْعَمْتُ عَلَيْكُمْ وَأَنِّيْ فَضَّلْتُكُمْ عَلَى
الْعٰلَمِيْنَ ۝ وَاتَّقُوْا يَوْمًا لَّا تَجْزِيْ نَفْسٌ عَنْ نَّفْسٍ شَيْئًا وَّلَا يُقْبَلُ مِنْهَا
عَدْلٌ وَّلَا تَنْفَعُهَا شَفَاعَةٌ وَّلَا هُمْ يُنْصَرُوْنَ ۝ وَإِذِ ابْتَلٰٓى إِبْرٰهٖمَ رَبُّهٗ
بِكَلِمٰتٍ فَأَتَمَّهُنَّ قَالَ إِنِّيْ جَاعِلُكَ لِلنَّاسِ إِمَامًا قَالَ وَمِنْ ذُرِّيَّتِيْ قَالَ
لَا يَنَالُ عَهْدِي الظّٰلِمِيْنَ ۝ وَإِذْ جَعَلْنَا الْبَيْتَ مَثَابَةً لِّلنَّاسِ وَأَمْنًا وَ
اتَّخِذُوْا مِنْ مَّقَامِ إِبْرٰهٖمَ مُصَلًّى وَعَهِدْنَآ إِلٰٓى إِبْرٰهٖمَ وَإِسْمٰعِيْلَ أَنْ
طَهِّرَا بَيْتِيَ لِلطَّآئِفِيْنَ وَالْعٰكِفِيْنَ وَالرُّكَّعِ السُّجُوْدِ ۝ وَإِذْ قَالَ إِبْرٰهٖمُ رَبِّ
اجْعَلْ هٰذَا بَلَدًا اٰمِنًا وَّارْزُقْ أَهْلَهٗ مِنَ الثَّمَرٰتِ مَنْ اٰمَنَ مِنْهُمْ بِاللّٰهِ
وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ قَالَ وَمَنْ كَفَرَ فَأُمَتِّعُهٗ قَلِيْلًا ثُمَّ أَضْطَرُّهٗٓ إِلٰى عَذَابِ
النَّارِ وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ۝ وَإِذْ يَرْفَعُ إِبْرٰهٖمُ الْقَوَاعِدَ مِنَ الْبَيْتِ وَإِسْمٰعِيْلُ
رَبَّنَا تَقَبَّلْ مِنَّا إِنَّكَ أَنْتَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ۝ رَبَّنَا وَاجْعَلْنَا مُسْلِمَيْنِ لَكَ وَ
مِنْ ذُرِّيَّتِنَآ أُمَّةً مُّسْلِمَةً لَّكَ وَأَرِنَا مَنَاسِكَنَا وَتُبْ عَلَيْنَا إِنَّكَ أَنْتَ
التَّوَّابُ الرَّحِيْمُ ۝ رَبَّنَا وَابْعَثْ فِيْهِمْ رَسُوْلًا مِّنْهُمْ يَتْلُوْا عَلَيْهِمْ اٰيٰتِكَ وَيُعَلِّمُهُمُ
الْكِتٰبَ وَالْحِكْمَةَ وَيُزَكِّيْهِمْ إِنَّكَ أَنْتَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ۝ وَمَنْ يَّرْغَبُ عَنْ
مِّلَّةِ إِبْرٰهٖمَ إِلَّا مَنْ سَفِهَ نَفْسَهٗ وَلَقَدِ اصْطَفَيْنٰهُ فِي الدُّنْيَا وَإِنَّهٗ فِي الْاٰخِرَةِ
لَمِنَ الصّٰلِحِيْنَ ۝ إِذْ قَالَ لَهٗ رَبُّهٗٓ أَسْلِمْ قَالَ أَسْلَمْتُ لِرَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ۝ وَوَصّٰى

जिन लोगों को हमने किताब दी है अगर वह उसको उसी तरह पढ़ते रहे जैसे कि उसे पढ़ना चाहिये (तो) ऐसे ही लोग उसपर ईमान लानेवाले हैं। और जो इसका इन्कार करेंगे तो वही लोग हैं जो घाटे में रहेंगे। (१२१)★

★ रु. १४/१४ आ ६

ऐ याक़ूब की सन्तान! मेरी उन नियामतों को याद करो, जो मैंने तुम को दीं और इस बात को कि मैंने तुमको सारे संसार के लोगों पर प्रधानता दी।(१२२) और उस दिन (की सज़ा)से डरो कि कोई शख़्स किसी शख़्स का बोझ न बटा सकेगा और न उसकी तरफ़ से कोई बदला क़बूल किया जायगा और न सिफ़ारिश उसको फ़ायदा देगी और न लोगों को मदद पहुँचेगी।(१२३)§ और जब इबराहीम को उसके पालनकर्त्ता ने चन्द बातों में आज़माया और इबराहीम ने उन बातों को पूरा कर दिखाया, (तो ख़ुदा ने संतुष्ट होकर) कहा कि मैं तुमको लोगों का इमाम (यानी सरदार) बनाऊँगा। (इबराहीम ने) निवेदन किया कि मेरी संतान में से भी (इमाम बना)। (ख़ुदा ने) कहा, मगर मेरे इक़रार (वचन) में वह दाख़िल नहीं जो नाफ़र्मान (अवज्ञाकारी) होंगे।(१२४) और जब हमने काबे के घर को लोगों के जमा होने और शांति की जगह बनाया और (लोगों को हुक्म भेजा कि) इबराहीम की जगह को नमाज़ की जगह बनाओ और हमने इबराहीम और इस्माईल दोनो को आज्ञा दी कि मेरे घर को तवाफ़† (परिक्रमा) करने वालों और इअतिकाफ़‡ करनेवालों (उपासकों) और रुकूअ♦ (और) सजदः ❀ करने वालों के लिए पाक साफ़ रखो।*(१२५) और (ऐ पैग़म्बर! इनको वह समय भी याद दिलाओ) जब इबराहीम ने दुआ माँगी कि ऐ मेरे पालनकर्त्ता! इसको शान्ति का नगर बना और अल्लाह और क़ियामत पर ईमान रखनेवाले इसके निवासियों को फल फलाहार खाने को देता रह। (अल्लाह ने)फ़र्माया कि(इनके अलावा) जो कुफ़्र करेगा मैं उसको भी चन्द रोज़ के लिए चीज़ों से फ़ायदा उठाने दूँगा। फिर उसको मजबूर करके दोज़ख़(नरक)की सज़ा में ले जा दाख़िल करूँगा और (याद दिलाओ कि)वह बुरा ठिकाना है।(१२६) और जब इबराहीम और इस्माईल (दोनो) काबे की नीवें(बुनयादें)उठा रहे थे(और दुआएँ माँगते जाते थे) कि ऐ हमारे पालनेवाले हमारी (यह सेवा) क़बूल कर। बेशक तूही सुनने और जाननेवाला है।(१२७) ऐ हमारे पालनकर्त्ता! हमको अपना सच्चा आज्ञाकारी बना और हमारी सन्तान में से एक गरोह (पैदा कर) जो तेरा सच्चा आज्ञाकारी हो और हमको हमारे दीनी क़ायदे(धार्मिक विधि)बता और हमारी ओर ध्यान रख, बेशक तूही बड़ा ध्यान रखनेवाला है, बेहद मेहरबान है।(१२८)ऐ हमारे पालनेवाले! इनमें इन्हीं में से एक पैग़म्बर उठा@ कि इनको तेरी आयतें पढ़कर सुनाये और इनको किताब (क़ुर्आन) और ज्ञान की शिक्षा दे और इनको पवित्र और संयमी बनाए। बेशक तू बड़ा ही शक्तिशाली व ज्ञानवान है।(१२९)★

★ रु. १५/१५ आ ८

और कौन है जो इबराहीम के तरीक़ों से मुँह फेरे। सिवा उसके जो बिलकुल बेअक़्ल हो। बेशक हमने इबराहीम को दुनिया लोक में चुन लिया और आख़िरत (परलोक) में (भी)वह सदाचारियों में होंगे।(१३०) और जब उनसे पालनकर्त्ता ने कहा कि (मेरे) आज्ञाकारी बनो, (तो जवाब में) निवेदन किया कि मैं सारे संसार के स्वामी का आज्ञापालक हुआ।(१३१)

---

§ आयत१२२-१२३ में आयत ४७-४८ को दुहराया है। यहूदियों को इस चेतावनी को बार बार देने के बाद अब आयत १२४ से अरबों की विशेषता की चर्चा है। † तवाफ़—काबे के गिर्द नियमानुसार घूमने को तवाफ़ कहते हैं। ‡ इअ्तिकाफ़—मसजिद में एक नियत समय तक जम कर रहने को 'इअ्तिकाफ़' कहते हैं। ♦ घुटनों पर हाथ लगाकर झुके हुए खड़े होने को "रुकूअ्' कहते हैं। यह हालत नमाज़ में होती है। ❀ सजदः—घुटने टेक कर दोनों हाथों की हथेलियाँ और पाँचों उंगलियाँ ज़मीन पर रख कर और हाथों के बीच में माथा और नाक टेक कर ज़बान से ख़ुदा की पवित्रता के मंत्र का जाप करने को सजदः कहते हैं। * गन्दगी व मूर्तियों से पाक रखो। @ ह. मुहम्मद (स०) की पैग़म्बरी इसी प्रार्थना का परिणाम थी।

व वस्सा बिहा अब्राहीमु बनीहि व यअ़्क़ूबु त् या बनीय अिन्नल्लाहस्तफ़ा लकुमुद्दीन फ़ला तमूतुन्न अिल्ला व अन्तुम् मुस्लिमून त् (१३२) अम् कुन्तुम् शुहदाअ अिज़् हज़र यअ़्क़ूबलमौतु ला अिज़् क़ाल लिबनीहि मा तअ़्बुदून मिम्बअ़्दी त् क़ालू नअ़्बुदु अिलाहक व अिलाह आबाअिक अब्राहीम व अिस्माअ़ील व अिस्हाक़ अिलाहौंवाहिदन् ज् सला ०व नह्नु लहू मुस्लिमून (१३३) तिल्क **उम्मतुन्** क़द् ख़लत् ज् लहा मा कसबत् व **लकुम्** मा कसब्तुम् ज् व ला तुस्अलून अ़म्मा कानू यअ़्मलून (१३४) व क़ालू कूनू हूदन् औ नसारा तह्तदू त् क़ुल् बल् मिल्लत अब्राहीम हनीफ़न् त् व मा कान मिनल्मुश्रिकीन (१३५) क़ूलू आमन्ना बिल्लाहि व मा अुन्ज़िल अिलैना व मा अुन्ज़िल अिला अब्राहीम व अिस्माअ़ील व अिस्हाक़ व यअ़्क़ूब वल्अस्बाति व मा अूतिय मूसा व अ़ीसा व मा अूतियन्नबीयून मिर्रब्बिहिम् ज् ला नुफ़र्रिक़ु बैन अहदिम् मिन्हुम् ज् सला व नह्नु लहू मुस्लिमून (१३६) फ़अिन् आमनू बिमिस्लि मा आमन्तुम् बिही फ़क़दिह्तदौ ज् व अिन् तवल्लौ फ़अिन्नमा हुम् फ़ी शिक़ाक़िन ज् फ़सयक्फ़ीकहुमुल्लाहु ज् व हुवस्समी-अ़ुल् अ़लीमु त् (१३७) **सिब्ग़तल्लाहि** ज् व मन् अह्सनु मिनल्लाहि **सिब्ग़तन्** ज् ०व नह्नु लहू आ़बिदून (१३८) क़ुल् अतुहाज्जूनना फ़िल्लाहि व हुव रब्बुना व रब्बुकुम् ज् व लना अअ़्मालुना व लकुम् अअ़्मालुकुम् ज् व नह्नु लहू मुख़्लिसून ला (१३९) अम् तक़ूलून अिन्न अब्राहीम व अिस्माअ़ील व अिस्हाक़ व यअ़्क़ूब वल्अस्बात कानू हूदन् औ नसारा त् क़ुल् अअन्तुम् अअ़्लमु अमिल्लाहु त् व मन् अज़्लमु मिम्मन् कतम शहादतन् अ़िन्दहू मिनल्लाहि त् व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अ़म्मा तअ़्मलून (१४०) तिल्क अुम्मतुन् क़द् ख़लत् ज् लहा मा कसबत् व लकुम्मा कसब्तुम् ज् व ला तुस्अलून अ़म्मा कानू यअ़्मलून (१४१) ★

البقرة ١٦ الٓمّٓ

بِهَا اِبْرٰهٖمُ بَنِيْهِ وَيَعْقُوْبُ يٰبَنِيَّ اِنَّ اللّٰهَ اصْطَفٰى لَكُمُ الدِّيْنَ فَلَا تَمُوْتُنَّ اِلَّا وَاَنْتُمْ مُّسْلِمُوْنَ ۝ اَمْ كُنْتُمْ شُهَدَآءَ اِذْ حَضَرَ يَعْقُوْبَ الْمَوْتُ اِذْ قَالَ لِبَنِيْهِ مَا تَعْبُدُوْنَ مِنْۢ بَعْدِيْ قَالُوْا نَعْبُدُ اِلٰهَكَ وَاِلٰهَ اٰبَآئِكَ اِبْرٰهٖمَ وَاِسْمٰعِيْلَ وَاِسْحٰقَ اِلٰهًا وَّاحِدًا وَّنَحْنُ لَهٗ مُسْلِمُوْنَ ۝ تِلْكَ اُمَّةٌ قَدْ خَلَتْ لَهَا مَا كَسَبَتْ وَلَكُمْ مَّا كَسَبْتُمْ وَلَا تُسْئَلُوْنَ عَمَّا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ۝ وَقَالُوْا كُوْنُوْا هُوْدًا اَوْ نَصٰرٰى تَهْتَدُوْا قُلْ بَلْ مِلَّةَ اِبْرٰهٖمَ حَنِيْفًا وَمَا كَانَ مِنَ الْمُشْرِكِيْنَ ۝ قُوْلُوْا اٰمَنَّا بِاللّٰهِ وَمَآ اُنْزِلَ اِلَيْنَا وَمَآ اُنْزِلَ اِلٰٓى اِبْرٰهٖمَ وَاِسْمٰعِيْلَ وَاِسْحٰقَ وَيَعْقُوْبَ وَالْاَسْبَاطِ وَمَآ اُوْتِيَ مُوْسٰى وَعِيْسٰى وَمَآ اُوْتِيَ النَّبِيُّوْنَ مِنْ رَّبِّهِمْ لَا نُفَرِّقُ بَيْنَ اَحَدٍ مِّنْهُمْ وَنَحْنُ لَهٗ مُسْلِمُوْنَ ۝ فَاِنْ اٰمَنُوْا بِمِثْلِ مَآ اٰمَنْتُمْ بِهٖ فَقَدِ اهْتَدَوْا وَاِنْ تَوَلَّوْا فَاِنَّمَا هُمْ فِيْ شِقَاقٍ فَسَيَكْفِيْكَهُمُ اللّٰهُ وَهُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ۝ صِبْغَةَ اللّٰهِ وَمَنْ اَحْسَنُ مِنَ اللّٰهِ صِبْغَةً وَّنَحْنُ لَهٗ عٰبِدُوْنَ ۝ قُلْ اَتُحَآجُّوْنَنَا فِي اللّٰهِ وَهُوَ رَبُّنَا وَرَبُّكُمْ وَلَنَآ اَعْمَالُنَا وَلَكُمْ اَعْمَالُكُمْ وَنَحْنُ لَهٗ مُخْلِصُوْنَ ۝ اَمْ تَقُوْلُوْنَ اِنَّ اِبْرٰهٖمَ وَاِسْمٰعِيْلَ وَاِسْحٰقَ وَيَعْقُوْبَ وَالْاَسْبَاطَ كَانُوْا هُوْدًا اَوْ نَصٰرٰى قُلْ ءَاَنْتُمْ اَعْلَمُ اَمِ اللّٰهُ وَمَنْ اَظْلَمُ مِمَّنْ كَتَمَ شَهَادَةً عِنْدَهٗ مِنَ اللّٰهِ وَمَا اللّٰهُ بِغَافِلٍ عَمَّا تَعْمَلُوْنَ ۝ تِلْكَ اُمَّةٌ قَدْ خَلَتْ لَهَا مَا كَسَبَتْ وَلَكُمْ مَّا كَسَبْتُمْ وَلَا تُسْئَلُوْنَ عَمَّا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ۝ ع

منزل

★ रु० १६ | १६ आ० १२

॥ इति पहला पारः ॥

और इसकी (बाबत) इबराहीम अपने बेटों को वसीयत कर गये और इसी तरह याक़ूब भी कि ऐ मेरे बेटों! अल्लाह ने इस दीन को तुम्हारे लिए पसंद फ़रमाया है। तो ऐसा हरगिज़ न हो कि मरते समय तुम मुसलमान के सिवा कुछ और हो। (१३२) (ऐ यहूद!) क्या तुम मौजूद थे जब याक़ूब के सामने मौत आ खड़ी हुई? उस वक़्त उन्होंने अपने बेटों से पूछा कि मेरे बाद किसकी इबादत (उपासना) करोगे? उन्होंने जवाब दिया कि हम आपके माबूद (उपास्य) और आपके पूर्वज यानी इबराहीम, इस्माईल और इसहाक़ के पूजित एक ख़ुदा की ही भक्ति करेंगे और हम उसी के आज्ञाकारी हैं।§(१३३) (ऐ यहूद!) यह लोग हो चुके, उनका किया उनके काम आयेगा और तुम्हारा किया तुम्हारे, और तुमसे उनके काम की पूछ-ताछ नहीं होगी।†(१३४) और (यहूद और ईसाई, मुसलमानों से) कहते हैं कि यहूदी या ईसाई बन जाओ तो सच्चे रास्ते पर आओगे। (ऐ पैग़म्बर! तुम इन लोगों से) कहो (नहीं) बल्कि हम इबराहीम की सीधी राह पर हैं जो (एक ख़ुदा के हो रहे थे और) मुशरिकीन में से न थे।‡(१३५) (मुसलमानो! तुम यहूद व नसारा से) कह दो कि हम तो ईमान लाये हैं अल्लाह पर और उस पर जो हम पर उतारी गई है और उस पर जोकि इबराहीम और इस्माईल और इसहाक़ और याक़ूब और उनकी संतान पर उतरी और मूसा और ईसा को जो (किताब) मिली (उस पर भी) और जो (दूसरे) पैग़म्बरों को उनके पालनेवाले से मिला (उस पर भी); हम इनमें से किसी एक में भी (किसी तरह का) फ़र्क़ नहीं समझते और हम (एक) अल्लाह के ही आज्ञाकारी हैं। (१३६) तो अगर यह लोग भी ईमान ले आवें, जिस तरह तुम ईमान लाये तो बस सच्चे रास्ते पर आ गये, और मुँह फेरें (तो समझो) बस वह (तुम्हारे) विरोधी हैं, बस अब ख़ुदा तुम्हारी ओर से उनके मुक़ाबिले में काफ़ी है और वह सब सुनता और जानता है। (१३७) (कहो कि) हम तो अल्लाह के रंग में रंग गये।छ और अल्लाह के रंग से और किसका रंग अच्छा होगा? और हम तो उसी की बन्दना करने वाले हैं। (१३८) (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि क्या तुम अल्लाह के बारे में हमसे हुज्जत (कुतर्क) करते हो? हालाँकि वही हमारा पालनहार है और तुम्हारा भी परवरदिगार है। और हमारे काम हमारे लिए हैं और तुम्हारे काम तुम्हारे लिए और हम ख़ास उसी की अिबादत करनेवाले हैं। (१३९) क्या तुम्हारा (यह) दावा है कि इबराहीम, इस्माईल और इसहाक़ और याक़ूब और याक़ूब की संतान (यह लोग) यहूदी थे, या ईसाई थे! (ऐ पैग़म्बर! इनसे) कहो कि तुम ज़्यादा जाननेवाले हो या ख़ुदा? और उससे बढ़कर ज़ालिम कौन होगा जिसके पास ख़ुदा की तरफ़ से गवाही हो और वह उसको छिपाये। और तुम्हारी करतूतों से अल्लाह बेख़बर नहीं। (१४०) वह एक जमात थी जो गुज़र चुकी। उनका किया उनके और तुम्हारा किया तुम्हारे (आगे आयेगा) और जो कुछ वह कर गुज़रे तुमसे उसकी पूछताछ नहीं होगी। (१४१) ★

★ रु. १६ १६ आ १२

॥ इति पहला पारः ॥

---

§ यहूदियों को उनके पूर्वजों के पूनित एक और सिर्फ़ एक अल्लाह की ओर मुख़ातिब किया गया है, इसलिए कि इस समय यहूदी उस सारे जहान के स्वामी अल्लाह को एक सीमित जातीय (Tribal) ख़ुदा जैसा मानने लगे थे। † याने तुम्हारे पूर्वजों के नेक आमालों में तुम्हारा कोई हिस्सा न होगा। तुम्हारे ही कर्म तुम्हारे काम आवेंगे। ‡ जिन्होंने ख़ुदा के साथ ख़ुदाओं को नहीं जोड़ा था। छ 'सिब्ग़त' (अरबी) का अर्थ रंग है। इसी के अनुसार ईसाई 'बप्तिसमा' में जल में रंग मिला कर ज़ाहिर करते हैं कि अब उनकी ज़िन्दगी का रंग ही बदल गया। लेकिन इस्लाम में इस दुनियावी रंग के बजाय अल्लाह का रंग ही चोखा समझा गया है। (अ. यू.)

☪☪ दूसरा पारः (सयक़ूलु) ☪☪

☪ सूरतुल् बक़रः आयात् १४२ से २५२ ☪

सयक़ूलुस्सुफ़हा'अु मिनन्नासि मा वल्ला हुम् अन् क़िब्लतिहिमुल्लती कानू अलैहा त् क़ुल् लिल्लाहिल्मश्‌रिक़ु वल्मग़्‌रिबु त् यह्‌दी मैंयशा'अु अिला सिरातिम्मुस्तक़ीमिन् (१४२) व कज़ालिक जअलनाकुम् अुम्मतौंव सतल्लितकूनू शुहदा'अ अलन्नासि व यकूनर्रसूलु अलैकुम् शहीदन् त् व मा जअलनल्-क़िब्लतल्लती कुन्त अलैहा' अिल्ला लिनअ्लम मैंयत्तबिअुर्रसूल मिम्मैंयन्-क़लिबु अला अक़िबैहि त् व अिन् कानत् लकबीरतन् अिल्ला अलल्लज़ीन हदल्लाहु त् व मा कानल्लाहु लियुज़ीअ अीमानकुम् त् अिन्नल्लाह बिन्नासि लरअूफ़ुर्रहीमुन् (१४३) क़द् नरा तक़ल्लुब वज्‌हिक फ़िस्समा'अि ज फ़लनुवल्लियन्नक क़िब्लतन् तर्ज़ाहा स् फ़वल्लि वज्‌हक शत्‌रल्मस्‌जिदिल्-हरामि त् व हैसु मा कुन्तुम् फ़वल्लू वुजूहकुम् शत्‌रहू त् व अिन्नल्लज़ीन अूतुल्किताब लयअ्लमून अन्नहुल्हक़्क़ु मिर्रब्बिहिम् त् व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अम्मा यअ्मलून (१४४) व लअिन् अतैतल्लज़ीन अूतुल्किताब बिकुल्लि आयतिम्मा तबिअू क़िब्लतक ज व मा' अन्त बिताबिअिन् क़िब्लतहुम् ज व मा बअ्ज़ुहुम् बिताबिअिन् क़िब्लत बअ्ज़िन् त् व लअिनित्तबअ्त अह्वा'अ हुम् मिम्बअ्दि मा जा'अक मिनल्अिल्मि ला अिन्नक अिज़ल्लमिनज़्ज़ालिमीन म् ● (१४५) अल्लज़ीन आतैना हुमुल्किताब यअ्रिफ़ूनहू कमा यअ्रिफ़ून अब्ना'अ हुम् त् व अिन्न फ़रीक़म्मिन्हुम् लयक्तुमूनल्हक़्क़ व हुम् यअ्लमून ● (१४६) अल्हक़्क़ु मिर्रब्बिक फ़ला तकूनन्न मिनल्मुम्तरीन (१४७) ★

سَيَقُولُ السُّفَهَاءُ مِنَ النَّاسِ مَا وَلَّاهُمْ عَنْ قِبْلَتِهِمُ الَّتِي كَانُوا عَلَيْهَا ۚ قُلْ لِلَّهِ الْمَشْرِقُ وَالْمَغْرِبُ ۚ يَهْدِي مَنْ يَشَاءُ إِلَىٰ صِرَاطٍ مُسْتَقِيمٍ ۝ وَكَذَٰلِكَ جَعَلْنَاكُمْ أُمَّةً وَسَطًا لِتَكُونُوا شُهَدَاءَ عَلَى النَّاسِ وَيَكُونَ الرَّسُولُ عَلَيْكُمْ شَهِيدًا ۗ وَمَا جَعَلْنَا الْقِبْلَةَ الَّتِي كُنْتَ عَلَيْهَا إِلَّا لِنَعْلَمَ مَنْ يَتَّبِعُ الرَّسُولَ مِمَّنْ يَنْقَلِبُ عَلَىٰ عَقِبَيْهِ ۚ وَإِنْ كَانَتْ لَكَبِيرَةً إِلَّا عَلَى الَّذِينَ هَدَى اللَّهُ ۗ وَمَا كَانَ اللَّهُ لِيُضِيعَ إِيمَانَكُمْ ۚ إِنَّ اللَّهَ بِالنَّاسِ لَرَءُوفٌ رَحِيمٌ ۝ قَدْ نَرَىٰ تَقَلُّبَ وَجْهِكَ فِي السَّمَاءِ ۖ فَلَنُوَلِّيَنَّكَ قِبْلَةً تَرْضَاهَا ۚ فَوَلِّ وَجْهَكَ شَطْرَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ ۚ وَحَيْثُ مَا كُنْتُمْ فَوَلُّوا وُجُوهَكُمْ شَطْرَهُ ۗ وَإِنَّ الَّذِينَ أُوتُوا الْكِتَابَ لَيَعْلَمُونَ أَنَّهُ الْحَقُّ مِنْ رَبِّهِمْ ۗ وَمَا اللَّهُ بِغَافِلٍ عَمَّا يَعْمَلُونَ ۝ وَلَئِنْ أَتَيْتَ الَّذِينَ أُوتُوا الْكِتَابَ بِكُلِّ آيَةٍ مَا تَبِعُوا قِبْلَتَكَ ۚ وَمَا أَنْتَ بِتَابِعٍ قِبْلَتَهُمْ ۚ وَمَا بَعْضُهُمْ بِتَابِعٍ قِبْلَةَ بَعْضٍ ۚ وَلَئِنِ اتَّبَعْتَ أَهْوَاءَهُمْ مِنْ بَعْدِ مَا جَاءَكَ مِنَ الْعِلْمِ ۙ إِنَّكَ إِذًا لَمِنَ الظَّالِمِينَ ۝ الَّذِينَ آتَيْنَاهُمُ الْكِتَابَ يَعْرِفُونَهُ كَمَا يَعْرِفُونَ أَبْنَاءَهُمْ ۖ وَإِنَّ فَرِيقًا مِنْهُمْ لَيَكْتُمُونَ الْحَقَّ وَهُمْ يَعْلَمُونَ ۝ الْحَقُّ مِنْ رَبِّكَ ۖ فَلَا تَكُونَنَّ مِنَ الْمُمْتَرِينَ ۝ وَلِكُلٍّ وِجْهَةٌ هُوَ مُوَلِّيهَا ۖ فَاسْتَبِقُوا الْخَيْرَاتِ ۚ أَيْنَ مَا تَكُونُوا يَأْتِ بِكُمُ اللَّهُ جَمِيعًا ۚ إِنَّ اللَّهَ عَلَىٰ كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ ۝

व. ला ● ● व. मं. ★ रु. १७/१ आ. ६

दूसरा पारः (सयक़ूलु)

सूरतुल् बक़रः (आयात १४२ से २५२)

अब मूर्ख लोग कहेंगे कि मुसलमान जिस क़िब्ले पर (पहले) थे (यानी बैतुल्मुक़द्दस) उससे इनके (काबे की तरफ़ को) मुड़ जाने का क्या कारण हुआ? (पैग़म्बर! तुम यह) जवाब दो कि पूर्व और पश्चिम (सब) अल्लाह ही का है। वह जिसको चाहता है सीधी राह चलाता § है। (१४२) और इसी तरह हमने तुमको एक आदिल (न्यायशील) उम्मत (गिरोह जो किसी पैग़म्बर के आधीन हो) बनाया है ताकि लोगों के मुक़ाबिले में तुम गवाह बनो और तुम्हारे मुक़ाबिले में पैग़म्बर गवाह बनें और (ऐ पैग़म्बर!) जिस क़िब्ले पर तुम थे (यानी बैतुलमुक़द्दस्) हमने उसको इसी मतलब से ठहराया था ताकि हमको मालूम हो जावे कि कौन-कौन पैग़म्बर के आधीन रहेगा और कौन उलटा फिरेगा, और यह बात अगरचे भारीहै लेकिन उन पर नहीं जिनको अल्लाह ने राह दिखा दी है। और ख़ुदा ऐसा नहीं कि तुम्हारा ईमान लाना अकारथ कर दे। ख़ुदा तो लोगों पर बड़ी कृपा रखनेवाला दयालु है।@ (१४३) (ऐ पैग़म्बर) तुम्हारे मुँह का आसमान की ओर बार-बार उठना हम देख रहे हैं, तो जो क़िब्ला तुम चाहते हो हम तुमको उसी की तरफ़ फेरे देते हैं। अब अपना मुँह मसजिदे हराम (काबा) की ओर फेर लो और (मुसलमानों) तुम लोग जहाँ भी हुआ करो अपना मुँह उसी की ओर किया करो। और जिन लोगों को किताब दी गई है, उनको मालूम है कि यह (क़िब्ला बदलना) ठीक है (और उनके परवरदिगार की ही ओर से है और जो वे कर रहे हैं, ख़ुदा उससे बेख़बर नहीं। (१४४) और (ऐ पैग़म्बर) जिन लोगों को किताब दी गई है, अगर तुम तमाम दलीलें उनके पास ले आओ, (तो भी) वह तुम्हारे क़िब्ले को न मानेंगे और न तुम्हीं उनके क़िब्ले को मानोगे। और न वह आपस में एक दूसरे के क़िब्ले को माननेवाले हैं। और तुमको जो ज्ञान मिल चुका है, अगर उसके बाद भी तुम इनकी इच्छाओं पर चले, तो ऐसी दशा में बेशक तुम भी अन्यायियों में गिने जाओगे।● (१४५) जिन लोगों को हमने किताब दी है, वह जिस तरह अपनी औलादों को पहचानते हैं (उसी तरह) तुम (मुहम्मद) को भी पहचानते हैं, और उनमें से कुछ लोग ख़ूब जान-बूझकर सच को छिपाते हैं।● (१४६) (हालाँकि) बेशक यह तुम्हारे परवरदिगार की ओर से हक़ (साबित हो चुका) है। तो कहीं सन्देह करनेवालों में से न हो जाना। (१४७) ★

● व. ला ● व. मं ★ रु. १७/१ आ ६

§ मदीना प्रस्थान से पहले मुहम्मद साहब (स०) व मुसलमान काबा की ओर ही मुँह कर के नमाज़ पढ़ते थे। मदीना आने पर जेरूशलम में 'बैतुलमुक़द्दस' की ओर मुँह करके नमाज़ पढ़ते रहे जो यहूदियों और ईसाइयों का भी पवित्र स्थान था। अब फिर काबा की ओर मुँह करने का हुक्म ख़ुदा की ओर से होने पर यहूदी आक्षेप करने लगे कि क़िब्ले की दिशा ही बदल गई! इस पर यह आदेश हुआ कि अल्लाह का हुक्म प्रधान है; चाहे पूरब हो चाहे पच्छिम, सब उसी के हैं। @ यहूदी कहते थे कि अगर काबा ही मुसलमानों का सही क़िब्ला था तो इससे पहले बैतुलमुक़द्दस की ओर पढ़ी गई नमाज़ें बेकार गईं। इस पर कहा गया कि ख़ुदा किसी का ईमान लाना अकारथ नहीं करता।

व लिकुल्लिंव्विज्-हतुन् हुव मुवल्लीहा फ़स्तबिक़ुल्ख़ैराति त् ● अैन मा तकूनू यअ्ति बिकुमुल्लाहु जमीअन् त् अिन्नल्लाह अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१४८) व मिन् हैसु ख़रज्त फ़वल्लि वज्हक शत्रल्-मस्जिदिल्हरामि त् व अिन्नहु लल्हक़्क़ु मिर्रब्बिक त् व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अम्मा तअ्मलून (१४९) व मिन् हैसु ख़रज्त फ़वल्लि वज्हक शत्रल्-मस्जिदिल्हरामि त् व हैसु मा कुन्तुम् फ़वल्लू वुजूहकुम् शत्रहु ला लिअल्ला यकून लिन्नासि अलैकुम् हुज्जतुन् क़् ला अिल्लल्लजीन जलमू मिन्हुम् क़् फ़ला तख़्शौहुम् वख़्शौनी क़् व लिअुतिम्म निअ्मती अलैकुम् व लअल्लकुम् तह्तदून ला ∴ (१५०) कमा अर्सल्ना फ़ीकुम् रसूलम् मिन्कुम् यत्लू अलैकुम् आयातिना व युज़क्कीकुम् व युअल्लि-मुकुमुल्किताब वल्हिक्मत व युअल्लिमुकुम्मालम् तकूनू तअ्लमून त् ∴ (१५१) फ़ज्कुरूनी अज्कुर्-कुम् वश्कुरूली व ला तक्फ़ुरूनि (१५२) ★ या अैयुहल्लजीन आमनुस्तअीनू बिस्सब्रि वस्सलाति त् अिन्नल्लाह मअस्साबिरीन (१५३) व ला तक़ूलू लिमैंयुक़्तलु फ़ी सबीलिल्लाहि अम्वातुन् त् बल् अह्याअुं व लाकिल्ला तश्अुरून (१५४) व लनब्लुवन्नकुम् बिशैअिम् मिनल्ख़ौफ़ि वल्जूअि व नक़्सिम्मिनल्-अम्वालि वल्अन्फ़ुसि वस्समराति त् व बश्शिरिस्साबिरीन ला (१५५) अल्लजीन अिजा असाबत् हुम्मुसीबतुन् ला क़ालू अिन्ना लिल्लाहि व अिन्ना अिलैहि राजिअून त् (१५६) अुलाअिक अलैहिम् सलवातुम्मिर्रब्बिहिम् व रह्मतुन् क़िफ़् व अुलाअिक हुमुल्मुह्तदून (१५७) अिन्नस्सफ़ा वल्मर्वत मिन् शआअिरिल्लाहि ज् फ़मन् हज्जल्बैत अविअ्तमर फ़ला जुनाह अलैहि अैंयत्तौवफ़ बिहिमा त् व मन् ततौवअ ख़ैरन् ला फ़अिन्नल्लाह शाकिरुन् अलीमुन् (१५८)

سیقول ۲ ۱۸ البقرة ۲

وَمِنْ حَيْثُ خَرَجْتَ فَوَلِّ وَجْهَكَ شَطْرَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ ۖ وَإِنَّهُ لَلْحَقُّ
مِنْ رَبِّكَ ۗ وَمَا اللَّهُ بِغَافِلٍ عَمَّا تَعْمَلُونَ ۝ وَمِنْ حَيْثُ خَرَجْتَ فَوَلِّ
وَجْهَكَ شَطْرَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ ۚ وَحَيْثُ مَا كُنْتُمْ فَوَلُّوا وُجُوهَكُمْ
شَطْرَهُ لِئَلَّا يَكُونَ لِلنَّاسِ عَلَيْكُمْ حُجَّةٌ إِلَّا الَّذِينَ ظَلَمُوا مِنْهُمْ
فَلَا تَخْشَوْهُمْ وَاخْشَوْنِي وَلِأُتِمَّ نِعْمَتِي عَلَيْكُمْ وَلَعَلَّكُمْ تَهْتَدُونَ ۝
كَمَا أَرْسَلْنَا فِيكُمْ رَسُولًا مِنْكُمْ يَتْلُو عَلَيْكُمْ آيَاتِنَا وَيُزَكِّيكُمْ وَ
يُعَلِّمُكُمُ الْكِتَابَ وَالْحِكْمَةَ وَيُعَلِّمُكُمْ مَا لَمْ تَكُونُوا تَعْلَمُونَ ۝
فَاذْكُرُونِي أَذْكُرْكُمْ وَاشْكُرُوا لِي وَلَا تَكْفُرُونِ ۝ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ
آمَنُوا اسْتَعِينُوا بِالصَّبْرِ وَالصَّلَاةِ ۚ إِنَّ اللَّهَ مَعَ الصَّابِرِينَ ۝ وَلَا
تَقُولُوا لِمَنْ يُقْتَلُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَمْوَاتٌ ۚ بَلْ أَحْيَاءٌ وَلَٰكِنْ لَا
تَشْعُرُونَ ۝ وَلَنَبْلُوَنَّكُمْ بِشَيْءٍ مِنَ الْخَوْفِ وَالْجُوعِ وَنَقْصٍ مِنَ
الْأَمْوَالِ وَالْأَنْفُسِ وَالثَّمَرَاتِ ۗ وَبَشِّرِ الصَّابِرِينَ ۝ الَّذِينَ إِذَا
أَصَابَتْهُمْ مُصِيبَةٌ قَالُوا إِنَّا لِلَّهِ وَإِنَّا إِلَيْهِ رَاجِعُونَ ۝ أُولَٰئِكَ
عَلَيْهِمْ صَلَوَاتٌ مِنْ رَبِّهِمْ وَرَحْمَةٌ ۖ وَأُولَٰئِكَ هُمُ الْمُهْتَدُونَ ۝
إِنَّ الصَّفَا وَالْمَرْوَةَ مِنْ شَعَائِرِ اللَّهِ ۖ فَمَنْ حَجَّ الْبَيْتَ أَوِ
اعْتَمَرَ فَلَا جُنَاحَ عَلَيْهِ أَنْ يَطَّوَّفَ بِهِمَا ۚ وَمَنْ تَطَوَّعَ خَيْرًا فَإِنَّ
اللَّهَ شَاكِرٌ عَلِيمٌ ۝ إِنَّ الَّذِينَ يَكْتُمُونَ مَا أَنْزَلْنَا مِنَ الْبَيِّنَاتِ

منزل

व. नबी

मु. अि. मु. ता. ख. २

★ रु. १८/२ आ ५

हरएक के लिए दिशा है जिधर को (नमाज़ में) वह अपना मुँह करता है, (तो दिशा-भेद की परवा न करके) भलाइयों की तरफ़ लपको। तुम कहीं भी हो, अल्लाह तुम सबको खींच बुलायेगा।♦ बेशक अल्लाह हर चीज़ पर क़ादिर (शक्तिशाली) है।(१४८) (ऐ पैग़म्बर!) तुम कहीं से भी निकलो, अपना मुँह इज़्ज़तवाली मसजिद (काबे) की तरफ़ कर लिया करो। बिला शक यह तुम्हारे पालनकर्ता द्वारा निश्चित है। अल्लाह तुम्हारे कामों से बेख़बर नहीं है।(१४९) (ऐ पैग़म्बर!) तुम कहीं से भी निकलो अपना मुँह इज़्ज़तवाली मसजिद की तरफ़ कर लिया करो और तुम लोग जहाँ कहीं हो उसी की तरफ़ अपना मुँह करो; ताकि लोगों को तुम्हारे ख़िलाफ़ हुज्जत की जगह न रहे।§ सिवा उनके जो उनमें से अन्यायी हैं, सो तुम उनसे मत डरो और हमारा ही डर रखो। ताकि मैं अपनी मेहरबानी तुम पर पूरी करूँ। और ताकि तुम सीधी राह पर रहो।(१५०) जैसा हमने तुम्हारे बीच तुम्हीं में का एक रसूल भेजा, वह हमारी आयतें तुमको पढ़कर सुनाता और तुमको पवित्र करता और तुमको किताब और समझ (की बातें) सिखाता‡ और तुमको ऐसी-ऐसी बातें बताता है, जो (पहले) तुम जानते न थे।(१५१) तो तुम मेरी याद में लगे रहो। मैं भी तुम्हें याद रखूँगा और मेरा इहसान मानते रहो, और नाशुक्री न करो।(१५२)★

ऐ ईमानवालो! सब्र और नमाज़ से मदद लो। बेशक अल्लाह संतोषियों के साथ है।(१५३) और जो लोग अल्लाह की राह पर मारे जायँ, उनको मरा हुआ न कहना। (वह मरे नहीं) बल्कि जिन्द: हैं; मगर तुम नहीं जान पाते।(१५४) और बेशक हम थोड़े डर से और भूख से और माल, जान और पैदावार के नुक़सान से तुम्हारी जाँच करेंगे और ऐ पैग़म्बर! संतोषियों को ख़ुशख़बरी सुना दो।(१५५) यह लोग, जब इन पर मुसीबत आ पड़ती है, तो बोल उठते हैं कि बेशक हम तो (मय दौलत-औलाद) अल्लाह के ही हैं और हम उसी की तरफ़ लौटकर जानेवाले हैं।(१५६) यही लोग हैं, जिन पर परवरदिगार की मेहरबानी और इनायतें हैं और यही सच्चे मार्ग पर हैं।(१५७) (पहाड़) सफ़ा‡ और मर्वह‡ अल्लाह की निशानियों में से हैं। तो जो व्यक्ति काबे का हज या उमर: करे उस पर इन दोनों के बीच फेरे करने में कुछ गुनाह नहीं और जो ख़ुशदिली से नेक काम करे, तो अल्लाह बड़ा क़द्रदान और सब कुछ जाननेवाला है।(१५८)

म. न. बी. स.

★ रु. १८ / र / आ ५

♦ बात यों है कि हिजरत के बाद रसूल स० लगभग डेढ़ साल तक यहूदियों के क़िब्ले बैतुलमुक़द्दस की ओर मुँह करके नमाज़ पढ़ते रहे। बाद में काब: की ओर मुँह करने का हुक्म हुआ। इस पर यहूदी एतराज़ करने लगे। इस लिए यह आयत उतरी कि इस बात में झगड़ना कि हमारा क़िब्ला श्रेष्ठ है या तुम्हारा, या हम पूरब की तरफ़ मुँह करके नमाज़ पढ़ते हैं तुम पच्छिम की तरफ़—यह सब कोरी जिहालत है। श्रेष्ठता तो नेकअमली (सदाचार) में है। उसीके अनुसार आख़िरत में सब को एक जगह जमा होना है। § यहूद तो मुसलमानों को यह इल्ज़ाम देते थे कि वे हमारे दीन को तो नहीं मानते हैं लेकिन नमाज़ हमारे ही क़िब्ले की तरफ़ मुँह करके पढ़ते हैं; दावा तो इबराहीम के रास्ते पर चलने का करते हैं मगर उनके क़िब्ले की तरफ़ नमाज़ नहीं पढ़ते। इसलिए काब: की ओर नमाज़ पढ़ने की हिदायत से यहूदियों का एतराज़ समाप्त हो गया ‡ स म की बातों से मतलब हलाल-हराम, उचित-अनुचित की हिदायतों से है। ‡ सफ़ा और मर्वह दो पहाड़ों के नाम हैं। एक समय ईश्वर की आज्ञा से हज़रत इबराहीम अ० अपनी बीबी हज़रत हाजिर: और दूधपीते बच्चे इस्माईल को छोड़कर चले गये। बच्चे को प्यासा देख हज़रत हाजिर: इन्हीं पहाड़ों पर पानी की तलाश में दौड़ती थीं। ईश्वर की कृपा से एक चश्मा निकल आया, जो 'ज़मज़म' के नाम से प्रसिद्ध है। इन्हीं पर्वतों पर मुसलमान आज भी फेरे देते हैं।

अिन्नल्लजीन यक्तुमून मा अन्ज़ल्ना मिनल्बैयिनाति वल्हुदा मिम्बअ़्दि मा बैयन्नाहु लिन्नासि फ़िल्किताबि ला अुलाअिक यल्अ़नुहुमुल्लाहु व यल्अ़नुहुमुल्लाअ़िनून ला (१५९) अिल्लल्लजीन ताबू व अस्लहू व बैयनू फ़अुलाअिक अतूबु अ़लैहिम् ज व अनत्तौवाबुर्रहीमु (१६०) अिन्नल्लजीन कफ़रू व मातू व हुम् कुफ़्फ़ारुन् अुलाअिक अ़लैहिम् लअ़्नतुल्लाहि वलमलाअिकति वन्नासि अज्मअ़ीन ला (१६१) ख़ालिदीन फ़ीहा ज ला युख़फ़्फ़फ़ु अ़न्हुमुल्अ़जाबु व ला हुम् युन्जरून (१६२) व अिलाहुकुम् अिलाहुँ - वाहिदुन् ज ला अिलाह अिल्लाहु-वर्रहमानुर्रहीमु (१६३) ★ अिन्न फ़ी ख़ल्क़िस्समावाति वल्अर्ज़ि वख़्तिलाफ़िल्लैलि वन्नहारि वल्फ़ुल्किल्लती तज्री फ़िल्बह्रि बिमा यन्फ़अ़ुन्नास व मा अन्ज़लल्लाहु मिनस्समाअि मिम्माअिन् फ़अह्या बिहिल्अर्ज़ बअ़्द मौतिहा व बस्स फ़ीहा मिन् कुल्लि दाब्बतिन् त ०व तस्रीफ़िर्रियाहि वस्सहाबिल् - मुसख़्ख़रि बैनस्समाअि वल्अर्ज़ि लआयातिल्लिक़ौमीं-यअ़्क़िलून (१६४) व मिनन्नासि मैंयत्तख़िजु मिन् दूनिल्लाहि अन्दादैंयुहिब्बूनहुम् कहुब्बिल्लाहि त वल्लजीन आमनू अशद्दु हुब्बल्लिल्लाहि त व लौ यरल्लजीन ज़लमू अिज् यरौनल्अ़जाब ला अन्नल्क़ूवत लिल्लाहि जमीअ़न् ला ०व अन्नल्लाह शदीदुल्अ़जाबि (१६५) अिज् तबर्र-अल्लजीनत्तुबिअ़ू मिनल्लजीनत्तबअ़ू वरअवुल्अ़जाब व तक़त्तअ़त् बिहिमुल्अस्बाबु (१६६) व क़ालल्लजीनत्तबअ़ू लौ अन्न लना कर्रतन् फ़नतबर्रअ मिन् हुम् कमा तबर्रअ़ू मिन्ना त कजालिक युरीहिमुल्लाहु अअ़्मालहुम् हसरातिन् अ़लैहिम् त व मा हुम् बिख़ारिजीन मिनन्नारि (१६७) ★

सيقول ٢ ١٩ البقرة ٢

وَالْهُدٰى مِنْ بَعْدِ مَا بَيَّنّٰهُ لِلنَّاسِ فِي الْكِتٰبِ ۙ اُولٰٓئِكَ يَلْعَنُهُمُ
اللّٰهُ وَيَلْعَنُهُمُ اللّٰعِنُوْنَ ۙ اِلَّا الَّذِيْنَ تَابُوْا وَاَصْلَحُوْا وَبَيَّنُوْا فَاُولٰٓئِكَ
اَتُوْبُ عَلَيْهِمْ ۚ وَاَنَا التَّوَّابُ الرَّحِيْمُ ۞ اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَمَاتُوْا
وَهُمْ كُفَّارٌ اُولٰٓئِكَ عَلَيْهِمْ لَعْنَةُ اللّٰهِ وَالْمَلٰٓئِكَةِ وَالنَّاسِ
اَجْمَعِيْنَ ۙ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۚ لَا يُخَفَّفُ عَنْهُمُ الْعَذَابُ وَلَا هُمْ
يُنْظَرُوْنَ ۞ وَاِلٰهُكُمْ اِلٰهٌ وَّاحِدٌ ۚ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ الرَّحْمٰنُ الرَّحِيْمُ ۞
اِنَّ فِيْ خَلْقِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَاخْتِلَافِ الَّيْلِ وَالنَّهَارِ وَ
الْفُلْكِ الَّتِيْ تَجْرِيْ فِي الْبَحْرِ بِمَا يَنْفَعُ النَّاسَ وَمَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ مِنَ
السَّمَآءِ مِنْ مَّآءٍ فَاَحْيَا بِهِ الْاَرْضَ بَعْدَ مَوْتِهَا وَبَثَّ فِيْهَا مِنْ كُلِّ
دَآبَّةٍ ۠ وَّتَصْرِيْفِ الرِّيٰحِ وَالسَّحَابِ الْمُسَخَّرِ بَيْنَ السَّمَآءِ وَالْاَرْضِ
لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّعْقِلُوْنَ ۞ وَمِنَ النَّاسِ مَنْ يَّتَّخِذُ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ
اَنْدَادًا يُّحِبُّوْنَهُمْ كَحُبِّ اللّٰهِ ؕ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اَشَدُّ حُبًّا لِّلّٰهِ ؕ وَلَوْ
يَرَى الَّذِيْنَ ظَلَمُوْٓا اِذْ يَرَوْنَ الْعَذَابَ ۙ اَنَّ الْقُوَّةَ لِلّٰهِ جَمِيْعًا ۙ وَّ
اَنَّ اللّٰهَ شَدِيْدُ الْعَذَابِ ۞ اِذْ تَبَرَّاَ الَّذِيْنَ اتُّبِعُوْا مِنَ الَّذِيْنَ
اتَّبَعُوْا وَرَاَوُا الْعَذَابَ وَتَقَطَّعَتْ بِهِمُ الْاَسْبَابُ ۞ وَقَالَ الَّذِيْنَ
اتَّبَعُوْا لَوْ اَنَّ لَنَا كَرَّةً فَنَتَبَرَّاَ مِنْهُمْ كَمَا تَبَرَّءُوْا مِنَّا ؕ كَذٰلِكَ
يُرِيْهِمُ اللّٰهُ اَعْمَالَهُمْ حَسَرٰتٍ عَلَيْهِمْ ؕ وَمَا هُمْ بِخٰرِجِيْنَ مِنَ

منزل

★ रु. १९ । ३ आ ११

★ रु. २० । ४ आ ४

हमने खुली हुई निशानियाँ और हिदायतें उतारीं और उन लोगों के लिए किताब (तौरात) में हमने साफ़-साफ़ समझा दिया। इसके बाद भी जो उनको छिपाये तो बेशक यही लोग हैं जिन पर अल्लाह लानत करता है और (दूसरे) लानत करनेवाले (भी) उन पर लानत करते हैं†।(१५९) मगर जिन्होंने तौबः की और (अपनी हालत को) सम्भाल लिया और (जो छिपाया था साफ़-साफ़) बयान कर दिया तो यही लोग हैं, जिनकी तौबः मैं मानता हूँ और मैं क्षमा करनेवाला बेहद मेहरबान हूँ।(१६०) बेशक जो लोग इन्कार करते रहे और इन्कारी की ही हालत में मर गये, यही हैं जिन पर अल्लाह की और फ़रिश्तों की और आदमियों की सब की लानत है।(१६१) वह हमेशा इसी (हालत) में रहेंगे। इनकी न तो सज़ा ही हल्की की जायगी और न मुहलत ही मिलेगी।(१६२) तुम्हारा पूजित एक अल्लाह है, उसके सिवा कोई पूजित नहीं। वही बड़ा दया करनेवाला बेहद मेहरबान है।(१६३)★

★ रु. १६ | ३ आ ११

बेशक आसमान और ज़मीन के पैदा करने में और रात और दिन के आने-जाने में और कश्तियों में जो लोगों के फ़ायदे की चीज़ें समुद्र में लेकर चलती हैं और मेह में जिसको अल्लाह आकाश से बरसाता है, फिर उसके ज़रीए ज़मीन को उसके मरे (उजड़े) पीछे ज़िन्दः करता (लहलहाता) है और हर क़िस्म के जानवरों में जो अल्लाह ने ज़मीन की सतह पर फैला रखे हैं और हवाओं के फेरने में, और बादल में जो (अल्लाह के हुक्म से) आकाश और धरती के बीच आधीन रहते हैं, (इन सब में) उन लोगों के लिए जो समझ रखते हैं (अल्लाह की क़ुदरत की) निशानियाँ हैं।ꣳ(१६४) और लोगों में कुछ ऐसे भी हैं, जो अल्लाह के सिवा (और को भी) बराबर (पूजित) ठहराते हैं। जैसी मुहब्बत अल्लाह से रखनी चाहिये वैसी मुहब्बत उनसे रखते हैं।‡ और जो ईमानवाले हैं, उनको तो सबसे बढ़कर अल्लाह ही से मुहब्बत होती है। क्या अच्छा होता कि इन अन्यायियों को सुझाई दे जाता जो उस समय सुझाई देगा जब अज़ाब उन के सामने होगा कि सारी ताक़त अल्लाह के ही लिए है और यह कि अल्लाह कड़ा अज़ाब देनेवाला है।(१६५) उस वक़्त अगुवाकार अपने पीछे चलनेवालों से अलग हो जायेंगे और (अपनी आँखों) सब अज़ाब देख रहे होंगे। और उनके आपसी सम्बन्ध टूट-टाट जायँगे।(१६६) और पीछे चलनेवाले कह उठेंगे कि क्या अच्छा होता कि हमको फिर लौटकर दुनिया में जाना मिले, तो जैसे यह (अगुवाकार) हमसे दस्तबरदार हो गये, उसी तरह हम भी उनसे (किनारा कर जायें)§। यों अल्लाह उनके काम (उनके सामने) लायेगा कि उनको हसरत होगी और वे आग (नरक) से कभी निकल न सकेंगे।(१६७)★

★ रु. २० | ४ आ ४

† यह उन लोगों के सम्बन्ध में कहा गया है जिनको (खुदाई किताबें) ईश्वरीय ज्ञान पहुँचा और फिर भी सांसारिक लाभ में भटक कर वे लोग उन किताबों द्वारा दिखाये गये मार्ग को भूल कर गुमराह हो गये। उन खुदाई किताबों की हिदायतों को तोड़-मरोड़ कर अपने स्वार्थों के अनुसार ढालने लगे। उन पर खुदा लानत करता है। ꣳ मक्के के काफ़िरों का कहना था कि वे ३६० खुदा रखते थे। इस आयत में एक ईश्वर द्वारा संसार की रचना और व्यवस्था (निज़ाम) की महिमा का बखान करते हुये समझाया गया है कि वे ३६० मिलकर भी एक शहर तक का बन्दोबस्त नहीं कर पाते। ‡ सर्वशक्तिमान ईश्वर के समान ही वे फ़रिश्तों या बुतों को भी पूज्य मानते और उनसे वैसी ही प्रीति रखते थे जैसी अल्लाह से रखना चाहिये। § आख़िरत के दिन मुशरिकों के गुरू और पेशवा अपने पीछे चलनेवालों से अलग हो जाँयगे। और एक ईश्वर के अलावा दूसरों को भी पूज्य बनाने व कुफ़्र करने के कारन दोज़ख की आग में वे पीछे चलनेवाले लावारिस भुगत रहे होंगे और पछता रहे होंगे कि नाहक़ पिछली ज़िन्दगी में हम इन धोखेबाज़ ग़लत रहनुमाओं के पीछे चले। काश अब दूसरी ज़िन्दगी मिले तो हम भी ऐसे गुरुओं से अपने को दूर रखें और एक अल्लाह की ही बन्दगी करें।

या' अैयुहन्नासु कुलू मिम्मा फ़िल्अर्ज़ि हलालन् तैयिबन् ज् सला ०व ला तत्तबिअ़ू ख़ुतुवातिश्शैतानि त् अिन्नहु लकुम् अ़दूवुम्मुबीनुन् (१६८) अिन्नमा यअ्मुरुकुम् बिस्सू'अि वल्फ़हूशा'अि व अन् तक़ूलू अ़लल्लाहि मा ला तअ़्लमून (१६९) व अिजा क़ील लहुमुत्तबिअ़ू मा' अन्ज़लल्लाहु क़ालू बल् नत्तबिअ़ु मा' अल्फ़ैना अ़लैहि आबा'अना त् अवलौ कान आबा'अुहुम् ला यअ़्क़िलून शैऔंव ला यह्तदून (१७०) व मसलुल्लज़ीन कफ़रू कमसलिल्लज़ी यन्अ़िक़ु बिमा ला यस्मअ़ु अिल्ला दुआ'औंव निदा'अन् त् सुम्मुम्-बुक्मुन् अ़ुम्युन् फ़हुम् ला यअ़्क़िलून (१७१) या' अैयुहल्लजीन आमनू कुलू मिन् तैयिबाति मा रज़क़्ना कुम् वश्कुरू लिल्लाहि अिन् कुन्तुम् अीयाहु तअ़्बुदून (१७२) अिन्नमा हूर्रम अ़लैकुमुल्मैतत व्दम व लह्मल्ख़िन्ज़ीरि व मा' अुहिल्ल बिही लिग़ैरिल्लाहि ज् फ़मनिज़्तुर्र ग़ैर बाग़िंव्व ला आदिन् फ़ला' अिस्म अ़लैहि त् अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (१७३) अिन्नल्लजीन यक्तुमून मा' अन्ज़लल्लाहु मिनल् - किताबि व यश्तरून बिही समनन् क़लीलन् ला अुला'अिक मा यअ्कुलून फ़ी बुतूनिहिम् अिल्लन्नार व ला युकल्लिमुहुमुल्लाहु यौमल् - क़ियामति व ला युज़क्कीहिम् ज् सला व लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीमुन् (१७४) अुला'अिकल्लजीनश्तर-वुज़्ज़लालत बिल्हुदा वल्अ़ज़ाब बिल्मग़्फ़िरति ज् फ़मा' अस्बर हुम् अ़लन्नारि (१७५) ज़ालिक बिअन्नल्लाह नज़्ज़लल्किताब बिल् हूक़्क़ि त् व अिन्नल्लजीनख़्तलफ़ू फ़िल्किताबि लफ़ी शिक़ाक़िम् - बअ़ीदिन् (१७६) ★ ●

سیقول ۲ ۲۰ البقرة ۲

النار ۞ يايها الناس كلوا مما في الارض حللا طيبا ولا تتبعوا خطوت الشيطن انه لكم عدو مبين ۞ انما يامركم بالسوء والفحشاء وان تقولوا على الله ما لا تعلمون ۞ واذا قيل لهم اتبعوا ما انزل الله قالوا بل نتبع ما الفينا عليه اباءنا اولو كان اباؤهم لا يعقلون شيئا ولا يهتدون ۞ ومثل الذين كفروا كمثل الذي ينعق بما لا يسمع الا دعاء ونداء صم بكم عمي فهم لا يعقلون ۞ يايها الذين امنوا كلوا من طيبت ما رزقنكم واشكروا لله ان كنتم اياه تعبدون ۞ انما حرم عليكم الميتة والدم ولحم الخنزير وما اهل به لغير الله فمن اضطر غير باغ ولا عاد فلا اثم عليه ان الله غفور رحيم ۞ ان الذين يكتمون ما انزل الله من الكتب ويشترون به ثمنا قليلا اولئك ما ياكلون في بطونهم الا النار ولا يكلمهم الله يوم القيمة ولا يزكيهم ولهم عذاب اليم ۞ اولئك الذين اشتروا الضللة بالهدى والعذاب بالمغفرة فما اصبرهم على النار ۞ ذلك بان الله نزل الكتب بالحق وان الذين اختلفوا في الكتب لفي شقاق بعيد ۞ ليس البر ان تولوا وجوهكم قبل المشرق والمغرب

منزل

★ रु० २१ । ५ आ० ९ ● रुबअ १ । ४

लोगो ! ज़मीन में जो चीज़ें हलाल (भोग्य) और शुद्ध हैं, उनमें से खाओ और शैतान के रास्ते की पैरवी न करो, वह तो तुम्हारा खुला दुश्मन है।§(१६८) वह तो तुम्हें बदी और बेशर्मी ही का हुक्म देगा, और यह कि बे समझे-बूझे तुम अल्लाह पर झूठ बांधों।(१६९) जब उनसे कहा जाता है कि जो अल्लाह ने उतारा है, उस पर चलो तो जवाब देते हैं—नहीं जी, हम तो उसी पर चलेंगे जिस पर हमने अपने बाप दादा को पाया है। भला अगर उनके बाप दादा कुछ भी नहीं समझते थे और न सच्चे मार्ग पर चलते थे, (तो भी ये उन्हीं की पैरवी किये चले जायँगे?)।@(१७०) और जो लोग काफ़िर हैं उनकी मिसाल उस शख़्स-जैसी है, जो ऐसे जानवर के पीछे पड़ा चिल्ला रहा है जो सिवा बुलाने-पुकारने के और कुछ नहीं सुनता। बहरे गूँगे अन्धे की तरह उनको भी समझ नहीं।(१७१) ऐ ईमानवालो ! मैंने जो तुमको रोज़ी और पाक चीज़ें दे रखी हैं, उनमें खाओ पिओ और अगर तुम अल्लाह की बन्दगी का दम भरते हो, तो उसका इहसान मानो। (१७२) उसने तो बस मरा हुआ (जानवर)† और ख़ून‡ और सुअर का गोश्त और वह जानवर जिसको अल्लाह के सिवाय किसी और के लिए भेंट किया जाय, तुम पर हराम किया है। फिर जो भूख से मजबूर हो परन्तु बेहुक्मी (अवज्ञा) करनेवाला और हद से बढ़ जानेवाला न हो, तो उस पर पाप नहीं।♦ बेशक अल्लाह बड़ा बख़्शने वाला बेहद मेहरबान है।(१७३) जो लोग उन हुक्मों को जो अल्लाह ने अपनी किताब (तौरात) में उतारे, छुपाते हैं और उसके बदले थोड़ा सा बदला (लाभ) हासिल करते हैं, वह लोग बेशक और कुछ नहीं मगर अपने पेटों में अंगारे भरते हैं और क़ियामत के दिन अल्लाह उनसे बात भी तो नहीं करेगा और न उनको पाक करेगा और उनके लिए दुखदाई दण्ड है।(१७४) यही लोग हैं जिन्होंने (लोक में) सच्ची राह के बदले भटकना मोल लिया है और (परलोक में) माफ़ी के बदले सज़ा। तो यह लोग (जहन्नम की) आग को सहने के लिए कैसे जुर्रती हैं।(१७५) यह (सज़ा) इसलिए कि किताब (तौरात) को वास्तव में अल्लाह ने ठीक-ठीक उतारा और जिन लोगों ने उस किताब के हुक्मों में भेद डाला, वह ज़िद में बहुत भटक गये हैं।(१७६) ★

★ रु. २१/५ आ ६ रु. बू. १/४

§ शैतान हमेशा इन्सान को गुमराह करता है। जो चीज़ें भोग्य (हलाल) हैं वह हमें अभोग्य (हराम) लगने लगती हैं और जो हराम हैं वह हलाल। सत्-असत् (भले-बुरे) का ज्ञान (विवेक) हमें नहीं रहता। इस आयत में हमें उस शैतान के बहकावे से सदैव बचे रहने को सचेत किया गया है। @ बाप-दादा क़ाबिल ताज़ीम हैं। लेकिन जब उनकी सीख या उनका रास्ता अल्लाह के हुक्म के ख़िलाफ़ हो तब उनके रास्ते पर चलना नादानी है। अल्लाह के बताए रास्ते के अलावा किसी दूसरे रास्ते पर चलना कभी सही नहीं। लेकिन आदम की सन्तान शैतान के बहकावे में आकर ईश्वर की भेजी हुई आज्ञाओं और सच्चे रास्ते को भूल कर कहने लगते हैं कि नहीं बाप-दादों का जो रास्ता है वही धर्म है। भला कुछ लोगों के यहाँ मरे हुये जानवरों का मांस कई पुश्तों से खाया जाता हो तो क्या वह मुर्दे का मांस खाने का बुरा रवाज़ इसी लिए नहीं छोड़ेंगे की उनके बाप दादा भी मुर्दे का मांस खाते चले आये हैं। 'बाप दादा की चाल पर चलने को ही धर्म मानना' यह बद्अक़्ली दुनिया में हर तरफ़ देखने को मिले गी। † वह जानवर जो बिना वध किये गये अपनी मौत से ख़ुद मर जाय। उस मुर्दे जानवर का मांस खाना हराम है। ‡ वध करने के समय जो ख़ून बहता है। अरब में उस समय ख़ून को जमा कर व सुखा कर भी खाने के काम में लाया जाता था। बहरहाल ख़ून सब तौर पर हराम है। वह क़ुर्बानी जो अल्लाह के अलावा किसी और की पूजा में या मन्नत में की जाय या किसी के नाम पर मन्नत माने हुये जानवर की क़ुर्बानी किसी तरह इस्लाम में हलाल नहीं। ♦ अल्लाह की बेहुक्मी न करके, सिर्फ़ भूख से लाचार होकर जो महज़ जान बचाने के लिए थोड़ी सी यह निषिद्ध (हराम) चीज़ ले ले तो उस को गुनाह न होगा।

लैसल्बिर्र अन् तुवल्लू वुजूहकुम् क़िबलल्मश्रिक़ि वल्मग़्रिबि व लाकिन्नल्बिर्र मन् आमन बिल्लाहि वल्यौमिल्आख़िरि वल्मलाअिकति वल्किताबि वन्नबीयीन ज् व आतल्माल अ़ला हुब्बिही ज़विल्क़ुर्बा वल्यतामा वल्मसाकीन वब्नस्सबीलि ला वस्साअिलीन व फ़िर्रिक़ाबि ज् व अक़ामस्सलात व आतज़्ज़कात ज् वल्मूफ़ून बिअ़ह्दिहिम् अिज़ा आ़हदू ज् वस्साबिरीन फ़िल्-बअ्साअि वज़्ज़र्राअि व हीनल्बअ्सि त् अुलाअिकल्लजीन सदक़ू त् व अुलाअिक हुमुल्मुत्तक़ून (१७७) या अैयुहल्लजीन आमनू कुतिब अ़लैकुमुल्क़िसासु फ़िल्क़त्ला त् अल्हुर्रु बिल्हुर्रि वल्अ़ब्दु - बिल्अ़ब्दि वल्अुन्सा बिल्अुन्सा त् फ़मन् अुफ़िय लहू मिन् अख़ीहि शैअुन् फ़त्तिबाअुम् - बिल्मअ़रूफ़ि व अदाअुन् अिलैहि बिअिह्सानिन् त् ज़ालिक तख़्फ़ीफ़ुम् - मिर्रब्बिकुम् व रह्मतुन् त् फ़मनिअ्तदा बअ़्द ज़ालिक फ़लहू अ़ज़ाबुन् अलीमुन् (१७८) व लकुम् फ़िल्क़िसासि हयातुँय्या अुलिल्अल्बाबि लअ़ल्लकुम् तत्तक़ून (१७९) कुतिब अ़लैकुम् अिज़ा हज़र अह़दकुमुल्मौतु अिन् तरक ख़ैरन् ज् स़ला निʼअ़ल्-वसीयतु लिल्वालिदैनि वल्अक़्रबीन बिल्मअ़रूफ़ि ज् हक़्क़न् अ़लल्मुत्तक़ीन त् (१८०) फ़मम्बद्दलहू बअ़्द मा समिअ़हू फ़अिन्नमा अिस्मुहू अ़लल्लजीन युबद्दिलूनहू त् अिन्नल्लाह समीअुन् अ़लीमुन् त् (१८१) फ़मन् ख़ाफ़ मिम्मूसिन् जनफ़न् औ अिस्मन् फ़अस्लह बैनहुम् फ़ला अिस्म अ़लैहि त् अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (१८२) ★ या अैयुहल्लजीन आमनू कुतिब अ़लैकुमुस्सियामु कमा कुतिब अ़लल्लजीन मिन् क़ब्लिकुम् लअ़ल्लकुम् तत्तक़ून ला (१८३)

وَلٰكِنَّ الْبِرَّ مَنْ اٰمَنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَالْمَلٰٓئِكَةِ وَالْكِتٰبِ
وَالنَّبِيّٖنَ ۚ وَاٰتَى الْمَالَ عَلٰى حُبِّهٖ ذَوِى الْقُرْبٰى وَالْيَتٰمٰى وَ
الْمَسٰكِيْنَ وَابْنَ السَّبِيْلِ ۙ وَالسَّآئِلِيْنَ وَفِى الرِّقَابِ ۚ وَاَقَامَ
الصَّلٰوةَ وَاٰتَى الزَّكٰوةَ ۚ وَالْمُوْفُوْنَ بِعَهْدِهِمْ اِذَا عٰهَدُوْا ۚ وَ
الصّٰبِرِيْنَ فِى الْبَاْسَآءِ وَالضَّرَّآءِ وَحِيْنَ الْبَاْسِ ؕ اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ
صَدَقُوْا ؕ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُتَّقُوْنَ ۝ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُتِبَ
عَلَيْكُمُ الْقِصَاصُ فِى الْقَتْلٰى ؕ اَلْحُرُّ بِالْحُرِّ وَالْعَبْدُ بِالْعَبْدِ وَ
الْاُنْثٰى بِالْاُنْثٰى ؕ فَمَنْ عُفِىَ لَهٗ مِنْ اَخِيْهِ شَىْءٌ فَاتِّبَاعٌۢ
بِالْمَعْرُوْفِ وَاَدَآءٌ اِلَيْهِ بِاِحْسَانٍ ؕ ذٰلِكَ تَخْفِيْفٌ مِّنْ رَّبِّكُمْ
وَرَحْمَةٌ ؕ فَمَنِ اعْتَدٰى بَعْدَ ذٰلِكَ فَلَهٗ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۝ وَلَكُمْ
فِى الْقِصَاصِ حَيٰوةٌ يّٰٓاُولِى الْاَلْبَابِ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ ۝ كُتِبَ
عَلَيْكُمْ اِذَا حَضَرَ اَحَدَكُمُ الْمَوْتُ اِنْ تَرَكَ خَيْرًا ۖۚ اۨلْوَصِيَّةُ
لِلْوَالِدَيْنِ وَالْاَقْرَبِيْنَ بِالْمَعْرُوْفِ ۚ حَقًّا عَلَى الْمُتَّقِيْنَ ۝
فَمَنْۢ بَدَّلَهٗ بَعْدَ مَا سَمِعَهٗ فَاِنَّمَآ اِثْمُهٗ عَلَى الَّذِيْنَ يُبَدِّلُوْنَهٗ ؕ
اِنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ۝ فَمَنْ خَافَ مِنْ مُّوْصٍ جَنَفًا اَوْ اِثْمًا
فَاَصْلَحَ بَيْنَهُمْ فَلَآ اِثْمَ عَلَيْهِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝ يٰٓاَيُّهَا
الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُتِبَ عَلَيْكُمُ الصِّيَامُ كَمَا كُتِبَ عَلَى الَّذِيْنَ

ع ٢٢

रु. २२ ६ आ

भलाई यही नहीं कि तुम अपना मुँह पूर्व या पश्चिम की तरफ़ कर लो; बल्कि भलाई तो यह है× कि अल्लाह और क़ियामत और फ़रिश्तों और (आकाशी) किताबों और पैग़म्बरों पर ईमान लाये और माल अल्लाह की मुहब्बत में सम्बन्धियों और अनाथों और दुखिया लोगों (मुहताजों), मुसाफ़िरों और माँगनेवालों पर ख़र्च करे और (ग़ुलामी वग़ैरह की क़ैद से लोगों की) गर्दनों (के छुड़ाने) में दे और नमाज़ क़ायम रखे और ज़कात देता रहे और जब (किसी) बात का) इक़रार कर ले, तो अपनी प्रतिज्ञा पूरी करे और तंगी में और मुसीबत और लड़ाई के वक़्त दृढ़ रहे, यही लोग हैं जो सच्चे उतरे और यही परहेज़गार (संयमी) हैं।(१७७) ऐ ईमानवालो! जो लोग मारे जावें, उनमें तुमको क़िसास (जान के बदले जान) का हुक्म दिया जाता है। आज़ाद के बदले आज़ाद और ग़ुलाम के बदले ग़ुलाम, और औरत के बदले औरत। फिर जिस (हत्यारे) को (बध किये हुए की हत्या के बदले में) उसके भाई द्वारा कोई अंश क्षमा कर दिया जाय, तो हत्यारे को चाहिये कि क़त्ल किये प्राणी के वारिसों को ख़ून का बदला उचित तरीक़े पर ख़ूबी के साथ अदा कर दे।‡ यह (हुक्म ख़ूनबहा) तुम्हारे पालनेवाले की तरफ़ से तुम्हारे हक़ में आसानी और मेहरबानी है। फिर इसके बाद जो ज़ियादती करे, तो उसके लिए दुखदाई अज़ाब है।(१७८) और बुद्धिमानो! ख़ून के बदले के लेन-देन में तुम्हारे लिए बड़ी ज़िन्दगी है ताकि तुम (ख़ून बहाने से) बचे रहो।§(१७९) तुमको हुक्म दिया जाता है कि जब तुममें से किसी के सामने मौत आ पहुँचे और वह कुछ माल छोड़नेवाला हो तो माता-पिता और सम्बन्धियों के लिए वाजिबी तौर पर वसीयत करे। जो (अल्लाह से) डरते हैं, उन पर (उनके अपनों का यह एक) हक़ है।†(१८०) फिर जो वसीयत के सुने पीछे उसे कुछ का कुछ कर दें तो उसका पाप उन्हीं लोगों पर है, जो वसीयत को बदलें। बेशक अल्लाह (सब) सुनता जानता है।(१८१) और जिसको वसीयत करनेवाले की तरफ़ से (किसी ख़ास आदमी की) तरफ़दारी या (किसी की) हक़तलफ़ी का सन्देह हुआ हो और वह वारिसों में मेल करा दे, तो (ऐसी सूरत में वसीयत के बदलने का) उस पर कुछ पाप नहीं। बेशक अल्लाह बड़ा क्षमा करने वाला बेहद मेहरबान है।(१८२)★

★ रु. २२ | ६ आ ६

ईमानवालो! जिस तरह तुमसे पहले किताबवालों पर रोज़ः रखना फ़र्ज़ (अनिवार्य) था◎, तुम पर भी फ़र्ज़ किया गया, ताकि अजब नहीं तुम पर्हेज़गार बन जाओ।(१८३)

× नमाज़ के लिए किसी एक दिशा को ईश्वर की आज्ञा से क़ायम रखना ठीक है। लेकिन उस दिशा की ओर मुँह करना या ऐसी ही दूसरी रसमों (Formalities) पर चलना ही सिर्फ़ भलाई नहीं है। सच्ची भलाई तो तब है जब इस आ. १७७ की हिदायतों पर पूरा अमल किया जाय। ‡ जीवहत्या के दण्ड हैं—या तो हत्यारे को भी मार डाला जाय या उससे कुछ धन ले लिया जाय और उसकी जान न ली जाय; लेकिन धन उसी वक़्त लिया जा सकता है जब मरे प्राणी के वारिस ख़ुशी-ख़ुशी मंज़ूर करें। § जीवहत्या के लिए निर्धारित इस दण्ड विधान (क़िसास) में ईश्वर की ओर से तुम्हारे लिए बड़ी भलाई है। इस पर पूरी तौर पर अमल करने से ख़ून-ख़राबा और हत्या ख़त्म हो जायगी, और गुनहगार के बदले बेगुनाह को न भुगतना पड़ेगा। शहज़ोर-कमज़ोर को सज़ा मिलने में बराबर का मौक़ा है। हुक्म ख़ूनबहा के अनुसार ख़ून का बदला अदा हो जाने पर बध किए हुये प्राणी के वारिस और बधिक—ये दोनों फिर एक दूसरे से दुश्मनी न अपनावें। † वसीयत का यह हुक्म संपत्ति के बटवारे के हुक्म उतरने से पहले था। सूरतुन्निसाअ के दूसरे रुकूअ के उतरने पर जब लड़के लड़की व दूसरे वारिसों के हक़ों की शरीअत नाज़िल होगई तब मनमानी वसीयत करने की बाबत फिर इस हुक्म की ज़ुरूरत नहीं रही। हाँ झगड़ा बचाने को क़र्ज़ और लेन-देन की वसीयत अब भी मुनासिब है। ◎ इसके यह माने नहीं कि इस्लाम से पहले रोज़ों के दिन, वक़्त और तरीक़ा सब ऐसे ही थे। मतलब यह कि रोज़ः रखने का चलन पहले भी था।

अैयामम्मअ़्दूदातिन् त् फ़मन् कान मिन्कुम् मरीज़न् औ अ़ला सफ़रिन् फ़अ़िद्दतुम्मिन् अैयामिन् उख़र त् व अ़लल्लजीन युतीक़ूनहु फ़िद्यतुन् तआ़मु मिस्कीनिन् त् फ़मन् ततौवअ़ ख़ैरन् फ़हुव ख़ैरुल्लहु त् व अन् तसूमू ख़ैरुल्लकुम् अिन् कुन्तुम् तअ़्लमून (१८४) शह्रु रमज़ानल्लजी उन्ज़िल फ़ीहिल्क़ुर्आनु हुदल्लिन्नासि व बैयिनातिम् - मिनलहुदा वल्फ़ुर्क़ानि ज् फ़मन् शहिद मिन्कुमुश्शह्र फ़ल्यसुम्हु त् व मन् कान मरीज़न् औ अ़ला सफ़रिन् फ़अ़िद्दतुम्मिन् अैयामिन् उख़र त् युरीदुल्लाहु बिकुमुल्-युस्र व ला युरीदु बिकुमुल् - अ़ुस्र ज् व लितुक्मिलुल्अ़िद्दत व लितुकब्बिरुल्लाह अ़ला मा हदाकुम् व लअ़ल्लकुम् तश्कुरून (१८५) व अिजा सअलक अ़िबादी अ़न्नी फ़अिन्नी क़रीबुन् त् उजीबु दअ़्वतद्दाअ़ि अिजा दआ़नि ला फ़ल्यस्तजीबूली वल्युअ्मिनू बी लअ़ल्लहुम् यर्शुदून (१८६) उहिल्ल लकुम् लैलतस्सियामिर्रफ़सु अिला निसा'अिकुम् त् हुन्न लिबासुल्लकुम् व अन्तुम् लिबासुल्लहुन्न त् अ़लिमल्लाहु अन्नकुम् कुन्तुम् तख़्तानून अन्फ़ुसकुम् फ़ताब अ़लैकुम् व अ़फ़ा अ़न्कुम् ज् फ़ल्आन बाशिरू हुन्न वब्तग़ू मा कतबल्लाहु लकुम् त् व कुलू वश्रबू हत्ता यतबैयन लकुमुल्ख़ैतुल् - अब्यज़ु मिनल्ख़ैतिल् - अस्वदि मिनल्फ़ज्रि स् सुम्म अतिम्मुस्सियाम अिलल्लैलि ज् व ला तुबाशिरू हुन्न व अन्तुम् आ़किफ़ून ला फ़िल्मसाजिदि त् तिल्क हुदूदुल्लाहि फ़ला तक़्रबूहा त् कजालिक युबैयिनुल्लाहु आयातिहं लिन्नासि लअ़ल्लहुम् यत्तक़ून (१८७)

سیقول ٢ ٢٢ البقرة ٢

من قبلكم لعلكم تتقون ۝ ايامًا معدودٰت فمن كان
منكم مريضًا او على سفرٍ فعدة من ايامٍ اخر وعلى الذين
يطيقونه فدية طعام مسكين فمن تطوع خيرًا فهو خير
له وان تصوموا خير لكم ان كنتم تعلمون ۝ شهر
رمضان الذى انزل فيه القرآن هدى للناس وبينٰت
من الهدى والفرقان فمن شهد منكم الشهر فليصمه
ومن كان مريضًا او على سفرٍ فعدة من ايامٍ اخر
يريد الله بكم اليسر ولا يريد بكم العسر ولتكملوا
العدة ولتكبروا الله على ما هدٰكم ولعلكم تشكرون ۝
واذا سالك عبادى عنى فانى قريب اجيب دعوة الداع
اذا دعان فليستجيبوا لى وليؤمنوا بى لعلهم يرشدون ۝
احل لكم ليلة الصيام الرفث الى نسائكم هن لباس
لكم وانتم لباس لهن علم الله انكم كنتم تختانون
انفسكم فتاب عليكم وعفا عنكم فالٰن باشروهن وابتغوا
ما كتب الله لكم وكلوا واشربوا حتى يتبين لكم الخيط
الابيض من الخيط الاسود من الفجر ثم اتموا الصيام
الى اليل ولا تباشروهن وانتم عٰكفون فى المسٰجد تلك

منزل ١

वह भी गिनती के चन्द रोज़ हैं। इस पर भी जो शख़्स तुममें से बीमार हो या सफ़र में हो, तो दूसरे दिनों में रोज़ें रख कर गिनती पूरी कर दे और जिनको रोज़: की बर्दाश्त मुश्किल है उनको इजाज़त है कि फ़िदय:@ दे दें और उन पर एक रोज़े का बदला एक दीन को भोजन देना है और जो शख़्स ख़ुशी से (ज़्याद:) नेकी करना चाहे, तो यह उसके हक़ में ज्यादा भलाई है और समझो तो रोज़: रखना ही तुम्हारे हक़ में भलाई है।(१८४) रमज़ान (रोज़ों) का महीना है जिसमें अल्लाह की तरफ़ से क़ुर्आन उतरा है और क़ुर्आन लोगों को राह दिखानेवाला है और (उसमें) हिदायत और बुराई और भलाई में अन्तर करने की तमीज़ के खुले (स्पष्ट) हुक्म मौजूद हैं, तो तुममें से जो शख़्स इस महीने में मौजूद हो,तो चाहिए कि इस महीने के रोज़े रखे और जो बीमार हो या यात्रा में हो☼ तो दूसरे दिनों में छूटे हुए रोज़े रख कर गिनती पूरी करना चाहिये। अल्लाह तुम्हारे साथ आसानी करना चाहता है और तुम्हारे साथ सख़्ती नहीं करना चाहता। इसलिए कि तुम रोज़ों की गिनती पूरी कर लो और इसलिए कि तुम अल्लाह की बड़ाई बयान करो कि अल्लाह ने तुमको सच्ची राह दिखा दी है और अजब नहीं तुम (उसका) इहसान मानो।(१८५) (ऐ पैग़म्बर!) जब मेरे बन्दे तुमसे मेरे बारे में पूछें तो (उनको समझा दो कि) मैं तो पास ही हूँ।§ जब कभी कोई मुझे पुकारता है, तो मैं (प्रत्येक) पुकारनेवाले की प्रार्थना को क़बूल कर लेता हूँ। तो (उनको) चाहिए कि मेरा हुक्म मानें और मुझ पर ईमान लावें; अजब नहीं वह नेक राह पर आ जायँ।(१८६) (मुसलमानो!) रोज़ों की रातों में अपनी बीवियों के पास जाना तुम्हारे लिए जायज़ कर दिया गया है, वह तुम्हारी पोशाक‡ हैं और तुम उनकी पोशाक हो। अल्लाह ने देखा तुम (चोरी-चोरी) उनके पास जाने से अपना (दीनी) नुक़सान करते (दिल को गुनहगार बनाते) थे, तो उसने तुम पर दया की दृष्टि की और तुम्हारे अपराध दर गुज़र किये। पस, अब (रोज़ों में रात के वक़्त) उनके साथ मिलो और जो (नतीजा) अल्लाह ने तुम्हारे लिए ठहरा दिया है (यानी औलाद) उसकी चाहना करो और खाओ पियो जब तक कि (रात की) काली धारी से सुबह की सफ़ेद धारी† तुमको साफ़ दिखाई देने लगे। फिर रात तक रोज़: पूरा करो और जब तुम मसजिद में इअ़तिकाफ़※ की हालत में एकान्त में बैठे हो, तब अपनी बीवियों से प्रसंग मत करना—यह अल्लाह की (बाँधी हुई) हदें हैं—तो उनके पास भी न फटकना। इसी तरह अल्लाह अपने हुक्मों को लोगों के लिए खोल-खोलकर बयान करता है, ताकि वह परहेज़गार बन जायँ।(१८७)

@ एक रोज़े का फ़िदय: एक दीन को दो वक़्तों का पेट भरकर भोजन देना है; चाहे इतने की क़ीमत दे दे—यह हुक्म बाक़ी नहीं रहा। पहले यह इजाज़त थी जब आरम्भ में लोगों की आदत लगातार महीने भर रोज़: रखने की न थी। ☼ रोज़: रखना अनिवार्य है। सफ़र में हो या बीमार हो. उसको चाहिए कि रमज़ान के बाद (जितने रोज़े उसने छोड़ दिये हैं) उतने रोज़े रख ले। रोज़ों के मामले में बीमारी या सफ़र जैसी मजबूरी से मतलब यह है कि वह सचमुच रोज़े की बर्दाश्त न कर सकता हो। मसलन हामला (गर्भिणी), एक जवान आदमी और एक कमज़ोर बूढ़े के लिए सफ़र या बीमारी में मजबूर होने का पैमाना अलग अलग होगा। सिर्फ़ बीमारी व सफ़र की आड़ में रोज़े के बदले फ़िदय: देकर बच निकलने की गुंजाइश नहीं है। रोज़: रूहानी और जिस्मानी दोनो सेहत देता है। § कुछ लोगों ने रसूलुल्लाह (स०) से पूछा था कि अल्लाह हमारे समीप है या दूर? हम दुआ धीमी आवाज़ से करें या ज़ोर से? उसपर आयत उतरी कि ख़ुदा तो सब से क़रीबतर है। ‡ स्त्री और पुरुष एक दूसरे की बात ढके रहते हैं। या इस प्रकार एक दूसरे से मिलते हैं जैसे कपड़ा बदन के साथ मिलता है। † रात बीतने से पहले आकाश में पूर्व दिशा में जो सफ़ेद धारी सी लम्बान में प्रगट होती है, उसे सुबह काज़िब कहते हैं। और इस सुबह काज़िब के बाद पूर्व दिशा में आकाश में जो चौड़ान में प्रकाश विस्तृत होता है उसे सुबह सादिक़ कहते हैं। ※ मसजिद में जम कर रहने (एकान्तवास) को इअ़तिकाफ़ कहते हैं। रमज़ान के अन्तिम दिनों मसजिदों में अल्लाह की याद में एकान्तवास करने की हिदायत है।

व ला तअ्कुलू॑ अम्वालकुम् बैनकुम् बिल्बातिलि व तुद्लू बिहा॑ अिलल्हुक्कामि लितअ्कुलू फ़रीक़म्मिन् अम्वालिन्नासि बिल् अिस्मि व अन्तुम् तअ़्लमून (१८८)☆ यस्अलूनक अ़निल् - अहिल्लति त़् क़ुल् हिय मवाक़ीतु लिन्नासि वल्हज्जि त़् व लैसल्बिर्रु बिअन्तअ्तुल - बुयूत मिन् ज़ुहूरिहा व लाकिन्नल्बिर्र मनित्तक़ा ज् वअ्तुल्-बुयूत मिन् अब्वाबिहा स़् वत्तक़ुल्लाह लअ़ल्लकुम् तुफ़्लिहून (१८९) व क़ातिलू फ़ी सबीलिल्लाहिल्लज़ीन युक़ातिलू नकुम् व ला तअ़्तदू त़् अिन्नल्लाह लायुहिब्बुल्-मुअ़्तदीन (१९०) वक़्तुलू हुम् ह़ैसु सक़िफ़्तुमू हुम् व अख़्रिजू हुम् मिन् ह़ैसु अख़्रजूकुम् वल्फ़ित्नतु अशद्दु मिनल्क़त्लि ज् व ला तुक़ातिलू हुम् अ़िन्दल् - मस्जिदिल्-ह़रामि ह़त्ता युक़ातिलू कुम् फ़ीहि ज् फ़अिन् क़ातलूकुम् फ़क़्तुलू हुम् त़् कज़ालिक जज़ा॑उल्काफ़िरीन (१९१) फ़अिनिन्तहौ फ़अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रह़ीमुन् (१९२) व क़ातिलू हुम् ह़त्ता ला तकून फ़ित्नतुँव यकूनद्दीनु लिल्लाहि त़् फ़अिनिन्तहौ फ़ला अ़ुद्वान अिल्ला अ़लज़्ज़ालिमीन (१९३) अश्शह्रुल्ह़रामु बिश्शह्रिल्ह़रामि वल्हुरुमातु क़िसासुन् त़् फ़मनिअ़्तदा अ़लैकुम् फ़अ़्तदू अ़लैहि बिमिस्लि मअ़्तदा अ़लैकुम् स़् वत्तक़ुल्लाह वअ़्लमू॑ अन्नल्लाह मअ़ल्मुत्तक़ीन (१९४) व अन्फ़िक़ू फ़ी सबीलिल्लाहि व ला तुल्क़ू बिअैदीकुम् अिलत्तह्लुकति ज् स़ला ∴ व अह्सिनू ज् ∴ अिन्नल्लाह युहिब्बुल्मुह्सिनीन (१९५)

سيقول ٢ ٢٣ البقرة ٢

حُدُوْدُ اللّٰهِ فَلَا تَقْرَبُوْهَا ۭ كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللّٰهُ اٰيٰتِهٖ لِلنَّاسِ
لَعَلَّهُمْ يَتَّقُوْنَ ۝ وَلَا تَاْكُلُوْٓا اَمْوَالَكُمْ بَيْنَكُمْ بِالْبَاطِلِ وَتُدْلُوْا
بِهَآ اِلَى الْحُكَّامِ لِتَاْكُلُوْا فَرِيْقًا مِّنْ اَمْوَالِ النَّاسِ بِالْاِثْمِ وَاَنْتُمْ
تَعْلَمُوْنَ ۝ يَسْــَٔـلُوْنَكَ عَنِ الْاَهِلَّةِ ۭ قُلْ هِىَ مَوَاقِيْتُ لِلنَّاسِ
وَالْحَجِّ ۭ وَلَيْسَ الْبِرُّ بِاَنْ تَاْتُوا الْبُيُوْتَ مِنْ ظُهُوْرِهَا وَلٰكِنَّ
الْبِرَّ مَنِ اتَّقٰى ۚ وَاْتُوا الْبُيُوْتَ مِنْ اَبْوَابِهَا ۠ وَاتَّقُوا اللّٰهَ لَعَلَّكُمْ
تُفْلِحُوْنَ ۝ وَقَاتِلُوْا فِىْ سَبِيْلِ اللّٰهِ الَّذِيْنَ يُقَاتِلُوْنَكُمْ وَلَا
تَعْتَدُوْا ۭ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُحِبُّ الْمُعْتَدِيْنَ ۝ وَاقْتُلُوْهُمْ حَيْثُ
ثَقِفْتُمُوْهُمْ وَاَخْرِجُوْهُمْ مِّنْ حَيْثُ اَخْرَجُوْكُمْ وَالْفِتْنَةُ اَشَدُّ
مِنَ الْقَتْلِ ۚ وَلَا تُقٰتِلُوْهُمْ عِنْدَ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ حَتّٰى يُقٰتِلُوْكُمْ
فِيْهِ ۚ فَاِنْ قٰتَلُوْكُمْ فَاقْتُلُوْهُمْ ۭ كَذٰلِكَ جَزَاۗءُ الْكٰفِرِيْنَ ۝
فَاِنِ انْتَهَوْا فَاِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝ وَقٰتِلُوْهُمْ حَتّٰى لَا تَكُوْنَ
فِتْنَةٌ وَّيَكُوْنَ الدِّيْنُ لِلّٰهِ ۭ فَاِنِ انْتَهَوْا فَلَا عُدْوَانَ اِلَّا عَلَى
الظّٰلِمِيْنَ ۝ اَلشَّهْرُ الْحَرَامُ بِالشَّهْرِ الْحَرَامِ وَالْحُرُمٰتُ قِصَاصٌ ۭ
فَمَنِ اعْتَدٰى عَلَيْكُمْ فَاعْتَدُوْا عَلَيْهِ بِمِثْلِ مَا اعْتَدٰى عَلَيْكُمْ
وَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاعْلَمُوْٓا اَنَّ اللّٰهَ مَعَ الْمُتَّقِيْنَ ۝ وَاَنْفِقُوْا فِىْ سَبِيْلِ
اللّٰهِ وَلَا تُلْقُوْا بِاَيْدِيْكُمْ اِلَى التَّهْلُكَةِ ڔ وَاَحْسِنُوْا ڔ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ

منزل ١

और आपस में नाहक़ एक दूसरे का माल मत खाओ उड़ाओ और न माल को हाकिमों के पास (रिश्वत के तौर पर) ले जाओ कि लोगों के माल में से जानते बूझते नाहक़ खा जाओ*। (१८८) ★

(ऐ पैग़म्बर !) लोग तुमसे नये चाँदों के बारे में पूछते हैं, तो कहो कि लोगों के लिए और हज के वास्ते यह नियमित समय-माप हैं। और यह कुछ नेकी नहीं है कि घरों में उनके पिछवाड़े की तरफ़ से आओ; बल्कि नेकी तो यह है कि परहेज़गारी करे और घरों में उनके दरवाज़ों से ही आओ† और अल्लाह से डरते रहो ताकि तुम कामयाबी को पहुँचो। (१८९) (मुसलमानो !) जो लोग तुमसे लड़ें तुम भी अल्लाह के रास्ते में उनसे लड़ो लेकिन ज़्यादती न करना। अल्लाह ज़्यादती करने (हद से बढ़ने) वालों को पसंद नहीं करता‡, (१९०) (जो लोग तुमसे लड़ते हैं) उनको जहाँ पाओ क़त्ल करो और जहाँ से उन्होंने तुमको निकाला है (यानी मक्का से) तुम भी उनको (वहाँ से) निकालो और फ़साद (का क़ायम रहना) ख़ून बहाने से भी बढ़कर (बुरा) है@ और जब तक काफ़िर मसजिद हराम (अदबवाली मसजिद) के पास तुमसे न लड़ें तुम भी उस जगह उनसे न लड़ो; लेकिन अगर वह लोग तुमसे लड़ें, तो (तुम भी) उनको क़त्ल करो। (ऐसे) काफ़िरों की यही सज़ा है। (१९१) फिर अगर वह मान जायँ तो बेशक अल्लाह बहुत क्षमा करनेवाला बेहद मेहरबान है। (१९२) और यहाँ तक उनसे लड़ो कि फ़साद बाक़ी न रहे और एक अल्लाह का हुक्म चले। फिर अगर (फ़साद) छोड़ दें, (तो) ज़ालिमों के सिवाय किसी पर ज़्यादती (जायज़) नहीं (१९३) अदब♦ (इज़्ज़त) वाले महीने का बदला अदब वाला महीना है और अदब की चीज़ों में भी बदला§ है, तो जो तुम पर ज़्यादती करे, तो जैसी ज़्यादती उसने तुम पर की वैसी ही ज़्यादती तुम भी उस पर करो। और (ज़्यादती करने में) अल्लाह से डरते रहो और जाने रहो कि अल्लाह परहेज़गारों का ही साथी है। (१९४) अल्लाह की राह में ख़र्च करो। अपने हाथों अपने तईं हत्या में मत डालो और नेकी करो, बेशक नेकी करनेवालों को अल्लाह दोस्त रखता है। (१९५)

---

* चोरी, दग़ाबाज़ी, ख़यानत, जुआ, धोखा, या घूस के ज़रिये किसी का माल हासिल कर दूसरे का माल नाहक़ खाना उड़ाना गुनाह में दाख़िल है। क़ाज़ी या अदालत का फ़ैसला चालाकी, रिश्वत, धोखा या कमअक़्ली के कारन ग़लत भी हो सकता है। उस फ़ैसले से हक़ नाहक़ में और नाहक़ हक़ में नहीं बदल सकता। इस लिये यह हिदायत है कि रुपया या असर के बल पर मुक़दमा जीत लेने पर वह अपने को गुनाह से बचा न समझें और ऐसा करने से बाज़ आयें। † हज के समय बीच में ज़रूरत पड़ने पर लोग घर के पिछले दरवाज़े से जाकर फिर वापस आ जाते थे। मानो घर गये ही नहीं। इस पाखंड से बचने के लिए हिदायत है। ‡ अपनी रक्षा और बदरजे मजबूरी ही लड़ाई की इजाज़त है। लेकित नौबत आने पर पूरी ताक़त से जंग करनी चाहिये दीन, ईमान और अमन को क़ायम करने के लिए। औरतों बच्चों बूढ़ों और अपाहिजों, फ़सल, दरख़्त व बदकिरदारियों से बाज़ आये हुये दुश्मन पर भी ज़ुल्म की इजाज़त इस्लाम नहीं देता। @ कोई शख़्स या गरोह समाज की भलाई के लिए ऐसा तरीक़ा या अल्लाह की हिदायत अख़्तियार करे जो मौजूदा चल रहे तरीक़े से बदला हुआ हो तो उस शख़्स या गरोह को ऐसा करने से रोकना या उन पर जब्र करना सरासर ज़ुल्म है। ऐसा ज़ुल्म करने वाले ही फ़ितनः हैं। उनको पनपने देना उनको क़त्ल करने से ज़्यादः ख़राब है। उनका नाश ही ज़रूरी है। क्योंकि उनके ख़ून को बचाने से आइन्दः और ज़्यादः ख़ून व फ़साद की नौबत आयेगी। इस हुक्म का संबंध अरब के मुशरिकों से है। उनके लिए या उन जैसे दूसरे ज़ालिमों के लिए दो ही रास्ते हैं। या तो इस्लाम क़ुबूल करें या क़त्ल हों। अलबत्ता दूसरे ग़ैर मुस्लिम जो अमन से रहते हैं और मुसलमानों की ज़िन्दगी व अिबादत में ख़लल नहीं डालते वे इस्लाम अपनावें तो बेहतर और न भी अपनावें तो उनको फ़ितनः मानना वा उनका नाश करना इस आयत का मंशा नहीं। ♦ ज़ीक़ाद, ज़िलहिज्ज, मुहर्रम, रजब, ये चार अदब वाले महीने हैं। § यदि फ़सादी पवित्र मास या पवित्र वस्तुओं की परवाह न करके फ़साद करें तो तुम भी उनका लिहाज़ न करो।

व अतिम्मुल्‌हूज्ज वल्‌अुम्‌रत्त लिल्लाहि त्‌ फ़अिन्‌ अुह्‌स़िर्‌तुम्‌ फ़मस्तैसर मिनल्‌हद्‌यि ज्‌ व ला तह्‌लिक़ू रुअूसकुम्‌ हूत्ता यब्लुग़ल्‌ - हद्‌यु मह़िल्लहू त्‌ फ़मन्‌ कान मिन्कुम्‌ मरीज़न्‌ औ बिहीी अजम्मिर्रअ्‌सिहीी फ़फ़िद्‌यतुम्‌ मिन्‌ स़ियामिन्‌ औ सदक़त्तिन्‌ औ नुसुकिन्‌ ज्‌ फ़अिजा आमिन्तुम्‌ वक़्फ़: फ़मन्‌ तमत्तअ़ बिल्‌अुम्‌रत्ति अिलल्‌हूज्जि फ़मस्तैसर मिनल्‌हद्‌यि ज्‌ फ़मल्लम्‌ यजिद्‌ फ़स़ियामु सलासत्ति अैयामिन्‌ फ़िल्‌हूज्जि व सब्‌अ़त्तिन्‌ अिजा रजअ़्तुम्‌ त्‌ तिल्क अ़शरत्तुन्‌ कामिलत्तुन्‌ त्‌ जालिक लिमल्लम्‌ यकुन्‌ अह्‌लुहू हाज़िरिल्‌ - मस्‌जिदिल्‌हूरामि त्‌ वत्तक़ुल्लाह वअ़्लमू अन्नल्लाह शदीदुल्‌अ़िक़ाबि (१९६) ★ अल्‌हूज्जु अश्‌हुरुम्मअ़्लूमातुन्‌ ज्‌ फ़मन्‌ फ़रज़ फ़ीहिन्नल्‌हूज्ज फ़ला रफ़स व ला फ़ुसूक़ ला व ला जिदाल फ़िल्‌हूज्जि त्‌ व मा तफ़्‌अ़लू मिन्‌ ख़ैरींयअ़्लम्‌हुल्लाहु त्‌ . ● व तज़ौवदू फ़अिन्न ख़ैरज़्ज़ादित्तक़्‌वा ज्‌ वत्तक़ूनि या अुलिल्‌अल्बाबि (१९७) लैस अ़लैकुम्‌ जुनाहुन्‌ अन्‌ तब्तग़ू फ़ज़्‌लम्मिर्रब्बिकुम्‌ त्‌ फ़अिजा अफ़ज़्‌तुम्‌ मिन्‌ अ़रफ़ातिन्‌ फ़ज्कुरुल्लाह अ़िन्दल्‌मश्‌अ़रिल्‌-हूरामि स्‌ वज्कुरूहु कमा हदाकुम्‌ ज्‌ व अिन्‌ कुन्तुम्‌ मिन्‌ क़ब्‌लिहीी लमिनज़्ज़ाल्लीन (१९८) सुम्म अफ़ीज़ू मिन्‌ हैसु अफ़ाज़न्नासु वस्तग़्‌फ़िरुल्लाह त्‌ अिन्नल्लाह ग़फ़ूरर्रहीमुन्‌ (१९९) फ़अिजा क़ज़ैतुम्‌ मनासिककुम्‌ फ़ज्कुरुल्लाह कजिक्‌रिकुम्‌ आबाअकुम्‌ औ अशद्द जिक्‌रन्‌ त्‌ फ़मिनन्नासि मैंयक़ूलु रब्बना आतिना फ़िद्दुन्‌या व मा लहू फ़िल्‌ - आख़िरत्ति मिन्‌ ख़लाक़िन्‌ (२००) व मिन्‌हुम्‌ मैंयक़ूलु रब्बना आतिना फ़िद्दुन्‌या हूसनत्तौंव फ़िल्‌ - आख़िरत्ति हूसनत्तौंव क़िना अ़जाबन्नारि (२०१) ●

سیقول ۲ ۳۴ البقرة ۲

الْمُحْسِنِينَ ۝ وَأَتِمُّوا الْحَجَّ وَالْعُمْرَةَ لِلَّهِ ۚ فَإِنْ أُحْصِرْتُمْ فَمَا اسْتَيْسَرَ
مِنَ الْهَدْيِ ۖ وَلَا تَحْلِقُوا رُءُوسَكُمْ حَتَّىٰ يَبْلُغَ الْهَدْيُ مَحِلَّهُ ۚ
فَمَنْ كَانَ مِنْكُمْ مَرِيضًا أَوْ بِهِ أَذًى مِنْ رَأْسِهِ فَفِدْيَةٌ مِنْ صِيَامٍ
أَوْ صَدَقَةٍ أَوْ نُسُكٍ ۚ فَإِذَا أَمِنْتُمْ فَمَنْ تَمَتَّعَ بِالْعُمْرَةِ إِلَى الْحَجِّ فَمَا
اسْتَيْسَرَ مِنَ الْهَدْيِ ۚ فَمَنْ لَمْ يَجِدْ فَصِيَامُ ثَلَاثَةِ أَيَّامٍ فِي الْحَجِّ وَ
سَبْعَةٍ إِذَا رَجَعْتُمْ ۗ تِلْكَ عَشَرَةٌ كَامِلَةٌ ۗ ذَٰلِكَ لِمَنْ لَمْ يَكُنْ أَهْلُهُ
حَاضِرِي الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ ۚ وَاتَّقُوا اللَّهَ وَاعْلَمُوا أَنَّ اللَّهَ شَدِيدُ
الْعِقَابِ ۝ الْحَجُّ أَشْهُرٌ مَعْلُومَاتٌ ۚ فَمَنْ فَرَضَ فِيهِنَّ الْحَجَّ فَلَا رَفَثَ
وَلَا فُسُوقَ وَلَا جِدَالَ فِي الْحَجِّ ۗ وَمَا تَفْعَلُوا مِنْ خَيْرٍ يَعْلَمْهُ اللَّهُ ۗ وَ
تَزَوَّدُوا فَإِنَّ خَيْرَ الزَّادِ التَّقْوَىٰ ۚ وَاتَّقُونِ يَا أُولِي الْأَلْبَابِ ۝ لَيْسَ
عَلَيْكُمْ جُنَاحٌ أَنْ تَبْتَغُوا فَضْلًا مِنْ رَبِّكُمْ ۚ فَإِذَا أَفَضْتُمْ مِنْ عَرَفَاتٍ
فَاذْكُرُوا اللَّهَ عِنْدَ الْمَشْعَرِ الْحَرَامِ ۖ وَاذْكُرُوهُ كَمَا هَدَاكُمْ وَإِنْ كُنْتُمْ
مِنْ قَبْلِهِ لَمِنَ الضَّالِّينَ ۝ ثُمَّ أَفِيضُوا مِنْ حَيْثُ أَفَاضَ النَّاسُ
وَاسْتَغْفِرُوا اللَّهَ ۚ إِنَّ اللَّهَ غَفُورٌ رَحِيمٌ ۝ فَإِذَا قَضَيْتُمْ مَنَاسِكَكُمْ
فَاذْكُرُوا اللَّهَ كَذِكْرِكُمْ آبَاءَكُمْ أَوْ أَشَدَّ ذِكْرًا ۗ فَمِنَ النَّاسِ مَنْ يَقُولُ
رَبَّنَا آتِنَا فِي الدُّنْيَا وَمَا لَهُ فِي الْآخِرَةِ مِنْ خَلَاقٍ ۝ وَمِنْهُمْ مَنْ
يَقُولُ رَبَّنَا آتِنَا فِي الدُّنْيَا حَسَنَةً وَفِي الْآخِرَةِ حَسَنَةً وَقِنَا عَذَابَ

منزل ۱

★ रु २४ | ८ आ ८

● व. न बी स.

● नि. १/२

अल्लाह के लिए हज§ और उमरः@ पूरा करो। और अगर (राह में कहीं) रोक दिये जाओ तो क़ुर्बानी (करदो) जैसी कुछ हो सके और जब तक क़ुर्बानी अपनी ठिकाने न लग जाय अपने सिर न मुड़ाओ। और जो तुममें बीमार हो व सिर की तरफ़ से उसे दुख हो तो बाल उतरवा देने का बदला रोज़े या ख़ैरात या क़ुर्बानी से दो। फिर जब तुमको राहत हो जावे तो जो कोई उमरे को हज से मिलाकर फ़ायदा उठाना चाहे तो (उसको) क़ुर्बानी (करनी होगी) जैसी कुछ हो सके। और जिसको क़ुर्बानी सुलभ न हो तो तीन रोज़े हज के दिनों में (रख ले) और जब वापस आओ तो सात रोज़े रखो। यह पूरे दस रोज़े हुए। यह (हुक्म) उसके लिए है जिसका घरबार मक्के में न हो। अल्लाह से डरो और जाने रहो कि अल्लाह की सज़ा सख़्त है।(१९६) ☆

हज के कुछ महीने जाने हुयें हैं⚹ तो जो शख़्स इन महीनों में हज की ठान ले तो (अहराम‡ बाँधने से आख़िर तक) हज (के दिनों) में विषय-भोग की कोई बात न करे और न बेहुक्मी की और न झगड़े की। और भलाई का कोई सा काम करो, वह अल्लाह को मालूम हो जायगा। ◑ और (हज पर जाने से पहले) सफ़रख़र्च इकट्ठा कर लो। उत्तम (पर्याप्त) ज़ाद (राह ख़र्च) संयम† (और अल्लाह का डर) है और ऐ बुद्धिमानो! मुझसे ही डरते रहो।(१९७) (हज के समय) तुम अपने पालनेवाले की मेहरबानी खोजो तो कुछ पाप नहीं[]। फिर जब अरफ़ात (पहाड़) से लौटो× तो मशअरिल हराम के पास (जो मुक़ाम मुज़दलफ़ा में दो पहाड़ों के क़रीब है) अल्लाह की याद करो और उसकी याद करो उस तरीक़े पर जैसा तुमको अल्लाह ने बताया है और इससे पहले तुम निस्सन्देह भटके हुओं में से थे।(१९८) फिर जिस जगह से लोग चलें तुम भी वहीं से तवाफ़♦ (परिक्रमा) के लिए चलो और अल्लाह से माफ़ी चाहो। बेशक अल्लाह बहुत माफ़ करनेवाला बेहद मेहरबान है।(१९९) फिर जब हज के कामों को कर चुको तो जिस तरह तुम अपने बाप-दादों की चर्चा में लग जाते थे उसी तरह बल्कि उससे भी बढ़कर अल्लाह की याद में लग जाओ। फिर लोगों में कुछ ऐसे हैं जो कहते हैं कि ऐ हमारे पालनेवाले! हमको (जो देना हो) दुनिया में दे और ऐसे शख़्स के लिए आख़िरत में कुछ हिस्सा नहीं है।(२००) और लोगों में से कुछ ऐसे हैं जो दुआएँ माँगते हैं कि ऐ हमारे पालनकर्त्ता! हमें दुनिया में भी भलाई दे और आख़िरत में भी भलाई दे और हमको आग (नरक) की सज़ा से बचाये रख(२०१) ●

☆ रु. २४ / ८ आ ८ ● व. न वी. स. ● नि. १/२

---

§ अपने स्थान से एहराम बाँधकर बक़रीद के महीने की नवीं तारीख़ को अरफ़ात पहुँच कर वहाँ से वापसी में रात में 'मुज़दलिफ़ा' ठहरना। फिर ईद की सुबह को 'मिना' में पहुँच कर कंकरियाँ फेंकना। फिर मूँडन कराके एहराम उतार देना। फिर काबा की तवाफ़ (परिक्रमा), सफ़ा-मर्वः के बीच दौड़ना, दुबारा 'मिना' में दो या तीन दिन रहना व रोज़ कंकरियाँ फेंकना, फिर काबा के फेरे—यही सब 'हज' का कार्यक्रम है। @ एहराम बाँध कर काबा की परिक्रमा, सफ़ा-मर्वः के बीच दौड़ना और सिर के बाल मुँडवा कर एहराम खोल देना—यह उमरः का कार्यक्रम है। इसमें हज की तरह दिन या महीने की पाबन्दी नहीं है। ⚹ शव्वाल, ज़ीक़ाद और दस दिन ज़िलहिज्ज के। ‡ अहराम—वह कपड़ा जो हज के दिनों में पहनते हैं। जब तक हज का कार्य समाप्त नहीं होता तब तक इसे पहने रहते हैं। † लोग घर से मुनासिब राह-ख़र्च न ले चलते और हज पर पहुँच कर लोगों से मांगते और तंग करते थे। यह बुरा है। [] याने (हज के समय भी) अपने रोज़ी-रोज़गार में बेहतरी के लिए अल्लाह से दुआ करो तो कोई गुनाह नहीं। × मक्कानिवासी पुरानी कुरीति के कारण अरफ़ात तक नहीं जाते थे और मक्के की एक निर्धारित सीमा तक ही रुक जाते थे। वे ग़ुरूर में कहते थे कि हम हरम के रहनेवाले हरम के बाहर क्यों जायँ। यह हज के तरीक़े के खिलाफ़ था। इस लिए हुक्म हुआ कि जहाँ से सब लोग जाकर लौटें वहीं से मक्कानिवासी भी लौटें। ♦ काबे के गिर्द नियमानुसार घूमने को तवाफ़ कहते हैं।

अुलाअिक लहुम् नसीबुम्मिम्मा कसबू त् वल्लाहु सरीअुल् - हिसाबि (२०२) वज़्कुरुल्लाह फ़ी अैयामिम्मअ्‌दूदातिन् त् फ़मन् तअज्जल फ़ी यौमैनि फ़ला अिस्‌म अलैहि ज् व मन् तअख़्ख़र फ़ला अिस्‌म अलैहि ला लिमनित्तक़ा त् वत्तक़ुल्लाह वअ्‌लमू अन्नकुम् अिलैहि तुह्‌शरून (२०३) व मिनन्नासि मैंयुअ्‌जिबुक क़ौलुहु फ़िल्-हयाविद्दुन्या व युश्‌हिदुल्लाह अला मा फ़ी क़ल्‌बिही ला व हुव अलद्दुल्‌ख़िसामि (२०४) व अिजा तवल्ला सआ फ़िल्‌अर्‌ज़ि लियुफ़्‌सिद फ़ीहा व युह्‌लिकल्‌हर्स वन्नस्‌ल त् वल्लाहु ला युहिब्बुल्‌फ़साद (२०५) व अिजा क़ील लहुत्तक़िल्लाह अख़जत्‌हुल्-अिज़्ज़तु बिल्‌अिस्‌मि फ़ह्‌स्बुहू जहन्नमु त् व लबिअ्‌सल्‌मिहादु (२०६) व मिनन्नासि मैंयश्‌री नफ़्‌सहुब्‌तिग़ाअ मर्ज़ातिल्लाहि त् वल्लाहु रअूफ़ुम्‌बिल्‌अिबादि (२०७) या अैयुहल्लजीन आमनुद् ख़ुलू फ़िस्सिल्‌मि काफ़्फ़तन् स् व ला तत्तबिअू ख़ुतुवातिश्शैतानि त् अिन्नहू लकुम् अदूवुम् - मुबीनुन् (२०८) फ़अिन् ज़लल्तुम् मिम्बअ्‌दि मा जाअत्‌कुमुल् - बैयिनातु फ़अ्‌लमू अन्नल्लाह अज़ीज़ुन् हकीमुन् (२०९) हल् यन्ज़ुरून अिल्ला मैंयअ्‌तिय हुमुल्लाहु फ़ी ज़ुललिम्मिनल्ग़मामि वल्मलाअिकतु व क़ुज़ियल्-अम्‌रु त् व अिलल्लाहि तुर्जअुल्अुमूरु (२१०) ★ सल् बनी अिस्‌राअील कम् आतैनाहुम् मिन् आयतिम् - बैयिनतिन् त् व मैंयुबद्दिल् निअ्‌मतल्लाहि मिम्बअ्‌दि मा जाअत्‌हु फ़अिन्नल्लाह शदीदुल्‌अिक़ाबि (२११) ज़ुय्यिन लिल्लजीन कफ़रुल्-हयावुद्दुन्या व यस्ख़रून मिनल्लजीन आमनू म् ● वल्लजीनत्तक़ौ फ़ौक़हुम् यौमल्क़ियामति त् वल्लाहु यर्‌ज़ुक़ु मैंयशाअु बिग़ैरि हिसाबिन् (२१२)

★ रु. २५ | ६ आ १४

● व. ला

النَّارِ ۝ أُولَٰئِكَ لَهُمْ نَصِيبٌ مِّمَّا كَسَبُوا ۚ وَاللَّهُ سَرِيعُ الْحِسَابِ ۝ وَاذْكُرُوا اللَّهَ فِي أَيَّامٍ مَّعْدُودَاتٍ ۚ فَمَن تَعَجَّلَ فِي يَوْمَيْنِ فَلَا إِثْمَ عَلَيْهِ وَمَن تَأَخَّرَ فَلَا إِثْمَ عَلَيْهِ ۚ لِمَنِ اتَّقَىٰ ۗ وَاتَّقُوا اللَّهَ وَاعْلَمُوا أَنَّكُمْ إِلَيْهِ تُحْشَرُونَ ۝ وَمِنَ النَّاسِ مَن يُعْجِبُكَ قَوْلُهُ فِي الْحَيَاةِ الدُّنْيَا وَيُشْهِدُ اللَّهَ عَلَىٰ مَا فِي قَلْبِهِ وَهُوَ أَلَدُّ الْخِصَامِ ۝ وَإِذَا تَوَلَّىٰ سَعَىٰ فِي الْأَرْضِ لِيُفْسِدَ فِيهَا وَيُهْلِكَ الْحَرْثَ وَالنَّسْلَ ۗ وَاللَّهُ لَا يُحِبُّ الْفَسَادَ ۝ وَإِذَا قِيلَ لَهُ اتَّقِ اللَّهَ أَخَذَتْهُ الْعِزَّةُ بِالْإِثْمِ ۚ فَحَسْبُهُ جَهَنَّمُ ۚ وَلَبِئْسَ الْمِهَادُ ۝ وَمِنَ النَّاسِ مَن يَشْرِي نَفْسَهُ ابْتِغَاءَ مَرْضَاتِ اللَّهِ ۗ وَاللَّهُ رَءُوفٌ بِالْعِبَادِ ۝ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا ادْخُلُوا فِي السِّلْمِ كَافَّةً وَلَا تَتَّبِعُوا خُطُوَاتِ الشَّيْطَانِ ۚ إِنَّهُ لَكُمْ عَدُوٌّ مُّبِينٌ ۝ فَإِن زَلَلْتُم مِّن بَعْدِ مَا جَاءَتْكُمُ الْبَيِّنَاتُ فَاعْلَمُوا أَنَّ اللَّهَ عَزِيزٌ حَكِيمٌ ۝ هَلْ يَنظُرُونَ إِلَّا أَن يَأْتِيَهُمُ اللَّهُ فِي ظُلَلٍ مِّنَ الْغَمَامِ وَالْمَلَائِكَةُ وَقُضِيَ الْأَمْرُ ۚ وَإِلَى اللَّهِ تُرْجَعُ الْأُمُورُ ۝ سَلْ بَنِي إِسْرَائِيلَ كَمْ آتَيْنَاهُم مِّنْ آيَةٍ بَيِّنَةٍ ۗ وَمَن يُبَدِّلْ نِعْمَةَ اللَّهِ مِن بَعْدِ مَا جَاءَتْهُ فَإِنَّ اللَّهَ شَدِيدُ الْعِقَابِ ۝ زُيِّنَ لِلَّذِينَ كَفَرُوا الْحَيَاةُ الدُّنْيَا وَيَسْخَرُونَ مِنَ الَّذِينَ آمَنُوا ۘ وَالَّذِينَ اتَّقَوْا فَوْقَهُمْ يَوْمَ الْقِيَامَةِ ۗ

منزل ١

ऐसे लोगों को उनके किये का हिस्सा (यानी पुण्य) मिलेगा और अल्लाह तो जल्द (सबका) हिसाब करनेवाला है।(२०२) और गिनती के इन चन्द दिनों में अल्लाह की याद करते रहो। फिर जो शख़्स जल्दी करे दो दिन में (चल दे) उस पर (भी) कुछ पाप नहीं और जो ठहरा रहे उस पर (भी) कुछ पाप नहीं, (यह) उसके लिए जो परहेज़गारी करें‡ और अल्लाह से डरते रहो और जाने रहो कि तुम उसी के सामने हाज़िर किये जाओगे।(२०३) और (ऐ पैग़म्बर!) कोई आदमी ऐसा है जिसकी बातें तुमको दुनिया की ज़िन्दगी में भली मालूम होती हैं और वह अपनी दिली बातों पर अल्लाह को गवाह ठहराता है; (ईश्वर की साक्षी देता है कि जो मन में है वही ज़बान पर है) हालाँकि वह सख़्त झगड़ालू है।@(२०४) और जब लौटकर जाय तो मुल्क में इस दौड़ धूप में रहता है कि उसमें विद्रोह फैलावे और खेती-बारी को और जानों को बरबाद करे। और अल्लाह फ़साद नहीं चाहता।(२०५) जब उससे कहा जाय कि अल्लाह से डर, तो शेख़ी उसको पाप पर आमादा करती है। ऐसे को दोज़ख़ काफ़ी है और वह बेशक बुरा ठिकाना है।(२०६) लोगों में से कुछ ऐसे भी हैं जो अल्लाह की ख़ुशी के लिए अपनी जान तक दे देते हैं और अल्लाह (ऐसे) बन्दों पर बड़ी ही ममता रखता है।(२०७) ऐ ईमानवालो! इस्लाम में पूरे-पूरे आ जाओ और शैतान के क़दमों पर मत चलो। बेशक वह तुम्हारा खुला दुश्मन है।(२०८) फिर जब कि तुम्हारे पास साफ़ हुक्म पहुँच चुके और इस पर भी डगमगा जाओ तो जान रखो कि अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त और बड़ा हिकमत वाला है।(२०९) क्या यह लोग इसी की राह देखते हैं कि अल्लाह और फ़रिश्ते बादलों के सायबानों में उनके सामने आवें और जो कुछ होना है हो चुके और सब काम अल्लाह ही के हवाले हैं×।(२१०) ✪

★ रु. २५ ६ आ १४

(ऐ पैग़म्बर!) याक़ूब की सन्तान से पूछो कि हमने उनको कितनी खुली हुई निशानियाँ दे रखी थीं और जब कोई शख़्स अल्लाह की उस निअमत को बाद उसके पहुँचने के बदल डाले तो अल्लाह बड़ी सख़्त सज़ा देनेवाला है†।(२११) जो लोग इन्कारी हैं, दुनिया की ज़िन्दगी उनकी दृष्टि में भली दिखाई गई है और वे ईमानवालों की हँसी उड़ाते हैं; ● हालाँकि जो लोग परहेज़गार हैं उनके दर्जे क़ियामत के दिन उनसे बढ़-चढ़कर होंगे§ और अल्लाह जिसे चाहता है बे हिसाब रोज़ी देता है।(२१२)

● व. ला.

‡ यानी मिना में चाहे दो ही दिन ठहरें या तीन दिन, इसमें पाप नहीं; अलबत्ता हज के कामों में पाप से बचे रहना ज़रूरी है। @ यह ज़िक्र यों है—एक अख़नस बिन शरीफ़ नाम का मुनाफ़िक़ (कपटाचारी) था। वह रसूलुल्लाह सल्लल्लाह अलैहि व आलिही व सल्लम से इस्लाम धर्म और रसूलुल्लाह के पवित्र व्यक्तित्व के प्रति प्रेम का दावा करता और विश्वास दिलाया करता था। हालाँकि वह मन से इसके बिलकुल विपरीत था। वह मुसलमानों का पूरा दुश्मन था। × ईमान की कमी होने पर लोग तरह तरह के बहाने बनाते हैं। वे कहते हैं कि हम अल्लाह पर ईमान लाने को तैयार हैं बशर्ते वह अपने फ़रिश्तों के साथ हमारे सामने ज़ाहिर हो। गोया वे अल्लाह को अपने रास्ते चलाना चाहते हैं न कि अल्लाह के चलाये ख़ुद चलें। लेकिन यह असंभव है। अगर हमको ईश्वर पर भक्ति है तो हम उसके फ़ैसले पर भरोसा करें कि जब वह जो चाहे करे। † हज़रत मूसा अ० के ज़रिये यहूदियों को ईश्वरी ग्रंथ तौरात और खुले चमत्कार मिले। फिर भी वे अल्लाह के जलवे को भूल कर उसकी आज्ञाओं को अपने स्वार्थ के लिए मनमाना बदलने लगे। यहूदी क्या, समय पाकर दुनिया की हर क़ौम में यह कमज़ोरी दाखिल हो जाती है। लेकिन उन पर अल्लाह की ओर से तबाही बरपा होती है। § काफ़िरों की दुनियावी ज़िन्दगी भड़कीली शानदार होने से वे ग़रीब मुसलमानों पर हँसते थे। उन्हें मालूम नहीं कि आख़िरत के दिन मोमिनों का दर्जा उन काफ़िरों से कहीं ऊँचा होगा।

फिर जब उन्होंने बेटी जनी, तो कहने लगीं कि ऐ मेरे परवरदिगार ! मैंने तो यह लड़की जनी है और अल्लाह को ख़ूब मालूम था कि उन्होंने (किस रुतबे की बेटी) जनी है और लड़का लड़की की तरह नहीं होता@ और मैंने इसका नाम मरियम रखा है और मैं इसको और इसकी औलाद को शैतान मरदूद से (अलग रखने के लिए) तेरी पनाह (शरण) में देती हूँ।(३६) फिर उसके पालनकर्त्ता ने मरियम को ख़ूबी से क़बूल फ़र्मा लिया और उसको ख़ूब ऊँचा उठाया और ज़करिया को इसका संरक्षक बना दिया। जब-जब ज़करिया मरियम के पास उसकी इबादतगाह में जाते, तो मरियम के पास खाने की चीज़ मौजूद पाते। (यह हाल देखकर एक दिन ज़करिया ने) पूछा कि ऐ मरियम ! यह खाना तुम्हारे पास कहाँ से आता है? (मरियम ने) कहा यह अल्लाह के यहाँ से (आता है,); अल्लाह बेशक जिसको चाहता है, बेहिसाब रोज़ी देता है।(३७) (अल्लाह के इस चमत्कार से प्रभावित होकर) उसी दम ज़करिया ने अपने पालनकर्त्ता से दुआ की (और) कहा कि ऐ परवरदिगार ! अपनी जनाब से मुझको (भी) पाक औलाद इनायत कर कि तू (सबकी) दुआएँ सुनता है।(३८) अभी ज़करिया इबादतगाह में खड़े नमाज़ पढ़ रहे थे कि उनको फ़रिश्तों ने आवाज़ दी कि (ज़करिया !) अल्लाह तुमको (एक पुत्र) यहिया (के पैदा होने) की ख़ुशख़बरी देता है और वह अल्लाह के फ़ैज़ (यानी अल्लाह की देन ओसा अ०) की तसदीक़ करेंगे और पेशवा होंगे और औरतों की संगत से अलग रहेंगे और नेकों (बन्दों) में से वे पैग़म्बर होंगे।(३९) (ज़करिया ने) कहा कि ऐ मेरे परवरदिगार ! मेरे कैसे लड़का पैदा हो सकता है जबकि मुझ पर बुढ़ापा आ चुका है, और मेरी बीवी बाँझ है‡। फ़र्माया (गया) कि इसी तरह अल्लाह जो चाहता है, कर देता है।(४०) (ज़करिया ने) अर्ज़ किया कि ऐ मेरे परवरदिगार ! (मेरे इत्मीनान के लिए) कोई निशानी दे। (अल्लाह ने) फ़र्माया कि निशानी यह है कि तुम तीन दिन तक लोगों से बात§ न कर सकोगे। सिर्फ़ इशारा करोगे और अपने परवरदिगार की कसरत से याद (भजन) करते रहो और (उसी की) सुबह और शाम तसबीह (माला फेरते रहा) करो।(४१) ★

★ रु. ४/१२ आ ११

(और वह समय याद कर) जब फ़रिश्तों ने कहा ऐ मरियम ! तुमको अल्लाह ने पसन्द फ़र्माया और तुमको पाक-साफ़ रखा और तुमको दुनिया जहान की औरतों पर चुना।(४२) ऐ मरियम ! अपने परवरदिगार की बन्दगी (भक्ति) करती रहो, और सज्दः (सिर झुकाया) करो और रुकूअ करनेवालों (नमाज़ में झुकनेवालों) के साथ रुकूअ करती रहो।(४३) (ऐ पैग़म्बर !) यह ग़ैब की (छिपी हुई) ख़बरों में से हैं जो हम तुमको वही (संदेश) के द्वारा पहुँचाते हैं। (और ऐ पैग़म्बर!) न तो तुम उनके पास उस वक़्त थे, जब वह लोग अपने क़लम (नदी में) डाल रहे थे꩜ कि कौन मरियम का संरक्षक हो ? और न तुम उनके पास मौजूद थे, जबकि वह आपस में झगड़ रहे थे (कि जिसका क़लम चढ़ाव की तरफ़ बहे, वही मरियम का संरक्षक होगा)♦।(४४)

@मूसायी क़ानून के मुताबिक़ लड़की अल्लाह की अिबादतगाह में पुजारिन नहीं हो सकती थी। [पेज १०६ पर]
‡ हज़रत ज़करिया अ० की उम्र १०० वर्ष की थी और उनकी बीवी ९८ वर्ष की थीं, जब यहिया (पुत्र) का※ [पेज १०६ पर]
§ जब यहिया मां के पेट में आए, तो ज़करिया की ज़बान फूल गई और तीन दिन तक वह किसी से बातचीत न कर सके। ꩜ मरियम को कौन पाले, इस बात का फ़ैसला यूँ हुआ कि दावेदारों ने अपने तौरात लिखने के क़लम बहते पानी में डाले कि जिसका क़लम चढ़ाव की तरफ़ बहे वही संरक्षक हो। आखिर मरियम के मौसा ज़करिया की क़लम उल्टी चढ़ाव की तरफ़ बही और वही उसके संरक्षक बने। ♦ हज़रत ज़करिया, मर्यम और यहिया अ० के जिन वाक़्यों का ज़िक्र है, उस वक़्त रसूल (मुहम्मद स०) वहाँ मौजूद न थे, न वह ख़ुद देख रहे थे। फिर इन ग़ैब की बातों को बयान करना बिला अल्लाह के संदेसे के कैसे मुमकिन है। यह रसूल की रिसालत का सुबूत है।

अिज् क़ालतिल्मला'अिकतु या मर्यमु अिन्नल्लाह युबश्शिरुकि बिकलिमतिम्-मिन्हु क् सला अिस्मुहुल्मसीहु अीसब्नु मर्यम वजीहन् फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति व मिनल्मुक़र्रबीन ला (४५) व युकल्लिमुन्नास फ़िल्महृदि व कह्लौंव मिनस्सालिहीन (४६) क़ालत् रब्बि अन्ना यकूनु ली वलदूँव लम् यम्सस्नी बशरुन् त् क़ाल कजालिकिल्लाहु यख़्लुक़ु मा यशा'अु त् अिजा क़ज़ा' अम्रन् फ़अिन्नमा यक़ूलु लहू कुन् फ़यकूनु (४७) व युअ़ल्लिमुहुल् - किताब वल्हिक्मत व्वत्तौरात वल्अिन्जील ज् (४८) व रसूलन् अिला बनी' अिस्रा'अील ० ला अिन्नी क़द् जिअ्तुकुम् बिआयतिम्मिर्रब्बिकुम् ला अन्नी' अख़्लुक़ु लकुम् मिनत्तीनि कहैअतित्तैरि फ़अन्फ़ुख़ु फ़ीहि फ़यकूनु तैरम्बिअिज्निल्लाहि ज् व अुब्रिअुल्-अक्मह वल्अब्रस व अुहृयिल्मौता बिअिज्निल्लाहि ज् व अुनब्बिअुकुम् बिमा तअ्कुलून व मा तद्दख़िरून ला फ़ी बुयूतिकुम् त् अिन्न फ़ी जालिक लआयतल्लकुम् अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन ज् (४९) व मुसद्दिक़ल्लिमा बैन यदैय मिनत्तौराति व लिअुहिल्ल लकुम् बअ्ज़ल्लजी हुर्रिम अलैकुम् व जिअ्तुकुम् बिआयतिम् - मिर्रब्बिकुम् क़िफ़ फ़त्तक़ुल्लाह व अतीअूनि (५०) अिन्नल्लाह रब्बी व रब्बुकुम् फ़अ्बुदूहु त् हाजा सिरातुम्मुस्तक़ीमुन् (५१) फ़लम्मा' अहृस्स अीसा मिन्हुमुल्कुफ़्र क़ाल मन् अन्सारी' अिलल्लाहि त् क़ालल्हृवारीयून नहृनु अन्सारुल्लाहि ज् आमन्ना बिल्लाहि ज् वश्हद् बिअन्ना मुस्लिमून (५२) रब्बना' आमन्ना बिमा' अन्ज़ल्त वत्तबअ़्नर्रसूल फ़क्तुब्ना मअ़श्शाहिदीन (५३)

تلک الرسل ٣ — ٣٣ — آل عمران

مريم وما كنت لديهم اذ يختصمون ۝ اذ قالت الملٰئكة
يٰمريم ان الله يبشرك بكلمة منه اسمه المسيح عيسى
ابن مريم وجيها فى الدنيا والاخرة ومن المقربين ۝ ويكلم
الناس فى المهد وكهلا ومن الصٰلحين ۝ قالت رب انى
يكون لى ولد ولم يمسسنى بشر قال كذٰلك الله يخلق ما
يشاء اذا قضى امرا فانما يقول له كن فيكون ۝ ويعلمه
الكتٰب والحكمة والتورٰىة والانجيل ۝ ورسولا الى بنى
اسراءيل انى قد جئتكم باٰية من ربكم انى اخلق لكم
من الطين كهيئة الطير فانفخ فيه فيكون طيرا باذن الله
وابرئ الاكمه والابرص واحى الموتٰى باذن الله وانبئكم
بما تاكلون وما تدخرون فى بيوتكم ان فى ذٰلك لاٰية
لكم ان كنتم مؤمنين ۝ ومصدقا لما بين يدى من التورٰىة
ولاحل لكم بعض الذى حرم عليكم وجئتكم باٰية من
ربكم فاتقوا الله واطيعون ۝ ان الله ربى وربكم فاعبدوه
هٰذا صراط مستقيم ۝ فلما احس عيسى منهم الكفر قال
من انصارى الى الله قال الحواريون نحن انصار الله
اٰمنا بالله واشهد بانا مسلمون ۝ ربنا اٰمنا بما انزلت

منزل ١

(वह समय भी याद करो) जब फ़रिश्तों ने कहा कि ऐ मरियम ! अल्लाह तुमको अपनी एक कृपा की ख़ुशख़बरी देता है (यानी तुम्हारे पुत्र होगा), जिसका नाम अीसा मसीह मरियम का बेटा—दुनिया और आख़िरत (लोक और परलोक दोनों) में इज़्ज़तवाला और (अल्लाह के) नज़दीकी बन्दों में से (होगा)।(४५) माँ की गोद में रहने के समय और बड़ी उम्र का होकर (एक ही समान) लोगों के साथ बातचीत करेगा और नेक बन्दों में से होगा।(४६) वह (मरियम) कहने लगी कि ऐ परवरदिगार ! मेरे कैसे लड़का हो सकता है, जब कि मुझको किसी मर्द ने छुआ तक नहीं। फ़र्माया इसी तरह अल्लाह जो चाहता है पैदा कर देता है। जब वह किसी काम को करना चाहता है तो बस उसे फ़र्मा देता है कि हो (कुन) और वह हो जाता है†।(४७) और अल्लाह उसे (अीसा अ० को) किताब, हिकमत और तौरात और इन्जील का ज्ञान देगा।(४८) और (अीसा अ०) इसराईल के वंश की तरफ़ पैग़म्बर होंगे! (कहेंगे कि) मैं तुम्हारे पालनकर्त्ता की तरफ़ से तुम्हारे पास निशानियाँ लेकर आया हूँ कि मैं तुम्हारे सामने मिट्टी से पक्षी की शक्ल बनाकर फिर उसमें फूँक मारता हूँ तो अल्लाह के हुक्म से (सचमुच) पक्षी हो जाता है। और अल्लाह ही के हुक्म से जन्म के अन्धों और कोढ़ियों को भला चंगा और मुर्दों को ज़िन्दः करता हूँ और जो कुछ तुम खाकर आओ वह और जो कुछ अपने घरों में जमा कर रखा है, सब तुमको बता दूँ। अगर तुममें ईमान है तो बेशक इन बातों में तुम्हारे लिए (अल्लाह की क़ुदरत की) निशानी@ हैं।(४९) (और) तौरात जो मेरे समय से पहले (उतरी) उसकी तसदीक़ करता हूँ और मैं इस ग़रज़ से भी (आया हूँ) कि जो कुछ चीज़ें जो तुम पर हराम (निषिद्ध) हैं‡ तुम्हारे लिए उनमें से कुछ हलाल (जायज़) कर दूँ और मैं तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से (कुछ) निशानी लेकर (तुम्हारे पास) आया हूँ, तो तुम अल्लाह से डरो और मेरा कहा मानो (५०) बेशक अल्लाह मेरा परवरदिगार है और तुम्हारा भी परवरदिगार है, तो उसी की इबादत (उपासना) करो, बस यही सीधी राह है।(५१) तो जब अीसा ने उन यहूदी लोगों का कुफ़्र (और अपने क़त्ल करने की उनकी नियत) देखी तो पुकार उठे कि कोई है जो अल्लाह की तरफ़ होकर मेरी मदद करे। हवारी[] बोले कि हम अल्लाह के (तरफ़दार और आपके) मददगार हैं, हम अल्लाह पर ईमान लाये और आप गवाह रहेंगे कि हम मुस्लिम (फ़र्माबरदार) हैं।(५२) ऐ परवरदिगार ! (इन्जील) जो तूने उतारी है, हम उस पर ईमान लाये और हमने पैग़म्बर (यानी अीसा अ०) की पैरवी कर ली। तू हमको भी माननेवालों के साथ में लिख ले।(५३)

[पेज१०७से]‡इसलिए मरियम की मा को लड़की पैदा होने का पछतावा था। लेकिन अल्लाह ने लड़के से कहीं ज़्यादा मरियम का रुतबा बुलन्द किया और ह० ईसा अ० जैसी औलाद देकर दुनिया जहान की औरतों पर उसे ऊँचा उठाया। [पेज१०७से]※जन्म हुआ। यह सब जानते हैं कि इस अवस्था में आदमी लड़का या लड़की की आशा नहीं रखता।

† मरियम का किसी के साथ ब्याह नहीं हुआ और वह मर्दों से दूर भी रहीं, फिर भी उनके लड़का हुआ, जिसका नाम ईसामसीह अ० था। जब फ़रिश्तों ने इस घटना की भविष्यवाणी मरियम को पहले ही की तो उनका हैरत में पड़ जाना तअज्जुब न था। @ मुर्दों को जिलाना, बीमारों को अच्छा करना, और अंधों को आँखवाला बनाना यह सब हज़रत अीसा अ० के चमत्कारों में से थे। ‡ यहूदियों पर चर्बी गाय की और बकरी की हराम थी यानी अपने धर्मानुसार वह इन वस्तुओं का प्रयोग नहीं कर सकते थे। [] हवारी लोग वह कहलाते हैं जो हज़रत अीसा अलैहिस्सलाम के पैरोकार थे। हवारी के अर्थ 'धोबी' हैं और 'साथी' भी। वह दो धोबी थे जो हज़रत अीसा अलैहिस्सलाम पर सबसे पहले ईमान लाये थे। फिर दस आदमी और आये। यह धोबी न थे पर यह सब बारह हवारी कहलाये।

रु. ५ १२ आ १३ सु. ३ ४

व मकरू व मकरल्लाहु ृ वल्लाहु ख़ैरुल्माकिरीन (५४) ★ ● अिज़् क़ालल्लाहु या अीसा अिन्नी मुतवफ़्फ़ीक व राफ़िअुक अिलैय व मुतह्हिरुक मिनल्लजीन कफ़रू व जाअिलुल्लजीनत्तबअूक फ़ौक़ल्लजीन कफ़रू अिला यौमिल्क़ियामति ज् सुम्म अिलैय मर्जिअुकुम् फ़अह्कुमु बैनकुम् फ़ी मा कुन्तुम् फ़ीहि तख़्तलिफ़ून (५५) फ़अम्मल्लजीन कफ़रू फ़अुअ़ज्जिबुहुम् अज़ाबन् शदीदन् फ़िद्दुन्या वलआख़िरति ज् व मा लहुम् मिन्नासिरीन (५६) व अम्मल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति फ़युवफ़्फ़ीहिम् अुजूरहुम् ृ वल्लाहु ला युह्बिबुज्ज़ालिमीन (५७) जालिक नत्लूहु अलैक मिनलआयाति वज्जिक्रिल् - हकीमि (५८) अिन्न मसल अीसा अिन्दल्लाहि कमसलि आदम ृ ख़लक़हू मिन् तुराबिन् सुम्म क़ाल लहू कुन् फ़यकूनु (५९) अल्हक़्क़ु मिर्रब्बिक फ़ला तकुम्मिनल्-मुम्तरीन (६०) फ़मन् हाज्जक फ़ीहि मिम्बअ़्दि मा जाअक मिनल्अिल्मि फ़क़ुल् तआलौ नद्अु अब्नाअना व अब्नाअकुम् वनिसाअना व निसाअकुम् व अन्फ़ुसना व अन्फ़ुसकुम् क़िफ़् सुम्म नब्तहिल् फ़नज्अल् लअ़्नतल्लाहि अलल्काजिबीन (६१) अिन्न हाजा लहुवल्-क़ससुल्-हक़्क़ु ज् व मा मिन् अिलाहिन् अिल्लल्लाहु ृ व अिन्नल्लाह लहुवल् - अज़ीज़ुल् - हकीमु (६२) फ़अिन् तवल्लौ फ़अिन्नल्लाह अलीमुम्-बिल्मुफ़्सिदीन (६३) ★ क़ुल् या अह्लल्किताबि तआलौ अिला कलिमतिन् सवाअिम् - बैनना व बैनकुम् अल्ला नअ़्बुद अिल्लल्लाह व ला नुश्रिक बिही शैऔंव ला यत्तख़िज बअ़्ज़ुना बअ़्ज़न् अर्बाबम्मिन् दूनिल्लाहि ृ फ़अिन् तवल्लौ फ़क़ूलुश्हदू बिअन्ना मुस्लिमून (६४)

★ रु. ६ १४ आ ६

تلك الرسل ٣ ٤٥ ال عمرٰن ٣

وَاتَّبَعْنَا الرَّسُوْلَ فَاكْتُبْنَا مَعَ الشّٰهِدِيْنَ ۞ وَمَكَرُوْا وَمَكَرَ اللّٰهُ
وَاللّٰهُ خَيْرُ الْمٰكِرِيْنَ ۞ اِذْ قَالَ اللّٰهُ يٰعِيْسٰٓى اِنِّىْ مُتَوَفِّيْكَ وَ
رَافِعُكَ اِلَيَّ وَمُطَهِّرُكَ مِنَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَجَاعِلُ الَّذِيْنَ
اتَّبَعُوْكَ فَوْقَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا اِلٰى يَوْمِ الْقِيٰمَةِ ۚ ثُمَّ اِلَيَّ مَرْجِعُكُمْ
فَاَحْكُمُ بَيْنَكُمْ فِيْمَا كُنْتُمْ فِيْهِ تَخْتَلِفُوْنَ ۞ فَاَمَّا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا
فَاُعَذِّبُهُمْ عَذَابًا شَدِيْدًا فِى الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ ۫ وَمَا لَهُمْ مِّنْ
نّٰصِرِيْنَ ۞ وَاَمَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ فَيُوَفِّيْهِمْ اُجُوْرَهُمْ
وَاللّٰهُ لَا يُحِبُّ الظّٰلِمِيْنَ ۞ ذٰلِكَ نَتْلُوْهُ عَلَيْكَ مِنَ الْاٰيٰتِ وَالذِّكْرِ
الْحَكِيْمِ ۞ اِنَّ مَثَلَ عِيْسٰى عِنْدَ اللّٰهِ كَمَثَلِ اٰدَمَ ۚ خَلَقَهٗ مِنْ تُرَابٍ
ثُمَّ قَالَ لَهٗ كُنْ فَيَكُوْنُ ۞ اَلْحَقُّ مِنْ رَّبِّكَ فَلَا تَكُنْ مِّنَ
الْمُمْتَرِيْنَ ۞ فَمَنْ حَآجَّكَ فِيْهِ مِنْ بَعْدِ مَا جَآءَكَ مِنَ الْعِلْمِ
فَقُلْ تَعَالَوْا نَدْعُ اَبْنَآءَنَا وَاَبْنَآءَكُمْ وَنِسَآءَنَا وَنِسَآءَكُمْ وَاَنْفُسَنَا وَ
اَنْفُسَكُمْ ۣ ثُمَّ نَبْتَهِلْ فَنَجْعَلْ لَّعْنَتَ اللّٰهِ عَلَى الْكٰذِبِيْنَ ۞ اِنَّ
هٰذَا لَهُوَ الْقَصَصُ الْحَقُّ ۚ وَمَا مِنْ اِلٰهٍ اِلَّا اللّٰهُ ۭ وَاِنَّ اللّٰهَ
لَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ۞ فَاِنْ تَوَلَّوْا فَاِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌۢ بِالْمُفْسِدِيْنَ ۞
قُلْ يٰٓاَهْلَ الْكِتٰبِ تَعَالَوْا اِلٰى كَلِمَةٍ سَوَآءٍۢ بَيْنَنَا وَبَيْنَكُمْ اَلَّا نَعْبُدَ
اِلَّا اللّٰهَ وَلَا نُشْرِكَ بِهٖ شَيْـًٔا وَّلَا يَتَّخِذَ بَعْضُنَا بَعْضًا اَرْبَابًا مِّنْ

منزل

और यहूद ने (अ़ीसा अ़० के क़त्ल के लिए) चाल (साज़िश) की और अल्लाह ने भी (यहूद से अ़ीसा अ़० को बचाने के लिए) चाल की और अल्लाह चाल करने वालों में सबसे अच्छा चाल करने वाला है‡ ।(५४) ★ ●

(और वह भी याद करो जब) अल्लाह ने कहा ऐ अ़ीसा! (दुनिया में तुम्हारे रहने की मुद्दत पूरी करके) मैं तुमको वफ़ात दूंगा और तुमको (अभी) अपनी तरफ़ उठा लूंगा और काफ़िरों (की सोहबत) से तुमको पाक कर दूंगा, और जिन लोगों ने तुम्हारी पैरवी की है उनको क़ियामत के दिन तक काफ़िरों पर ग़ालिब (प्रबल) रखूंगा, फिर तुम (सबको) मेरी तरफ़ लौटकर आना है । फिर जिन बातों में तुम्हारे बीच मतभेद रहा है उसके बारे में तुम्हारे बीच (उस दिन) फ़ैसला कर दूंगा । (५५) यानी जिन्होंने (तुम्हारी पैग़म्बरी से) इन्कार किया, तो उनको दुनिया और आख़िरत (दोनों) में बड़ी सख़्त मार दूंगा और कोई उनका सहायक न होगा ।(५६) और जो लोग ईमान लाये और जिन्होंने नेक काम किये तो अल्लाह उनको पूरा पूरा बदला देगा और अल्लाह अधर्मियों (अन्यायियों) को पसंद नहीं करता ।(५७) (ऐ पैग़म्बर !) यह आयतें और हिकमत (ज्ञान) भरी नसीहतें हम तुमको पढ़ पढ़कर सुना रहे हैं ।(५८) बेशक अल्लाह के नज़दीक अ़ीसा की मिसाल आदम की जैसी है (कि अल्लाह ने) मिट्टी से आदम के शरीर को बनाकर फिर उसको@ हुक्म दिया कि हो और वह हो गया ।(५९) (ऐ पैग़म्बर!) यह तो तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से सत्य (प्रकट) है तो (कहीं) तुम (भी) शक करनेवालों में से न हो जाना ।(६०) फिर जब तुमको (अ़ीसा अ़० की बाबत) सच्चाई मालूम हो चुकी, उसके बाद भी तुमसे उनके बारे में कोई हुज्जत करने लगे, तो कहो कि आओ हम अपने बेटों को बुलावें (और) तुम अपने बेटों को (बुलाओ) और हम अपनी औरतों को (बुलायें) और तुम भी अपनी औरतों को (बुलाओ) और हम अपने तईं और तुम अपने तईं (भी शरीक) करो, फिर हम (सब मिलकर) अल्लाह के सामने दिल से दुआ करें और झूठों पर अल्लाह की लानत भेजें । (६१) (ऐ पैग़म्बर !) बेशक यही बयान सच्चा है और अल्लाह के सिवाय कोई बन्दगी के क़ाबिल नहीं और बेशक अल्लाह ही ज़बरदस्त (और) हिकमतवाला है ।(६२) इस पर (भी) अगर (ये लोग) न मानें, तो बेशक अल्लाह फ़सादियों से ख़ूब जानकार है ।(६३) ★

कहो कि ऐ किताबवालो ! आओ ऐसी बात की तरफ़ जो हमारे और तुम्हारे दर्मियान में एकसाँ (तसलीम) है कि अल्लाह के सिवाय (हम) किसी दूसरे की पूजा न करें और किसी चीज़ को उसका शरीक न ठहरावें और हममें से कोई अल्लाह के सिवाय किसी दूसरे को परवरदिगार न ठहरायें । फिर अगर (इस सीधी सच्ची बात से भी) मुँह मोड़ें तो (मुसलमानों! तुम) कह दो कि तुम (हमारे) इस बात के गवाह रहो कि हम तो (एक ही अल्लाह के) आज्ञाकारी हैं । (६४)

---

‡ यहूदियों ने उस समय के बादशाह को बहका कर उससे हज़रत अ़ीसा अ़०के क़त्ल के लिए सूली का हुक्म तो लिया, मगर अल्लाह तऽला ने ऐसी तजवीज़ की कि हज़रत अ़ीसा अ़०जैसी शक्ल एक दूसरे आदमी की बना दी । वह क़त्ल कर दिया गया और हज़रत अ़ीसा अ़०को अल्लाह ने आसमान पर उठा लिया । ज़ालिम अपनी बन्दिशें बाँधते रहते हैं, लेकिन अल्लाह उन्हें नाकाम कर देता है । @ अ़ीसा अ़. के बिना बाप के जन्म लेने से उनका अल्लाह का बेटा होना नहीं सिद्ध होता । देखो अ़ीसा अ़. के केवल बाप न थे, परन्तु उनकी माता अवश्य थीं; लेकिन हज़रत आदम अ़०के तो मां-बाप दोनो ही न थे । ईसाई ह० आदम अ़०को अल्लाह का बेटा नहीं कहते, तब हज़रत अ़ीसा अ़०को ऐसा क्यों कहते हैं ? अल्लाह ने जैसे ह० आदम अ़. को बिना माँ बाप के पैदा कर दिया वैसे ही हज़रत अ़ीसा अ़० को भी ।

या॑ अह्लल्किताबि लिम तुहा॑ज्जून फ़ी॑ अिब्राहीम व मा॑ अुन्ज़िलतित्तौरातु वल्अिन्जीलु अिल्ला मिम्बअ़्दिही॑ त़् अफ़ला तअ़्क़िलून (६५) हा॑ अन्तुम् हा॑ अुला॑अि हाजज्तुम् फ़ीमा लकुम् बिही॑ अिल्मुन् फ़लिम तुहा॑ज्जून फ़ी मा लैस लकुम् बिही॑ अिल्मुन् त़् वल्लाहु यअ़्लमु व अन्तुम् ला तअ़्लमून (६६) मा कान अिब्राहीमु यहूदीयौंव ला नस्रानीयौंव लाकिन् कान हनीफ़म्मुस्लिमन् त़् व मा कान मिनल्मुश्रिकीन (६७) अिन्न औलन्नासि बिअिब्राहीम लल्लजीनत्तबअ़ूहु व हाजन्नबीयु वल्लजीन आमनू त़् वल्लाहु वलीयुल्मुअ्मिनीन (६८) वद्दत्ता॑अिफ़तुम्-मिन् अह्लिल्किताबि लौ युज़िल्लूनकुम् त़् व मा युज़िल्लून अिल्ला॑ अन्फ़ुसहुम् व मा यश्अ़ुरून (६९) या॑ अह्लल्किताबि लिम तक्फ़ुरून बिआयातिल्लाहि व अन्तुम् तश्हदून (७०) या॑ अह्लल्किताबि लिम तल्बिसूनल्हक़्क़ बिल्बातिलि व तक्तुमूनल्हक़्क़ व अन्तुम् तअ़्लमून (७१) ★ व कालत्ता॑अिफ़तुम्-मिन् अह्लिल्किताबि आमिनू बिल्लज़ी॑ अुन्ज़िल अ़लल्लजीन आमनू वज्हन्नहारि वक्फ़ुरू॑ आख़िरहू लअ़ल्लहुम् यर्जिअ़ून ज् सला (७२) व ला तुअ्मिनू॑ अिल्ला लिमन् तबिअ़ दीनकुम् त़् क़ुल् अिन्नल्हुदा हुदल्लाहि ला अँयुअ्ता॑ अहदुम्मिस्ल मा॑ अूतीतुम् औ युहा॑ज्जू कुम् अ़िन्द रब्बिकुम् त़् क़ुल् अिन्नल्फ़ज़्ल बियदिल्लाहि ज् युअ्तीहि मैंयशा॑अु त़् वल्लाहु वासिअ़ुन् अ़लीमुन् ज् ला (७३) यख़्तस्सु बिरह्मतिही॑ मैंयशा॑अु त़् वल्लाहु ज़ुल्फ़ज़्लिल्अ़ज़ीमि (७४)

रु. ७ / १५ आ ८

تلك الرسل ٣ ٣٦ آل عمران ٣

دُوْنِ اللّٰهِ ؕ فَاِنْ تَوَلَّوْا فَقُوْلُوا اشْهَدُوْا بِاَنَّا مُسْلِمُوْنَ ۝ يٰۤاَهْلَ
الْكِتٰبِ لِمَ تُحَآجُّوْنَ فِیْۤ اِبْرٰهِيْمَ وَمَاۤ اُنْزِلَتِ التَّوْرٰىةُ وَالْاِنْجِيْلُ
اِلَّا مِنْۢ بَعْدِهٖ ؕ اَفَلَا تَعْقِلُوْنَ ۝ هٰۤاَنْتُمْ هٰۤؤُلَآءِ حَاجَجْتُمْ فِيْمَا
لَكُمْ بِهٖ عِلْمٌ فَلِمَ تُحَآجُّوْنَ فِيْمَا لَيْسَ لَكُمْ بِهٖ عِلْمٌ ؕ وَاللّٰهُ يَعْلَمُ
وَاَنْتُمْ لَا تَعْلَمُوْنَ ۝ مَا كَانَ اِبْرٰهِيْمُ يَهُوْدِيًّا وَّلَا نَصْرَانِيًّا وَّ
لٰكِنْ كَانَ حَنِيْفًا مُّسْلِمًا ؕ وَمَا كَانَ مِنَ الْمُشْرِكِيْنَ ۝ اِنَّ اَوْلَى
النَّاسِ بِاِبْرٰهِيْمَ لَلَّذِيْنَ اتَّبَعُوْهُ وَهٰذَا النَّبِیُّ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا ؕ
وَاللّٰهُ وَلِیُّ الْمُؤْمِنِيْنَ ۝ وَدَّتْ طَّآئِفَةٌ مِّنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ لَوْ
يُضِلُّوْنَكُمْ ؕ وَمَا يُضِلُّوْنَ اِلَّاۤ اَنْفُسَهُمْ وَمَا يَشْعُرُوْنَ ۝ يٰۤاَهْلَ
الْكِتٰبِ لِمَ تَكْفُرُوْنَ بِاٰيٰتِ اللّٰهِ وَاَنْتُمْ تَشْهَدُوْنَ ۝ يٰۤاَهْلَ الْكِتٰبِ
لِمَ تَلْبِسُوْنَ الْحَقَّ بِالْبَاطِلِ وَتَكْتُمُوْنَ الْحَقَّ وَاَنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ ۝
وَقَالَتْ طَّآئِفَةٌ مِّنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ اٰمِنُوْا بِالَّذِیْۤ اُنْزِلَ عَلَى
الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَجْهَ النَّهَارِ وَاكْفُرُوْۤا اٰخِرَهٗ لَعَلَّهُمْ يَرْجِعُوْنَ ۝
وَلَا تُؤْمِنُوْۤا اِلَّا لِمَنْ تَبِعَ دِيْنَكُمْ ؕ قُلْ اِنَّ الْهُدٰى هُدَى اللّٰهِ ۙ
اَنْ يُّؤْتٰۤى اَحَدٌ مِّثْلَ مَاۤ اُوْتِيْتُمْ اَوْ يُحَآجُّوْكُمْ عِنْدَ رَبِّكُمْ ؕ قُلْ
اِنَّ الْفَضْلَ بِيَدِ اللّٰهِ ۚ يُؤْتِيْهِ مَنْ يَّشَآءُ ؕ وَاللّٰهُ وَاسِعٌ عَلِيْمٌ ۝
يَّخْتَصُّ بِرَحْمَتِهٖ مَنْ يَّشَآءُ ؕ وَاللّٰهُ ذُو الْفَضْلِ الْعَظِيْمِ ۝ وَمِنْ

منزل ١

ऐ किताबवालो ! इब्राहीम के बारे में क्यों झगड़ते हो (कि वह यहूदी थे या नसरानी)। तौरात और इन्जील तो उनके बाद उतरी हैं। तुम समझ से क्यों नहीं काम लेते ? (६५) (देखो, तुम लोगों ने) ऐसी बातों में झगड़ा तो किया ही था जिनकी बाबत तुमको जानकारी थी। मगर जिसकी बाबत तुमको (कुछ भी) इल्म नहीं, उसमें तुम क्यों झगड़ा करते हो, और अल्लाह जानता है और तुम नहीं जानते§। (६६) इब्राहीम न यहूदी थे और न नसरानी; बल्कि (हमारे) एक आज्ञाकारी सेवक थे और मुशरिकों में से (भी) न थे☫। (६७) बेशक इब्राहीम के ज़्यादा नज़दीकी तो वह लोग हैं जिन्होंने उनकी पैरवी की (एक ईश्वर को माना), और यह पैग़म्बर (मुहम्मद स०) और (मुसलमान) जो ईमान लाये हैं; और अल्लाह तो ईमान लाने वालों का दोस्त है (६८) (ऐ मुसलमानो !) किताबवालों में से एक गिरोह तो यही चाहता है कि किसी तरह तुमको भटका दे; हालाँकि वह ख़ुद ही भटकते हैं और समझते नहीं हैं। (६९) (ऐ किताबवालो !) अल्लाह की आयतों से क्यों इन्कार करते हो हालाँकि तुम गवाह (तौरात के क़ायल) हो। (७०) ऐ किताबवालो ! क्यों सच में झूठ को मिलाते हो और सच को जानबूझ कर छिपाते हो। (७१) ★

★ रु० ७/१५ आ० ८

और किताबवालों में से एक गिरोह (अपने लोगों को) समझाता है—मुसलमानों पर जो किताब उतरी है, उस पर ईमान शुरू दिन (पहले तो) लाओ और आख़िर दिन (बाद) में उससे इन्कार कर दिया करो। शायद (यह मुसलमान भी) फिर जायँ‡। (७२) और जो तुम्हारे दीन की पैरवी करे, उसके सिवाय दूसरे का एतबार न करो। (ऐ पैग़म्बर) कह दो कि हिदायत (निर्देश) तो वही है, जो हिदायत अल्लाह की तरफ़ से है, (लेकिन डाह से तुम ऐसी बातें) इस लिये (करते हो) कि जो चीज़ तुमको मिली थी वैसी ही चीज़ (किताब) किसी और (याने मुसलमानों) को मिल गई या वह लोग तुम्हारे परवरदिगार के यहाँ तुम पर ग़ालिब (प्रबल) हो जायँ। कह दो कि बड़ाई तो अल्लाह ही के हाथ में है; जिसको चाहे दे और अल्लाह बड़ा गुन्जाइशवाला (सर्वव्यापी) है और (सब कुछ) जानता है। (७३) जिसको चाहे अपनी कृपा के लिए ख़ास चुन ले और अल्लाह की दया अपरम्पार है, (७४)

§ यहूदियों और ईसाइयों से कहा जाता है कि तौरात और इन्जील जिनकी बाबत तुमको कुछ-कुछ ज्ञान था, तुम लोग तो उनकी बाबत भी आपस में झगड़ते रहे हो। लेकिन जिन बातों का तुमको कुछ भी ज्ञान नहीं मसलन हज़रत इब्राहीम अ० की बाबत, जिनके समय तुम्हारा वजूद भी न था, तो यह कहाँ तक मुनासिब है ? ☫ हज़रत इब्राहीम अ० को सब अरब वाले अपना पेशवा मानते थे। यहूदी कहते थे—वह यहूदी थे। इसी तरह मुशरिक उनको अपने धर्मवाला मानते थे। ईसाई उनको ईसाई। लेकिन रसूलुल्लाह कहते थे कि न तो वह यहूदी थे, न ईसाई और न मुशरिक। वह तो एक अल्लाह के मानने वाले थे। इस पर ईसाई और यहूदी मुहम्मद स० से झगड़ते थे। ‡ ख़ैबर के कुछ यहूदियों का षड़यंत्र था कि पहले तो इस्लाम मान कर मुसलमानों में घुलमिल जाओ और फिर उसे बदनाम करके छोड़ दो और साथ में मुसलमानों को भी डगमगा दो। पहले बनावटी तौर पर मुसलमान बन जाओ और फिर ऐब निकाल कर किनारा कर लो कि रसूल को तौरात के मुताबिक़ नहीं पाया।

व मिन् अह्लिल्किताबि मन् अिन् तअ्मन्हु बिक़िन्तारींयुअद्दिही
अिलैक ज् व मिन्हुम् मन् अिन् तअ्मन्हु बिदीनारिल्ला युअद्दिही
अिलैक अिल्ला मा दुम्त अ़लैहि क़ाअिमन् त् जालिक बिअन्नहुम् क़ालू
लैस अ़लैना फ़िल्उम्मीयीन सबीलुन् ज् व यक़ूलून अ़लल्लाहिल्-कजिब व
हुम् यअ़्लमून (७५) बला मन् औफ़ा
बिअ़ह्दिही वत्तक़ा फ़अिन्नल्लाह युहिब्बुल्-
मुत्तक़ीन (७६) अिन्नल्लजीन यश्तरून
बिअ़ह्दिल्लाहि व अैमानिहिम् समनन्
क़लीलन् उलाअिक ला ख़लाक़ लहुम्
फ़िल्आख़िरति व ला युकल्लिमुहुमुल्लाहु व
ला यन्ज़ुरु अिलैहिम् यौमल्क़ियामति व
ला युज़क्कीहिम् स् व लहुम् अ़जाबुन्
अलीमुन् (७७) व अिन्न मिन्हुम्
लफ़रीक़ैंयल्वून अल्सिनतहुम् बिल्किताबि
लितह्सबूहु मिनल्किताबि व मा हुव
मिनल्किताबि ज् व यक़ूलून हुव मिन्
अ़िन्दिल्लाहि व मा हुव मिन् अ़िन्दिल्लाहि ज्
व यक़ूलून अ़लल्लाहिल्कजिब व हुम् यअ़्लमून (७८) मा कान लिबशरिन्
अैंयुअ्तियहुल्लाहुल् - किताब वल्हुक्म वन्नुबूवत सुम्म यक़ूल लिन्नासि कूनू
अ़िबादल्ली मिन् दूनिल्लाहि व लाकिन् कूनू रब्बानीयीन बिमा कुन्तुम्
तुअ़ल्लिमूनल्किताब व बिमा कुन्तुम् तद्रुसून ला (७९) व ला यअ्मुरकुम्
अन् तत्तख़िज़ुल्-मलाअिकत वन्नबीयीन अर्बाबन् त् अयअ्मुरुकुम् बिल्कुफ़्रि
बअ़्द अिज् अन्तुम् मुस्लिमून (८०) ★ व अिज् अख़जल्लाहु
मीसाक़न्नबीयीन लमा आतैतुकुम् मिन् किताबिंव हिक्मतिन् सुम्म
जाअकुम् रसूलुम्-मुसद्दिक़ुल्लिमा मअ़कुम् लतुअ्मिनुन्न बिही व लतन्सुरुन्नहू त्
क़ाल अअक़्रर्तुम् व अख़ज्तुम् अ़ला जालिकुम् असरी त्
क़ालू अक़्रर्ना त् क़ाल फ़श्हदू व अना मअ़कुम् मिनश्शाहिदीन (८१)

★ रु. ८ / १६ / आ ६

اَهْلِ الْكِتٰبِ مَنْ اِنْ تَاْمَنْهُ بِقِنْطَارٍ يُّؤَدِّهٖٓ اِلَيْكَ ۚ وَمِنْهُمْ مَّنْ
اِنْ تَاْمَنْهُ بِدِيْنَارٍ لَّا يُؤَدِّهٖٓ اِلَيْكَ اِلَّا مَا دُمْتَ عَلَيْهِ قَآئِمًا ۗ ذٰلِكَ
بِاَنَّهُمْ قَالُوْا لَيْسَ عَلَيْنَا فِي الْاُمِّيّٖنَ سَبِيْلٌ ۚ وَيَقُوْلُوْنَ عَلَى اللّٰهِ
الْكَذِبَ وَهُمْ يَعْلَمُوْنَ ۝ بَلٰى مَنْ اَوْفٰى بِعَهْدِهٖ وَاتَّقٰى فَاِنَّ
اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُتَّقِيْنَ ۝ اِنَّ الَّذِيْنَ يَشْتَرُوْنَ بِعَهْدِ اللّٰهِ وَاَيْمَانِهِمْ
ثَمَنًا قَلِيْلًا اُولٰٓئِكَ لَا خَلَاقَ لَهُمْ فِي الْاٰخِرَةِ وَلَا يُكَلِّمُهُمُ اللّٰهُ
وَلَا يَنْظُرُ اِلَيْهِمْ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ وَلَا يُزَكِّيْهِمْ ۠ وَلَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۝
وَاِنَّ مِنْهُمْ لَفَرِيْقًا يَّلْوٗنَ اَلْسِنَتَهُمْ بِالْكِتٰبِ لِتَحْسَبُوْهُ مِنَ
الْكِتٰبِ وَمَا هُوَ مِنَ الْكِتٰبِ ۚ وَيَقُوْلُوْنَ هُوَ مِنْ عِنْدِ اللّٰهِ وَمَا
هُوَ مِنْ عِنْدِ اللّٰهِ ۚ وَيَقُوْلُوْنَ عَلَى اللّٰهِ الْكَذِبَ وَهُمْ يَعْلَمُوْنَ ۝
مَا كَانَ لِبَشَرٍ اَنْ يُّؤْتِيَهُ اللّٰهُ الْكِتٰبَ وَالْحُكْمَ وَالنُّبُوَّةَ ثُمَّ يَقُوْلَ
لِلنَّاسِ كُوْنُوْا عِبَادًا لِّيْ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ وَلٰكِنْ كُوْنُوْا رَبّٰنِيّٖنَ بِمَا
كُنْتُمْ تُعَلِّمُوْنَ الْكِتٰبَ وَبِمَا كُنْتُمْ تَدْرُسُوْنَ ۝ وَلَا يَاْمُرَكُمْ
اَنْ تَتَّخِذُوا الْمَلٰٓئِكَةَ وَالنَّبِيّٖنَ اَرْبَابًا ۗ اَيَاْمُرُكُمْ بِالْكُفْرِ بَعْدَ
اِذْ اَنْتُمْ مُّسْلِمُوْنَ ۝ وَاِذْ اَخَذَ اللّٰهُ مِيْثَاقَ النَّبِيّٖنَ لَمَآ اٰتَيْتُكُمْ
مِّنْ كِتٰبٍ وَّحِكْمَةٍ ثُمَّ جَآءَكُمْ رَسُوْلٌ مُّصَدِّقٌ لِّمَا مَعَكُمْ
لَتُؤْمِنُنَّ بِهٖ وَلَتَنْصُرُنَّهٗ ۗ قَالَ ءَاَقْرَرْتُمْ وَاَخَذْتُمْ عَلٰى ذٰلِكُمْ

और किताबवालों में से कोई तो ऐसे हैं कि अगर उनके पास नक़द (रुपये) का ढेर अमानत रखवा दो तो (जब मांगो) तुम्हारे हवाले करें और उनमें से कोई ऐसे हैं कि एक अशर्फ़ी उनके पास अमानत रखवा दो, तो वह तुमको वापिस न दें, जब तक (हर वक़्त तक़ाज़े के लिए) उनके सर पर खड़े न रहो। यह इस लिए कि वह कहते हैं कि जाहिलों के हक़ (मार लेने) की हमसे पूछ-ताछ नहीं होगी♦ और (इस तरह) जान-बूझकर अल्लाह पर झूठ मढ़ते हैं।(७५) हाँ, जो शख़्स अपना इक़रार पूरा करे और अल्लाह से डरे तो अल्लाह (बुराई से) बचनेवालों को दोस्त रखता है।(७६) बेशक जो लोग अल्लाह से किये गये इक़रारों और अपनी क़समों को थोड़ी क़ीमत (लाभ) के लिए त्याग देते हैं तो यही लोग हैं जिनका आख़िरत में कुछ हिस्सा नहीं और क़ियामत के दिन अल्लाह इनसे न तो बात करेगा और न इनकी तरफ़ देखेगा और न इनको सवाँरेगा। इनके लिए तो दुखदायी अज़ाब (दण्ड) है।(७७) और इन्हीं (किताबवालों) में कोई ऐसे हैं जो किताब (तौरात) को पढ़ते वक़्त अपनी ज़बान ऐंठते हैं ताकि तुम समझो कि वह भी किताब का अंश है हालाँकि वह (असल) किताब का हिस्सा नहीं और कहते हैं कि यह अल्लाह के यहाँ से (उतरा) है, हालाँकि वह अल्लाह के यहाँ से नहीं उतरा है, और ये जान-बूझकर अल्लाह पर झूठ गढ़ते हैं।(७८) किसी मनुष्य को शोभा नहीं देता कि अल्लाह तो उसको किताब और हुक्म और पैग़म्बरी दे—और वह लोगों से कहने लगे कि अल्लाह को छोड़कर मेरे बन्दे बनो@ बल्कि (वह कहेगा कि ऐ किताबवालो!) तुम अल्लाह वाले बन जाओ इस लिए कि तुम लोग (दूसरों को) किताब पढ़ाते रहे हो और तुम (ख़ुद भी) पढ़ते हो। (७९) और वह तुमसे यह भी नहीं कहेगा कि तुम फ़रिश्तों और पैग़म्बरों को परवरदिगार मानो—तुम तो इस्लाम मान चुके हो और वह इसके बाद क्या तुम्हें कुफ़्र करने को कहेगा।(८०)★

★ रु. ८/१६ आ ६

और (ऐ पैग़म्बर! याद दिलाओ) जबकि अल्लाह ने पैग़म्बरों से वादा लिया कि मैं तुमको जो किताब और इल्म दूँ फिर कोई (और) पैग़म्बर तुम्हारे पास आये (और) जो तुम्हारे पास (किताबें) हैं उनकी तसदीक़ करे, तो देखो, ज़रूर उस पर ईमान लाना और ज़रूर उसकी मदद करना। (और वादा लेने के बाद अल्लाह ने) पूछा क्या तुमने इक़रार किया? और इन बातों में मेरी डाली ज़िम्मेदारी का बोझ क़ुबूल किया? तो वे बोले हम इक़रार करते हैं। (अल्लाह ने) फ़र्माया अच्छा तो गवाह रहना और गवाहों में मैं भी तुम्हारे साथ गवाह हूँ‡।(८१)

[पेज ८९ से] ताक़त के बारे में अक्सर इसी तरह के शक पैदा होते रहे हैं, और कभी कभी ग़ुरूर या लाइल्मी उनको अज्ञान में डाल देती है। और ऐसे मौक़ों पर नबी ऐसी ही नज़ीरों से इन्सानों का अज्ञान या अहंकार दूर करते आये हैं। वैसे बाज़ आलिमों के मत से यह ज़िक्र हज़रत उज़ैर अ०का है। पहले उनकी समझ में न आता था कि अल्लाह मरनेवालों को कैसे जिला सकता है। जब वह स्वयं मर कर फिर जी उठे तो उनको विश्वास हुआ।

♦ यहूदी कहते थे कि मूर्खों का या अन्य धर्म के माननेवालों का धन जिस प्रकार मिले, हड़प लो। ख़ुदा के यहाँ इसकी कोई पूछ-ताछ न होगी। यह ऐब हर क़ौम के लोगों में अक्सर दाख़िल हो जाता है। वे आपस में पूरे ईमानदार होते हुये भी अपने से ग़ैर फ़िरक़े या क़ौम को धोखा देकर या उनका माल ज़ब्त कर लेने में ऐब नहीं समझते। इस्लाम इसकी निन्दा करता है। @ यहूदी कहते थे कि ईसा अ. ने अल्लाह के अलावा अपनी भी बन्दगी करने के लिए फ़र्माया, इसलिए हम उनको बुरा समझते हैं। इसका जवाब दिया गया है कि वह तो रसूल थे; वह ऐसी ग़लत बात कैसे कह सकते थे? ‡ इस आयत का ख़ुलासा यह है कि अल्लाह ने पिछले नबियों से यह वचन लिया था कि जो किताब व ज्ञान मैंने तुमको दिया है उसका यदि फिर कोई रसूल आकर समर्थन करे तो तुम सब भी उस पर ईमान लाना और उसकी मदद करना। नबियों ने अल्लाह से इसका वचन दिया। इसपर अल्लाह ने इन नबियों को व ख़ुद अपने को इस प्रतिज्ञा का गवाह (साक्षी) बनाया। अर्थात् इस वचन को, अल्लाह व नबियों को साक्षी मानकर, उनके पैरोकार भी मानें। लेकिन अब यहूदी रसूलुल्लाह (मुहम्मद स०) को पैग़म्बर व क़ुर्आन को ईश्वराज्ञा माननेसे हट रहे थे जिनकी पेशींगोई तौरात में पहले से मौजूद है।

फ़मन् तवल्ला बअ्द जालिक फ़अुलाअिक हुमुल्फ़ासिक़ून (८२) अफ़ग़ैर दीनिल्लाहि यब्ग़ून व लहू अस्लम मन् फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि तौअौंव कर्हौंव अिलैहि युर्जअून (८३) क़ुल् आमन्ना बिल्लाहि व मा अुन्ज़िल अलैना व मा अुन्ज़िल अला अिब्राहीम व अिस्माअील व अिस्हाक़ व यअ्क़ूब वल्अस्बाति व मा अूतिय मूसा व अीसा वन्नबीयून मिर्रब्बिहिम् स़् ला नुफ़र्रिक़ु बैन अहदिम्मिन्हुम् ज् व नह्नु लहू मुस्लिमून (८४) व मैंयब्तग़ि ग़ैरल्अिस्लामि दीनन् फ़लैंयुक़्बल मिन्हु ज् व हुव फ़िल्आख़िरति मिनल्ख़ासिरीन (८५) कैफ़ यह्दिल्लाहु क़ौमन् कफ़रू बअ्द अीमानिहिम् व शहिदू अन्नर्रसूल हक़्क़ूंव जाअ हुमुल्बैयिनातु त् वल्लाहु ला यह्दिल्क़ौमज्ज़ालिमीन (८६) अुलाअिक जज़ाअुहुम् अन्न अलैहिम् लअ्नतल्लाहि वल्मलाअिकति वन्नासि अज्मअीन ला (८७) ख़ालिदीन फ़ीहा ज् ला युख़फ़्फ़फ़ु अन्हुमुल्अज़ाबु व ला हुम् युन्ज़रून ला (८८) अिल्लल्लजीन ताबू मिम्बअ्दि जालिक व अस्लहू क़िफ़् फ़अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (८९) अिन्नल्लजीन कफ़रू बअ्द अीमानिहिम् सुम्मज़्दादू कुफ़्रल्लन् तुक़्बल तौबतुहुम् ज् व अुलाअिक हुमुज़्ज़ाल्लून (९०) अिन्नल्लजीन कफ़रू व मातू व हुम् कुफ़्फ़ारुन् फ़लैंयुक़्बल मिन् अहदि हिम्मिल्अुल्अर्ज़ि ज़हबौंव लविफ़्तदा बिही त् अुलाअिक लहुम् अज़ाबुन् अलीमूंव मा लहुम् मिन्नासिरीन (९१) ★

تلك الرسل ۳ ۴۸ آل عمرٰن ۳

اِصْرِیْ ؕ قَالُوْٓا اَقْرَرْنَا ؕ قَالَ فَاشْهَدُوْا وَاَنَا مَعَكُمْ مِّنَ الشّٰهِدِیْنَ ﴿۸۱﴾ فَمَنْ تَوَلّٰی بَعْدَ ذٰلِكَ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْفٰسِقُوْنَ ﴿۸۲﴾ اَفَغَیْرَ دِیْنِ اللّٰهِ یَبْغُوْنَ وَلَهٗٓ اَسْلَمَ مَنْ فِی السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ طَوْعًا وَّكَرْهًا وَّاِلَیْهِ یُرْجَعُوْنَ ﴿۸۳﴾ قُلْ اٰمَنَّا بِاللّٰهِ وَمَآ اُنْزِلَ عَلَیْنَا وَمَآ اُنْزِلَ عَلٰٓی اِبْرٰهِیْمَ وَاِسْمٰعِیْلَ وَاِسْحٰقَ وَیَعْقُوْبَ وَالْاَسْبَاطِ وَمَآ اُوْتِیَ مُوْسٰی وَعِیْسٰی وَالنَّبِیُّوْنَ مِنْ رَّبِّهِمْ ۪ لَا نُفَرِّقُ بَیْنَ اَحَدٍ مِّنْهُمْ ۫ وَنَحْنُ لَهٗ مُسْلِمُوْنَ ﴿۸۴﴾ وَمَنْ یَّبْتَغِ غَیْرَ الْاِسْلَامِ دِیْنًا فَلَنْ یُّقْبَلَ مِنْهُ ۚ وَهُوَ فِی الْاٰخِرَةِ مِنَ الْخٰسِرِیْنَ ﴿۸۵﴾ كَیْفَ یَهْدِی اللّٰهُ قَوْمًا كَفَرُوْا بَعْدَ اِیْمَانِهِمْ وَشَهِدُوْٓا اَنَّ الرَّسُوْلَ حَقٌّ وَّجَآءَهُمُ الْبَیِّنٰتُ ؕ وَاللّٰهُ لَا یَهْدِی الْقَوْمَ الظّٰلِمِیْنَ ﴿۸۶﴾ اُولٰٓئِكَ جَزَآؤُهُمْ اَنَّ عَلَیْهِمْ لَعْنَةَ اللّٰهِ وَالْمَلٰٓئِكَةِ وَالنَّاسِ اَجْمَعِیْنَ ﴿۸۷﴾ خٰلِدِیْنَ فِیْهَا ۚ لَا یُخَفَّفُ عَنْهُمُ الْعَذَابُ وَلَا هُمْ یُنْظَرُوْنَ ﴿۸۸﴾ اِلَّا الَّذِیْنَ تَابُوْا مِنْۢ بَعْدِ ذٰلِكَ وَاَصْلَحُوْا ۫ فَاِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِیْمٌ ﴿۸۹﴾ اِنَّ الَّذِیْنَ كَفَرُوْا بَعْدَ اِیْمَانِهِمْ ثُمَّ ازْدَادُوْا كُفْرًا لَّنْ تُقْبَلَ تَوْبَتُهُمْ ۚ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الضَّآلُّوْنَ ﴿۹۰﴾ اِنَّ الَّذِیْنَ كَفَرُوْا وَمَاتُوْا وَهُمْ كُفَّارٌ فَلَنْ یُّقْبَلَ مِنْ اَحَدِهِمْ مِّلْءُ الْاَرْضِ ذَهَبًا وَّلَوِ افْتَدٰی بِهٖ ؕ اُولٰٓئِكَ لَهُمْ عَذَابٌ اَلِیْمٌ وَّمَا لَهُمْ مِّنْ نّٰصِرِیْنَ ﴿۹۱﴾

منزل

★ रु. ९ | १७ आ ११

॥ इति तीसरा पारः ॥

तो इसके बाद भी जो कोई (वादे से) फिर जावे तो वही लोग बेहुक्म (अवज्ञाकारी) हैं।(८२) (तो) क्या यह लोग अल्लाह के दीन के सिवाय किसी और दीन की तलाश में हैं ? हालांकि जो (भी लोग) आसमानों और ज़मीन में हैं खुशी से या लाचारी से अल्लाह के फ़र्मांबर्दार हैं और उसी की तरफ़ सबको लौटकर जाना है।(८३) (ऐ पैग़म्बर !) कहो हम अल्लाह पर ईमान लाये और जो किताब हम पर उतरी है उस पर और जो सहीफ़े (किताबें) इब्राहीम और इस्माईल और इसहाक़ और याक़ूब और याक़ूब की औलाद पर उतरे उन पर और मूसा और ओसा और दूसरे पैग़म्बरों को जो (किताबें) उनके पालनकर्त्ता की तरफ़ से मिलीं हम उनमें से किसी को जुदा नहीं करते और हम तो उसी एक अल्लाह के हुक्म पर हैं।(८४) और जो शख़्स अल्लाह के दीन के सिवा किसी और दीन को तलाश करेगा तो (अल्लाह के यहाँ) उसका वह दीन हरगिज़ क़बूल नहीं और वह आख़िरत में नुक़सान उठानेवालों में से होगा।(८५) अल्लाह ऐसे लोगों को क्यों हिदायत देने लगा जो ईमान लाने के बाद इन्कार करने लगे और (जबकि) वह इक़रार कर चुके थे कि पैग़म्बर (आख़िरी नबी यानी मुहम्मद स०) सच्चा है और उनके पास खुले सुबूत भी आ चुके और अल्लाह (ऐसे) ज़ालिमों को हिदायत नहीं दिया करता।(८६) ऐसे लोगों की सज़ा यह है कि इन पर अल्लाह की और फ़रिश्तों की और लोगों की सबकी लानत (हो) (८७) कि उसी (लानत) में हमेशा रहेंगे, न तो इनकी सज़ा ही हल्की की जायगी और न उनको मुहलत ही दी जायगी।(८८) हाँ, जिन लोगों ने इसके बाद तौबः की और (अपना) सुधार कर लिया, तो अल्लाह बड़ा बख़्शनेवाला बड़ा मेहरबान है।(८९) बेशक जो लोग ईमान लाने के बाद फिर बैठे, फिर उनकी इन्कारी बढ़ती (ही) गई तो ऐसों की तौबः किसी तरह क़ुबूल नहीं होगी और यही लोग भटके हुए हैं।(९०) बेशक जो लोग काफ़िर (इन्कारी) हुए और इन्कारी ही की हालत में मर गये तो उनमें का कोई शख़्स ज़मीन के बराबर भी सोना बदले में देना चाहे तो हरगिज़ क़ुबूल नहीं किया जायगा। यही लोग हैं जिनको दुखदाई सज़ा होगी और उनका कोई भी मददगार नहीं होगा।(९१)☆

★ रु. ९/१७ आ ११

॥ इति तीसरा पारः ॥

[पेज ९९ से] हिजरी के इर्द गिर्द नाज़िल होती रही। आयात १-२० में पिछली किताबों की तसदीक़ करते हुये क़ुर्आन का प्रकाश, उसको समझने और एक महज़ अल्लाह की भक्ति और सच्चे दीन पर ईमान लाने के रास्ते में रुकावटों को उखाड़ फेंकने की हिदायत है। आ. २१-३० में जिनके पास किताब का कुछ इल्म है, वे अगर पूरी किताब याने क़ुर्आन को मानने से इन्कार करते हैं तो मुसलमानों को ऐसे किताबवालों से बिलकुल क़तातअल्लुक़ कर लेने की हिदायत है। आ. ३१-६३ में इम्रान के खान्दान (यहूदियों) से लेकर हज़रत ईसा अ० व उनके चमत्कारों का बयान है। आ. ६४-१२० में कहा गया है कि ईश्वरीय ज्ञान नबियों के ज़रिये हमेशा उतरता रहा है और क़ुर्आन में आकर उस ज्ञान की पूर्णता हुई है और सारे मतभेद ख़त्म हो गये हैं। मुसलमानों को आपस में प्रेम और संगठन से रहने और काफ़िरों की दोस्ती से बाज़ रहने की हिदायत और अल्लाह की ओर से दुश्मनों के मुक़ाबिल उनकी हमेशा सरसब्ज़ी का इत्मीनान दिया गया है। आ. १२१-१४८ में बदर की लड़ाई में सब्र, ईमान, क़ुर्बानी और साबितक़दमी पर क़ायम रहना अल्लाह की मदद का नमूना है। उसके बरक्स ऊहद की लड़ाई में मुसलमानों को अपनी अन्दरूनी कमज़ोरियों को दूर करने की नसीहत मिलती है। अल्लाह पर भरोसा रख कर जिहाद करने वालों को दुनिया और आख़िरत दोनों में ईनाम (पुरस्कार) है। आ. १४९-१८० में मुसलमानों के नुक़सान के ज़िम्मेदार उनमें के ही कुछ मुनाफ़िक़ ख़ुदग़रज़, बुज़दिल और ढुलमुलयक़ीन लोगों का ज़िक्र है, लेकिन उनके बावजूद अल्लाह के रास्ते पर चलने वालों का कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता आ. १८१-२०० में दुश्मनों की फ़िक़राकशी की परवाह न करते हुये अल्लाह की इबादत की हिदायत है जिससे कामयाबी और बहबूदी में फिर कोई शक नहीं रहता।

चौथा पारः लन्तना

☪ सूरः आलि अ़िम्रान आयात ९२ से २०० ☪

लन्तना लुल्बिर्र हत्ता तुन्फ़िक़ू मिम्मा तुहिब्बून ۵ त् व मा तुन्फ़िक़ू मिन् शैअिन् फ़अिन्नल्लाह बिहि अ़लीमुन् (९२) कुल्लुत्तआ़मि कान हिल्ललिबनी अिस्राअील अिल्ला मा हर्रम अिस्राअीलु अ़ला नफ़्सिहि मिन् क़ब्लि अन्तुनज़्ज़लत्तौरातु त् क़ुल् फ़अ्तूबित्तौराति फ़त्लूहा अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (९३) फ़मनिफ़्तरा अ़लल्लाहिल्कज़िब मिम्बअ़्दि ज़ालिक फ़अुलाअिक हुमुज़्ज़ालिमून ● (९४) क़ुल् सदक़ल्लाहु क़िफ़् फ़त्तबिअ़ू मिल्लत अिब्राहीम हनीफ़न् त् व मा कान मिनल्मुश्रिकीन (९५) अिन्न औवल बैतिंव्वुज़िअ़ लिन्नासि लल्लज़ी बिबक्कत मुबारकौंव हुदल्लिल्आ़लमीन ज (९६) फ़ीहि आयातुम् बैयिनातुम्-मक़ामु अिब्राहीम ۵ ज् व मन् दख़लहू कान आमिनन् त् व लिल्लाहि अ़लन्नासि हिज्जुल्बैति मनिस्तताअ़ अिलैहि सबीलन् त् व मन् कफ़र फ़अिन्नल्लाह ग़नीयुन् अ़निल्आ़लमीन (९७) क़ुल् या अह्लल्किताबि लिम तक्फ़ुरून बिआयातिल्लाहि क़् सला वल्लाहु शहीदुन् अ़ला मा तअ़्मलून (९८) क़ुल् या अह्लल्किताबि लिम तसुद्दून अ़न् सबीलिल्लाहि मन् आमन तब्ग़ूनहा अ़िवजौंव अन्तुम् शुहदाअु त् व मल्लाहु बिग़ाफ़िलिन् अ़म्मा तअ़्मलून (९९) या अैयुहल्लज़ीन आमनू अिन् तुत़ीअ़ू फ़रीक़म्मिनल्लज़ीन अूतुल्किताब यरुद्दूकुम् बअ़्द ईमानिकुम् काफ़िरीन (१००) व कैफ़ तक्फ़ुरून व अन्तुम् तुत्ला अ़लैकुम् आयातुल्लाहि व फ़ीकुम् रसूलुहू त् व मैंयअ़्तसिम् बिल्लाहि फ़क़द् हुदिय अिला सिरातिम्-मुस्तक़ीमिन् (१०१) ★

व. जिब्. अ.

★ रु. १०/१ आ. १०

لَنْ تَنَالُوا الْبِرَّ حَتّٰى تُنْفِقُوْا مِمَّا تُحِبُّوْنَ ۬ وَمَا تُنْفِقُوْا مِنْ
شَيْءٍ فَاِنَّ اللّٰهَ بِهٖ عَلِيْمٌ ۝٩٢ كُلُّ الطَّعَامِ كَانَ حِلًّا لِّبَنِيْٓ
اِسْرَآءِيْلَ اِلَّا مَا حَرَّمَ اِسْرَآءِيْلُ عَلٰى نَفْسِهٖ مِنْ قَبْلِ اَنْ
تُنَزَّلَ التَّوْرٰىةُ ۭ قُلْ فَاْتُوْا بِالتَّوْرٰىةِ فَاتْلُوْهَآ اِنْ كُنْتُمْ
صٰدِقِيْنَ ۝٩٣ فَمَنِ افْتَرٰى عَلَى اللّٰهِ الْكَذِبَ مِنْۢ بَعْدِ ذٰلِكَ
فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الظّٰلِمُوْنَ ۝٩٤ قُلْ صَدَقَ اللّٰهُ ۣ فَاتَّبِعُوْا مِلَّةَ اِبْرٰهِيْمَ
حَنِيْفًا ۭ وَمَا كَانَ مِنَ الْمُشْرِكِيْنَ ۝٩٥ اِنَّ اَوَّلَ بَيْتٍ وُّضِعَ
لِلنَّاسِ لَلَّذِيْ بِبَكَّةَ مُبٰرَكًا وَّهُدًى لِّلْعٰلَمِيْنَ ۝٩٦ فِيْهِ اٰيٰتٌۢ
بَيِّنٰتٌ مَّقَامُ اِبْرٰهِيْمَ ڬ وَمَنْ دَخَلَهٗ كَانَ اٰمِنًا ۭ وَلِلّٰهِ عَلَى
النَّاسِ حِجُّ الْبَيْتِ مَنِ اسْتَطَاعَ اِلَيْهِ سَبِيْلًا ۭ وَمَنْ كَفَرَ
فَاِنَّ اللّٰهَ غَنِيٌّ عَنِ الْعٰلَمِيْنَ ۝٩٧ قُلْ يٰٓاَھْلَ الْكِتٰبِ لِمَ تَكْفُرُوْنَ
بِاٰيٰتِ اللّٰهِ ڰ وَاللّٰهُ شَهِيْدٌ عَلٰي مَا تَعْمَلُوْنَ ۝٩٨ قُلْ يٰٓاَھْلَ الْكِتٰبِ
لِمَ تَصُدُّوْنَ عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ مَنْ اٰمَنَ تَبْغُوْنَهَا عِوَجًا وَّاَنْتُمْ
شُهَدَاۗءُ ۭ وَمَا اللّٰهُ بِغَافِلٍ عَمَّا تَعْمَلُوْنَ ۝٩٩ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا
اِنْ تُطِيْعُوْا فَرِيْقًا مِّنَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ يَرُدُّوْكُمْ بَعْدَ اِيْمَانِكُمْ
كٰفِرِيْنَ ۝١٠٠ وَكَيْفَ تَكْفُرُوْنَ وَاَنْتُمْ تُتْلٰى عَلَيْكُمْ اٰيٰتُ اللّٰهِ وَفِيْكُمْ
رَسُوْلُهٗ ۭ وَمَنْ يَّعْتَصِمْ بِاللّٰهِ فَقَدْ هُدِيَ اِلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ۝١٠١

منزل ۱

चौथा पारः लन्तना

सूरः आलि अिम्रान आयात ९२ से २००

जब तक तुम अपनी प्यारी चीज़ों में से (राहे अल्लाह में) ख़र्च न करोगे, हरगिज़ भलाई हासिल न कर सकोगे। और जो तुम ख़र्च करते (रहते हो) अल्लाह को ख़ूब मालूम है। (९२) कुछ चीज़ें याक़ूब ने (सिर्फ़) अपने ऊपर (बजरूरत इलाज) हराम§ कर ली थीं। इस (बात) के अलावा तौरात के उतरने से पहले खाने की सब चीज़ें याक़ूब की सन्तान के लिए हलाल थीं। (ऐ पैग़म्बर) कहो कि अगर तुम सच्चे हो तो तौरात ले आओ और ख़ुद उसको पढ़ो देखो। (९३) फिर इसके बाद भी जो कोई अल्लाह पर झूठ बातें मढ़े तो ऐसे ही लोग अन्यायी हैं ● । (९४) कहो कि अल्लाह ने सच फ़र्मा दिया सो इब्राहीम के तरीक़े की पैरवी करो जो एक अल्लाह के हो रहे थे और मुशरिकों (बहुदेव पूजकों) में से न थे। (९५) लोगों के लिए जो (अिबादत का) घर सबसे पहले ठहराया गया वह यही है जो मक्के में है। बरकत (बढ़ती) वाला और दुनिया जहान के लोगों के लिए राह दिखानेवाला है। (९६) इसमें खुली हुई निशानियाँ हैं (जिनमें से एक) इब्राहीम के खड़े होने की जगह (इबादतगाह) है और जो इस घर में आ दाख़िल हुआ, चैन में आ गया♦। और लोगों पर अल्लाह के प्रति कर्त्तव्य है कि जिनको उस तक पहुँचने की शक्ति हो, काबे के घर की हज्ज करें और जो उससे मुन्किर (विमुख) हो तो (जानलो) अल्लाह जहान के लोगों की ओर से बेपरवाह (निरपेक्ष) है। (९७) (पैग़म्बर!) कहो कि ऐ किताबवालो! अल्लाह के कलाम से क्यों इन्कार करते हो और तुम्हारी करतूतों को अल्लाह ख़ूब देखता है। (९८) कहो कि ऐ किताबवालो! ईमान ले आनेवालों को नुक़्स निकाल-निकालकर अल्लाह की राह से क्यों रोकते हो? (जबकि सच यह है) कि तुम ख़ुद उसके गवाह हो और अल्लाह तुम्हारी करतूतों से बेख़बर नहीं है (९९) ऐ ईमानवालो! अगर तुम बाज़ किताबवालों का कहा मान लोगे तो वह तुमको ईमान लाने के बाद फिर काफ़िर बना छोड़ेंगे†। (१००) और तुम कैसे कुफ़्र (इन्कारी) अपनाओगे जबकि अल्लाह की आयतें तुमको पढ़-पढ़कर सुनाई जाती हैं और उसके रसूल तुममें मौजूद हैं। और जिसने अल्लाह (की हिदायत) को मज़बूती से पकड़ लिया, तो वह ज़रूर सीधे रास्ते लग गया। (१०१) ★

● व. जि ब. अ.

★ रु. १० — १ आ १०

---

§ यहूदी कहते थे कि ऐ मुहम्मद! तुम इब्राहीम अ० के धर्म पर चलने का दावा करते हो, तो वह चीज़ें क्यों खाते हो जो याक़ूब नहीं खाते थे, जैसे ऊँट का मांस। इसका जवाब दिया गया है कि तौरात उतरने से पूर्व सब चीज़ें इब्राहीम अ० की संतान के लिए हलाल थीं यानी उनको किसी चीज़ का खाना मना न था। याक़ूब अ. भी हर चीज़ खा सकते थे, पर वह एक बीमारी के कारण ऊँट का गोश्त न खाते थे। तौरात में कहीं नहीं लिखा है कि ऊँट का मांस खाना मना है। ♦ क़ुर्आन उतरने से पहले ज़माना जाहिलियत में भी काबा की इतनी इज्ज़त थी कि कोई अपने ख़ूनी दुश्मन को भी वहाँ मौजूद पा कर उस पर हाथ न उठा सकता था। काबा में दाख़िल हो गया, मानो ख़तरों से बच कर अमन में आगया। † किताबवाले मुसलमानों को बहकाने के लिए अपनी तरफ़ से जोड़-जोड़कर बातें बनाते थे और कहते थे, ये बातें तौरात में लिखी हैं और चूँकि तुम्हारे रसूल तौरात की भी ताईद करते हैं तो इन बातों को तुम क्यों नहीं मानते। इस लिए मुसलमानों को हिदायत दी गई कि शुबहा वाले लोगों या विरोधियों की बात ही न सुनो।

या अैयुहल्लजीन आमनुत्तक़ुल्लाह हक़्क़ तुक़ातिही व ला तमूतुन्न अिल्ला व अन्तुम् मुस्लिमून (१०२) वऽतसिमू बिहब्लिल्लाहि जमीअौंव ला तफ़र्रक़ू त़ वज्कुरू निऽमतल्लाहि अलैकुम् अिज् कुन्तुम् अऽदाअन् फ़अल्लफ़ बैन क़ुलूबिकुम् फ़अस्बहतुम् बिनिऽमतिही अिख़्वानन् ज व कुन्तुम् अला शफ़ा हुफ़्रतिम् मिनन्नारि फ़अन्क़जकुम् मिन्हा त़ कजालिक युबैयिनुल्लाहु लकुम् आयातिही लअल्लकुम् तह्तदून (१०३) वल्तकुम्-मिन्कुम् अुम्मतुँय्यद्अून अिलल्ख़ैरि व यअ्मुरून बिलमऽरूफ़ि व यन्हौन अनिल्मुन्करि त़ व अुलाअिक हुमुल्मुफ़्लिहून (१०४) व ला तकूनू कल्लजीन तफ़र्रक़ू वख़्तलफ़ू मिम्बऽदि मा जाअ हुमुलबैयिनातु त़ व अुलाअिक लहुम् अजाबुन् अजीमुन् ला (१०५) य्यौम तब्यज़्ज़ु वुजूहुँव तस्वद्दु वुजूहुन् ज फ़अम्मल्-लजीनस्-वद्दत् वुजूहुहुम् क़िफ़ अकफ़र्तुम् बऽद ईमानिकुम् फ़ज़ूक़ुल्अजाब बिमा कुन्तुम् तक्फ़ुरून (१०६) व अम्मल्लजीनब्यज़्ज़त् वुजूहुहुम् फ़फ़ी रह्मतिल्लाहि त़ हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (१०७) तिल्क आयातुल्लाहि नत्लूहा अलैक बिल्हक़्क़ि त़ व मल्लाहु युरीदु ज़ुल्मल्लिल्-आलमीन (१०८) व लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त़ व अिलल्लाहि तुर्जअुल्अुमूरु (१०९) ★ कुन्तुम् ख़ैर अुम्मतिन् अुख़्रिजत् लिन्नासि तअ्मुरून बिलमऽरूफ़ि व तन्हौन अनिल्मुन्करि व तुअ्मिनून बिल्लाहि त़ व लौ आमन अह्लुल्-किताबि लकान ख़ैरल्लहुम् त़ मिन्हुमुल्मुअ्मिनून व अक्सरु हुमुल्फ़ासिक़ून (११०)

لن تنالوا ٤ — ٥٠ — ال عمران ٣

يٰاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ حَقَّ تُقٰتِهٖ وَلَا تَمُوْتُنَّ اِلَّا وَاَنْتُمْ مُّسْلِمُوْنَ ۝ وَاعْتَصِمُوْا بِحَبْلِ اللّٰهِ جَمِيْعًا وَّلَا تَفَرَّقُوْا ۠ وَاذْكُرُوْا نِعْمَتَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ اِذْ كُنْتُمْ اَعْدَآءً فَاَلَّفَ بَيْنَ قُلُوْبِكُمْ فَاَصْبَحْتُمْ بِنِعْمَتِهٖٓ اِخْوَانًا ۚ وَكُنْتُمْ عَلٰى شَفَا حُفْرَةٍ مِّنَ النَّارِ فَاَنْقَذَكُمْ مِّنْهَا ؕ كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللّٰهُ لَكُمْ اٰيٰتِهٖ لَعَلَّكُمْ تَهْتَدُوْنَ ۝ وَلْتَكُنْ مِّنْكُمْ اُمَّةٌ يَّدْعُوْنَ اِلَى الْخَيْرِ وَيَاْمُرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ وَيَنْهَوْنَ عَنِ الْمُنْكَرِ ؕ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ۝ وَلَا تَكُوْنُوْا كَالَّذِيْنَ تَفَرَّقُوْا وَاخْتَلَفُوْا مِنْۢ بَعْدِ مَا جَآءَهُمُ الْبَيِّنٰتُ ؕ وَاُولٰٓئِكَ لَهُمْ عَذَابٌ عَظِيْمٌ ۝ يَّوْمَ تَبْيَضُّ وُجُوْهٌ وَّتَسْوَدُّ وُجُوْهٌ ۚ فَاَمَّا الَّذِيْنَ اسْوَدَّتْ وُجُوْهُهُمْ ۣ اَكَفَرْتُمْ بَعْدَ اِيْمَانِكُمْ فَذُوْقُوا الْعَذَابَ بِمَا كُنْتُمْ تَكْفُرُوْنَ ۝ وَاَمَّا الَّذِيْنَ ابْيَضَّتْ وُجُوْهُهُمْ فَفِيْ رَحْمَةِ اللّٰهِ ؕ هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ۝ تِلْكَ اٰيٰتُ اللّٰهِ نَتْلُوْهَا عَلَيْكَ بِالْحَقِّ ؕ وَمَا اللّٰهُ يُرِيْدُ ظُلْمًا لِّلْعٰلَمِيْنَ ۝ وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ؕ وَاِلَى اللّٰهِ تُرْجَعُ الْاُمُوْرُ ۝ كُنْتُمْ خَيْرَ اُمَّةٍ اُخْرِجَتْ لِلنَّاسِ تَاْمُرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ وَتَنْهَوْنَ عَنِ الْمُنْكَرِ وَتُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ ؕ وَلَوْ اٰمَنَ اَهْلُ الْكِتٰبِ لَكَانَ خَيْرًا لَّهُمْ ؕ مِنْهُمُ الْمُؤْمِنُوْنَ وَاَكْثَرُهُمُ الْفٰسِقُوْنَ ۝ لَنْ يَّضُرُّوْكُمْ اِلَّآ اَذًى ؕ وَ

منزل ١

★ रु. ११ । २ आ. ८

ऐ ईमानवालो ! अल्लाह से डरो जैसा कि उससे डरने का हक़ है और मुसलमान रह कर ही मरना। (१०२) और तुम सब मज़बूती से अल्लाह की रस्सी पकड़े रहो और आपस में फूट न पैदा करना और अपने ऊपर अल्लाह का वह एहसान याद रखो कि जब तुम आपस में दुश्मन थे, फिर अल्लाह ने तुम्हारे दिलों में मुहब्बत पैदा कर दी और तुम उसकी कृपा से (परस्पर) भाई-भाई हो गये, और तुम आग के गढ़े (नरक) के किनारे खड़े थे§ फिर उसने तुमको उससे बचा लिया। इसी तरह अल्लाह अपने हुक्म (तुमसे) खोल-खोलकर बयान करता है ताकि तुम सच्चे मार्ग पर रहो। (१०३) और तुममें से एक ऐसी जमात भी होना चाहिए जो नेक कामों की तरफ़ बुलाये और अच्छे काम करने की शिक्षा देता रहे और बुरे कामों से मना करे और ऐसे ही लोग (अपनी) मुराद को पहुँचेंगे। (१०४) और उन जैसे न होना जो अपने पास खुले-खुले हुक्म आने के बाद भी आपस में भेद डालने लगे और अलग-अलग बट गये। और यही हैं जिनको (आख़िरत में) बड़ी सज़ा होगी। (१०५) उस दिन (कुछ के) चेहरे सफ़ेद और (कुछ के) चेहरे काले होंगे, तो जिनके चेहरे काले होंगे उनसे कहा जायगा कि क्या तुम ईमान लाने के बाद काफ़िर हो गये थे? तो अपने कुफ़्र की सज़ा में अज़ाब (दण्ड) भोगो। (१०६) और जिनके चेहरे उजले (चमक रहे होंगे) वह अल्लाह की रहमत (कृपा) में होंगे, और उसी में हमेशा रहेंगे। (१०७) (ऐ पैग़म्बर !) यह अल्लाह की आयतें हैं जो हम तुमको सही-सही पढ़कर सुनाते हैं और अल्लाह दुनिया जहान के लोगों पर ज़ुल्म नहीं चाहता। (१०८) और जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है सब अल्लाह ही का है और (सब) मुआमलों को अल्लाह ही के समाने पेश होना है। (१०९)★

★ रु. ११/२ आ ८

तुम लोग सब से श्रेष्ठ उम्मत (संगत) हो जो लोगों के लिए पैदा की गई है, कि भली बात का हुक्म देते हो और बुरी बातों को मना करते हो और अल्लाह पर ईमान रखते हो, और अगर किताबवाले (यहूदी) भी ईमान ले आते तो उनके हक़ में बहुत भला होता। उनमें से थोड़े ईमान वाले भी हैं लेकिन उनमें ज़्यादातर इन्कारी (अवज्ञाकारी) हैं ! (११०)

§ इस्लाम से पहले अरब के लोगों की हालत की तरफ़ इशारा है। क़बीले आपस में लड़ कर मर मिट रहे थे (देखिये फुटनोट § पेज ४३)। आज वह इस्लाम के झण्डे के नीचे एक रूह हो रहे थे।

लैयज़ुर्रूकुम् अिल्ला अज़न् त़् व ओंयुक़ातिलूकुम् युवल्लू कुमुल्अद्बार क़िफ़ सुम्म ला युन्सरून (१११) ज़ुरिबत् अलैहिमुज्जिल्लतु अैनमा सुक़िफ़ू अिल्ला बिह्ब्लिम्-मिनल्लाहि वह्ब्लिम्-मिनन्नासि व बाऊ बिग़ज़बिम्-मिनल्लाहि व ज़ुरिबत् अलैहिमुल् - मस्कनतु त़् ज़ालिक बिअन्नहुम् कानू यक्फ़ुरून बिआयातिल्लाहि व यक़्तुलूनल् - अम्बियाअ बिग़ैरि हक़्क़िन् त़् ज़ालिक बिमा असौ व्व कानू यअ्तदून क (११२) लैसू सवाअन् त़् मिन् अह्लिल् - किताबि अुम्मतुन् क़ाअिमतुंय्यत्लून आयातिल्लाहि आनाअल्लैलि व हुम् यस्जुदून (११३) युअ्मिनून बिल्लाहि वल्-यौमिल् - आख़िरि व यअ्मुरून बिलमअ्रूफ़ि व यन्हौन अनिलमुन्करि व युसारिअून फ़िल्ख़ैराति त़् व अुलाअिक मिनस्सालिहीन (११४) व मा यफ़्अलू मिन् ख़ैरिन् फ़लैंयुक्फ़रूहु त़् वल्लाहु अलीमुम् - बिलमुत्तक़ीन (११५) अिन्नल्लजीन कफ़रू लन् तुग़्निय अन्हुम्

إِنْ يُقَاتِلُوكُمْ يُوَلُّوكُمُ الْأَدْبَارَ ثُمَّ لَا يُنْصَرُونَ ﴿١١١﴾ ضُرِبَتْ عَلَيْهِمُ الذِّلَّةُ أَيْنَ مَا ثُقِفُوا إِلَّا بِحَبْلٍ مِنَ اللَّهِ وَحَبْلٍ مِنَ النَّاسِ وَبَاءُوا بِغَضَبٍ مِنَ اللَّهِ وَضُرِبَتْ عَلَيْهِمُ الْمَسْكَنَةُ ذَٰلِكَ بِأَنَّهُمْ كَانُوا يَكْفُرُونَ بِآيَاتِ اللَّهِ وَيَقْتُلُونَ الْأَنْبِيَاءَ بِغَيْرِ حَقٍّ ذَٰلِكَ بِمَا عَصَوْا وَكَانُوا يَعْتَدُونَ ﴿١١٢﴾ لَيْسُوا سَوَاءً مِنْ أَهْلِ الْكِتَابِ أُمَّةٌ قَائِمَةٌ يَتْلُونَ آيَاتِ اللَّهِ آنَاءَ اللَّيْلِ وَهُمْ يَسْجُدُونَ ﴿١١٣﴾ يُؤْمِنُونَ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ وَيَأْمُرُونَ بِالْمَعْرُوفِ وَيَنْهَوْنَ عَنِ الْمُنْكَرِ وَيُسَارِعُونَ فِي الْخَيْرَاتِ وَأُولَٰئِكَ مِنَ الصَّالِحِينَ ﴿١١٤﴾ وَمَا يَفْعَلُوا مِنْ خَيْرٍ فَلَنْ يُكْفَرُوهُ وَاللَّهُ عَلِيمٌ بِالْمُتَّقِينَ ﴿١١٥﴾ إِنَّ الَّذِينَ كَفَرُوا لَنْ تُغْنِيَ عَنْهُمْ أَمْوَالُهُمْ وَلَا أَوْلَادُهُمْ مِنَ اللَّهِ شَيْئًا وَأُولَٰئِكَ أَصْحَابُ النَّارِ هُمْ فِيهَا خَالِدُونَ ﴿١١٦﴾ مَثَلُ مَا يُنْفِقُونَ فِي هَٰذِهِ الْحَيَاةِ الدُّنْيَا كَمَثَلِ رِيحٍ فِيهَا صِرٌّ أَصَابَتْ حَرْثَ قَوْمٍ ظَلَمُوا أَنْفُسَهُمْ فَأَهْلَكَتْهُ وَمَا ظَلَمَهُمُ اللَّهُ وَلَٰكِنْ أَنْفُسَهُمْ يَظْلِمُونَ ﴿١١٧﴾ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا لَا تَتَّخِذُوا بِطَانَةً مِنْ دُونِكُمْ لَا يَأْلُونَكُمْ خَبَالًا وَدُّوا مَا عَنِتُّمْ قَدْ بَدَتِ الْبَغْضَاءُ مِنْ أَفْوَاهِهِمْ وَمَا تُخْفِي صُدُورُهُمْ أَكْبَرُ قَدْ بَيَّنَّا لَكُمُ الْآيَاتِ إِنْ كُنْتُمْ تَعْقِلُونَ ﴿١١٨﴾ هَا أَنْتُمْ أُولَاءِ تُحِبُّونَهُمْ وَلَا يُحِبُّونَكُمْ وَتُؤْمِنُونَ بِالْكِتَابِ

अम्वालुहुम् वला औलादुहुम् मिनल्लाहि शैअन् त़् व अुलाअिक अस्हाबुन्नारि ज हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (११६) मसलु मा युन्फ़िक़ून फ़ी हाजिहिल् - हयातिद्दुन्या कमसलि रीहिन् फ़ीहा सिर्रुन् असाबत् हर्स क़ौमिन् ज़लमू अन्फ़ुसहुम् फ़अह्लकतहु त़् व मा ज़लमहुमुल्लाहु वलाकिन् अन्फ़ुसहुम् यज़्लिमून (११७) या अैयुहल्लजीन आमनू ला तत्तख़िज़ू बितानतम्-मिन् दूनिकुम् ला यअ्लूनकुम् ख़बालन् त़् वद्दू मा अनित्तुम् ज क़द् बदतिल् - बग़्ज़ाअु मिन् अफ़्वाहिहिम् ज सला व मा तुख़्फ़ी सुदूरुहुम् अक्बरु त़् क़द् बैयन्ना लकुमुल् - आयाति अिन् कुन्तुम् तअ्क़िलून (११८)

और (साधारण सा) सताने के सिवाय वह हरगिज़ तुमको किसी तरह का नुक़सान नहीं पहुँचा सकेंगे और अगर तुमसे लड़ेंगे तो उनको तुमसे पीठ फेरते ही बन पड़ेगी, फिर उनको (कहीं से) मदद नहीं मिलेगी।(१११) जहाँ देखो ज़िल्लत उन पर सवार है सिवा इसके कि अल्लाह की तरफ़ से या लोगों (मुसलमानों) की तरफ़ से कोई अहद हो (पनाह पा जाँय) और वह अल्लाह के ग़ज़ब (कोप) में गिरिफ़्तार हैं और मुहताजी व पस्तगी उनके पीछे पड़ी है। यह उसकी सज़ा है कि वह अल्लाह की आयतों से इन्कार करते थे, और पैग़म्बरों को व्यर्थ मार डालते थे और यह (सब) इस कारन हुआ कि उन्होने अल्लाह का हुक्म नहीं माना और हद से बढ़ जाते थे।(११२) यह किताब वाले भी सब एक से नहीं हैं, कुछ लोग ऐसे हैं जो (अल्लाह के हुक्म पर) क़ायम हैं और रातों को खड़े रहकर अल्लाह की आयतें पढ़ते और सिजदः करते (सिर झुकाते) हैं। (११३) यह अल्लाह और क़ियामत के दिन पर ईमान रखते हैं और अच्छे (काम) करने को कहते और बुरे से मना करते हैं और अच्छे कामों की तरफ़ दौड़ पड़ते हैं और यही नेक लोगों में से हैं।(११४) और भलाई किसी तरह की भी करें ऐसा हरगिज़ न होगा कि (उनकी) उस नेकी का फल (उनको) न मिले और अल्लाह परहेज़गारों से ख़ूब जानकार है।(११५) वेशक जो लोग काफ़िर हैं उनके माल और उनकी सन्तान अल्लाह के (कोप के) सामने हरगिज़ उनके कुछ भी काम न आयेगी और यही लोग नारकी हैं और यह (हमेशा) दोज़ख़ ही में रहेंगे।(११६) दुनिया की इस ज़िन्दगी में जो कुछ भी यह लोग ख़र्च करते हैं उसकी मिसाल उस हवा जैसी है जिसमें पाला (कड़ी सर्दी) हो, वह उन लोगों के खेत को जा लगे जो अपने ही लिए ज़ुल्म करते थे। फिर वह (हवा) उस (खेतो) को बरबाद कर दे तो अल्लाह ने उन पर ज़ुल्म नहीं किया बल्कि वह अपने ऊपर आप ही ज़ुल्म किया करते हैं।(११७) ऐ ईमानवालो! अपने लोगों को छोड़कर (किसी ग़ैर को) अपना भेदी मत बनाओ कि यह लोग तुम्हारे साथ लड़ने में (और बुराई करने में) कुछ उठा नहीं रखते हैं और चाहते हैं कि तुमको तकलीफ़ पहुँचे☸। दुश्मनी तो इनकी बातों से ज़ाहिर हो पड़ती है और जो (कीना) इनके दिलों में छिपा है वह (उससे भी) बढ़कर है। हमने तुमको पते की बातें बता दी हैं अगर तुमको बुद्धि हो।(११८)

☸ इस्लाम क़ुबूल करने के पहले औस और ख़ज़रज के क़बीलों की यहूदियों से बड़ी दोस्ती थी, और बाद भी वह दोस्ती क़ायम रखनी चाही। लेकिन यहूदी देखने में तो उनके दोस्त बने हुये थे और दिल में उनसे उनके मुसलमान होजाने के सबब पूरी दुश्मनी रखते थे। उनको ही सामने रख कर यह आयत नाज़िल हुई।

हा'अन्तुम् अुला'अि तुहि़ब्बूनहुम् व ला युहि़ब्बूनकुम् व तुअ्मिनून बिल्किताबि कुल्लिही ज् व अिज़ा लक़ूकुम् क़ालू' आमन्ना ज् क् सला व अिज़ा ख़लौ अ़ज़्ज़ू अ़लैकुमुल् - अनामिल मिनल्ग़ैज़ि त् क़ुल् मूतू बिग़ैज़िकुम् त् अिन्नल्लाह अ़लीमुम्-बिज़ातिस्सुदूरि (११९) अिन् तम्सस्कुम् ह़सनतुन् तसुअ्हुम् ज् व अिन् तुसिब्कुम् सैयिअतुंय्यफ़्रहू बिहा त् व अिन् तस्बिरू व तत्तक़ू ला यज़ुर्रुकुम् कैदुहुम् शैअन् त् अिन्नल्लाह बिमा यअ़्मलून मुही़तुन् (१२०) ★ व अिज़् ग़दौत मिन् अह्लिक तुबौविअुल् - मुअ्मिनीन मक़ाअ़िद लिल्क़िताल त् वल्लाहु समीअुन् अ़लीमुन् ला (१२१) अिज़् हम्मत्ता'अिफ़तानि मिन्कुम् अन् तफ़्शला ला वल्लाहु वलीयुहुमा त् व अ़लल्लाहि फ़ल्यतवक्कलिल्-मुअ्मिनून (१२२) व लक़द् नसरकुमुल्लाहु बिबद्रिंव्व अन्तुम् अज़िल्लतुन् ज् फ़त्तक़ुल्लाह लअ़ल्लकुम् तश्कुरून (१२३) अिज़् तक़ूलु लिल्मुअ्मिनीन अलैंयक्फ़ियकुम् अँयुमिद्दकुम् रब्बुकुम् बिसलासति आलाफ़िम् - मिनल्-मला'अिकति मुन्ज़लीन त् (१२४) बला' ला अिन् तस्बिरू व तत्तक़ू व यअ्तूकुम् मिन् फ़ौरिहिम् हाज़ा युम्दिद् कुम् रब्बुकुम् बिख़म्सति आलाफ़िम्-मिनल्मला'अिकति मुसव्विमीन (१२५) ● व मा जअ़लहुल्लाहु अिल्ला बुश्रा लकुम् व लितत्मअिन्न क़ुलूबुकुम् बिही त् व मन्नस्रु अिल्ला मिन् अ़िन्-दिल्लाहिल् - अ़ज़ीज़िल् - ह़कीमि ला (१२६) लियक़्तअ़ तरफ़म् - मिनल्लज़ीन कफ़रू' औ यक्बितहुम् फ़यन्क़लिबू ख़ा'अिबीन (१२७) लैस लक मिनल्अम्रि शैअुन् औ यतूब अ़लैहिम् औ युअ़ज़्ज़िबहुम् फ़अिन्नहुम् ज़ालिमून (१२८) व लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त् यग़्फ़िरु लिमैंयशा'अु व युअ़ज़्ज़िबु मैंयशा'अु त् वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रह़ीमुन् (१२९) ★

रु. १२/३ आ ११

रु ब अ १/४

रु. १३/४ आ

لن تنالوا ٤ — ٥٢ — آل عمرٰن ٣

كله ۚ وإذا لقوكم قالوا آمنا ۖ وإذا خلوا عضوا عليكم الأنامل
من الغيظ ۚ قل موتوا بغيظكم ۗ إن الله عليم بذات
الصدور ۞ إن تمسسكم حسنة تسؤهم وإن تصبكم سيئة
يفرحوا بها ۖ وإن تصبروا وتتقوا لا يضركم كيدهم شيئا ۗ
إن الله بما يعملون محيط ۞ وإذ غدوت من أهلك تبوئ
المؤمنين مقاعد للقتال ۗ والله سميع عليم ۞ إذ همت
طائفتان منكم أن تفشلا والله وليهما ۗ وعلى الله فليتوكل
المؤمنون ۞ ولقد نصركم الله ببدر وأنتم أذلة ۖ فاتقوا الله
لعلكم تشكرون ۞ إذ تقول للمؤمنين ألن يكفيكم أن
يمدكم ربكم بثلاثة آلاف من الملائكة منزلين ۞ بلى ۚ إن
تصبروا وتتقوا ويأتوكم من فورهم هذا يمددكم ربكم
بخمسة آلاف من الملائكة مسومين ۞ وما جعله الله إلا
بشرى لكم ولتطمئن قلوبكم به ۗ وما النصر إلا من عند
الله العزيز الحكيم ۞ ليقطع طرفا من الذين كفروا أو
يكبتهم فينقلبوا خائبين ۞ ليس لك من الأمر شيء أو يتوب
عليهم أو يعذبهم فإنهم ظالمون ۞ ولله ما في السماوات
وما في الأرض ۚ يغفر لمن يشاء ويعذب من يشاء ۚ والله

منزل

तुम तो ऐसे हो† कि उनसे प्यार रखते हो और वह तुमसे मुहब्बत नहीं रखते और तुम (अल्लाह की) सब किताबों पर पूरी तरह ईमान रखते हो, (और वह तुम्हारे क़ुर्आन से इन्कार करते हैं) और जब वह तुमसे मिलते हैं तो कह देते हैं कि हम ईमान ले आये हैं और जब अलग होते हैं तो मारे गुस्से के तुम पर अपनी उँगलियाँ काटते हैं, (ऐ पैग़म्बर ! उनसे) कह दो कि अपने गुस्से में (जल) मरो। जो (कपट तुम्हारे) दिलों में है बेशक अल्लाह को ख़ूब मालूम है। (११९) अगर तुमको कोई फ़ायदा पहुँचे तो उनको दुख होता है, और अगर तुमको कोई नुक़सान पहुँचे तो उससे खुश होते हैं। और अगर तुम सब्र करो और (कठिनाइयों का मज़बूती से सामना करते हुये) उनसे बचे रहो तो उनके फ़रेब-दग़ा से तुम्हारा कुछ भी बिगड़ने का नहीं, क्योंकि जो कुछ भी यह कर रहे हैं अल्लाह के वश में है।(१२०) ★

★ रु. १२ । ३ आ ११

और (ऐ पैग़म्बर ! वह समय भी) याद करो कि तुम सुबह अपने घर से चले, मुसलमानों को लड़ाई के मोर्चों पर बैठाने लगे और अल्लाह (सब) सुनता जानता है। (१२१) उस वक़्त का वाक़या है कि तुममें से दो§ गिरोहों ने साहस तोड़ देना चाहा मगर अल्लाह उनका सहायक था। और ईमानवालों को चाहिए कि अल्लाह पर ही भरोसा रखें। (१२२) और बदर के युद्ध में अल्लाह ने तुम्हारी मदद की हालाँकि (उस समय) तुम पस्त (शिथिल) थे तो अल्लाह से डरो, ताकि तुम शुक्रगुज़ार बन जाओ (१२३) (और वह भी याद करो) जबकि तुम मुसलमानों को समझा रहे थे कि क्या तुमको इतना काफ़ी नहीं कि तुम्हारा पालनकर्त्ता तीन हज़ार फ़रिश्ते भेजकर तुम्हारी मदद करे। (१२४) बल्कि अगर तुम मज़बूत बने रहो और (अल्लाह की नाखुशी से) बचो और (दुश्मन) अभी इसी दम तुम पर चढ़ आयें तो तुम्हारा परवरदिगार (तीन क्या) पाँच हज़ार निशानवाले फ़रिश्तों से तुम्हारी मदद करेगा।(१२५)● और यह (मदद) तो अल्लाह ने सिर्फ़ तुम्हारे खुश करने को का और इसलिए कि तुम्हारे दिल इससे सब्र पावें वरना सहायता तो अल्लाह ही की तरफ़ से है जो बड़ा ज़बरदस्त और बड़ा हिकमतवाला है॥।(१२६) और (यह मदद) इसलिए थी कि काफ़िरों की एक जमात को नष्ट करे या ज़लील व पस्पा करे ताकि वे असफल वापिस चले जावें। (१२७) (ऐ पैग़म्बर !) तुम्हारा तो कुछ भी दख़ल नहीं चाहे (अल्लाह) उनकी तौबा क़बूल करे या उनकी ज़्यादतियों पर नज़र करके उनको सज़ा दे+।(१२८) और जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है सब अल्लाह ही का है, जिसको चाहे माफ़ करे जिसको चाहे सज़ा दे और अल्लाह बड़ा बख़्शनेवाला बेहद मेहरबान है। (१२९) ★

● रु. ब्र. अ १ । ४

★ रु. १३ । ४ आ ६

† मुसलमान उन लोगों को भी अपना मित्र जानते थे जो वास्तव में उनके शत्रु थे पर प्रगट में अपने को ईमानवाला कहते थे। ऐसे मुनाफ़िक़ लोग उल्टी राय देते थे। और यदि मुसलमानों को किसी प्रकार का कष्ट होता था तो बहुत प्रसन्न होते थे। इनका सरदार अब्दुल्लाह-बिन-उबैयी था। उसने ऊहद की लड़ाई में पहले तो ग़लत राय दी, फिर लड़ाई के मैदान से अपने साथियों को लेकर चला गया और दूसरों को भी भागने को उत्साहित किया। § इनके नाम थे औस और खज़रज का क़बीला। यह दोनो क़बीले ऊहद के युद्ध में बड़ी वीरता से लड़े; लेकिन उनको बहकाने की भरसक कोशिश भी मुनाफ़िक़ों की ओर से हुई थी और इनकी हिम्मत भी थोड़ी देर के लिए टूट गई थी। ये दोनो क़बीले पहले आपस में घोर शत्रु थे। लेकिन अब इस्लाम की बदौलत बतौर दोस्त एक ही हक़ के लिए लड़ रहे थे। ॥ बदर के युद्ध में आकाश से कई हज़ार फ़रिश्ते मुसलमानों की सहायता के लिए उतरे थे। यहाँ कहा गया है कि अल्लाह ही की मर्ज़ी से विजय होती है। फ़रिश्तों का उतरना कुछ ज़रूरी नहीं है। + जंग में नबी स० के घायल हो जाने और हज़रत हमज़ः जैसे शहीदों की लाशों पर काफ़िरों के बुरे बरताव के सबब तकलीफ़ में उनके मुँह से काफ़िरों के लिए बद्दुआ निकल गई कि वह क़ौम कैसे सफल हो सकती है जो अपने नबी ही को ज़ख़मी करे। इस पर यह आयत उतरी कि यह हक़ अल्लाह ही को है कि जिसको चाहे इनाम दे या अज़ाब दे।

या अैयुहल्लजीन आमनू ला तअ्कुलुर्रिबा अज़्आफ़म् मुज़ाअफ़तन् स़् वत्तक़ुल्लाह लअ़ल्लकुम् तुफ़्लिहून ज् (१३०) वत्तक़ुन्नारल्लती अुअिद्दत् लिल्काफ़िरीन ज् (१३१) व अतीअ़ुल्लाह वर्रसूल लअ़ल्लकुम् तुर्हमून ज् (१३२) व सारिअ़ू अिला मग़्फ़िरतिम्-मिर्रब्बिकुम् व जन्नतिन् अ़र्ज़ुहस्-समावातु वल्अर्ज़ु ला अुअिद्दत् लिलमुत्तक़ीन ला (१३३) अ्ल्लजीन युन्फ़िक़ून फ़िस्सर्राअि वज़्ज़र्राअि वल्काज़िमीनलग़ैज वल्आफ़ीन अ़निन्नासि त़् वल्लाहु युहिब्बुल्मुह्सिनीन ज् (१३४) वल्लजीन अिजा फ़अ़लू फ़ाहिशतन् औ ज़लमू अन्फ़ुसहुम् जकरुल्लाह फ़स्तग़्फ़रू लिजुनूबिहिम् स़् व मैंयग़्फ़िरुज्जुनूब अिल्लल्लाहु स़् क़िफ़् व लम् युसिर्रू अ़ला मा फ़अ़लू व हुम् यअ़्लमून (१३५) अुलाअिक जज़ाअुहुम् मग़्फ़िरतुम्-मिर्रब्बिहिम् व जन्नातुन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा त़् व निअ़्म अज्रुल्-आमिलीन त़् (१३६) क़द् ख़लत् मिन् क़ब्लिकुम् सुननुन् ला फ़सीरू फ़िल्अर्ज़ि फ़न्ज़ुरू कैफ़ कान आक़िबतुल्-मुकज्जिबीन (१३७) हाजा बयानुल्लिन्नासि व हुदौंव मौअ़िज़तुल्-लिल्मुत्तक़ीन (१३८) व ला तहिनू व ला तह्ज़नू व अन्तुमुल्-अअ़्लौन अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (१३९) अींयम्सस्कुम् क़र्हुन् फ़क़द् मस्सल्क़ौम क़र्हुम्-मिस्लुहु त़् व तिल्कल्-अैयामु नुदाविलुहा बैनन्नासि ज् व लियअ़्लमल्लाहुल्लजीन आमनू व यत्तख़िज मिन्कुम् शुहदाअ त़् वल्लाहु ला युहिब्बुज्ज़ालिमीन ला (१४०) व लियुमह्हिसल्लाहुल्लजीन आमनू व यम्हक़ल्-काफ़िरीन (१४१)

آل عمران ٣ — ٥٣ — لن تنالوا ٤

غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَاْكُلُوا الرِّبٰوٓا اَضْعَافًا مُّضٰعَفَةً
وَّاتَّقُوا اللّٰهَ لَعَلَّكُمْ تُفْلِحُوْنَ ۝ وَاتَّقُوا النَّارَ الَّتِيْٓ اُعِدَّتْ لِلْكٰفِرِيْنَ ۝
وَاَطِيْعُوا اللّٰهَ وَالرَّسُوْلَ لَعَلَّكُمْ تُرْحَمُوْنَ ۝ وَسَارِعُوْٓا اِلٰى مَغْفِرَةٍ
مِّنْ رَّبِّكُمْ وَجَنَّةٍ عَرْضُهَا السَّمٰوٰتُ وَالْاَرْضُ اُعِدَّتْ لِلْمُتَّقِيْنَ ۝
الَّذِيْنَ يُنْفِقُوْنَ فِي السَّرَّآءِ وَالضَّرَّآءِ وَالْكٰظِمِيْنَ الْغَيْظَ وَالْعَافِيْنَ
عَنِ النَّاسِ وَاللّٰهُ يُحِبُّ الْمُحْسِنِيْنَ ۝ وَالَّذِيْنَ اِذَا فَعَلُوْا فَاحِشَةً
اَوْ ظَلَمُوْٓا اَنْفُسَهُمْ ذَكَرُوا اللّٰهَ فَاسْتَغْفَرُوْا لِذُنُوْبِهِمْ وَمَنْ يَّغْفِرُ
الذُّنُوْبَ اِلَّا اللّٰهُ وَلَمْ يُصِرُّوْا عَلٰى مَا فَعَلُوْا وَهُمْ يَعْلَمُوْنَ ۝
اُولٰٓئِكَ جَزَآؤُهُمْ مَّغْفِرَةٌ مِّنْ رَّبِّهِمْ وَجَنّٰتٌ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا
الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا وَنِعْمَ اَجْرُ الْعٰمِلِيْنَ ۝ قَدْ خَلَتْ مِنْ
قَبْلِكُمْ سُنَنٌ فَسِيْرُوْا فِي الْاَرْضِ فَانْظُرُوْا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ
الْمُكَذِّبِيْنَ ۝ هٰذَا بَيَانٌ لِّلنَّاسِ وَهُدًى وَّمَوْعِظَةٌ لِّلْمُتَّقِيْنَ ۝
وَلَا تَهِنُوْا وَلَا تَحْزَنُوْا وَاَنْتُمُ الْاَعْلَوْنَ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ۝
اِنْ يَّمْسَسْكُمْ قَرْحٌ فَقَدْ مَسَّ الْقَوْمَ قَرْحٌ مِّثْلُهٗ وَتِلْكَ الْاَيَّامُ
نُدَاوِلُهَا بَيْنَ النَّاسِ وَلِيَعْلَمَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَيَتَّخِذَ مِنْكُمْ
شُهَدَآءَ وَاللّٰهُ لَا يُحِبُّ الظّٰلِمِيْنَ ۝ وَلِيُمَحِّصَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ
اٰمَنُوْا وَيَمْحَقَ الْكٰفِرِيْنَ ۝ اَمْ حَسِبْتُمْ اَنْ تَدْخُلُوا الْجَنَّةَ وَلَمَّا

ऐ ईमानवालो ! (मूल रकम को) दुगना चौगुना (बढ़ाने के लिए) ब्याज मत खाओ और अल्लाह से डरो। अजब नहीं तुम कामयाब (सफल) होओॅछ।(१३०) और (नरक की) उस आग से डरते रहो जो काफ़िरों के लिए तैयार है। (१३१) और अल्लाह और रसूल के हुक्म पर चलो अजब नहीं तुम पर दया की जाय। (१३२) और अपने पालनकर्त्ता की बख़्शीश और जन्नत की तरफ़ लपको जिसका विस्तार सारी ज़मीन और आसमान है, और जो परहेज़गारों (संयमी लोगों) के लिए तैयार की गई है। (१३३) यह वह लोग हैं जो ख़ुशहाली और तंगदस्ती में (दोनों हालतों में अल्लाह की राह पर) ख़र्च करते और क्रोध को रोकते और लोगों को क्षमा करते हैं, और भलाई करनेवालों से अल्लाह प्रेम करता है।(१३४) और ये लोग जब कोई बेजा हरकत कर बैठते या अपने ही तईं कोई अन्याय कर लेते हैं तो अल्लाह को याद करके अपने पापों की माफ़ी माँगने लगते हैं—क्योंकि अल्लाह के सिवा माफ़ी देने वाला है भी कौन—और (ये लोग) अपनी (बुरी)करनी पर जानने समझने के बाद (ज़िद से) अड़े नहीं रहते(१३५) तो यही लोग हैं जिनका बदला उनके पालनकर्त्ता की तरफ़ से बख़्शीश(क्षमा) है और (बहिश्त के) बाग़ हैं जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी उनमें वे हमेशा रहेंगे और(नेक)काम करने वालों के लिए क्या ही अच्छा बदला है! (१३६) तुमसे पहले भी(अनेक)तरीक़े हो गुज़रे हैं तो मुल्क में चलो-फिरो और देखो कि जिन लोगों ने झुठलाया उनको कैसा नतीजा मिला।(१३७) यह (क़ुर्आन) लोगों(को समझाने)के लिए पूरा बयान (विवरण) है और (अल्लाह से) डरनेवालों के लिए हिदायत और नसीहत है† ।(१३८) और हिम्मत न हारो और उदास मत होओ, अगर तुम ईमानवाले बने रहे तो तुम्हारी ही जीत रहेगी।(१३९) अगर तुमको (जंगे ऊहद में) चोट पहुँची है तो उनको भी इसी तरह की चोट (जंगे बदर में) पहुँच चुकी है और हम यह दिनों के फेर लोगों में अदलते बदलते रहते हैं और वह इसलिए कि अल्लाह ईमानवालों को मालूम करे और तुममें से कुछ को शहीद(या गवाह)बनाये। और अल्लाह अन्यायियों को नहीं पसंद करता।(१४०) और यह इस लिए कि अल्लाह ईमानवालों को निखार दे§ और काफ़िरों का ज़ोर तोड़ दे। (१४१) क्या तुम इस ख़याल में हो कि (बिना आज़माइश के) जन्नत में जा दाख़िल होगे हालाँकि अभी तक अल्लाह ने न तो उन लोगों को जाँचा जो तुममें से जिहाद करनेवाले हैं और न उन लोगों को जाँचा जो (अल्लाह की राह में) साबित क़दम (डटे) रहनेवाले हैं।(१४२)

छ ऊहद की लड़ाई में रसूलुल्लाह स० ने अब्दुल्लाह बिना ज़ुबैर को एक घाटी में मोर्चे पर तैनात कर हुक्म दिया था कि हार हो या जीत यहाँ से बिला हुक्म हटना नहीं। लेकिन फ़तह होते ही लोग लूट के माल में लग गये और ह० अब्दुल्लाह व चन्द आदमियों के सिवा घाटी में कोई बाक़ी न रहा। यह मौक़ा देख दुश्मन फिर पलट पड़े और इस जंग में ह० अब्दुल्ला व रसूल स० के चचा ह० हमज़ः वग़ैरः के प्राण गये। आयत से मुराद यह कि सूद खाना लालच का स्वभाव बढ़ाता है और लालच में फँस कर ही यह नुक़सान हुआ। इसलिए यहाँ जंग के मसले से हटकर सूद की तम्बीह की गई। † क़ुर्आन सारी दुनिया के लिए एलान है। लेकिन उनसे लाभ उठाने के लिए अल्लाह का डर होना बहुत ज़रूरी है। § "शुद्ध कर दे" से दो इशारे हैं। एक तो यह कि मुनाफ़िक़ों (कपटियों) से अलाहदा करके मोमिनों (ईमानवालों) को ज़ाहिर कर दे। दूसरा यह कि डगमगानेवाले कमज़ोरदिलों को मज़बूत कर पक्का मोमिन बना दे।

रु. १४/५ आ. १४

अम् हसिब्तुम् अन् तद्ख़ुलुल्-जन्नत व लम्मा यअ्लमिल्लाहुल्लजीन जाहदू मिन्कुम् व यअ्लमस्साबिरीन (१४२) व लक़द् कुन्तुम् तमन्नौनल्मौत मिन् क़ब्लि अन् तल्क़ौहु फ़क़द् रऐतुमूहु व अन्तुम् तन्ज़ुरून (१४३) ★ व मा मुहम्मदुन् अिल्ला रसूलुन् क़द् ख़लत् मिन् क़ब्लिहिर्रुसुलु अफ़अिम्मात औ क़ुतिलन्-क़लब्तुम् अला अअ्क़ाबिकुम् व मैंयन्क़लिब् अला अक़िबैहि फ़लैयज़ुर्रल्लाह शैअन् व सयज्ज़िल्लाहुश्-शाकिरीन (१४४) व मा कान लिनफ़्सिन् अन् तमूत अिल्ला बिअिज्निल्लाहि किताबम्-मुअज्जलन् व मैंयुरिद् सवाबद्दुन्या नुअ्तिही मिन्हा व मैंयुरिद् सवाबल्-आख़िरति नुअ्तिही मिन्हा व सनज्ज़िश्-शाकिरीन (१४५) व कअैयिम्-मिन् नबीयिन् क़ातल मअ़हु रिब्बीयून कसीरुन् फ़मा वहनू लिमा असाबहुम् फ़ी सबीलिल्लाहि व मा ज़अ़ुफ़ू व मस्तकानू वल्लाहु युहिब्बुस्साबिरीन (१४६)

يعلم الله الذين جهدوا منكم ويعلم الصبرين ۝ ولقد كنتم تمنون الموت من قبل ان تلقوه فقد رايتموه وانتم تنظرون ۝ وما محمد الا رسول قد خلت من قبله الرسل افاين مات او قتل انقلبتم على اعقابكم ومن ينقلب على عقبيه فلن يضر الله شيئا وسيجزي الله الشكرين ۝ وما كان لنفس ان تموت الا باذن الله كتبا مؤجلا ومن يرد ثواب الدنيا نؤته منها ومن يرد ثواب الاخرة نؤته منها وسنجزي الشكرين ۝ وكاين من نبي قتل معه ربيون كثير فما وهنوا لما اصابهم في سبيل الله وما ضعفوا وما استكانوا والله يحب الصبرين ۝ وما كان قولهم الا ان قالوا ربنا اغفر لنا ذنوبنا واسرافنا في امرنا وثبت اقدامنا وانصرنا على القوم الكفرين ۝ فاتىهم الله ثواب الدنيا وحسن ثواب الاخرة والله يحب المحسنين ۝ يايها الذين امنوا ان تطيعوا الذين كفروا يردوكم على اعقابكم فتنقلبوا خسرين ۝ بل الله مولىكم وهو خير النصرين ۝ سنلقي في قلوب الذين كفروا الرعب بما اشركوا بالله ما لم ينزل به سلطنا ومأوىهم النار وبئس مثوى الظلمين ۝

व मा कान क़ौलहुम् अिल्ला अन् क़ालू रब्बनग़्फ़िर्लना ज़ुनूबना व अिस्राफ़ना फ़ी अम्रिना व सब्बित् अक़्दामना वन्सुर्ना अलल्क़ौमिल्-काफ़िरीन (१४७) फ़आताहुमुल्लाहु सवाबद्दुन्या व हुस्न सवाबिल्-आख़िरति वल्लाहु युहिब्बुल्-मुह्सिनीन (१४८) ★ या अैयुहल्लजीन आमनू अिन् तुतीअुल्लजीन कफ़रू यरुद्दूकुम् अला अअ्क़ाबिकुम् फ़तन्क़लिबू ख़ासिरीन (१४९) बलिल्लाहु मौलाकुम् व हुव ख़ैरुन्नासिरीन (१५०) सनुल्क़ी फ़ी क़ुलूबिल्लजीन कफ़रुर्रुअ्ब बिमा अश्रकू बिल्लाहि मालम् युनज़्ज़िल् बिही सुल्तानन् व मअ्वाहुमुन्नारु व बिअ्स मस्वज्ज़ालिमीन (१५१)

रु. १५/६ आ. ५

और तुम तो मौत के आने से पहले शहीद होने‡ की दुआएँ किया करते थे सो अब तो तुमने उसको अपनी आँखों देख लिया (तो अब शहीद होने में आगापीछा क्यों हैं।) (१४३) ★

रु. १४ / ५ आ १४

और मुहम्मद तो और कुछ नहीं सिर्फ़ एक पैग़म्बर हैं। और इनसे पहले और भी (बहुत से) रसूल हो गुज़रे हैं, सो अगर उनकी मौत हो जाय या वे शहीद हो जाँय तो क्या तुम लोग उलटे फिर जाओगे†। और जो उल्टे पैरों (कुफ़्र की ओर) लौट जायगा तो वह अल्लाह का कुछ भी नहीं बिगाड़ सकेगा। और शुक्रगुज़ारों को अल्लाह बड़ा सवाब देगा। (१४४) और कोई शख़्स बिला हुक्म अल्लाह के मर नहीं सकता,§ ज़िन्दगी (मुक़र्रर) लिखी हुई है। और जो शख़्स दुनिया में (अपने कर्मों का) बदला चाहता है हम उसका बदला यहीं दे देते हैं और जो आख़िरत में बदला चाहता है हम उसको उसका हक़ वहीं देंगे और जो लोग शुक्रगुज़ार (कृतज्ञ) हैं उनको (हम जल्दी ही) बदला देंगे।(१४५) और बहुत से नबी हो गुज़रे हैं जिनके साथ होकर बहुत से अल्लाह वाले (दुश्मनों से) लड़े, तो जो तकलीफ़ (बसबब कम तादाद में होने के) उनको अल्लाह के रास्ते में पहुँची उसकी वजह से न तो उन्होंने हिम्मत हारी और न बुज़दिली दिखाई और न कुफ़्र के आगे झुके और अल्लाह ऐसे जमे रहनेवालों को दोस्त रखता है। (१४६) और सिवाय इसके उनके मुँह से एक बात भी तो नहीं निकली कि ऐ हमारे पालनकर्त्ता! हमारे पाप क्षमा कर और हमारे कामों में जो हमसे अन्याय हो गये हैं, उनको (माफ़ कर) और हमारे पाँव जमाये रख और काफ़िरों के गिरोह पर हमको जीत दे। (१४७) तो अल्लाह ने उनको दुनिया (लोक) में भी सवाब दिया और आख़िरत (परलोक) में भी अच्छा सवाब दिया और अल्लाह भलाई करनेवालों को पसंद करता है।(१४८) ★

रु. १५ / ६ आ ५

ऐ ईमानवालो! अगर तुम काफ़िरों के कहे में आ जाओगे तो वे तुमको उल्टे पैरों (फिर कुफ़्र की ओर) लौटा ले जायँगे, फिर तुम ही (उल्टे) घाटे में आ जाओगे×।(१४९) बल्कि तुम्हारा मददगार अल्लाह है और वह सबसे अच्छा मददगार है।(१५०) हम जल्दी तुम्हारा डर काफ़िरों के दिलों में बिठा देंगे क्योंकि उन्होंने उन चीज़ों को अल्लाह का शरीक बनाया (अर्थात् पूजा) है जिनकी अल्लाह ने (कोई भी) सनद नहीं भेजी और उन (लोगों) का ठिकाना आग (नरक) है और ज़ालिमों के लिए वह कैसा बुरा ठिकाना है? (१५१)

‡ मुसलमान शहादत (वीर गति पाने) की तमन्ना (इच्छा) रखते थे। जब ऊहद में बहुत-से मुसलमान मारे गये तो उन्होंने अपनी आँखों से देख लिया कि शहादत के क्या मानी हैं। † ऊहद की लड़ाई में मुहम्मद साहब स० घायल होकर एक गढ़े में गिर पड़े थे और यह खबर उड़ गई थी कि उनका स्वर्गवास हो गया। इसलिए कुछ लोग मैदान छोड़कर चले गये थे। कुछ मुनाफ़िक़ तो यहाँ तक कहने लगे कि मुशरिकों के लीडर अबू सुफ़यान की पनाह में लौट चला जाय और फिर पुराने दीन को तसलीम कर लिया जाय। इस पर कहा गया है कि मुसलमान तो अल्लाह के लिए लड़ते हैं। नबी की मृत्यु भी हो जाय तो उनको अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। § याने हर शख़्स की मौत का वक़्त अल्लाह की ओर से मुक़र्रर है और मौत आना भी ज़रूर है। फिर मौत का ख़ौफ़ बेकार है। उसे छोड़ कर अल्लाह के दीन की पैरवी करना चाहिये। × ऊहद की लड़ाई से काफ़िरों की हिम्मत बढ़ गई। वह मुसलमानों से कहने लगे कि अब तुम फिर से हमारे दीन में आ जाओ। मुसलमानों में मिले हुये मुनाफ़िक़ भी ऐसा ही सुझाने लगे। इस पर कहा गया कि जिस कुफ़्र से निकल कर सच्चे दीन में आये हो क्या फिर इन लोगों के झाँसे में फँस कर उसी कुफ़्र में जा फँसोगे।

व लक़द् सदक़कुमुल्लाहु वअ़्दहू अिज् तहुस्सूनहुम् बिअिज्निही ज् हत्ता अिजा फ़शिल्तुम् व तनाज़अ़्तुम् फ़िल्अम्रि व अ़सैतुम् मिम्बअ़्दि मा अराकुम् मा तुहिब्बून त् मिन्कुम् मैंयुरीदुद्दुन्या व मिन्कुम् मैंयुरीदुल्-आख़िरत ज् सुम्म सरफ़कुम् अ़न्हुम् लियब्तलियकुम् ज् व लक़द् अ़फ़ा अ़न्कुम् त् वल्लाहु ज़ू फ़ज़्लिन् अ़लल् - मुअ्मिनीन (१५२) अिज् तुस्अिदून व ला तल्वून अ़ला अहदिंव्वर्रसूलु यद्अ़ू कुम् फ़ी अुख़्राकुम् फ़असाबकुम् ग़म्मम् - बिग़म्मिल्-लिकैला तह्ज़नू अ़ला मा फ़ातकुम् व ला मा असाबकुम् त् वल्लाहु ख़बीरुम्-बिमा तअ़्मलून (१५३) सुम्म अन्ज़ल अ़लैकुम् मिम्बअ़्दिल्ग़म्मि अमनतन्नुआ़सैंयग़्शा ताअिफ़तम् - मिन्कुम् ला व ताअिफ़तुन् क़द् अहम्मत्हुम् अन्फ़ुसुहुम् यज़ुन्नून बिल्लाहि ग़ैरल्हक़्क़ि ज़न्नल्-जाहिलीयति त् यक़ूलून हल्लना मिनल्अम्रि मिन् शैअिन् त् क़ुल् अिन्नल्-अम्र कुल्लहू लिल्लाहि त् युख़्फ़ून फ़ी अन्फ़ुसिहिम् मा ला युब्दून लक त् यक़ूलून लौ कान लना मिनल्-अम्रि शैअुम्मा क़ुतिल्ना हाहुना त् क़ुल् लौ कुन्तुम् फ़ी बुयूतिकुम् लबरज़ल्लज़ीन कुतिब अ़लैहिमुल्क़त्लु अिला मज़ाजिअिहिम् ज् व लियब्तलियल्लाहु मा फ़ी सुदूरिकुम् व लियुमह्हिस मा फ़ी क़ुलूबिकुम् त् वल्लाहु अ़लीमुम् - बिज़ातिस्सुदूरि (१५४) अिन्नल्लज़ीन तवल्लौ मिन्कुम् यौमल्-तक़ल्-जम्अ़ानि ला अिन्नमस्-तज़ल्ल-हुमुश्शैतानु बिबअ़्ज़ि मा कसबू ज् व लक़द् अ़फ़ल्लाहु अ़न्हुम् त् अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुन् हलीमुन् (१५५) ★

★ रु. १६/७ आ

ولقد صدقكم الله وعده اذ تحسونهم باذنه حتى اذا
فشلتم وتنازعتم في الامر وعصيتم من بعد ما اركم ما
تحبون منكم من يريد الدنيا ومنكم من يريد الاخرة ثم
صرفكم عنهم ليبتليكم ولقد عفا عنكم والله ذو فضل على
المؤمنين ۝ اذ تصعدون ولا تلون على احد والرسول يدعوكم
في اخركم فاثابكم غما بغم لكيلا تحزنوا على ما فاتكم ولا
ما اصابكم والله خبير بما تعملون ۝ ثم انزل عليكم من
بعد الغم امنة نعاسا يغشى طائفة منكم وطائفة قد
اهمتهم انفسهم يظنون بالله غير الحق ظن الجاهلية يقولون
هل لنا من الامر من شيء قل ان الامر كله لله يخفون
في انفسهم ما لا يبدون لك يقولون لو كان لنا من الامر
شيء ما قتلنا ههنا قل لو كنتم في بيوتكم لبرز الذين
كتب عليهم القتل الى مضاجعهم وليبتلي الله ما في
صدوركم وليمحص ما في قلوبكم والله عليم بذات
الصدور ۝ ان الذين تولوا منكم يوم التقى الجمعن انما
استزلهم الشيطن ببعض ما كسبوا ولقد عفا الله عنهم
ان الله غفور حليم ۝ يايها الذين امنوا لا تكونوا كالذين

और जिस वक़्त तुम अल्लाह के हुक्म से काफ़िरों को तलवार के घाट उतार रहे थे (उस वक़्त) अल्लाह ने तुमको अपना (फ़तह का) वादा सच्चा कर दिखाया। तो इसके बाद जबकि अल्लाह ने तुम्हारी इच्छा पूरी कर (जीत) दिखा दी, (फिर भी) यहाँ तक कि जब तुम (खुद ही) हिम्मत हार गये और (रसूल स० की) आज्ञा के बारे में आपस में झगड़ने लगे और उसकी नाफ़र्मानी (बेहुक्मी) की§। कुछ तो तुममें से दुनिया (का माल लूटने) के पीछे पड़ गये और कुछ आख़िरत की फ़िक्र में लगे (याने मोर्चे पर डटे रह कर शहीद हो गये) तब तो अल्लाह ने तुमको उन (दुश्मनों) से फेर (कर भगा) दिया क्योंकि अल्लाह को तुम्हारी जाँच मंज़ूर थी और (फिर भी) अल्लाह ने तुम्हारा क़ुसूर माफ़ कर दिया और ईमानवालों पर अल्लाह की बड़ी कृपा है। (१५२) (वह समय भी याद करो) जब तुम† चढ़े (भागे) चले जाते थे और (बावजूदे कि) पैग़म्बर तुम्हारे पीछे तुमको बुला रहे थे तुम मुड़कर किसी की तरफ़ नहीं देखते थे। तो (रसूल स० के) रंज के बदले (अल्लाह ने) तुमको रंज पहुँचाया ताकि जब कभी तुम्हारे हाथ से कोई चीज़ निकल जाय या तुम पर कोई मुसीबत आ पड़े तो तुम उसका रंज न करो (याने सब्र से काम लो) और तुम कुछ भी करो अल्लाह को उसकी पूरी ख़बर है। (१५३) फिर तंगी के बाद अल्लाह ने तुम पर आराम के लिए औंघ उतारी कि तुममें से कुछ को (याने ईमान वालों को) नींद ने आ घेरा और कुछ (याने मुनाफ़िक़ों) को अपनी जानों की पड़ी थी, अल्लाह के बारे में झूठे जाहिलियत जैसे ख़्याल बाँध रहे थे। कहते थे कि हमारे वश की क्या बात है—कह दो कि (बेशक) सब काम अल्लाह ही के इख़्तियार में है। (ऐ पैग़म्बर! ज़बानी शिकायतों के अलावा) इनके दिलों में (ऐसी) और बातें भी छिपी हुई हैं जिनको तुम पर ज़ाहिर नहीं करते। कहते हैं कि हमारा कुछ भी वश चलता होता तो हम यहाँ मारे ही न जाते। कह दो कि तुम अपने घरों में भी होते तो जिनके भाग्य में मारा जाना लिखा था निकलकर अपने क़त्ल⁕ की जगह आ मौजूद होते। और अल्लाह को मंज़ूर था कि तुम्हारी दिली मंशाओं को जाँचे और तुम्हारे दिली (खोटे) ख़्यालात को साफ़ कर दे और अल्लाह तो (सबके) जी की बात जानता है। (१५४) जिस दिन दो जमातों[] की मुटभेड़ हुई थी तुम में से कुछ लोग भाग खड़े हुए थे तो सिर्फ़ इसलिए कि उनके कुछ पापों की वजह से शैतान ने उनके पाँव उखाड़ दिये थे और बेशक अल्लाह ने उनको माफ़ कर दिया। और अल्लाह बड़ा माफ़ करनेवाला बड़ा सहनेवाला है। (१५५) ★

★ रु. १६ ७ आ ७

§ पीछे आयत १३० में दिये फ़ुटनोट का हवाला है जब जंगे ऊहद में अब्दुल्लाह बिन ज़ुबैर के साथी शुरू में फ़तह होते ही मोर्चे से हट कर लूट में लग गये और उनकी इस लालच और रसूल की बेहुक्मी याने मोर्चा छोड़ भागने के कारन उनको आगे शिकस्त देखना पड़ी। † यह भी ऊहद की लड़ाई का हाल है। मुहम्मद साहब स० ने कुछ लोगों को एक जगह तैनात कर दिया था और कहा था कि तुम लोग यहाँ से न हटना। उन लोगों ने जब मुसलमानों की खुली विजय देखी और काफ़िरों को भागते देखा तो अपनी जगह छोड़कर काफ़िरों के पीछे दौड़ पड़े। हालाँकि रसूल स० गिनती के आदमियों के साथ वहीं जमे उनको पुकार रहे थे कि यहीं जमे रहो। इस हुक्मउदूली का नतीजा यह हुआ कि पीछे से मुशरिक खालिद-बिन-वलीद ने उन पर दुबारा हमला कर दिया और लड़ाई का रंग मुसलमानों के खिलाफ़ बदल गया। ⁕ यानी यदि भाग्य में मरना ही लिखा है तो जहाँ भी होते वहीं से चलकर अपने मरने के स्थान पर आ जाते। [] काफ़िरों के मुक़ाबिले ऊहद की लड़ाई में कुछ लोग भाग खड़े हुए थे। लड़ाई के मैदान से भागना बड़ा पाप है पर अल्लाह ने उनके इस पाप को भी क्षमा कर दिया।

या॑ अैयुहल्लजीन आमनू ला तकूनू कल्लजीन कफ़रू व क़ालू लिअिख़्वानिहिम् अिजा ज़रबू फ़िल्अर्ज़ि औ कानू ग़ुज़्ज़ल्लौ कानू अिन्दना मा मातू व मा क़ुतिलू ज् लियज्अलल्लाहु जालिक हस्रतन् फ़ी क़ुलूबिहिम् त् वल्लाहु युह्यी व युमीतु त् वल्लाहु बिमा तअ्मलून बसीरुन् (१५६) व लअिन् क़ुतिल्तुम् फ़ी सबीलिल्लाहि औ मुत्तुम् लमग़्फ़िरतुम् मिनल्लाहि व रह्मतुन् ख़ैरुम्मिम्मा यज्मअून (१५७) व लअिम्-मुत्तुम् औ क़ुतिल्तुम् लअिलल्लाहि तुह्शरून (१५८) फ़बिमा रह्मतिम्-मिनल्लाहि लिन्त लहुम् ज् व लौ कुन्त फ़ज़्ज़न् ग़लीज़लक़ल्बि लन्फ़ज़्ज़ू मिन् हौलिक स् फ़अ्फ़ु अन्हुम् वस्तग़्फ़िर्लहुम् व शाविर्हुम् फ़िल्अम्रि ज् फ़अिजा अज़म्त फ़तवक्कल् अलल्लाहि त् अिन्नल्लाह युहिब्बुल्-मुतवक्किलीन (१५९) अींयन्सुर्-कुमुल्लाहु फ़ला ग़ालिब लकुम् ज् व अींयख़्ज़ुल्कुम् फ़मन् जल्लजी यन्सुरुकुम् मिम्बअ्दिही त् व अलल्लाहि फ़ल्यतवक्कलिल् - मुअ्मिनून (१६०) व मा कान लिनबीयिन् अैंयग़ुल्ल त् व मैंयग़्लुल् यअ्ति बिमा ग़ल्ल यौमल्क़ियामति ज् सुम्म तुवफ़्फ़ा कुल्लु नफ़्सिम्मा कसबत् व हुम् ला युज़्लमून (१६१) अफ़मनित्तबअ रिज़्वानल्लाहि कमम्बा॑अ बिसख़तिम्-मिनल्लाहि व मअ्वाहु जहन्नमु त् व बिअ्सल्मसीरु (१६२) हुम् दरजातुन् अिन्दल्लाहि त् वल्लाहु बसीरुम् - बिमा यअ्मलून (१६३) लक़द् मन्नल्लाहु अलल्मुअ्मिनीन अिज् बअस फ़ीहिम् रसूलम्मिन् अन्फ़ुसिहिम् यत्लू अलैहिम् आयातिही व युज़क्कीहिम् व युअल्लिमुहुमुल् - किताब वल्हिक्मत ज् व अिन् कानू मिन् क़ब्लु लफ़ी ज़लालिम् - मुबीनिन् (१६४)

كَفَرُوْا وَقَالُوْا لِاِخْوَانِهِمْ اِذَا ضَرَبُوْا فِي الْاَرْضِ اَوْ كَانُوْا غُزًّى لَّوْ
كَانُوْا عِنْدَنَا مَا مَاتُوْا وَمَا قُتِلُوْا ۚ لِيَجْعَلَ اللّٰهُ ذٰلِكَ حَسْرَةً فِيْ
قُلُوْبِهِمْ ۗ وَاللّٰهُ يُحْيٖ وَيُمِيْتُ ۗ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ ۝ وَلَئِنْ
قُتِلْتُمْ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ اَوْ مُتُّمْ لَمَغْفِرَةٌ مِّنَ اللّٰهِ وَرَحْمَةٌ خَيْرٌ
مِّمَّا يَجْمَعُوْنَ ۝ وَلَئِنْ مُّتُّمْ اَوْ قُتِلْتُمْ لَاِلَى اللّٰهِ تُحْشَرُوْنَ ۝
فَبِمَا رَحْمَةٍ مِّنَ اللّٰهِ لِنْتَ لَهُمْ ۚ وَلَوْ كُنْتَ فَظًّا غَلِيْظَ الْقَلْبِ
لَانْفَضُّوْا مِنْ حَوْلِكَ ۖ فَاعْفُ عَنْهُمْ وَاسْتَغْفِرْ لَهُمْ وَشَاوِرْهُمْ
فِي الْاَمْرِ ۚ فَاِذَا عَزَمْتَ فَتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ ۗ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُتَوَكِّلِيْنَ ۝
اِنْ يَّنْصُرْكُمُ اللّٰهُ فَلَا غَالِبَ لَكُمْ ۚ وَاِنْ يَّخْذُلْكُمْ فَمَنْ ذَا الَّذِيْ
يَنْصُرُكُمْ مِّنْ بَعْدِهٖ ۗ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُوْنَ ۝ وَمَا
كَانَ لِنَبِيٍّ اَنْ يَّغُلَّ ۚ وَمَنْ يَّغْلُلْ يَاْتِ بِمَا غَلَّ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ ۚ
ثُمَّ تُوَفّٰى كُلُّ نَفْسٍ مَّا كَسَبَتْ وَهُمْ لَا يُظْلَمُوْنَ ۝ اَفَمَنِ
اتَّبَعَ رِضْوَانَ اللّٰهِ كَمَنْۢ بَآءَ بِسَخَطٍ مِّنَ اللّٰهِ وَمَاْوٰىهُ جَهَنَّمُ ۚ
وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ۝ هُمْ دَرَجٰتٌ عِنْدَ اللّٰهِ ۗ وَاللّٰهُ بَصِيْرٌۢ بِمَا
يَعْمَلُوْنَ ۝ لَقَدْ مَنَّ اللّٰهُ عَلَى الْمُؤْمِنِيْنَ اِذْ بَعَثَ فِيْهِمْ رَسُوْلًا
مِّنْ اَنْفُسِهِمْ يَتْلُوْا عَلَيْهِمْ اٰيٰتِهٖ وَيُزَكِّيْهِمْ وَيُعَلِّمُهُمُ الْكِتٰبَ
وَالْحِكْمَةَ ۚ وَاِنْ كَانُوْا مِنْ قَبْلُ لَفِيْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنٍ ۝ اَوَلَمَّا

منزل ۱

नि. १/२

ऐ ईमानवालो ! उन लोगों (मुनाफ़िक़ों) जैसे न बनो जो काफ़िर हो रहे हैं और अपने भाई-बन्धुओं के बारे में, जो परदेश निकले हों या जिहाद करने गये हों (और वहाँ शहीद हो गये हों), कहा करते हैं कि अगर हमारे पास होते तो न मरते और न मारे जाते। अल्लाह ने उन लोगों के ऐसे ख़याल इसलिए कर दिये हैं कि उनके दिलों में हसरत (संताप) रहे और (वैसे तो) अल्लाह ही जिलाता और मारता है और जो कुछ भी तुम कर रहे हो अल्लाह उसको देख रहा है।(१५६) और अल्लाह की राह में अगर तुम मारे जाओ या मर जाओ तो अल्लाह की माफ़ी और कृपा उससे कहीं बढ़कर है जो यह लोग (संसार में) जमा कर रहे हैं।(१५७) और तुम मर गये या मारे गये तो ज़रूर अल्लाह ही के सामने सबको जमा होना है।(१५८) फिर अल्लाह की यह बड़ी मेहरबानी ही है कि तुम§ इनको मुलायम दिल मिले हो और अगर तुम ज़बान के सख़्त और कड़े दिल के हो। तो यह लोग तुम्हारे पास से तितर-बितर हो जाते। तो तुम इनके क़सूरों पर ध्यान न दो और इनके गुनाहों की (अल्लाह से) माफ़ी चाहो और कामों में इनकी सलाह ले लिया करो†, लेकिन जब तुम्हारे दिल में एक बात ठन जाय तो भरोसा अल्लाह ही पर रखना। जो लोग (अल्लाह पर) भरोसा रखते हैं बेशक अल्लाह उनसे प्रेम करता है।(१५९) अगर अल्लाह तुम्हारी मदद पर है तो फिर कोई भी तुमको जीतनेवाला नहीं और अगर वह तुमको छोड़ बैठे तो उसके सिवा कौन है जो तुम्हारी मदद को खड़ा हो और ईमानवालों को तो चाहिए कि अल्लाह ही का भरोसा रखें।(१६०) और किसी नबी की शान के बईद है कि कुछ भी ख़यानत करे* और जो कोई ख़यानत का अपराधी होगा वह क़ियामत के दिन उसको लेकर (स्वयं अल्लाह के सामने) हाज़िर करेगा, फिर जिसने जैसा किया है उसको उसका पूरा-पूरा बदला दिया जायगा और किसी पर ज़ुल्म नहीं होगा। (१६१) भला जो शख़्स अल्लाह की मर्ज़ी पर चलने वाला हो वह उस शख़्स-जैसा कैसे हो सकता है जो अल्लाह के अज़ाब (प्रकोप) के लायक़ हो और उसका ठिकाना दोज़ख़ है और वह (कैसा) बुरा ठिकाना है। (१६२) अल्लाह के यहाँ लोगों के (उनकी करनी के मुताबिक़) अलग अलग दर्जे हैं और (वह लोग) जो कुछ कर कर रहे हैं अल्लाह उसको ख़ूब देख रहा है।(१६३) अल्लाह ने ईमानवालों पर इहसान किया कि उनमें उन्हीं में का एक पैग़म्बर भेजा जो उनको अल्लाह की आयतें पढ़-पढ़कर सुनाता है और उनका सुधार करता है और किताब और समझ की बातें उनको सिखाता है वर्ना यह लोग तो पहले से ज़ाहिरा भटके हुओं में से थे। (१६४)

नि. १/२

§ 'तुम' से यहाँ रसूलुल्लाह स० मुराद हैं। वह दिल के नर्म और ज़बान के मीठे थे। यदि क्रोधी और कड़े स्वभाव के होते तो मुसलमान क्या करते ? नबी होने की हैसियत से तो उनका हुक्म मानना ही पड़ता, परन्तु वे भागे-भागे अवश्य फिरते। † पैग़म्बर को हुक्म अल्लाह है कि इनके गुनाहों को तो माफ़ कर दो लेकिन गुनहगार होते हुये भी, मुआमलात में इनकी राय लेने में न बाज़ आओ। अल्लाह की रहमत का यह नमूना है कि गुनहगार को भी यह दर्जा हासिल है। * आयत १६१-१६२ का नज़ूल उस 'मौक़े' पर हुआ जब जंगे ऊहद के बाद लूट के माल में किन्हीं मुनाफ़िक़ों की शरारत या कमसमझ नवमुस्लिमों की नासमझी से यह इज़्हार हुआ कि लूट के माल में कोई क़ीमती चीज़ ग़ायब है और उसके ग़ायब होने का शक रसूल स० के निज़ाम पर था। मतलब यह है कि साधारन आदमी जैसे अपराध का नबी की शान में थोपना बुरा है। नबी से भला ऐसे अन्याय कैसे हो सकते हैं। साधारण आदमी भी अगर ख़यानत का मुजरिम होगा तो उसको उस अपराध के साथ अल्लाह के सामने हाज़िर होना पड़ेगा।

अव लम्मा असाबत्कुम् मुसीबतुन् क़द् असब्तुम् मिस्लैहा ला क़ुल्तुम् अन्ना हाज़ा त् क़ुल् हुव मिन् अिन्दि अन्फ़ुसिकुम् त् अिन्नल्लाह अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१६५) व मा असाबकुम् यौमल्-तक़ल्-जम्आनि फ़बिअिज्-निल्लाहि व लियअ़्लमल् - मुअ्मिनीन ला (१६६) व लियअ़्लमल्लजीन नाफ़क़ू ज् सला वक़ील लहुम् तआलौ क़ातिलू फ़ी सबीलिल्लाहि अविद् फ़अू त् क़ालू लौ नअ़्लमु क़ितालल्-लत्तबअ़्नाकुम् त् हुम् लिल्कुफ़्रि यौमअिजिन् अक़्रबु मिन्हुम् लिल्ओमानि ज् यक़ूलून बिअफ़्वाहिहिम् मा लैस फ़ी क़ुलूबिहिम् त् वल्लाहु अअ़्लमु बिमा यक्तुमून ज् (१६७) अल्लजीन क़ालू लिअिख़्वानिहिम् व क़अदू लौ अताअूना मा क़ुतिलू त् क़ुल् फ़द्रअू अन् अन्फ़ुसिकुमुल्मौत अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१६८) व ला तह्सबन्नल्लजीन क़ुतिलू फ़ी सबीलिल्लाहि अम्वातन् त् बल् अह्यांअुन् अिन्द रब्बिहिम् युर्ज़क़ून ला (१६९) फ़रिहीन बिमा आताहुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिही ला व यस्तब्शिरून बिल्लजीन लम् यल्हक़ू बिहिम् मिन् ख़ल्फ़िहिम् ला अल्ला ख़ौफ़ुन् अलैहिम् व ला हुम् यह्ज़नून ● म् (१७०) यस्तब्शिरून बिनिअ़्मतिम्-मिनल्लाहि व फ़ज़्लिन् ला ॅव अन्नल्लाह ला युज़ीअु अज्रल्-मुअ्मिनीन ज् ∴ (१७१) ★ अल्लजीनस्तजाबू लिल्लाहि वर्रसूलि मिम्बअ़्दि मा असाबहुमुल्क़र्हु त् ∴ लिल्लजीन अह्सनू मिन्हुम् वत्तक़ौ अज्रुन् अज़ीमुन् ज् (१७२) अल्लजीन क़ाल लहुमुन्नासु अिन्नन्नास क़द् जमअू लकुम् फ़ख़्शौ हुम् फ़ज़ादहुम् ओमानन् क़् सला ॅव क़ालू हस्बुनल्लाहु व निअ़्मल्-वकीलु (१७३)

آل عمران ٣ ٥٨ لن تنالوا ٤

اصابتكم مصيبة قد اصبتم مثليها قلتم انى هذا قل هو
من عند انفسكم ان الله على كل شيء قدير ﴿١٦٥﴾ وما اصابكم
يوم التقى الجمعن فباذن الله وليعلم المؤمنين ﴿١٦٦﴾ وليعلم
الذين نافقوا وقيل لهم تعالوا قاتلوا في سبيل الله او ادفعوا
قالوا لو نعلم قتالا لا اتبعنكم هم للكفر يومئذ اقرب منهم
للايمان يقولون بافواههم ما ليس في قلوبهم والله اعلم
بما يكتمون ﴿١٦٧﴾ الذين قالوا لاخوانهم وقعدوا لو اطاعونا
ما قتلوا قل فادرءوا عن انفسكم الموت ان كنتم صدقين ﴿١٦٨﴾
ولا تحسبن الذين قتلوا في سبيل الله امواتا بل احياء
عند ربهم يرزقون ﴿١٦٩﴾ فرحين بما اتهم الله من فضله
ويستبشرون بالذين لم يلحقوا بهم من خلفهم الا خوف
عليهم ولا هم يحزنون ﴿١٧٠﴾ يستبشرون بنعمة من الله و
فضل وان الله لا يضيع اجر المؤمنين ﴿١٧١﴾ الذين استجابوا
لله والرسول من بعد ما اصابهم القرح للذين احسنوا
منهم واتقوا اجر عظيم ﴿١٧٢﴾ الذين قال لهم الناس ان الناس
قد جمعوا لكم فاخشوهم فزادهم ايمانا وقالوا حسبنا الله
ونعم الوكيل ﴿١٧٣﴾ فانقلبوا بنعمة من الله وفضل لم يمسسهم

منزل ١

व. ला ★ रु. १७ — ८ आ १६ ∴ मु. अि मु त क़ २

और क्या जब तुम पर (काफ़िरों की तरफ़ से जंगे ऊहद में) आफ़त आ पड़ी हालाँकि तुम इससे दूनी (आफ़त जंगे बद्र में अपने दुश्मनों पर पहले) डाल चुके हो, (फिर भी) तुम कहने लगे कि कहाँ से (आफ़त) आई। (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि तुम्हारे ही कर्मों (रसूल का हुक्म न मानने) का यह नतीजा है। बेशक अल्लाह हर चीज़ पर समर्थ है।(१६५) और जिस दिन (जंगे ऊहद में) दोनो जमातें भिड़ गईं तो जो मुसीबत तुम को पहुँची (वह) अल्लाह के हुक्म से थी और यह भी ग़रज़ थी कि अल्लाह ईमानवालों को मालूम करे।(१६६) और मुनाफ़िक़ों (आगे कुछ पीछे कुछ कहनेवालों) को भी जान ले। और (जब) मुनाफ़िक़ों से कहा गया आओ अल्लाह के रास्ते में लड़ो, या दुश्मनों को दफ़ा (निवारण) करो तो कहने लगे कि अगर हम (ढंग की) लड़ाई समझते तो हम ज़रूर तुम्हारे साथ हो लेते। यह लोग उस रोज़ ईमान की बनिस्बत कुफ़्र से ज़ियादा नज़दीक थे। मुँह से ऐसी बात कहते हैं जो इनके दिलों में नहीं और जिसको छिपाते हैं अल्लाह उसे खूब जानता है।(१६७) जो (जिहाद से जी चुरा कर घर में) बैठे रहे और अपने भाइयों के सम्बन्ध में कहने लगे कि हमारा कहा मानते (याने जंग में न जाते)§ तो मारे न जाते, कहो कि अगर तुम सच्चे हो तो (अब) अपने ऊपर से मौत को हटा दो।(१६८) और जो लोग अल्लाह की राह में मारे गये हैं उनको मरा हुआ ख़्याल न करना बल्कि (वे लोग) अपने परवरदिगार के पास जीते हैं और इनको रोज़ी मिलती है। (१६९) जो (निआमतें) अल्लाह ने अपनी कृपा से इनको दे रखी हैं उनसे खुश हैं, और जो लोग इनके बाद अभी इनमें आकर (शहीद हो कर) शामिल नहीं हो सके हैं वह भी खुशियाँ मनाते हैं, क्योंकि (क़ियामत के दिन) इन पर न डर होगा और न यह उदास होंगे ●।(१७०) अल्लाह (की निआमतों व फ़ज़ल पर) खुशियाँ मना रहे हैं और इसकी कि अल्लाह ईमानवालों के अज्र (फल) को अकारथ नहीं होने देता।(१७१) ★

जिन लोगों ने घायल होने के बाद भी अल्लाह और पैग़म्बर का हुक्म माना× (ख़ासकर) उनमें जो नेक और परहेज़गार हैं उनके लिए बड़ा फल है।(१७२) वह लोग जिनको लोगों ने ख़बर दी कि काफ़िरों ने तुम्हारे लिए बड़ी फ़ौज जमा की है उनसे डरते रहना तो इससे उनका ईमान (जोश) और अधिक हो गया और (वह) बोल उठे कि हमको अल्लाह काफ़ी है और वही सर्वोपरि काम सँभालनेवाला है‡।(१७३) ग़रज़ यह लोग अल्लाह की निआमतों और करम से लदे हुए वापस आये@ और उनको कुछ बुराई भी नहीं पहुँची और (वह) अल्लाह की मर्ज़ी पर क़ायम रहे और अल्लाह की दया अपरम्पार है।(१७४)

● व. ला जि म ★ रु. १७/८ आ १६

---

§ कुछ लोगों ने अपने मुसलमान रिश्तेदारों को ऊहद की लड़ाई में भाग लेने से रोका था। उनकी राय न मानकर जब वे जंग में शरीक होकर शहीद हो गये तो अपनी बड़ाई जताने लगे कि हमने तो पहले ही रोका था। अगर हमारी राय मान कर घर न छोड़ते तो जान से हाथ न धोते। इसके जवाब में ये आयतें उतरीं। × जंगे ऊहद से काफ़िरों की वापसी पर रसूलुल्लाह स० ने, इस ख़याल से कि कहीं काफ़िर मदीने पर दुबारा हमला न बोल दें, मुसलमानों को उनका पीछा करने के लिए हुक्म दिया। ईमानवाले, बावजूद कि ताज़ी लड़ाई में सख्त घायल थे, फिर भी फ़ौरन तैयार हो गये और उन्होंने मदीने से ८ मील तक काफ़िरों का पीछा किया। ऐसे त्यागी सत्कर्मियों के अज़्र (प्रतिफल) का क्या बयान किया जाय! ‡ ऊहद की लड़ाई के बाद क़ुरैश, मुसलमानों को भयभीत रखने के विचार से दुबारा उन पर चढ़ाई करने की झूठी ख़बरें भेजते थे। इसको सुनकर मुसलमान दहलते न थे बल्कि दुगने हौसले से कहते थे, 'हमारे लिए अल्लाह काफ़ी है'। @ जंगे ऊहद के बाद काफ़िरों के बड़े दलबल से दुबारा हमले की धमकी की परवाह न कर जब [पेज १४१ पर ❋

फ़न्क़लबू बिनिअ्मतिम् - मिनल्लाहि व फ़ज़्लिल्लम् यम्सस्हुम् सूअुन् ला व्वत्तबअू रिज़्वानल्लाहि त् वल्लाहु ज़ूफ़ज़्लिन् अ़ज़ीमिन् (१७४) अिन्नमा ज़ालिकुमुश्शैतानु युख़ौविफ़ु औलिया अहू स् फ़ला तख़ाफ़ूहुम् व ख़ाफ़ूनि अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (१७५) व ला यहज़ुन्कल्लज़ीन युसारिअ़ून फ़िल्कुफ़्रि ज अिन्नहुम् लैंयज़ुर्रुल्लाह शैअन् त् युरीदुल्लाहु अल्ला यज्अ़ल लहुम् हज़्ज़न् फ़िल्आख़िरति ज व लहुम् अ़ज़ाबुन् अ़ज़ीमुन् (१७६) अिन्नल्लज़ीनश् - तरवुल् - कुफ़्र बिल्ईमानि लैंयज़ुर्रुल्लाह शैअन् ज् व लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीमुन् (१७७) व ला यहसबन्नल्लज़ीन कफ़रू अन्नमा नुम्ली लहुम् ख़ैरुल्लिअन्फ़ुसिहिम् त् अिन्नमा नुम्ली लहुम् लियज़्दादू अिस्मन् ज् व लहुम् अ़ज़ाबुम्-मुहीनुन् (१७८) मा कानल्लाहु लियज़रल्-मुअ्मिनीन अ़ला मा अन्तुम् अ़लहि हत्ता यमीज़ल्ख़बीस मिनत्तैयिबि त् व मा कानल्लाहु लियुत्लिअ़कुम् अ़लल्ग़ैबि व लाकिन्नल्लाह यज्तबी मिर्रुसुलिही मैंयशाअु स् फ़आमिनू बिल्लाहि व रुसुलिही ज् व अिन् तुअ्मिनू व तत्तक़ू फ़लकुम् अज्रुन् अ़ज़ीमुन् (१७९) व ला यहसबन्नल्लज़ीन यब्ख़लून बिमा आता-हुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिही हुव ख़ैरल्लहुम् त् बल् हुव शर्रुल्लहुम् त् सयुतौवक़ून मा बख़िलू बिही यौमल्क़ियामति त् व लिल्लाहि मीरासुस्समावाति वल्अर्ज़ि त् वल्लाहु बिमा तअ्मलून ख़बीरुन् (१८०) ★ लक़द् समिअ़ल्लाहु क़ौलल्लज़ीन क़ालू अिन्नल्लाह फ़क़ीरुँव नह्नु अग़्नियाअु ● म् सनक्तुबु मा क़ालू व क़त्लहुमुल्-अम्बियाअ बिग़ैरि हक़्क़िन् ला व्व नक़ूलु ज़ूक़ू अ़ज़ाबल्-हरीक़ि (१८१)

الِ عمران ٣ ٥٨ لن تنالوا ٤

سُوْٓءٌ ۙ وَّاتَّبَعُوْا رِضْوَانَ اللّٰهِ ؕ وَاللّٰهُ ذُوْ فَضْلٍ عَظِيْمٍ ۞ اِنَّمَا
ذٰلِكُمُ الشَّيْطٰنُ يُخَوِّفُ اَوْلِيَآءَهٗ ۪ فَلَا تَخَافُوْهُمْ وَخَافُوْنِ اِنْ
كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ۞ وَلَا يَحْزُنْكَ الَّذِيْنَ يُسَارِعُوْنَ فِى الْكُفْرِ ۚ
اِنَّهُمْ لَنْ يَّضُرُّوا اللّٰهَ شَيْئًا ؕ يُرِيْدُ اللّٰهُ اَلَّا يَجْعَلَ لَهُمْ حَظًّا فِى الْاٰخِرَةِ ۚ
وَلَهُمْ عَذَابٌ عَظِيْمٌ ۞ اِنَّ الَّذِيْنَ اشْتَرَوُا الْكُفْرَ بِالْاِيْمَانِ لَنْ
يَّضُرُّوا اللّٰهَ شَيْئًا ۚ وَلَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۞ وَلَا يَحْسَبَنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا
اَنَّمَا نُمْلِىْ لَهُمْ خَيْرٌ لِّاَنْفُسِهِمْ ؕ اِنَّمَا نُمْلِىْ لَهُمْ لِيَزْدَادُوْٓا اِثْمًا ۚ
وَلَهُمْ عَذَابٌ مُّهِيْنٌ ۞ مَا كَانَ اللّٰهُ لِيَذَرَ الْمُؤْمِنِيْنَ عَلٰى
مَآ اَنْتُمْ عَلَيْهِ حَتّٰى يَمِيْزَ الْخَبِيْثَ مِنَ الطَّيِّبِ ؕ وَمَا كَانَ اللّٰهُ
لِيُطْلِعَكُمْ عَلَى الْغَيْبِ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ يَجْتَبِىْ مِنْ رُّسُلِهٖ مَنْ يَّشَآءُ ۪
فَاٰمِنُوْا بِاللّٰهِ وَرُسُلِهٖ ۚ وَاِنْ تُؤْمِنُوْا وَتَتَّقُوْا فَلَكُمْ اَجْرٌ عَظِيْمٌ ۞
وَلَا يَحْسَبَنَّ الَّذِيْنَ يَبْخَلُوْنَ بِمَآ اٰتٰهُمُ اللّٰهُ مِنْ فَضْلِهٖ هُوَ
خَيْرًا لَّهُمْ ؕ بَلْ هُوَ شَرٌّ لَّهُمْ ؕ سَيُطَوَّقُوْنَ مَا بَخِلُوْا بِهٖ يَوْمَ
الْقِيٰمَةِ ؕ وَلِلّٰهِ مِيْرَاثُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ
خَبِيْرٌ ۞ لَقَدْ سَمِعَ اللّٰهُ قَوْلَ الَّذِيْنَ قَالُوْٓا اِنَّ اللّٰهَ فَقِيْرٌ وَّ
نَحْنُ اَغْنِيَآءُ ۘ سَنَكْتُبُ مَا قَالُوْا وَقَتْلَهُمُ الْاَنْۢبِيَآءَ بِغَيْرِ حَقٍّ ۙ
وَّنَقُوْلُ ذُوْقُوْا عَذَابَ الْحَرِيْقِ ۞ ذٰلِكَ بِمَا قَدَّمَتْ اَيْدِيْكُمْ وَ

منزل ١

★ रु. १८ | ६ आ. ६ ● व. ला

वह तो शैतान ही है जो अपने दोस्तों के द्वारा भयभीत करता है§। तो अगर ईमान रखते हो तो तुम उनसे न डरना और मेरा ही डर रखना (१७५). और जो लोग कुफ़्र में जल्दी से जा फँसते हैं, (ऐ पैग़म्बर) तुम (इन लोगों की वजह से) उदास न होना, यह लोग अल्लाह का तो हरगिज़ कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते, अल्लाह चाहता है कि आख़िरत में इनको कुछ भाग न दे और इनको बड़ा अज़ाब मिलना है। (१७६) · जिन लोगो ने ईमान देकर कुफ़्र मोल लिया वे अल्लाह को तो हरगिज़ किसी तरह का नुक़सान नहीं पहुँचा सकेंगे बल्कि इन्हीं को दुखदाई सज़ा होगी। (१७७) और जो लोग कुफ़्र (इन्कार) कर रहे हैं, इस ख़्याल में न रहें कि हम जो उनको ढील दे रहे हैं, यह कुछ इनके हक़ में भला है। हम तो इनको सिर्फ़ इसलिए ढील दे रहे हैं ताकि (ग़फ़लत में रहकर) और गुनाह समेट लें और इनके लिए ज़िल्लत की मार है। (१७८) अल्लाह ऐसा नहीं है कि जिस हाल में तुम हो (याने) अच्छे-बुरे की जाँच किये बग़ैर इसी हाल पर ईमानवालों को रहने दे और अल्लाह ऐसा भी नहीं कि तुमको ग़ैब की बातें बतादे; हाँ अल्लाह (इसके लिए) अपने पैग़म्बरों में से जिसको चाहता है चुन लेता है, तो (तुम) अल्लाह और उसके पैग़म्बरों पर ईमान लाओ और अगर तुम ईमान लाओगे और परहेज़गारी से रहोगे तो तुमको बड़ा अज्र (प्रतिफल) मिलेगा। (१७९) और जिन लोगों को अल्लाह ने अपनी कृपा से दिया है और वह उसमें (ज़कात न देकर) कंजूसी करते हैं वह इसको अपने हक़ में हरगिज़ भला न समझें बल्कि वह उनके हक़ में बहुत बुरा है। जिस (माल) की कंजूसी करते हैं क़ियामत के दिन उसकी तौक़ (हँसली) बनकर उनके गले में लटकेगी और आसमान व ज़मीन का वारिस (अभिभावक) अल्लाह ही है और जो कर रहे हो अल्लाह को उसकी पूरी ख़बर है। (१८०) ★

जो लोग अल्लाह को मुहताज† और अपने को मालदार बताते हैं उनकी बकवास अल्लाह ने सुनली है●। और यह लोग जो नाहक़ पैग़म्बरों को क़त्ल करते चले आये हैं उसके साथ हम इनकी इस बकवास को भी लिखे रखते हैं और इनका जवाब (हमारी तरफ़ से आख़िरत के दिन) यह होगा कि (दोज़ख़ की) आग का मज़ा चखो। (१८१) यह उन्हीं कामों का बदला है जिनको तुमने (पहले से) अपने हाथों (कमा कर) भेजा है और अल्लाह अपने बन्दों पर किसी तरह का ज़ुल्म करनेवाला नहीं। (१८२)

★ रु. १८ — ६ आ ६ ● व. लाज़िम

§ शैतान खुद जिस्म रख कर तो आता नहीं। वह तो शैतानी खसलत के इंसानों के ज़रिये ही गुमराह करता व तंग करता है। यही अबू सुफ़ियान जैसे इंसान शैतान के दोस्त कहे गये हैं। † जब अल्लाह की राह में क़र्ज़ देने का हुक्म आया तो यहूदी मज़ाक़ उड़ाने लगे कि अल्लाह मुहताज है, इसलिए क़र्ज़ माँगता है।

जालिक बिमा क़द्दमत् अैदीकुम् व अन्नल्लाह लैस बिजल्लामिल्लिल्-अबीदि ज् (१८२) अल्लजीन क़ालू अिन्नल्लाह अहिद अिलैना अल्ला नुअ्मिन लिरसूलिन् हत्ता यअ्तियना बिक़ुर्बानिन् तअ्कुलुहुन्नारु त् कुल् क़द् जा'अकुम् रुसुलुम्मिन् क़ब्ली बिल्बैयिनाति व बिल्लजी क़ुल्तुम् फ़लिम क़तल्तुमूहुम् अिन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१८३) फ़अिन् कज्जबूक फ़क़द् कुज्जिब रुसुलुम्मिन् क़ब्लिक जा'अू बिल्बैयिनाति वज़्ज़ुबुरि वल्किताबिल्मुनीरि (१८४) कुल्लु नफ़्सिन् जा'अिक़तुल्मौति त् व अिन्नमा तुवफ़्फ़ौन अुजूरकुम् यौमल्क़ियामति त् फ़मन् ज़ुहज़िह अनिन्नारि व अुद्ख़िलल्-जन्नत फ़क़द् फ़ाज़ त् व मल्हयातुद्दुन्या अिल्ला मताअुलग़ुरूरि (१८५) लतुब्लवुन्न फ़ी अम्वालिकुम् व अन्फ़ुसिकुम् क़िफ़ व लतस्मअुन्न मिनल्लजीन अूतुल्किताब मिन् क़ब्लिकुम् व मिनल्लजीन अश्रकू अजन् कसीरन् त् व अिन् तस्बिरू व तत्तक़ू फ़अिन्न जालिक मिन् अज़्मिल्अुमूरि (१८६) व अिज् अख़जल्लाहु मीसाक़ल्लजीन अूतुल्किताब लतुबैयिनुन्नहू लिन्नासि व ला तक्तुमूनहू ज् फ़नबजूहु वरा'अ ज़ुहूरिहिम् वश्तरौ बिही समनन् क़लीलन् त् फ़बिअ्स मा यश्तरून (१८७) ला तह्सबन्नल्लजीन यफ़्रहून बिमा अतौव्व युहिब्बून अैयुह्मदू बिमा लम् यफ़्अलू फ़ला तह्सबन्नहुम् बिमफ़ाज़तिम् - मिनल्अज़ाबि ज् व लहुम् अज़ाबुन् अलीमुन् (१८८) व लिल्लाहि मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि त् वल्लाहु अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१८९) ★ अिन्न फ़ी ख़ल्क़िस्समावाति वल्अर्ज़ि वख़्तिलाफ़िल्लैलि वन्नहारि लआयातिल् - लिअुलिल् - अल्बाबि ज् ला (१९०)

آل عمران ٥٩ لن تنالوا ٤

اَنَّ اللّٰهَ لَيْسَ بِظَلَّامٍ لِّلْعَبِيْدِ ۝ اَلَّذِيْنَ قَالُوْٓا اِنَّ اللّٰهَ عَهِدَ اِلَيْنَآ اَلَّا نُؤْمِنَ لِرَسُوْلٍ حَتّٰى يَاْتِيَنَا بِقُرْبَانٍ تَاْكُلُهُ النَّارُ ؕ قُلْ قَدْ جَآءَكُمْ رُسُلٌ مِّنْ قَبْلِىْ بِالْبَيِّنٰتِ وَبِالَّذِىْ قُلْتُمْ فَلِمَ قَتَلْتُمُوْهُمْ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ۝ فَاِنْ كَذَّبُوْكَ فَقَدْ كُذِّبَ رُسُلٌ مِّنْ قَبْلِكَ جَآءُوْ بِالْبَيِّنٰتِ وَالزُّبُرِ وَالْكِتٰبِ الْمُنِيْرِ ۝ كُلُّ نَفْسٍ ذَآئِقَةُ الْمَوْتِ ؕ وَاِنَّمَا تُوَفَّوْنَ اُجُوْرَكُمْ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ ؕ فَمَنْ زُحْزِحَ عَنِ النَّارِ وَاُدْخِلَ الْجَنَّةَ فَقَدْ فَازَ ؕ وَمَا الْحَيٰوةُ الدُّنْيَآ اِلَّا مَتَاعُ الْغُرُوْرِ ۝ لَتُبْلَوُنَّ فِىْٓ اَمْوَالِكُمْ وَاَنْفُسِكُمْ ۗ وَلَتَسْمَعُنَّ مِنَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ مِنْ قَبْلِكُمْ وَمِنَ الَّذِيْنَ اَشْرَكُوْٓا اَذًى كَثِيْرًا ؕ وَاِنْ تَصْبِرُوْا وَتَتَّقُوْا فَاِنَّ ذٰلِكَ مِنْ عَزْمِ الْاُمُوْرِ ۝ وَاِذْ اَخَذَ اللّٰهُ مِيْثَاقَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ لَتُبَيِّنُنَّهٗ لِلنَّاسِ وَلَا تَكْتُمُوْنَهٗ ؗ فَنَبَذُوْهُ وَرَآءَ ظُهُوْرِهِمْ وَاشْتَرَوْا بِهٖ ثَمَنًا قَلِيْلًا ؕ فَبِئْسَ مَا يَشْتَرُوْنَ ۝ لَا تَحْسَبَنَّ الَّذِيْنَ يَفْرَحُوْنَ بِمَآ اَتَوْا وَّيُحِبُّوْنَ اَنْ يُّحْمَدُوْا بِمَا لَمْ يَفْعَلُوْا فَلَا تَحْسَبَنَّهُمْ بِمَفَازَةٍ مِّنَ الْعَذَابِ ۚ وَلَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۝ وَلِلّٰهِ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَىْءٍ قَدِيْرٌ ۝ اِنَّ فِىْ خَلْقِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَاخْتِلَافِ الَّيْلِ وَالنَّهَارِ لَاٰيٰتٍ لِّاُولِى الْاَلْبَابِ ۝

★ रु. १९ १० आ

वह जो कहते हैं कि अल्लाह ने हमसे कह रखा है कि जब तक कोई पैग़म्बर हमको ऐसी क़ुर्बानी (भेंट) न दिखावे कि उसको (आसमानी) आग चट कर जाय§ तब तक हम उस पर ईमान न लावें। (तो ऐ पैग़म्बर!) कहो कि मुझसे पहले कितने पैग़म्बर (तुम्हारे पास) खुली-खुली निशानियां लाये और वह (चमत्कार) भी लाये जिसको तुम माँगते हो, तो अगर तुम सच्चे हो तो फिर तुमने उनको किसलिए क़त्ल किया। (१८३) (और ऐ पैग़म्बर!) इस पर भी अगर वह तुमको झुठलावें तो तुमसे पहले (भी) बहुत से पैग़म्बर खुले चमत्कार लाये और सहीफ़े† और रोशन (खुली) किताबें भी लाये, फिर भी लोगों ने उनको झुठलाया। (१८४) हर किसी को मौत का मज़ा चखना है और पूरा-पूरा बदला तो तुमको क़ियामत ही के दिन दिया जायगा, तो (उस दिन) जो शख़्स आग (नरक) से दूर हटा दिया गया और जिसको बहिश्त में जगह दी गई तो वही सफल हुआ और दुनिया की ज़िन्दगी तो सिर्फ़ धोखे की पूँजी (मायाजाल) है। (१८५) (ऐ ईमानवालो!) बेशक तुम्हारे मालों और तुम्हारी जानों (की हानि) से ज़रूर तुम्हारी परीक्षा की जायेगी और बेशक जिन लोगों को तुमसे पहले किताब दी जा चुकी है उनसे और मुशरिकों से तुम बहुत-सी दिल तोड़नेवाली बातें ज़रूर सुनोगे और (इस हालत में भी) अगर सब्र से काम लो और परहेज़गारी करो तो बेशक ये (बड़ी) हिम्मत के काम हैं (और तुमको ज़रूर करना चाहिये)। (१८६) और (याद करो) जब अल्लाह ने किताब वालों से वचन लिया कि लोगों से इसका मतलब (साफ़-साफ़) बयान कर देना और इसको (किसी बात को) छिपाना नहीं, तो उन्होंने उस वचन को अपनी पीठ के पीछे फेंक दिया और उसके बदले थोड़े-से दाम हासिल किये और जो कुछ हासिल किया वह कैसी बुरी चीज़ है‡। (१८७) और जो लोग अपनी (ऐसी) करतूतों पर खुश होते हैं और जो किया नहीं उस पर भी अपनी तारीफ़ चाहते हैं तो (ऐ मुहम्मद! ऐसे लोगों की निस्बत हरगिज़) ख़्याल न करना कि वे अज़ाब से बचे रहेंगे बल्कि उनके लिये दुखदाई सज़ा है♦। (१८८) आसमान व ज़मीन का राज्य अल्लाह ही का है और अल्लाह हर चीज़ पर समर्थ है। (१८९) ★

★ रु. १९/१७ आ

बेशक आसमानों और ज़मीन की पैदाइश (उत्पत्ति) और रात और दिन की अदल-बदल में बुद्धिमानों के लिये (बड़ी) निशानियाँ हैं। (१९०)

---

§ किसी ज़माने में क़ुर्बानी को आग में जलाने (हवन करने) का रवाज़ था। बाइबिल में ऐसा ज़िक्र आया है कि ग़ैबी (अदृष्ट) आग इस क़ुर्बानी को चट (भस्म) कर जाती थी। ऐसे नबी भी, मसलन हज़रत इल्यास, हुये हैं जिन्होंने ग़ैबी आग में भस्म होने वाली क़ुर्बानी का चमत्कार दिखलाया। लेकिन न तो यह कहीं लिखा है कि हर नबी के लिए ऐसा चमत्कार दिखलाना लाज़िमी है वरना वह नबी न तस्लीम होगा और न यही नौबत आई कि ऐसे चमत्कार दिखलाने वाले नबियों को फिर क़त्ल न किया गया हो। अधर्मी लोग तो किसी न किसी बहाने से पैग़म्बरों से इन्कार और उनको तंग करते ही आये हैं। और उसी तरह वह मुहम्मद रसूलुल्लाह स० से भी इन्कार कर रहे हैं। † धार्मिक छोटे-छोटे ग्रंथ सहीफ़े कहलाते हैं। यह भी आसमानी (दैवी) किताबें हैं। ‡ अल्लाह के हुक्म को और अल्लाह से दिये हुये वचनों को आगे चल कर धर्म के महन्त या सरग़ना अपने स्वार्थ के लिए अल्लाह के नाम पर नया जामा पहनाने लगते हैं। यह हर ज़माने और हर मज़हब के नाम लेने वालों पर लागू है। इस आयत में एलान है कि ऐसे पीर-महन्तों को आख़िरत में यह स्वार्थ का सौदा महँगा पड़ेगा और उन्हें दोज़ख़ ही में ठिकाना मिलेगा। अवाम से भी इशारा है कि हुक्म अल्लाह पर ही चलें। ऐसे सरग़नाओं के फेर में पड़ कर अपनी आख़िरत न बिगाड़ें। ♦ जो लोग ख़ुदाई किताबों के हुक्मों में काट-छाँट करते या बढ़ाते घटाते हैं और अपनी करनी पर ख़ुश होते हैं और समझते हैं लोग उनके फ़रेब को पकड़ न सकेंगे और उनको पूजेंगे, उनको आख़िरत में दुखदाई सज़ा होनी है इसमें ज़रा भी शक नहीं। यहूदी विद्वान अपनी ओर से बातें बनाते और बेपढ़े लोगों से कहते कि ये बातें तौरात में लिखी हैं और जी में ख़ुश होते कि उनका झूठ किसी पर नहीं खुल सकता।

अल्लज़ीन यज़्कुरूनल्लाह क़ियामौंव क़ुअूदौंव अला जुनूबिहिम् व यतफ़क्करून फ़ी ख़ल्क़िस्समावाति वल्अर्ज़ि ज् रब्बना मा ख़लक़्त हाज़ा बातिलन् ज् सुब्हानक फ़क़िना अज़ाबन्नारि (१९१) रब्बना अिन्नक मन् तुद्ख़िलिन्नार फ़क़द् अख़्ज़ैतहू त् व मा लिज़्ज़ालिमीन मिन् अन्सारिन् (१९२) रब्बना अिन्नना समिअ्ना मुनादियैंयुनादी लिल्अीमानि अन् आमिनू बिरब्बिकुम् फ़आमन्ना क़् सला रब्बना फ़ग़्फ़िर्लना ज़ुनूबना व कफ़्फ़िर् अन्ना सैयिआतिना व तवफ़्फ़ना मअल्अब्रारि ज् (१९३) रब्बना व आतिना मा व अत्तना अला रुसुलिक व ला तुख़्ज़िना यौमल्-क़ियामति त् अिन्नक ला तुख़्लिफ़ुलमीआद (१९४) फ़स्तजाब लहुम् रब्बुहुम् अन्नी ला अुज़ीअु अमल आमिलिम्-मिन्कुम् मिन् ज़करिन् औ अुन्सा ज् बअ्ज़ुकुम् मिम्बअ्ज़िन् ज् फ़ल्लज़ीन हाजरू व अुख़्रिजू मिन् दियारिहिम् व अूज़ू फ़ी सबीली व क़ातलू व क़ुतिलू लअुकफ़्फ़िरन्न अन्हुम् सैयिआतिहिम् व लअुद्-ख़िलन्नहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ज् सवाबम्-मिन् अिन्दिल्लाहि त् वल्लाहु अिन्दहू हुस्नुस्सवाबि (१९५) ला यग़ुर्रन्नक तक़ल्लुबुल्लज़ीन कफ़रू फ़िल्बिलादि त् (१९६) मताअुन् क़लीलुन् क़िफ़् सुम्म मअ्वाहुम् जहन्नमु त् व बिअ्सल्मिहादु (१९७) लाकिनिल्-लज़ीनत्तक़ौ रब्बहुम् लहुम् जन्नातुन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा नुज़ुलम्मिन् अिन्दिल्लाहि त् व मा अिन्दल्लाहि ख़ैरुल्लिल् - अब्रारि (१९८) ● व अिन्न मिन् अह्लिल्किताबि लमैंयुअ्मिनु बिल्लाहि व मा अुन्ज़िल अिलैकुम् व मा अुन्ज़िल अिलैहिम् ख़ाशिअीन लिल्लाहि ला ला यश्तरून बिआयातिल्लाहि समनन् क़लीलन् त् अुलाअिक लहुम् अज्रुहुम् अिन्द रब्बिहिम् त् अिन्नल्लाह सरीअुल्हिसाबि (१९९)

● मु. ३ | ४

آل عمران ٣ — ٦٠ — لن تنالوا ٤

الَّذِيْنَ يَذْكُرُوْنَ اللّٰهَ قِيٰمًا وَّ قُعُوْدًا وَّ عَلٰى جُنُوْبِهِمْ وَ يَتَفَكَّرُوْنَ
فِيْ خَلْقِ السَّمٰوٰتِ وَ الْاَرْضِ رَبَّنَا مَا خَلَقْتَ هٰذَا بَاطِلًا سُبْحٰنَكَ
فَقِنَا عَذَابَ النَّارِ ۝ رَبَّنَاۤ اِنَّكَ مَنْ تُدْخِلِ النَّارَ فَقَدْ اَخْزَيْتَهٗ
وَ مَا لِلظّٰلِمِيْنَ مِنْ اَنْصَارٍ ۝ رَبَّنَاۤ اِنَّنَا سَمِعْنَا مُنَادِيًا يُّنَادِيْ
لِلْاِيْمَانِ اَنْ اٰمِنُوْا بِرَبِّكُمْ فَاٰمَنَّا ۖ رَبَّنَا فَاغْفِرْ لَنَا ذُنُوْبَنَا وَ
كَفِّرْ عَنَّا سَيِّاٰتِنَا وَ تَوَفَّنَا مَعَ الْاَبْرَارِ ۝ رَبَّنَا وَ اٰتِنَا مَا وَعَدْتَّنَا
عَلٰى رُسُلِكَ وَ لَا تُخْزِنَا يَوْمَ الْقِيٰمَةِ اِنَّكَ لَا تُخْلِفُ الْمِيْعَادَ ۝
فَاسْتَجَابَ لَهُمْ رَبُّهُمْ اَنِّيْ لَاۤ اُضِيْعُ عَمَلَ عَامِلٍ مِّنْكُمْ مِّنْ
ذَكَرٍ اَوْ اُنْثٰى بَعْضُكُمْ مِّنْۢ بَعْضٍ فَالَّذِيْنَ هَاجَرُوْا وَ اُخْرِجُوْا
مِنْ دِيَارِهِمْ وَ اُوْذُوْا فِيْ سَبِيْلِيْ وَ قٰتَلُوْا وَ قُتِلُوْا لَاُكَفِّرَنَّ عَنْهُمْ
سَيِّاٰتِهِمْ وَ لَاُدْخِلَنَّهُمْ جَنّٰتٍ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ ثَوَابًا
مِّنْ عِنْدِ اللّٰهِ وَ اللّٰهُ عِنْدَهٗ حُسْنُ الثَّوَابِ ۝ لَا يَغُرَّنَّكَ تَقَلُّبُ
الَّذِيْنَ كَفَرُوْا فِي الْبِلَادِ ۝ مَتَاعٌ قَلِيْلٌ ثُمَّ مَاْوٰىهُمْ جَهَنَّمُ
وَ بِئْسَ الْمِهَادُ ۝ لٰكِنِ الَّذِيْنَ اتَّقَوْا رَبَّهُمْ لَهُمْ جَنّٰتٌ تَجْرِيْ
مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا نُزُلًا مِّنْ عِنْدِ اللّٰهِ وَ مَا عِنْدَ
اللّٰهِ خَيْرٌ لِّلْاَبْرَارِ ۝ وَ اِنَّ مِنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ لَمَنْ يُّؤْمِنُ بِاللّٰهِ وَ
مَاۤ اُنْزِلَ اِلَيْكُمْ وَ مَاۤ اُنْزِلَ اِلَيْهِمْ خٰشِعِيْنَ لِلّٰهِ لَا يَشْتَرُوْنَ بِاٰيٰتِ

منزل

जो खड़े और बैठे और लेटे (हर हाल में) अल्लाह को याद करते रहते हैं और आसमान और ज़मीन की उत्पत्ति पर ध्यान करते रहते हैं कि ऐ हमारे परवरदिगार! तूने यह सब बेफ़ायदा नहीं बनाया। तेरी ज़ात ऐब से पाक है। हमको (दोज़ख़ के) अज़ाब से बचाये रखना।(१९१) ऐ हमारे परवरदिगार! जिसको तूने दोज़ख़ में डाला उसको तूने ख़्वार (तुच्छ) कर दिया और ज़ालिमों का कोई भी मददगार नहीं होगा।(१९२) (और कहते हैं कि) ऐ हमारे परवरदिगार! हमने एक मनादी करनेवाले (मुहम्मद स०) को सुना, तो (वह) ईमान की पुकार कर रहे थे कि अपने परवरदिगार पर ईमान लाओ तो हम ईमान ले आये। पस ऐ हमारे परवरदिगार! हमारे क़सूरों को माफ़ कर और हमसे हमारी बुराइयों को मिटा दे और (दुनिया में) नेक बन्दों के साथ हमको मौत दे।(१९३) ऐ हमारे परवरदिगार! तूने जिन (निअ़मतों) की प्रतिज्ञा अपने पैग़म्बरों के द्वारा हमसे की है वह हमें दे और क़ियामत के दिन हमको ज़लील न करना (बेशक) तू वादाख़िलाफ़ी तो किया ही नहीं करता। (१९४) सो उनके पालनकर्त्ता ने उनकी दुआ सुन ली (और कहा) कि मैं तुममें से किसी के आमाल (कर्म) को बेकार नहीं जाते देता, (चाहे वह) मर्द हो या औरत तुम सब एक दूसरे के अंग हो, तो जिन लोगों ने (हमारे लिए अपने) देश छोड़े और अपने शहरों से निकाले गये और मेरी राह में (और तरह भी) सताये गये और वह लड़े और मारे गये, मैं उनके अपराधों को उनसे (ज़रूर) मिटा दूँगा। और (मैं ज़रूर) उनको ऐसे बाग़ों में दाख़िल करूँगा जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी। (यह) अल्लाह के यहाँ से (उनके किये का) फल है और अच्छा फल तो (बस) अल्लाह ही के (यहाँ सुलभ) है।(१९५) (ऐ पैग़म्बर!) शहरों में काफ़िरों का चलना-फिरना कहीं तुमको धोखे में न डाले (१९६) यह (दुनिया की) कुछ दिन की बहार है फिर तो इनका ठिकाना दोज़ख़ है और वह कैसा बुरा ठिकाना है।(१९७) लेकिन जो लोग अपने परवरदिगार से डरते रहे उनके लिए बाग़ हैं जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, वह उनमें हमेशा रहेंगे, (उनकी) यह मेहमानी अल्लाह की ओर से है और जो अल्लाह के यहाँ है सो नेकी करनेवालों के लिए कहीं भला है।(१९८)

सु ३ | ४

[पेज १३५ से] ये दीन पर दीवाने मुसलमान, काफ़िरों के सरग़नः अबू सुफ़यान के चैलेंज पर जंग के लिए तैयार होकर जमा हुये तो अल्लाह के फ़ज़ल से अबू सुफ़यान मक्का में क़हत का आलम होने से अपना इरादा बदल कर बीच रास्ते से ही वापस चला गया और मुसलमान बिला जंग का नुक़सान उठाये भी अल्लाह के फ़ज़ल के पूरे हक़दार होकर ख़ुशी-ख़ुशी घर वापस आये।

रु. २० ११ आ ११

या' अैयुहल्लजीन आमनुस्बिरू व साबिरू व राबितू क़िफ़् वत्तक़ुल्लाह लअ़ल्लकुम् तुफ़्लिहून (२००) ★

☪ ४ सूरतुन्निसा'अि ९२ ☪

(मदनी) इसमें १६६६७ हुरूफ़ ३७२० कलिमात (शब्द) १७६ आयतें और २४ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि ●

या' अैयुहन्नासुत्तक़ू रब्बकुमुल्लजी ख़लक़कुम् मिन् नफ़्सिंव्वाहिदतिंव्व ख़लक़ मिन्हा ज़ौजहा व बस्स मिन्हुमा रिजालन् कसीरौंव निसा'अन् ज् वत्तक़ुल्लाहल्लजी तसा'अलून बिही वल्अर्हाम त् अिन्नल्लाह कान अ़लैकुम् रक़ीबन् (१) व आतुल्यतामा' अम्वालहुम् व ला ततबद्दलुल्ख़बीस बित्तैयिबि स् व ला तअ्कुलू' अम्वालहुम् अिला' अम्वालिकुम् त् अिन्नहु कान हूबन् कबीरन् (२) व अिन् ख़िफ़्तुम् अल्ला तुक़्सितू फ़िल्यतामा फ़न्किहू मा ताब लकुम् मिनन्निसा'अि मस्ना व सुलास व रुबाअ़ ज् फ़अिन् ख़िफ़्तुम् अल्ला तअ़्दिलू फ़वाहिदतन् औ मा मलकत् अैमानुकुम् त् जालिक अद्ना' अल्ला तअ़ूलू त् (३) व आतुन्निसा'अ सदुक़ातिहिन्न निहूलतन् त् फ़अिन् तिब्न लकुम् अ़न् शैअिम्-मिन्हु नफ़्सन् फ़कुलूहु हनी'अम्-मरी'अन् (४) व ला तुअ्तुस्सुफ़हा'अ अम्वालकुमुल्लती जअ़ल्लाहु लकुम् क़ियामौं-वर्ज़ुक़ू हुम् फ़ीहा वक्सूहुम् व क़ूलू लहुम् क़ौलम्मअ़रूफ़न् (५)

النساء ٤ — ٦١ — لن تنالوا ٤

الله ثمنا قليلا اولئك لهم اجرهم عند ربهم ان الله سريع الحساب ﴿۲۰۰﴾ يايها الذين امنوا اصبروا و صابروا و رابطوا و اتقوا الله لعلكم تفلحون ﴿۲۰۰﴾

سورة النساء مدنية وهى مائة وسبع وسبعون آية واربع وعشرون ركوعا

بسم الله الرحمن الرحيم

يايها الناس اتقوا ربكم الذى خلقكم من نفس واحدة وخلق منها زوجها وبث منهما رجالا كثيرا ونساء واتقوا الله الذى تساءلون به والارحام ان الله كان عليكم رقيبا ﴿۱﴾ واتوا اليتمى اموالهم ولا تتبدلوا الخبيث بالطيب ولا تاكلوا اموالهم الى اموالكم انه كان حوبا كبيرا ﴿۲﴾ وان خفتم الا تقسطوا فى اليتمى فانكحوا ما طاب لكم من النساء مثنى وثلث وربع فان خفتم الا تعدلوا فواحدة او ما ملكت ايمانكم ذلك ادنى الا تعولوا ﴿۳﴾ واتوا النساء صدقتهن نحلة فان طبن لكم عن شىء منه نفسا فكلوه هنيئا مريئا ﴿۴﴾ ولا تؤتوا السفهاء اموالكم التى جعل الله لكم قيما وارزقوهم فيها واكسوهم وقولوا لهم قولا معروفا ﴿۵﴾ وابتلوا اليتمى حتى اذا بلغوا

منزل

और किताबवालों में से कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अल्लाह पर ईमान रखते हैं और जो किताब तुम पर उतरी है और जो उन पर उतरी है (सबपर ईमान रखते हैं और हर समय) अल्लाह से डरने वाले हैं। अल्लाह की आयतों को थोड़ी सी क़ीमत (लाभ) पर बेच नहीं देते, यही वह लोग हैं जिनको परवरदिगार के यहाँ इसका बदला (सुफल) ज़रूर तैयार है। बेशक अल्लाह हिसाब बहुत जल्द ले लेता है।(१९९) ऐ ईमानवालो ! (अल्लाह की राह में आई तकलीफ़ों के मुक़ाबले में) सब्र से§ काम लो, (आपस में) एक दूसरे को सब्र की तालीम दो और (काफ़िरों के) मुक़ाबले पर मुस्तैद रहो व मज़बूती से जमे रहो और अल्लाह से डरते रहो ताकि (आख़िरकार) तुम अपनी मुराद पर पहुँचो (२००) ★

★ रु. २० — ११ आ ११

☪ ४ सूरतुल् निसा'अि ९२ ☪

(स्त्रियों का अध्याय)

(मदनी) इसमें अरबी के १६६६७ हुरूफ़, ३७२० शब्द, १७६ आयतें और २४ रुकूअ़ हैं। ❀

शुरूअ़ अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

ऐ लोगों ! अपने परवरदिगार से डरो जिसने तुम सब को एक ही जान (ह० आदम अ०) से पैदा किया और उससे उसका जोड़ा (हौवा को) पैदा किया और उन दो से यह तमाम मर्द और औरत फैला दिये और जिस अल्लाह का लगाव दे-देकर तुम अपने कितने काम (एक दूसरे से) निकालते हो उसका डर रखो और सगे-सम्बन्धियों (के साथ सलूक) का लिहाज़ रखो, बेशक अल्लाह तुम्हारी ख़बर रखता है†।(१) और अनाथों‡ का माल (जो तुम्हारी सुरक्षा में है) उसको (बालिग होने पर) दे दो और उनके अच्छे माल को निकाल कर अपने घटिया माल न रख दो और उनके माल अपने मालों में मिला जुला कर खा-पी मत डालो। यह बहुत बड़ा पाप है।(२) और अगर तुमको इस बात का डर हो कि बेसहारा लड़कियों में इन्साफ़ क़ायम न रख सकोगे तो जो औरतें तुम्हें पसन्द हों उनसे निकाह कर लो; दो-दो या तीन-तीन या चार-चार से। लेकिन अगर तुमको इस बात का भय हो कि (उनके साथ) बराबरी (का बर्ताव) न कर सकोगे तो एक ही (बीवी से निकाह काफ़ी है)। या (लौंडी) जो तुम्हारे क़ब्ज़े में हो (उस पर संतोष करना। यह तदबीर मुनासिब है क्योंकि) उसमें अन्याय न होने की ज़्यादः उम्मीद है।(३) और औरतों को उनके मिहर ख़ुशदिली से दे दिया करो फिर अगर ख़ुशदिली के साथ उसमें से वे कुछ तुमको छोड़ दें तो उसको ख़ुशी और शौक़ से खा सकते हो।(४) और माल जिसको अल्लाह ने तुम्हारे (याने इन्सानों के) लिए सहारा बनाया है कमअक़्लों (नादानों) के हवाले न कर दो और उसमें से उनके खाने पहनने में ख़र्च करते रहो और उन्हें भलाई की बात समझाते रहो।(५)

❀ जंगे ऊहद के बाद पैदा हुई सूरतों में मुसलमानों के लिए आइन्दः इख़्तियार की जाने वाली [पेज १४५ पर]

§ अरबी शब्द सब्र (संतोष) के मफ़हूम (आशय) में रोज़मर्रः की बोल-चाल में फ़र्क़ पड़ गया है। सब्र के माने लोग 'लाचारी से मन मार लेने' को समझ लेते हैं। ऐसा नहीं है। निकम्मापन डर, बुज़दिली, लाचारी या पछताव के बिना धीरज, मज़बूती और अंजाम में ग़म न रख कर अपने फ़र्ज़ पर अटल बने रहने की हालत को सब्र कहते हैं। † अब चूँकि सूरः निसा में इन्सानों के हक़ और फ़र्ज़ ■ अज़ीज़ों के हक़-जायदाद का बयान करना है, इस लिए एक ओर तो यह दिखलाया गया है कि सारे इन्सान एक ह० आदम अ० से ही पैदा और एक ही खून मास हैं तो दूसरी ओर अल्लाह से डरते रहने की हिदायत है ताकि कोई अपने अपने फ़र्ज़ से न हटे और किसी का हक़ मारा न जाय। ‡ जिस लड़के का बाप मर जाय तो मरे हुये के वारिसों को चाहिए कि लड़के का हक़ मार न लें। जब वह जवान हो जाय तो उसको उसके बाप का छोड़ा माल ज़रूर वापस कर दें।

वब्तलुल् - यतामा हत्ता' अिजा बलग़ुन्निकाह ज् फ़अिन् आनस्तुम् मिन्हुम् रुश्दन् फ़द्फ़अू' अिलैहिम् अम्वालहुम् ज् व ला तअ्कुलूहा' अिस्राफ़ौंव बिदारन् अँयक्बरू त् व मन् कान ग़नीयन् फ़ल्यस्तअ्फ़िफ़् ज् व मन् कान फ़क़ीरन् फ़ल्यअ्कुल् बिलमअ्रूफ़ि त् फ़अिजा दफ़अ्तुम् अिलैहिम् अम्वालहुम् फ़अश्हिदू अलैहिम् त् व कफ़ा बिल्लाहि हसीबन् (६) लिर्रिजालि नसीबुम्-मिम्मा तरकल्वालिदानि वल्अक़्रबून स् व लिन्निसा'अि नसीबुम्मिम्मा तरकल्वालिदानि वल्अक़्रबून मिम्मा क़ल्ल मिन्हु औ कसुर त् नसीबम्-मफ़्रूज़न् (७) व अिजा हज़रल्-क़िस्मत अुलुल्क़ुर्बा वल्यतामा वल्मसाकीनु फ़र्ज़ुक़ूहुम् मिन्हु व क़ूलू लहुम् क़ौलम्-मअ्रूफ़न् (८) वल्यख़्शल्लजीन लौ तरकू मिन् ख़ल्फ़िहिम् जुर्रीयतन् ज़िआफ़न् ख़ाफ़ू अलैहिम् स् फ़ल्यत्तक़ुल्लाह वल्यक़ूलू क़ौलन् सदीदन् (९) अिन्नल्लजीन यअ्कुलून अम्वालल्-यतामा ज़ुल्मन् अिन्नमा यअ्कुलून फ़ी बुतूनिहिम् नारन् त् व सयस्लौन सअीरन् (१०) ★ यूसी - कुमुल्लाहु फ़ी' औलादिकुम् क़् लिज्जकरि मिस्लु हज़्ज़िल्-अुन्सयैनि ज् फ़अिन् कुन्न निसा'अन् फ़ौक़स्नतैनि फ़लहुन्न सुलुसा मा तरक ज् व अिन् कानत् वाहिदतन् फ़लहन्निस्फ़ु त् वलिअ बवैहि लिकुल्लि वाहिदिम्मिन् - हुमस्सुदुसु मिम्मा तरक अिन् कान लहु वलदुन् ज् फ़अिल्लम् यकुल्लहू वलदुँव वरिसहू' अबवाहु फ़लिअुम्-मिहिस्सुलुसु ज् फ़अिन् कान लहू अिख़्वतुन् फ़लिअुम्-मिहिस्सुदुसु मिम्बअ्दि वसीयतींयूसी बिहा' औदैनिन् त् आबा'अु कुम् व अब्ना'अु कुम् ला तद्रून अैयुहुम् अक़्रबु लकुम् नफ़्अन् त् फ़रीज़तम्-मिनल्लाहि त् अिन्नल्लाह कान अलीमन् हकीमन् (११)

★ रु. १ | १२ आ १०

لن تنالوا ٤ — ٦٣ — النساء ٤

النِّكَاحَ ۚ فَإِنْ آنَسْتُمْ مِنْهُمْ رُشْدًا فَادْفَعُوا إِلَيْهِمْ أَمْوَالَهُمْ
وَلَا تَأْكُلُوهَا إِسْرَافًا وَبِدَارًا أَنْ يَكْبَرُوا ۚ وَمَنْ كَانَ غَنِيًّا
فَلْيَسْتَعْفِفْ ۖ وَمَنْ كَانَ فَقِيرًا فَلْيَأْكُلْ بِالْمَعْرُوفِ ۚ فَإِذَا
دَفَعْتُمْ إِلَيْهِمْ أَمْوَالَهُمْ فَأَشْهِدُوا عَلَيْهِمْ ۚ وَكَفَىٰ بِاللَّهِ حَسِيبًا ۝
لِلرِّجَالِ نَصِيبٌ مِمَّا تَرَكَ الْوَالِدَانِ وَالْأَقْرَبُونَ وَلِلنِّسَاءِ نَصِيبٌ
مِمَّا تَرَكَ الْوَالِدَانِ وَالْأَقْرَبُونَ مِمَّا قَلَّ مِنْهُ أَوْ كَثُرَ ۚ نَصِيبًا
مَفْرُوضًا ۝ وَإِذَا حَضَرَ الْقِسْمَةَ أُولُو الْقُرْبَىٰ وَالْيَتَامَىٰ وَالْمَسَاكِينُ
فَارْزُقُوهُمْ مِنْهُ وَقُولُوا لَهُمْ قَوْلًا مَعْرُوفًا ۝ وَلْيَخْشَ الَّذِينَ
لَوْ تَرَكُوا مِنْ خَلْفِهِمْ ذُرِّيَّةً ضِعَافًا خَافُوا عَلَيْهِمْ فَلْيَتَّقُوا اللَّهَ
وَلْيَقُولُوا قَوْلًا سَدِيدًا ۝ إِنَّ الَّذِينَ يَأْكُلُونَ أَمْوَالَ الْيَتَامَىٰ
ظُلْمًا إِنَّمَا يَأْكُلُونَ فِي بُطُونِهِمْ نَارًا ۖ وَسَيَصْلَوْنَ سَعِيرًا ۝ يُوصِيكُمُ
اللَّهُ فِي أَوْلَادِكُمْ ۖ لِلذَّكَرِ مِثْلُ حَظِّ الْأُنْثَيَيْنِ ۚ فَإِنْ كُنَّ نِسَاءً
فَوْقَ اثْنَتَيْنِ فَلَهُنَّ ثُلُثَا مَا تَرَكَ ۖ وَإِنْ كَانَتْ وَاحِدَةً فَلَهَا النِّصْفُ ۚ
وَلِأَبَوَيْهِ لِكُلِّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا السُّدُسُ مِمَّا تَرَكَ إِنْ كَانَ لَهُ
وَلَدٌ ۚ فَإِنْ لَمْ يَكُنْ لَهُ وَلَدٌ وَوَرِثَهُ أَبَوَاهُ فَلِأُمِّهِ الثُّلُثُ ۚ فَإِنْ
كَانَ لَهُ إِخْوَةٌ فَلِأُمِّهِ السُّدُسُ ۚ مِنْ بَعْدِ وَصِيَّةٍ يُوصِي بِهَا
أَوْ دَيْنٍ ۗ آبَاؤُكُمْ وَأَبْنَاؤُكُمْ لَا تَدْرُونَ أَيُّهُمْ أَقْرَبُ لَكُمْ نَفْعًا ۚ

ع

منزل ١

और अनाथों को आजमा लिया करो जब तक कि वे निकाह (ब्याह) के लायक़ हो जाएँ। तो उस वक़्त अगर उनमें समझदारी देखो तो उनके माल उनके हवाले कर दो और ऐसा न करना कि उनके बड़े होने के भय से जल्दी-जल्दी उनका माल खा डालो बल्कि जो (सरपस्त) ख़ुशहाल हो उसे (ऐसे माल से) बचा रहना चाहिए और जो ज़रूरतमन्द हो वह मुनासिब हद तक खा सकता है। और जब उनके माल उनके हवाले करने लगो तो उसके गवाह कर लो, वर्ना हिसाब लेने को तो अल्लाह काफ़ी है।(६) मा, बाप और रिश्तेदारों की छोड़ी हुई जायदाद (तरका) थोड़ी या बहुत (उसमें) मर्दों का हिस्सा है, और (वैसेही) मा-बाप और सम्बन्धियों के छोड़े हुए में§ स्त्रियों का भी भाग है और यह भाग थोड़ा हो या बहुत बहरहाल (अल्लाह की ओर से) ठहराया हुआ (है)।(७) और जब बाँट के वक़्त सम्बन्धी, अनाथ बच्चे और मुहताज आ मौजूद हों तो (भलेही तरके में उनका हक़ न हो फिर भी) उसमें से उनको भी (कुछ) दे दिया करो और उनसे हमदर्दी से बात करो।(८) और उन लोगों को डरना चाहिए कि अगर अपने पीछे कमज़ोर औलाद छोड़ जाते तो उन पर उनको कैसा तरस आता। तो चाहिए कि अल्लाह से डरें और पक्की बात कहें।(९) बेशक जो लोग नाहक़ अनाथों के माल (अन्याय से) खा डालते हैं वह अपने पेट में बस अंगारे भरते हैं और जल्दी ही दहकती हुई आग में पड़ेंगे।(१०) ★

★ रु. १ / १२ आ १०

तुम्हारी संतान (के बारे में) अल्लाह तुमसे कहे रखता है कि लड़के को दो लड़कियों के बराबर हिस्सा (मिलेगा) फिर अगर लड़कियाँ (दो या) दो से ज़्यादा हों तो छोड़ी हुई जायदाद में उनका (हिस्सा) दो तिहाई और अगर अकेली हो तो उसको आधा और मरे हुए के माता-पिता में दोनो में हरएक को छोड़ी हुई जायदाद का छठवाँ भाग उस सूरत में कि मरे की संतान (मौजूद) हो और अगर उसके संतान न हों और उसके वारिस मा-बाप ही हों तो उसकी माता का एक तिहाई भाग (बाक़ी बाप का), लेकिन (मा-बाप के अलावा) मरे के भाई (बहिन भी) हों तो माता का छठवाँ भाग (लेकिन) मरे की वसीयत और क़र्ज़ (अदा होने) के बाद ये हिस्से निकाले जायँ। तुम अपने बाप और बेटों में से नहीं जान सकते कि मुनाफ़ा पहुँचने के इतमीनान से उनमें कौन-सा तुमसे अधिक नज़दीक है (यानै तुमको इनमें से किससे ज़्यादा फ़ायदा पहुँचना है।) यह सब (हिस्सों का बटवारा) अल्लाह का ठहराया हुआ है†, निस्संदेह अल्लाह बड़ा जानकार बड़ी समझ वाला है।(११)

---

§ अरब में इस्लाम से पहले लड़कियों को अपने मा-बाप की जायदाद में से कुछ न मिलता था। † तरका या मरे हुये की छोड़ी हुई जायदाद के वारिसों की हदें क़ुआंन में बयान की गई हैं। उनसे व दीगर सहाबाओं व राविओं की बुनियाद पर बनें मुस्लिम ताज़ीरात क़ानून में वह मुफ़स्सिल तौर पर बयान है। लेकिन मोटे तौर पर ये बातें तयशुदा हैं।(१) मरनेवाला अपनी जायदाद की एक तिहाई की वसीअत करने का हक़दार है ताकि जिनका क़ानूनन हक़ नहीं पहुँचता है और वह क़ाबिल मदद हैं तो उनको भी कुछ मिलने की गुंजाइश रहे। बाक़ी दो तिहाई हक़दार वारिसों में तक़सीम होगी।(२) वसीअत का असर किसी वारिस के हक़ पर क़तई नहीं पड़ सकता।(३) तरके का बटवारा, वसीअत के पूरा हो जाने और मरे हुये के क़र्ज़ व ख़र्च मौता की अदायगी पर ही होगा।(४) हमेशा तो नहीं लेकिन अक्सर मर्द का हिस्सा औरत के मुक़ाबले दूना है।

[पेज १४३ से] बातों की हिदायत इस सूरत में है। लड़ाइयों में जब सहाबा व अन्सार शहीद होने लगे तब उनकी बेवा, बच्चों व वारिसों के जायज़ हक़ों का एलहाम हुआ। दूसरी बात यह कि ग़ैर मुस्लिमों के अलावा अपने में ही शामिल शरीक मुनाफ़िक़ों (कपटाचारियों) से उत्पन्न स्थिति का कैसे सामना किया जाय। [पेज १४७ पर]

व लकुम् निस्फ़ु मा तरक अज़्वाजुकुम् अिल्लम् यकुल्लहुन्न वलदुन् ज् फ़अिन् कान लहुन्न वलदुन् फ़लकुमुर्रुबुअु मिम्मा तरक्न मिम्बअ़्दि वसीयतींयूसीन बिहा औ दैनिन् त् व लहुन्नर्रुबुअु मिम्मा तरक्तुम् अिल्लम् यकुल्लकुम् व लदुन् ज् फ़अिन् कान लकुम् वलदुन् फ़लहुन्नस्सुमुनु मिम्मा तरक्तुम् मिम्बअ़्दि वसीयतिन् तूसून बिहा औदैनिन् त् व अिन्कान रजुलुंय्यूरसु कलालतन् अविम्रअतूँव लहू अखुन् औ अुख़्तुन् फ़लिकुल्लि वाहिदिम् - मिन्हुमस्सुदुसु ज् फ़अिन् कानू अक्सर मिन् जालिक फ़हुम् शुरकाअु फ़िस्सुलुसि मिम्बअ़्दि वसीयतींयूसा बिहा औदैनिन् ला ग़ैर मुज़ार्रिन् ज् वसीयतम् - मिनल्लाहि त् वल्लाहु अलीमुन् हलीमुन् त् (१२) तिल्क हुदूदुल्लाहि त् व मैंयुतिअिल्लाह व रसूलहू युद्खिल्हु जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल् - अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा त् व जालिकल् - फ़ौज़ुल्- अज़ीमु (१३) व मैंयअ़्सिल्लाह व रसूलहू व यतअद्द हुदूदहू युद्खिल्हु नारन् ख़ालिदन् फ़ीहा स् वलहू अजाबुम्- मुहीनुन् (१४) ★ वल्लाती यअ्तीनल्-फ़ाहिशत मिन्-निसाअिकुम् फ़स्तश्हिदू अलैहिन्न अर्बअतम्-मिन्कुम् ज् फ़अिन् शहिदू फ़अम्सिकू हुन्न फ़िल्बुयूति हत्ता यतवफ़्फ़ा - हुन्नल्मौतु औ यज्अलल्लाहु लहुन्न सबीलन् (१५) वल्लजानि यअ्तियानिहा मिन्कुम् फ़आजूहुमा ज् फ़अिन् ताबा व अस्लहा फ़अअ़्रिज़ू अन्हुमा त् अिन्नल्लाह कान तौवाबर्रहीमन् (१६) अिन्नमत्तौबतु अलल्लाहि लिल्लजीन यअ़्मलूनस्सूअ बिजहालतिन् सुम्म यतूबून मिन् क़रीबिन् फ़अुलाअिक यतूबुल्लाहु अलैहिम् त् व कानल्लाहु अलीमन् हकीमन् (१७)

فَرِيضَةً مِّنَ اللّٰهِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلِيْمًا حَكِيْمًا ۝ وَلَكُمْ نِصْفُ مَا تَرَكَ اَزْوَاجُكُمْ اِنْ لَّمْ يَكُنْ لَّهُنَّ وَلَدٌ ۚ فَاِنْ كَانَ لَهُنَّ وَلَدٌ فَلَكُمُ الرُّبُعُ مِمَّا تَرَكْنَ مِنْ بَعْدِ وَصِيَّةٍ يُّوْصِيْنَ بِهَآ اَوْ دَيْنٍ ؕ وَلَهُنَّ الرُّبُعُ مِمَّا تَرَكْتُمْ اِنْ لَّمْ يَكُنْ لَّكُمْ وَلَدٌ ۚ فَاِنْ كَانَ لَكُمْ وَلَدٌ فَلَهُنَّ الثُّمُنُ مِمَّا تَرَكْتُمْ مِّنْ بَعْدِ وَصِيَّةٍ تُوْصُوْنَ بِهَآ اَوْ دَيْنٍ ؕ وَاِنْ كَانَ رَجُلٌ يُّوْرَثُ كَلٰلَةً اَوِ امْرَاَةٌ وَّلَهٗۤ اَخٌ اَوْ اُخْتٌ فَلِكُلِّ وَاحِدٍ مِّنْهُمَا السُّدُسُ ۚ فَاِنْ كَانُوْۤا اَكْثَرَ مِنْ ذٰلِكَ فَهُمْ شُرَكَآءُ فِى الثُّلُثِ مِنْۢ بَعْدِ وَصِيَّةٍ يُّوْصٰى بِهَآ اَوْ دَيْنٍ ۙ غَيْرَ مُضَآرٍّ ۚ وَصِيَّةً مِّنَ اللّٰهِ ؕ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَلِيْمٌ ۝ تِلْكَ حُدُوْدُ اللّٰهِ ؕ وَمَنْ يُّطِعِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ يُدْخِلْهُ جَنّٰتٍ تَجْرِىْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ؕ وَذٰلِكَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ۝ وَمَنْ يَّعْصِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ وَيَتَعَدَّ حُدُوْدَهٗ يُدْخِلْهُ نَارًا خَالِدًا فِيْهَا ۖ وَلَهٗ عَذَابٌ مُّهِيْنٌ ۝ وَالّٰتِىْ يَاْتِيْنَ الْفَاحِشَةَ مِنْ نِّسَآئِكُمْ فَاسْتَشْهِدُوْا عَلَيْهِنَّ اَرْبَعَةً مِّنْكُمْ ۚ فَاِنْ شَهِدُوْا فَاَمْسِكُوْهُنَّ فِى الْبُيُوْتِ حَتّٰى يَتَوَفّٰهُنَّ الْمَوْتُ اَوْ يَجْعَلَ اللّٰهُ لَهُنَّ سَبِيْلًا ۝ وَالَّذٰنِ يَاْتِيٰنِهَا مِنْكُمْ فَاٰذُوْهُمَا ۚ فَاِنْ تَابَا وَاَصْلَحَا فَاَعْرِضُوْا عَنْهُمَا ؕ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ تَوَّابًا رَّحِيْمًا ۝ اِنَّمَا التَّوْبَةُ عَلَى اللّٰهِ لِلَّذِيْنَ يَعْمَلُوْنَ السُّوْٓءَ بِجَهَالَةٍ ثُمَّ يَتُوْبُوْنَ مِنْ قَرِيْبٍ

منزل

★ रु. २/१३ आ ४

और जो (तरका) तुम्हारी बीवियाँ छोड़ मरें अगर उनके संतान नहीं है तो उनके तर्के§ में तुम्हारा आधा; अगर उनके संतान है तो बीवियों के तर्के में तुम्हारा चौथियाई है लेकिन उनकी (जायज़) वसीअ़त (निकालने) और क़र्ज़ के देने के बाद, और तुम कुछ छोड़ मरो और तुम्हारे कुछ औलाद न हो तो बीवियों को चौथियाई; और अगर तुम्हारे संतान हो तो तुम्हारे तरके में से बीवियों को आठवाँ हिस्सा, (लेकिन) तुम्हारी वसीअ़त पूरी और क़र्ज़ के अदा होने के बाद। और अगर किसी मर्द या औरत के न औलाद हो और न मा-बाप (ज़िन्दः) हों और उसके एक भाई या एक बहन हो तो उनमें से हरएक को छठवाँ हिस्सा है और अगर एक से ज़्यादा हों तो (वे) एक तिहाई में सब शरीक हों मगर मरे की वसीअ़त और क़र्ज़ के निकालने के बाद, बशर्ते कि मरे हुए ने औरों (में किसी) का नुक़सान न किया हो। (यह) अल्लाह का हुक्म है और अल्लाह बड़ा जाननेवाला बड़ा बर्दाश्त करने वाला है। (१२) यह अल्लाह की (बाँधी हुई) हदें हैं और जो अल्लाह और उसके रसूल के हुक्म पर चलेगा उसको अल्लाह बहिश्त के बाग़ों में दाख़िल करेगा जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, और वह उनमें हमेशा रहेंगे और यह बड़ी सफलता है। (१३) और जो अल्लाह और उसके रसूल का हुक्म न माने और अल्लाह की हदों से हट कर चले (तो अल्लाह) उसको नरक में दाख़िल करेगा (और वह) उसमें हमेशा रहेगा और उसको ज़िल्लत की मार दी जायगी। (१४) ★

रु. २ — १३ आ ४

और तुम्हारी औरतों में से जो औरतें बदकारी की अपराधिन हों तो उन पर अपने (लोगों) में से चार की गवाही लो, अगर गवाह तसदीक़ करें तो उन (औरतों) को घरों में बन्द रखो यहाँ तक कि मौत उनका काम तमाम कर दे या अल्लाह उनके लिए कोई रास्ता निकाले†। (१५) और जो दो आदमी तुम लोगों में से बदकारी के अपराधी हों तो उनको मारो-पीटो फिर अगर तौबा करें और अपनी दशा को सुधार लें तो उनका पीछा छोड़ दो, बेशक अल्लाह बड़ा तौबा क़बूल करनेवाला बेहद मेहरबान है। (१६) अल्लाह तौबा क़बूल करता है उन्हीं लोगों की जो नादानी से कोई बुरी हरकत कर बैठते, फिर जल्दी ही तौबा कर लेते हैं तो अल्लाह भी ऐसों की तौबा क़बूल कर लेता है और अल्लाह बड़ा जाननेवाला और बड़ा हिकमत वाला है। (१७)

---

§ मरे की छोड़ी हुई जायदाद। † ज़िना के लिए सज़ा का यह शुरू का हुक्म है। इशारा है कि अल्लाह उनके लिये कोई रास्ता निकाले। तो आगे चल कर सूरः नूर में ज़िना की सज़ा मर्द या औरत दोनो को १००-१०० कोड़ों की एलान हुई।

[पेज १४५ से] आयात १-१४ में सारे इंसानों के भाईचारे की चरचा व स्त्रियों, बच्चों अनाथों या वारिसों के हुक़ूक़ व तरका का बयान है। आ० १५-४२ में औरतों के ग़लत चलन पर तम्बीह करते हुये भी उनको और समाज में छोटे-बड़े सभी के लिए पूरी इज़्ज़त व पूरे हुक़ूक़ का हुक्म है। आ० ४३-७० में मदीना के ग़ैर मुस्लिमों को झूठे ख़ुदाओं के पीछे न दौड़ कर अल्लाह के हुक्म पर ईमान लाने की दावत है। उस रास्ते पर चलने में ही सवाब है वरना उनके लिए सख़्त अज़ाब है। आ० ७१-९१ में दुश्मनों के ख़िलाफ़ आत्मरक्षा के लिए, मुनाफ़िक़ों की चालों व हरकतों से बचने के लिए और उन मुनाफ़िक़ों से कैसा बर्ताव किया जाय, इसका ज़िक्र है। आ० ९२-१०४ में बिला पूरी जाँच किये दुश्मन को भी क़त्ल न किया जाय, शहीदों का पूरा बदला लेना, इस्लाम के मुख़ालिफ़ मुक़ामों को छोड़ देने और दौरान जंग नमाज़-प्रार्थना को कैसे निबाहा जाय, इनकी हिदायत है। आ० १०५-१२६— मुनाफ़िक़ों व छल करने वालों के धोखे में न आओ और न शैतान के रास्ते की जगमगाहट में फँसो, अल्लाह पर ईमान रखने से इनसे बच जाओ गे। आ० १२७-१५२ में औरतों व यतीमों से इन्साफ़ाना बर्ताव, अल्लाह का ख़ौफ़ रखकर सब के साथ इंसाफ़, सगे से सगे के साथ भी पक्षपात नहीं और शैतानियत व मुनाफ़िक़त [पेज १४९ पर]

व लैसतित्तौबतु लिल्लज़ीन यअ़्मलूनस्सैयिआति ज् हत्ता' अिज़ा हज़र अहदहुमुल्मौतु क़ाल अिन्नी तुब्तुल्आन व लल्लज़ीन यमूतून व हुम् कुफ़्फ़ारुन् त़ अुला'अिक अअ़्तद्ना लहुम् अ़ज़ाबन् अलीमन् (१८) या' अैयुहल्लज़ीन आमनू ला यहिल्लु लकुम् अन् तरिसुन्निसा'अ करहन् त़ व ला तअ़्ज़ुलूहुन्न लितज़्हबू बिबअ़्ज़ि मा' आतैतुमूहुन्न अिल्ला' अैंयअ्तीन बिफ़ाहिशतिम् - मुबैयिनतिन् ज् व आशिरू हुन्न बिल्मअ़्रूफ़ि ज् फ़अिन् करिहतुमूहुन्न फ़अ़सा' अन् तक्रहू शैऔंव यज्अ़लल्लाहु फ़ीहि ख़ैरन् कसीरन् (१९) व अिन् अरत्तुमुस्तिब्दाल ज़ौजिम्मकान ज़ौजिन् ला व आतैतुम् अिह्दा-हुन्न क़िन्तारन् फ़ला तअ्ख़ुज़ू मिन्हु शैअन् त़ अतअ्ख़ुज़ूनहू बुह्तानौंव अिस्मम् - मुबीनन् (२०) व कैफ़ तअ्ख़ुज़ूनहू व क़द् अफ़्ज़ा बअ़्ज़ुकुम् अिला बअ़्ज़िंव्व अख़ज़्न मिन्कुम् मीसाक़न् ग़लीज़न् (२१) व ला तन्किहू मा नकह आबा'अुकुम् मिनन्निसा'अि अिल्ला मा क़द्सलफ़ त़ अिन्नहू कान फ़ाहिशतौंव मक़्तन् त़ व सा'अ सबीलन् (२२) ★ हुर्रिमत् अलैकुम् अुम्महातुकुम् व बनातुकुम् व अख़वातुकुम् व अ़म्मातुकुम् व ख़ालातुकुम् व बनातुल्अख़ि व बनातुल् - अुख़्ति व अुम्महातु - कुमुल्लाती' अर्ज़अ़्नकुम् व अख़वातुकुम् मिनर्रज़ाअ़ति व अुम्महातु निसा'अिकुम् व रबा'अिबुकुमुल्लाती फ़ी हुजूरिकुम् मिन्-निसा'अिकुमुल्लाती दख़ल्तुम् बिहिन्न ज् फ़अिल्लम् तकूनू दख़ल्तुम् बिहिन्न फ़ला जुनाह अलैकुम् ज् व हला'अिलु अब्ना'अि-कुमुल्लज़ीन मिन् अस्लाबिकुम् ला व अन् तज्मअ़ू बैनल् - अुख़्तैनि अिल्ला मा क़द् सलफ़ त़ अिन्नल्लाह कान ग़फ़ूरर्रहीमन् ला (२३)

★ रु. ३ | १४ आ ८

٦٢

فاولئك يتوب الله عليهم وكان الله عليما حكيما ۝ وليست التوبة
للذين يعملون السيات حتى اذا حضر احدهم الموت قال اني
تبت الئن ولا الذين يموتون وهم كفار اولئك اعتدنا لهم
عذابا اليما ۝ يايها الذين امنوا لا يحل لكم ان ترثوا النساء
كرها ولا تعضلوهن لتذهبوا ببعض ما اتيتموهن الا ان
ياتين بفاحشة مبينة وعاشروهن بالمعروف فان كرهتموهن
فعسى ان تكرهوا شيئا ويجعل الله فيه خيرا كثيرا ۝ وان اردتم
استبدال زوج مكان زوج واتيتم احدىهن قنطارا فلا تاخذوا
منه شيئا اتاخذونه بهتانا واثما مبينا ۝ وكيف تاخذونه و
قد افضى بعضكم الى بعض واخذن منكم ميثاقا غليظا ۝ و
لا تنكحوا ما نكح اباؤكم من النساء الا ما قد سلف انه كان فاحشة
ومقتا وساء سبيلا ۝ حرمت عليكم امهتكم وبنتكم واخوتكم و
عمتكم وخلتكم وبنت الاخ وبنت الاخت وامهتكم التي ارضعنكم
واخوتكم من الرضاعة وامهت نسائكم وربائبكم التي في حجوركم
من نسائكم التي دخلتم بهن فان لم تكونوا دخلتم بهن فلا
جناح عليكم وحلائل ابنائكم الذين من اصلابكم وان
تجمعوا بين الاختين الا ما قد سلف ان الله كان غفورا رحيما ۝

ع

منزل

और उन लोगों की तौबा (क़ुबूल) नहीं जो (बराबर) बुरे काम करते रहे यहाँ तक कि उनमें से जब किसी के सामने मौत आ खड़ी हो तो कहने लगें कि अब मैंने तौबा की, और उनकी (भी तौबा) नहीं जो मरते समय तक काफ़िर ही रहते हैं। यही हैं जिनके लिए हमने दुखदाई अज़ाब तैयार कर रखा है।(१८) ऐ ईमानवालो! तुमको जायज़ नहीं कि औरतों को मीरास (बपौती) मानकर ज़बरदस्ती उन पर क़ब्ज़ा कर लो§। और जो कुछ तुमने उनको दिया है उसमें से कुछ ले लेने की नीयत से उनको क़ैद में न रखो (कि दूसरे से निकाह न करने पावें) सिवा इसके कि अगर उनसे कोई खुली हुई बदकारी ज़ाहिर हो (न कि उनका माल उड़ाने के लिए।) और बीवियों के साथ नेक सलूक से रहो-सहो, और तुमको वे नापसन्द हों तो ताज्जुब नहीं कि तुमको एक चीज़ नापसन्द हो और अल्लाह उसमें बहुत ख़ैर बरकत दे।(१९) और अगर तुम्हारा इरादा एक बीवी को बदलकर उसकी जगह दूसरी बीवी करने का हो तो गो तुमने पहली बीवी को बहुत सा माल दे भी दिया हो तो भी उसमें से कुछ वापस न लेना। क्या किसी क़िस्म की (झूठी) तोहमत लगाकर खुला गुनाह करके अपना दिया हुआ ले लोगे? (२०) और वह (दिया हुआ) कैसे ले लोगे जब कि तुम एक दूसरे के साथ सुहबत (संगत) कर चुके हो और वह (बीवियाँ) तुमसे पक्का वायदा ले चुकी हैं†।(२१) और जिन औरतों के साथ तुम्हारे बाप ने निकाह किया हो तुम उनके साथ निकाह न करना मगर जो अबतक हो चुका (सो हो चुका।) बेशक यह बड़ी शर्म और ग़ज़ब की बात थी और (यह बहुत ही) बुरा दस्तूर था।(२२)★

★ रु. ३/१४ आ ८

तुम्हारी माताएँ, बेटियाँ और तुम्हारी बहनें और तुम्हारी बुआएँ और तुम्हारी मौसियाँ और भतीजियाँ, भाञ्जियाँ और तुम्हारी वे माताएँ जिन्होंने तुमको दूध पिलाया और दूध शरीकी बहनें और तुम्हारी सासें तुम पर हराम हैं। और तुम्हारी उन बीवियों की (पूर्व पति की) बेटियाँ जिन (बीवियों) के साथ तुम संगत (सुहबत) कर चुके हो और (वह बेटियां) जो तुम्हारी गोदों में परवरिश पाती हैं (हराम हैं)। लेकिन (अगर इन बीवियों के साथ) तुमने संगत न की हो तो (उनकी पूर्वपति से पैदा लड़कियों से निकाह करने में) तुम पर कुछ गुनाह नहीं और तुम्हारे औरत से पैदा बेटों की स्त्रियाँ (बहुएँ) और दो बहनों का एक साथ (निकाह में) रखना× (भी तुम पर हराम है) मगर अब तक जो हो चुका (सो हो चुका,) बेशक अल्लाह बड़ा माफ़ करने वाला बेहद मेहरबान है।(२३)

॥ इति चौथा पारः ॥

उसकी जायदाद के साथ उसकी बेवाओं को भी
§ अरब में इस्लाम से पहले चलन था कि किसी के मरने पर इज़्ज़त से
क़ब्ज़े में ले लेते थे। यह ग़लत था। उन्हें अब पूरी आज़ादी है कि जिससे चाहें निकाह करें और
जैसे चाहें रहें। † पक्का वायदा के माने निकाह का अहद है जिसके भरोसे पर औरत अपने को मर्द के हवाले
करती है। वह भरोसा किसी फ़रेब, लालच या मक्कारी से तोड़ना गुनाह है। निकाह के बाद अगर मर्द
तलाक़ देना चाहे तो दो बातें हो सकती हैं—या तो उसने उस औरत के साथ संगत की होगी या न की होगी।
यदि वह कर चुका है तो उसको पूरा मेहर देना होगा वरना आधा। × दो सगी बहनें एक ही पुरुष की पत्नियाँ
साथ-साथ नहीं हो सकतीं।

[पेज १४७ से] (कपट और पाखण्ड) से बचना व किसी के दिल को न दुखाना, मीठा बोलना व अल्लाह के नबिओं
में फ़र्क़ न मानना, इसका वर्णन है। आ० १५३-१७६ याने सूरत की समाप्ति तक उन मौक़ों की याद दिलाई
है जब जब किताबवाले अल्लाह के हुक्म से फिर बैठे और उन्होंने ज़ुल्म व कुफ़्र अपनाया। इस सूरः निसा के
नाज़िल होने के बाद से वसीअत करने का लाज़िमी हुक्म बाक़ी नहीं रहता।

✪✪ पाँचवाँ पार: ✪✪

✪✪ वल्मुह्‌सनातु ✪✪

✪ सूरतुन्निसाअि आयात २४ से १४७ ✪

०'वल्मुह्‌सनातु मिनन्निसा᾽अि अिल्ला मा मलकत् अैमानुकुम् ज् किता᾽बल्लाहि अ़लैकुम् ज् व अुहि़ल्ल लकुम् मा वरा᾽अ ज़ालिकुम् अन् तब्तग़ू बिअम्वालिकुम् मुह्‌सिनीन ग़ैर मुसाफ़िह़ीन त् फ़मस्तम्तअ़्तुम् बिही मिन्हुन्न फ़आतूहुन्न अुजूरहुन्न फ़रीज़तन् त् व ला जुनाह़ अ़लैकुम् फ़ी मा तराज़ैतुम् बिही मिम्बअ़्दिल्फ़रीज़ति त् अिन्नल्लाह कान अ़लीमन् ह़कीमन् (२४) व मल्लम् यस्ततिअ़् मिन्कुम् तौलन् अैंयन्किह़ल्-मुह्‌सनातिल् - मुअ्‌मिनाति फ़मिम्मा मलकत् अैमानुकुम् मिन् फ़तयातिकुमुल्-मुअ्‌मिनाति त् वल्लाहु अअ़्लमु बिअीमानिकुम् त् बअ़्ज़ुकुम् मिम्बअ़्ज़िन् ज् फ़न्किह़ूहुन्न बिअिज़्नि अह्‌लिहिन्न व आतू हुन्न अुजूरहुन्न बिल्मअ़्रूफ़ि मुह्‌सनातिन् ग़ैर मुसाफ़िह़ातिंव्वला मुत्तख़िज़ाति अख़्दा᾽निन् ज् फ़अिज़ा᾽ अुह्‌सिन्न फ़अिन् अतैन बिफ़ाहि़शतिन् फ़अ़लैहिन्न निस्फ़ु मा अ़लल्-मुह्‌सनाति मिनल्अ़ज़ाबि त् ज़ालिक लिमन् ख़शियल्-अ़नत मिन्कुम् त् व अन् तस्‌बिरू ख़ैरुल्लकुम त् वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (२५) ★ युरीदुल्लाहु लियुबैयिन लकुम् व यह्‌दियकुम् सुननल्लज़ीन मिन् क़ब्‌लिकुम् व यतूब अ़लैकुम् त् वल्लाहु अ़लीमुन् ह़कीमुन् (२६) वल्लाहु युरीदु अैंयतूब अ़लैकुम् क़िफ़् व युरीदुल्लज़ीन यत्तबिअ़ूनश्-शहवाति अन् तमीलू मैलन् अ़ज़ीमन् (२७) युरीदुल्लाहु अैंयुख़फ़्फ़िफ़ अ़न्कुम् ज् व ख़ुलिक़ल् - अिन्सानु ज़अ़ीफ़न् (२८)

★ रु. ४/१ आ. ३

النساء ٦٥ والمحصنت ٥

وَالْمُحْصَنٰتُ مِنَ النِّسَآءِ اِلَّا مَا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ ۚ كِتٰبَ اللّٰهِ
عَلَيْكُمْ ۚ وَاُحِلَّ لَكُمْ مَّا وَرَآءَ ذٰلِكُمْ اَنْ تَبْتَغُوْا بِاَمْوَالِكُمْ مُّحْصِنِيْنَ
غَيْرَ مُسٰفِحِيْنَ ۗ فَمَا اسْتَمْتَعْتُمْ بِهٖ مِنْهُنَّ فَاٰتُوْهُنَّ اُجُوْرَهُنَّ
فَرِيْضَةً ۗ وَلَا جُنَاحَ عَلَيْكُمْ فِيْمَا تَرٰضَيْتُمْ بِهٖ مِنْۢ بَعْدِ الْفَرِيْضَةِ ۗ
اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلِيْمًا حَكِيْمًا ۝ وَمَنْ لَّمْ يَسْتَطِعْ مِنْكُمْ طَوْلًا اَنْ
يَّنْكِحَ الْمُحْصَنٰتِ الْمُؤْمِنٰتِ فَمِنْ مَّا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ مِّنْ فَتَيٰتِكُمُ
الْمُؤْمِنٰتِ ۗ وَاللّٰهُ اَعْلَمُ بِاِيْمَانِكُمْ ۗ بَعْضُكُمْ مِّنْۢ بَعْضٍ ۚ
فَانْكِحُوْهُنَّ بِاِذْنِ اَهْلِهِنَّ وَاٰتُوْهُنَّ اُجُوْرَهُنَّ بِالْمَعْرُوْفِ
مُحْصَنٰتٍ غَيْرَ مُسٰفِحٰتٍ وَّلَا مُتَّخِذٰتِ اَخْدَانٍ ۚ فَاِذَآ اُحْصِنَّ
فَاِنْ اَتَيْنَ بِفَاحِشَةٍ فَعَلَيْهِنَّ نِصْفُ مَا عَلَى الْمُحْصَنٰتِ مِنَ
الْعَذَابِ ۗ ذٰلِكَ لِمَنْ خَشِيَ الْعَنَتَ مِنْكُمْ ۗ وَاَنْ تَصْبِرُوْا خَيْرٌ
لَّكُمْ ۗ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝ يُرِيْدُ اللّٰهُ لِيُبَيِّنَ لَكُمْ وَيَهْدِيَكُمْ
سُنَنَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكُمْ وَيَتُوْبَ عَلَيْكُمْ ۗ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ۝
وَاللّٰهُ يُرِيْدُ اَنْ يَّتُوْبَ عَلَيْكُمْ ۗ وَيُرِيْدُ الَّذِيْنَ يَتَّبِعُوْنَ الشَّهَوٰتِ
اَنْ تَمِيْلُوْا مَيْلًا عَظِيْمًا ۝ يُرِيْدُ اللّٰهُ اَنْ يُّخَفِّفَ عَنْكُمْ ۚ وَخُلِقَ
الْاِنْسَانُ ضَعِيْفًا ۝ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَاْكُلُوْۤا اَمْوَالَكُمْ
بَيْنَكُمْ بِالْبَاطِلِ اِلَّآ اَنْ تَكُوْنَ تِجَارَةً عَنْ تَرَاضٍ مِّنْكُمْ ۗ وَ

منزل

सूरतुल् निसा'अि आयात २४ से १४७

और औरतें जो (किसी के) निकाह में हैं (वे भी तुम पर हराम हैं) सिवाय उनके जो (क़ैद होकर) तुम्हारे अधिकार में आई हों। अल्लाह के ये हुक्म तुम पर (फ़र्ज़) हैं। और इनके सिवाय दूसरी (सब औरतें) तुमको हलाल हैं जिनको तुम माल (मिहर) देकर क़ैद (निकाह) में लाना चाहो न कि मस्ती निकालने को। फिर जिस तरह तुमने इनसे (पति-पत्नी का) सुख उठाया है तो उनसे जो मिहर ठहरा था उनके हवाले करो, और (मेहर) तै होने के बाद अगर आपस में समझौते से जो और (कमी बेशी) ठहरा लो तो तुम पर इसमें कुछ पाप नहीं। बेशक अल्लाह बड़ा जानकार और बड़ा हिकमतवाला है।(२४) और तुममें से जिसको (आज़ाद) मुसलमान औरतों से निकाह करने की ताक़त (मिहर आदि के कारण) न हो तो ख़ैर ईमानवाली बाँदियां ही सही जो (जंग में क़ैद होकर) तुम्हारे आपस में क़ब्जे में हों और अल्लाह तुम्हारे ईमान को ख़ूब जानता है। तुम (सब) आपस में एक जैसे (ही ईमान रखनेवाले) हो पस उन (बांदियों) के मालिकों की इजाज़त से तुम उनके साथ निकाह कर लो और दस्तूर के बमूजिब उनके मिहर उनके हवाले कर दो बशर्ते कि क़ैद (निकाह) में लाई जायँ, (बाज़ारी औरतों-जैसी) बदकारी करनेवाली न हों और न चोरी-छिपे आशनाई करनेवाली हों। फिर अगर क़ैद (निकाह) में आने के बाद कोई बेहयाई करें तो जो सज़ा आज़ाद बीबी को उसकी आधी लौंडी को। (लौंडी से निकाह करने की) यह इजाज़त उसी को है जिसको तुम में से बदकारी (में फँस जाने) का डर है और अगर (उसके बिना) सब्र से रह सको तो तुम्हारे हक़ में कहीं भला है और अल्लाह बड़ा माफ़ करनेवाला बड़ा मेहरबान है।(२५)★

★ रु. ४/१ आ ३

अल्लाह चाहता है कि तुमसे (आयतें) खोल-खोल कर बयान करे और जो तुमसे पहले नबी व ईमानवाले हो गुज़रे हैं उनके तरीक़े तुमको बतलाये और तुम पर दया की नज़र करे (जाहिलियत से निकाल कर ईमान का रास्ता दिखाये) और अल्लाह बड़ा जाननेवाला है बड़ा हिकमतवाला है।(२६) और अल्लाह चाहता है कि तुम पर दया करे और जो लोग ख़्वाहिशों के बन्दे (वासनाओं के दास) हैं उनकी मंशा यह है कि तुम सही राह से दूर (भटककर कुराह में) फँस जाओ।(२७) अल्लाह चाहता है कि तुम्हारा बोझ हलका करे (याने नरमी बरते) और मनुष्य तो कमज़ोर पैदा ही किया गया है।(२८)

या' अैयुहल्लजीन आमनू ला तअ्कुलू' अम्वालकुम् बैनकुम् बिल्बातिलि अिल्ला' अन् तकून तिजारतन् अन् तराज़िम्-मिन्कुम् क़िफ़ व ला तक़्तुलू' अन्फ़ुसकुम् त् अिन्नल्लाह कान बिकुम् रहीमन् (२९) व मैंयफ़्अल् जालिक अुद्वानौंव जुल्मन् फ़सौफ़ नुस्लीहि नारन् त् व कान जालिक अलल्लाहि यसीरन् (३०) अिन् तज्तनिबू कबा'अिर मा तुन्हौन अन्हु नुकफ़्फ़िर् अन्कुम् सैयिआतिकुम् व नुद्ख़िल्कुम् मुद्ख़लन् करीमन् (३१) व ला ततमन्नौ मा फ़ज़्ज़लल्लाहु बिही बअ्ज़कुम् अला बअ्ज़िन् त् लिर्रिजालि नसीबुम् - मिम्मक्तसबू त् व लिन्निसा'अि नसीबुम्-मिम्मक्तसब्न त् वस्अलुल्लाह मिन् फ़ज़्लिही त् अिन्नल्लाह कान बिकुल्लि शैअिन् अलीमन् (३२) व लिकुल्लिन् जअल्ना मवालिय मिम्मा तरकल् - वालिदानि वल्-अक़्रबून त् वल्लजीन अक़दत् अैमानुकुम् फ़आतूहुम् नसीबहुम् त् अिन्नल्लाह कान अला कुल्लि शैअिन् शहीदन् (३३) ★ अर्रिजालु क़ौवामून अलन्निसा'अि बिमा फ़ज़्ज़लल्लाहु बअ्ज़हुम् अला बअ्ज़िंव्व बिमा' अन्फ़क़ू मिन् अम्वालिहिम् त् फ़स्सालिहातु क़ानितातुन् हाफ़िज़ातुल् - लिल्ग़ैबि बिमा हफ़िज़ल्लाहु त् वल्लाती तख़ाफ़ून नुशूज़हुन्न फ़अिज़ूहुन्न वह्जुरूहुन्न फ़िल्मज़ाजिअि वज़्रिबूहुन्न ज् फ़अिन् अतअ्नकुम् फ़ला तब्ग़ू अलैहिन्न सबीलन् त् अिन्नल्लाह कान अलीयन् कबीरन् (३४) व अिन् ख़िफ़्तुम् शिक़ाक़ बैनिहिमा फ़ब्अस़ू हकमम्-मिन् अह्लिही व हकमम्-मिन् अह्लिहा ज् अींयुरीदा' अिस्लाहैंयुवफ़्-फ़िक़िल्लाहु बैनहुमा त् अिन्नल्लाह कान अलीमन् ख़बीरन् (३५) वअ्बुदुल्लाह व ला तुश्रिकू बिही शैऔंव बिल्-वालिदैनि अिह्सानौंव बिजिल्क़ुर्बा वल्यतामा वल्मसाकीनि वल्-जारिजिल्-क़ुर्बा वल्जारिल् - जुनुबि वस्साहिबि बिल्जम्बि वब्निस्सबीलि ला व मा मलकत् अैमानुकुम् त् अिन्नल्लाह ला युहिब्बु मन् कान मुख़्तालन् फ़ख़ूरन् ला (३६)

★ रु. ५/२ आ ८

والمحصنت ٥ — ٦٦ — النسآء ٤

لَا تَقْتُلُوْٓا اَنْفُسَكُمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ بِكُمْ رَحِيْمًا ۝ وَمَنْ يَّفْعَلْ ذٰلِكَ
عُدْوَانًا وَّظُلْمًا فَسَوْفَ نُصْلِيْهِ نَارًا ؕ وَكَانَ ذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ
يَسِيْرًا ۝ اِنْ تَجْتَنِبُوْا كَبَآئِرَ مَا تُنْهَوْنَ عَنْهُ نُكَفِّرْ عَنْكُمْ سَيِّاٰتِكُمْ
وَنُدْخِلْكُمْ مُّدْخَلًا كَرِيْمًا ۝ وَلَا تَتَمَنَّوْا مَا فَضَّلَ اللّٰهُ بِهٖ
بَعْضَكُمْ عَلٰى بَعْضٍ ؕ لِلرِّجَالِ نَصِيْبٌ مِّمَّا اكْتَسَبُوْا ؕ وَلِلنِّسَآءِ
نَصِيْبٌ مِّمَّا اكْتَسَبْنَ ؕ وَسْئَلُوا اللّٰهَ مِنْ فَضْلِهٖ ؕ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ بِكُلِّ
شَيْءٍ عَلِيْمًا ۝ وَلِكُلٍّ جَعَلْنَا مَوَالِيَ مِمَّا تَرَكَ الْوَالِدٰنِ وَ
الْاَقْرَبُوْنَ ؕ وَالَّذِيْنَ عَقَدَتْ اَيْمَانُكُمْ فَاٰتُوْهُمْ نَصِيْبَهُمْ ؕ اِنَّ
اللّٰهَ كَانَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ شَهِيْدًا ۝ اَلرِّجَالُ قَوّٰمُوْنَ عَلَى النِّسَآءِ
بِمَا فَضَّلَ اللّٰهُ بَعْضَهُمْ عَلٰى بَعْضٍ وَّبِمَآ اَنْفَقُوْا مِنْ اَمْوَالِهِمْ ؕ
فَالصّٰلِحٰتُ قٰنِتٰتٌ حٰفِظٰتٌ لِّلْغَيْبِ بِمَا حَفِظَ اللّٰهُ ؕ وَالّٰتِيْ
تَخَافُوْنَ نُشُوْزَهُنَّ فَعِظُوْهُنَّ وَاهْجُرُوْهُنَّ فِي الْمَضَاجِعِ
وَاضْرِبُوْهُنَّ ۚ فَاِنْ اَطَعْنَكُمْ فَلَا تَبْغُوْا عَلَيْهِنَّ سَبِيْلًا ؕ اِنَّ اللّٰهَ
كَانَ عَلِيًّا كَبِيْرًا ۝ وَاِنْ خِفْتُمْ شِقَاقَ بَيْنِهِمَا فَابْعَثُوْا حَكَمًا
مِّنْ اَهْلِهٖ وَحَكَمًا مِّنْ اَهْلِهَا ۚ اِنْ يُّرِيْدَآ اِصْلَاحًا يُّوَفِّقِ اللّٰهُ
بَيْنَهُمَا ؕ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلِيْمًا خَبِيْرًا ۝ وَاعْبُدُوا اللّٰهَ وَلَا تُشْرِكُوْا
بِهٖ شَيْـًٔا وَّبِالْوَالِدَيْنِ اِحْسَانًا وَّبِذِي الْقُرْبٰى وَالْيَتٰمٰى وَالْمَسٰكِيْنِ

ऐ ईमानवालो ! (आपस में) एक दूसरे का माल बेजा मत खाओ, हाँ ! आपस में रज़ामन्दी से तिजारत करो (उसमें नफ़ा हो जाय तो बेजा नहीं) और (आपस में) एक दूसरे को क़त्ल मत करो*। बेशक अल्लाह तुम पर बड़ा मेहरबान है। (२९) और जो ज़ोर-ज़ुल्म से ऐसा करेगा हम उसको जल्दी ही आग में झोंकेंगे और यह अल्लाह के लिए साधारण बात है। (३०) अगर तुम उनमें से बड़े-बड़े पापों से, जिनसे तुमको मना किया जाता है, बचते रहोगे तो हम तुम्हारी (छोटी) बुराइयाँ दूर कर देंगे और तुमको इज़्ज़त की जगह (बहिश्त) में दाख़िल करेंगे। (३१) और अल्लाह ने जो तुममें से एक को दूसरे पर बढ़ती दे रखी है उसकी हवस न किया करो। मर्दों ने जैसे कर्म किये हैं उनको उनका भाग और औरतों ने जैसे कर्म किये हैं उनको उनका भाग मिलेगा और अल्लाह से उसकी दया माँगते रहो§। अल्लाह बेशक हर चीज़ से जानकार है। (३२) और मा-बाप और रिश्तेदार जो माल (तर्का) छोड़कर मरें तो हमने उस (सब माल) के लिए हक़दार ठहरा दिये हैं और जिन लोगों के साथ तुम्हारा वादा† है तो उनका भाग उनको दो। बेशक हर चीज़ अल्लाह के सामने है। (३३) ★

★ रु. ५/२ आ ८

मर्द औरतों के सिरधरा हैं। कारण यह कि अल्लाह ने (इनमें से) एक को एक पर प्रधानता दी है और इसलिए भी कि मर्द अपने माल में से (उन पर) ख़र्च करते हैं। तो जो भली हैं वे (अपने पतियों के) हुक्म पर चलती हैं और उनके पीठ पीछे अल्लाह के साये में (माल व आबरू की) हिफ़ाज़त करती हैं। और तुमको जिन बीवियों से सरकशी का खटका हो उनको समझा दो, फिर उनके साथ सोना छोड़ दो और उन्हें मारो, फिर अगर वे तुम्हारी बात मानने लगें तो उन पर तोहमत न लगाओ, क्योंकि अल्लाह सर्वोपरि है और अति महान है। (३४) और अगर तुमको मियाँ-बीवी में बिगाड़ का अन्देशा हो तो (बजाय अदालत या मुआमला तूल पकड़ने से पहले ही) मर्द की तरफ़ से एक पंच और एक पंच स्त्री की तरफ़ से ठहराओ। अगर दोनो की नियत सलाह की ठहरी तो अल्लाह दोनो में मिलाप करा देगा, बेशक अल्लाह बड़ा जानकार हर तरह ख़बरदार है। (३५) अल्लाह ही की अ़िबादत करो और उसके साथ किसी और को मत शरीक करो। और मा-बाप रिश्तेदार और अनाथों और मुहताजों और क़रीबी पड़ोसियों और दूर वाले पड़ोसियों और (रोज़ के) पास बैठनेवालों और मुसाफ़िरों और जो तुम्हारे क़ब्ज़े में हों (यानी ग़ुलाम व बाँदियाँ तक) इन सब के साथ भला बर्ताव रखो। बेशक अल्लाह उन लोगों से खुश नहीं होता जो इतरायें, बड़ाई मारते फिरें। (३६)

---

* इसकी तफ़सीर तीन तरीक़ों पर है और तीनों हक़ हैं। (१) दूसरे का माल बेजा हक़ खा जाना उड़ाना अपनी ही ज़िन्दगी और आख़िरत को मिटाना है। (२) मुसलमान आपस में ही मार-काट न करें। (३) खुदकशी (आत्म-हत्या) गुनाह है। § दुनिया में जिस्म, दौलत, ताक़त, इज़्ज़त या अ़िल्म के लिहाज़ से एक से एक बढ़ कर हैं लेकिन इसमें किसी को किसी पर डाह करना या अपने लिए उसकी हवस करना बुरा है। अगर अपनी किसी कमी को पूरा करने की ख़्वाहिश हो भी तो बजाय अल्लाह की क़ुदरत से उलाहना देने या दूसरे लोगों से हिर्स करने के अल्लाह से दुआ मांगना चाहिये। एक समय कुछ औरतों ने आदमियों के मुक़ाबले अपने को कम समझ कर रश्क किया। इस पर यह आयत उतरी। † वादे का अर्थ है दीनी भाई मानना। ऐसे लोगों के लिए तर्का (उत्तराधिकार) नहीं है। अरब में इस्लामी क़ानून से पहले यह क़ायदा था कि दोस्ती का अहद हो जाने पर दोस्त या मुँहबोला बेटा वग़ैरा भी मरे हुये की जायदाद पर हक़दार हो जाते थे। वह क़ायदा इस्लाम ने मंसूख कर दिया। हाँ यदि मरने से पहले अपनी जायदाद का कोई भाग कोई शख़्स अपने दीनी भाई को देना चाहे तो दे सकता है।

अ़ल्लजीन यब्ख़लून व यअ्मुरूनन्नास बिल्बुख़्लि व यक्तुमून मा' आताहुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिहि‍ ‍त् व अअ्तद्ना लिल्काफ़िरीन अ़जाबम्मुहीनन् ज (३७) वल्लजीन युन्फ़िक़ून अम्वालहुम् रिआ'अन्नासि व ला युअ्मिनून बिल्लाहि व ला बिल्-यौमिल्-आख़िरि त् व मैंयकुनिश्-शैतानु लहू क़रीनन् फ़सा'अ क़रीनन् (३८) व मा जा अ़लैहिम् लौ आमनू बिल्लाहि वल-यौमिल्-आख़िरि व अन्फ़क़ू मिम्मा रज़क़हुमुल्लाहु त् व कानल्लाहु बिहिम् अ़लीमन् (३९) अिन्नल्लाह ला यज़्लिमु मिस्क़ाल जर्रतिन् ज् व अिन्तकु ह़सनतैंयुज़ा-अ़िफ़्हा व युअ्ति मिल्लदुन्हु अज्रन् अ़ज़ीमन् (४०) फ़कैफ़ अिजा जिअ्ना मिन् कुल्लि अुम्मतिम्-बिशहीदिंव्व जिअ्ना बिक अ़ला हा'अुला'अि शहीदन् त् ● (४१) यौमअिजीं-यवद्दुल्-लजीन कफ़रू व अ़सवुर्रसूल लौ तुसौवा बिहिमुल्अर्ज़ु त् व ला यक्तुमूनल्लाह ह़दीसन् (४२) ★ या' अैयुहल्लजीन आमनू ला तक़्रबुस्सलात व अन्तुम् सुकारा ह़त्ता तअ्लमू मा तक़ूलून व ला जुनुबन् अिल्ला अ़ाबिरी सबीलिन् ह़त्ता तग़्तसिलू त् व अिन् कुन्तुम् मर्ज़ा' औ अ़ला सफ़रिन् औ जा'अ अह़दुम्-मिन्कुम् मिनल्ग़ा'अिति औ लामस्तुमुन्निसा'अ फ़लम् तजिदू मा'अन् फ़तयम्ममू सअ़ीदन् तैयिबन् फ़म्सहू बिवुजूहिकुम् व अैदीकुम् त् अिन्नल्लाह कान अ़फ़ूवन् ग़फ़ूरन् (४३)

● व. न बी स. ★ रु. ६ ३ आ. ६

والمحصنت ٥ ٦٧ النساء ٤

وَالْجَارِ ذِي الْقُرْبٰى وَالْجَارِ الْجُنُبِ وَالصَّاحِبِ بِالْجَنْۢبِ وَابْنِ
السَّبِيْلِ ۙ وَمَا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُحِبُّ مَنْ كَانَ مُخْتَالًا
فَخُوْرَا ۙ۝ الَّذِيْنَ يَبْخَلُوْنَ وَيَاْمُرُوْنَ النَّاسَ بِالْبُخْلِ وَيَكْتُمُوْنَ
مَآ اٰتٰهُمُ اللّٰهُ مِنْ فَضْلِهٖ ؕ وَاَعْتَدْنَا لِلْكٰفِرِيْنَ عَذَابًا مُّهِيْنًا ۝
وَالَّذِيْنَ يُنْفِقُوْنَ اَمْوَالَهُمْ رِئَآءَ النَّاسِ وَلَا يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ
وَلَا بِالْيَوْمِ الْاٰخِرِ ؕ وَمَنْ يَّكُنِ الشَّيْطٰنُ لَهٗ قَرِيْنًا فَسَآءَ قَرِيْنًا ۝
وَمَاذَا عَلَيْهِمْ لَوْ اٰمَنُوْا بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَاَنْفَقُوْا مِمَّا رَزَقَهُمُ
اللّٰهُ ؕ وَكَانَ اللّٰهُ بِهِمْ عَلِيْمًا ۝ اِنَّ اللّٰهَ لَا يَظْلِمُ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ ۚ
وَاِنْ تَكُ حَسَنَةً يُّضٰعِفْهَا وَيُؤْتِ مِنْ لَّدُنْهُ اَجْرًا عَظِيْمًا ۝
فَكَيْفَ اِذَا جِئْنَا مِنْ كُلِّ اُمَّةٍۢ بِشَهِيْدٍ وَّجِئْنَا بِكَ عَلٰى هٰٓؤُلَآءِ
شَهِيْدًا ۝ؕ يَوْمَئِذٍ يَّوَدُّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَعَصَوُا الرَّسُوْلَ لَوْ تُسَوّٰى
بِهِمُ الْاَرْضُ ؕ وَلَا يَكْتُمُوْنَ اللّٰهَ حَدِيْثًا ۝ۧ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا
لَا تَقْرَبُوا الصَّلٰوةَ وَاَنْتُمْ سُكٰرٰى حَتّٰى تَعْلَمُوْا مَا تَقُوْلُوْنَ وَ
لَا جُنُبًا اِلَّا عَابِرِيْ سَبِيْلٍ حَتّٰى تَغْتَسِلُوْا ؕ وَاِنْ كُنْتُمْ مَّرْضٰٓى
اَوْ عَلٰى سَفَرٍ اَوْ جَآءَ اَحَدٌ مِّنْكُمْ مِّنَ الْغَآئِطِ اَوْ لٰمَسْتُمُ النِّسَآءَ
فَلَمْ تَجِدُوْا مَآءً فَتَيَمَّمُوْا صَعِيْدًا طَيِّبًا فَامْسَحُوْا بِوُجُوْهِكُمْ وَ
اَيْدِيْكُمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَفُوًّا غَفُوْرًا ۝ اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ اُوْتُوْا

منزل

(न उन लोगों से) जो कंजूसी करें और लोगों को भी कंजूसी करने की सलाह दें और अल्लाह ने जो अपनी कृपा से उनको दिया है उसको छिपाएँ और हमने (ऐसे) काफ़िरों के लिए ज़िल्लत का अज़ाब तैयार कर रखा है।(३७) (और अल्लाह उनको भी पसंद नहीं करता) जो लोगों के दिखाने को माल ख़र्च करते हैं (जब कि सच तो यह है कि वे) अल्लाह और आख़िरत (अन्तिम न्याय के दिन) पर ईमान (ही) नहीं रखते और शैतान जिसका साथी हो तो वह (कैसा) बुरा साथी है।(३८) और अगर अल्लाह और आख़िरत पर ईमान लाते और जो कुछ अल्लाह ने इनको दे रखा था उसमें से ख़र्च करते तो उनका क्या बिगड़ जाता और अल्लाह तो इनसे ख़ूब जानकार है।(३९) बेशक अल्लाह रत्ती भर ज़ुल्म नहीं करता बल्कि नेकी के बदले कई गुना फल देता है और अपने पास से बड़ा बदला देता है।(४०) (सोंचो उस समय इनका) क्या हाल होगा जब हम हर उम्मत (गिरोह) से एक गवाह (नबी) को बुलाएँगे और (ऐ मुहम्मद!) हम तुमको इन पर गवाह तलब करेंगे ●।(४१) जिन लोगों ने इनकार किया और पैग़म्बर का हुक्म न माना (वे) उस दिन इच्छा करेंगे कि किसी तरह ज़मीन (फट जाती और वे उस) में समा जाते। और वे अल्लाह से कोई बात भी (तो) नहीं छिपा सकेंगे।(४२)★

ऐ ईमानवालो जब तुम नशे में हो§ तो जब तक यह समझने के लायक़ न हो कि क्या कह रहे हो, नमाज़ के क़रीब न जाओ और न जनाबत (अपवित्रता) की हालत में बिना स्नान किये, सिवा उस हालत के कि तुम सफ़र में हो। और अगर तुम बीमार हो या यात्रा में हो या तुममें से कोई इस्तिन्जा (शौचादि) से आवे या तुम अपनी बीवियों के पास गये हो और तुमको पानी न मिले तो पाक मिट्टी से तयम्मुम† (शुद्ध) कर लिया करो यानी अपने चेहरों और हाथों पर मल लिया करो। बेशक अल्लाह बड़ा माफ़ करने वाला बड़ा बख़्शनेवाला है।(४३)

● व. न बी. स. ★ रु. ६/३ आ ६

§ सूरे बक़र आयत २१६ में शराब को बुरा कहा गया है। कुछ लोगों ने तो उसी समय शराब को त्याग दिया था। बचे-खुचे लोगों को नमाज़ के मौक़ों पर उस हालत में देख कर यह दूसरा हुक्म नाज़िल हुआ। इसके बाद सूरे मायदः आयत ९० में शराब बिलकुल हराम कर दी गई। † तयम्मुम याने अंग पवित्र करने के लिए शुद्ध मिट्टी का इस्तेमाल उसी समय के लिए है जब कि पानी मयस्सर न हो या बीमारी, जंग, सफ़र के सबब न इस्तेमाल हो सकता हो।

अलम् तर अिलल्लजीन अूतू नसीबम्मिनल् - किताबि यश्तरूनज़्ज़लालत व युरीदून अन् तज़िल्लुस्सबील त़् (४४) वल्लाहु अअ्लमु बिअअ्दाअिकुम् त़् व कफ़ा बिल्लाहि वलीयन् क़् ज़् ँव कफ़ा बिल्लाहि नसीरन् (४५) मिनल्लजीन हादू युहर्रिफ़ूनल् - कलिम अम्मवाज़िअिही व यक़ूलून समिअ्ना व असैना वस्मअ् ग़ैर मुस्मअिंव्व राअिना लैयम् - बि-अल्सिनति-हिम् व तअ्नन् फ़िद्दीनि त़् व लौ अन्नहुम् क़ालू समिअ्ना व अतअ्ना वस्मअ् वन्जुर्ना लकान ख़ैरल्लहुम् व अक़्वम ला व लाकिल्लअन - हुमुल्लाहु बिकुफ़्रिहिम् फ़ला युअ्मिनून अिल्ला क़लीलन् (४६) या अैयुहल्लजीन अूतुल्किताब आमिनू बिमा नज़्ज़ल्ना मुसद्दिक़लिलमा मअकुम् मिन् क़ब्लि अन्नत्मिस वुजूहन् फ़नरुद्दहा अला अद्बारिहा औनल् - अनहुम् कमा लअन्ना अस्हाबस्सब्ति त़् व कान अम्रुल्लाहि मफ़्अूलन् (४७) अिन्नल्लाह ला यग़्फ़िरु अैंयुश्रक बिही व यग़्फ़िरु मा दून जालिक लिमैंयशाअु ज़् व मैंयुश्रिक् बिल्लाहि फ़क़दिफ़्तरा अिस्मन् अजीमन् (४८) अलम् तर अिलल्लजीन युज़क्कून अन्फ़ुसहुम् त़् बलिल्लाहु युज़क्की मैंयशाअु व ला युज़्लमून फ़तीलन् (४९) अुन्जुर् कैफ़ यफ़्तरून अलल्लाहिल् - कजिब त़् व कफ़ा बिही अिस्मम्मुबीनन् (५०) ★ अलम् तर अिलल्लजीन अूतू नसीबम्मिनल् - किताबि युअ्मिनून बिल्जिब्ति वत्तागूति व यक़ूलून लिल्लजीन कफ़रू हाअुलाअि अह्दा मिनल्लजीन आमनू सबीलन् (५१) अुलाअिकल्लजीन लअनहुमुल्लाहु त़् व मैंयल् - अनिल्लाहु फ़लन् तजिद लहू नसीरन् त़् (५२)

والمحصنت ٥ — ٧٨ — النساء ٤

نصيبا من الكتب يشترون الضللة ويريدون ان تضلوا السبيل ۞ والله اعلم باعدائكم وكفى بالله وليا وكفى بالله نصيرا ۞ من الذين هادوا يحرفون الكلم عن مواضعه ويقولون سمعنا وعصينا واسمع غير مسمع وراعنا ليا بالسنتهم وطعنا في الدين ولو انهم قالوا سمعنا واطعنا واسمع وانظرنا لكان خيرا لهم واقوم ولكن لعنهم الله بكفرهم فلا يؤمنون الا قليلا ۞ يايها الذين اوتوا الكتب امنوا بما نزلنا مصدقا لما معكم من قبل ان نطمس وجوها فنردها على ادبارها او نلعنهم كما لعنا اصحب السبت وكان امر الله مفعولا ۞ ان الله لا يغفر ان يشرك به ويغفر ما دون ذلك لمن يشاء ومن يشرك بالله فقد افترى اثما عظيما ۞ الم تر الى الذين يزكون انفسهم بل الله يزكي من يشاء ولا يظلمون فتيلا ۞ انظر كيف يفترون على الله الكذب وكفى به اثما مبينا ۞ الم تر الى الذين اوتوا نصيبا من الكتب يؤمنون بالجبت والطاغوت ويقولون للذين كفروا هؤلاء اهدى من الذين امنوا سبيلا ۞ اولئك الذين لعنهم الله ومن يلعن الله فلن تجد له نصيرا ۞ ام لهم نصيب

ع

منزل

★ रु. ७/४ आ. ८

क्या तुमने (उन लोगों पर) नज़र नहीं की जिनको किताब (अिल्म) का कुछ हिस्सा दिया गया था, वह अब भटकना मोल ले रहे हैं और चाहते हैं कि तुम भी राह से भटक जाओ।(४४) और अल्लाह तुम्हारे दुश्मनों को ख़ूब जानता है। और अल्लाह का तरफ़दार और मददगार होना (तुम्हारे लिए) काफ़ी है।(४५) जो यहूदी हो गये हैं उनमें कुछ (ऐसे भी) हैं जो बातों को (उनके) ठिकाने से फेरते§ (माने बदलते) हैं और ज़बान मरोड़-मरोड़ कर दीन (इस्लाम) पर ताने की राह से 'समिअ़ना व असैना' और 'अिस्मअ़् ग़ैर मुस्मअिन्' और 'राइना' कह कर (तुम से) सम्बोधन करते हैं और अगर वह (इन शब्दों के बजाय) 'समिअना व अतअ़ना' और (सिर्फ़) अिस्मअ़् और 'उन्ज़ुर्ना' कह कर ख़िताब करते तो उनके लिए भला होता और बात भी मुनासिब होती৪ लेकिन उन पर तो उनके कुफ़्र की वजह से अल्लाह की लानत है। पस उनमें से थोड़े ही ईमान लायें गे।(४६) ऐ किताबवालो! (तुम) उस (किताब) पर जो हमने उतारी है और जो उस किताब की (भी) जो तुम्हारे पास है तसदीक़ करती है, ईमान ले आओ इसके पहले कि हम (उनके) चेहरों को बिगाड़ डालें और (चेहरों को उनके) पीछे की ओर उलट दें; या जिस तरह हमने सब्त (शनीचर) वालों× को फटकार दिया था उसी तरह उनको भी फटकार दें और जो अल्लाह को मंज़ूर है वह तो होकर रहेगा।(४७) बेशक अल्लाह के शरीक ठहरानेवाले को अल्लाह माफ़ नहीं करता, इसके अलावा जिसको चाहे क्षमा करे और जिसने अल्लाह का शरीक ठहराया (किसी और को पूजा) उसने बेशक एक बड़ा तूफ़ान समेटा।(४८) क्या तुमने उन लोगों (यानी यहूद) पर नज़र नहीं की जो आप बड़े पाक बनते हैं हालाँकि अल्लाह ही जिसको चाहता पाक बनाता है और (अल्लाह के यहाँ) जुल्म तो किसी पर रत्ती के बराबर भी न किया जायेगा।(४९) और देखो (यह लोग) अल्लाह पर कैसे झूठ (तूफ़ान) बाँध रहे हैं और यही सरिहन (खुला) गुनाह काफ़ी है।(५०) ★

★ रु. ७ | ४ आ ८

क्या तुमने इन लोगों (यहूदियों के हाल) पर नज़र नहीं की जिनको किताब से हिस्सा दिया गया, और वह जिब्त (जादू टोना, सगुन असगुन, रमल याने Superstition के मातहत बातें) और ताग़ूत (शैतान) को लगे मानने और काफ़िरों की बाबत कहते हैं कि मुसलमानों से तो यही लोग ज़्यादा सीधे रास्ते पर हैं।(५१) ऐ पैग़म्बर! यही लोग हैं जिनको अल्लाह ने फटकार दिया है और जिसको अल्लाह फटकारे मुमकिन नहीं कि तुम (उसका) कोई मददगार पा सको।(५२)

---

§ जो कुछ तौरात में है उसको छिपाते हैं और शब्दों को उलट-पलट कर कुछ का कुछ अर्थ कर देते हैं। इसी को तहरीफ़ कहते हैं। ৪ दीन व रसूल स० का मज़ाक़ बनाने के लिए यहूदी मजलिस में रसुलुल्लाह स० से ऐसे शब्द इस्तेमाल करते जिनमें ज़रा सी तोड़-मरोड़ कर देने से उनके माने दूसरे के दूसरे हो जाते। मसलन 'समिअ़ना व असैना' के अर्थ हैं 'हमने सुना और माना नहीं।' वे असैना का उच्चारण इस तौर पर करते मानों 'अतअ़ना' कह रहे हैं जिसका अर्थ है हमने मान लिया। या जैसे रसुलुल्लाह स० से जब कुछ प्रार्थना करना होती तो कहते 'अिस्मअ़्' (सुनो) ग़ैर मुस्मअिन् (न सुनाया जाय), 'न सुना जाय' याने तुमको कोई 'बुरे बचन न सुनना पड़ें।' लेकिन इनका एक बुरा अर्थ भी है कि 'तुम बहरे हो जाओ।' यहूदी 'ग़ैर मुस्मअ़्' का प्रयोग तो बुरी मंशा से करते थे लेकिन धोखा देते थे पिछले याने अच्छे अर्थ का। इसी तरह 'राअिना' और 'राअीना' का भी शरारत से इस्तेमाल करते थे। देखिये फ़ुटनोट § सूरे बक़र आयत १०४ सफ़ा ४७ पर। उनकी इन दोमानी शब्दों के कहने में मंशा यह थी कि वे रसूल स० का मज़ाक़ भी बना लें और पकड़ में भी न आवें। इन ग़लतियों में मुसलमानों को गुमराही से बचाने के लिए यह हिदायतें उतरीं। उन्ज़ुर्ना वग़ैरः के इस्तेमाल में फिर इस धोखे की गुंजाइश नहीं रहती। × पृष्ठ ३६ पर सूरे बक़र आयत ६५ व उसका फ़ुटनोट § देखिये।

अम् लहुम् नसीबुम्मिनल्मुल्कि फ़अिजल्ला युअ्तूनन्नास नक़ीरन् ला (५३) अम् यह्सुदूनन्नास अला मा' आताहुमुल्लाहु मिन् फ़ज़्लिही ज फ़क़द् आतैना' आल अिब्राहीमल्किताब वल्-हिक्मत व आतैनाहुम् मुल्कन् अज़ीमन् (५४) फ़मिन्हुम् मन् आमन बिही व मिन्हुम् मन् सद्द अन्हु त् व कफ़ा बिजहन्नम सअीरन् (५५) अिन्नल्लजीन कफ़रू बिआयातिना सौफ़ नुस्लीहिम् नारन् त् कुल्लमा नज़िजत् जुलूदुहुम् बद्दल्ना-हुम् जुलूदन् ग़ैरहा लियज़ूक़ुल्-अज़ाब त् अिन्नल्लाह कान अज़ीज़न् हकीमन् (५६) वल्लजीन आमनू व अमिलुस्-सालिहाति सनुद्ख़िलुहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा' अबदन् त् लहुम् फ़ीहा' अज़्वाजुम्-मुतह्हरतुन् ज व नुद्ख़िलुहुम् ज़िल्लन् ज़लीलन् (५७) अिन्नल्लाह यअ्मुरुकुम् अन् तुअद्दुल्-अमानाति अिला' अह्लिहा ला व अिजा हकम्तुम् बैनन्नासि अन् तह्कुमू बिल्-अद्लि त् अिन्नल्लाह निअिम्मा यअिज़ुकुम् बिही त् अिन्नल्लाह कान समीअम्-बसीरन् (५८) या' अैयुहल्लजीन आमनू' अतीअुल्लाह व अतीअुर्रसूल व अुलिल्-अम्रि मिन्कुम् ज फ़अिन् तनाज़अ्तुम् फ़ी शैअिन् फ़रुद्दूहु अिलल्लाहि वर्रसूलि अिन् कुन्तुम् तुअ्मिनून बिल्लाहि वल्-यौमिल्-आख़िरि त् ज़ालिक ख़ैरुंव अह्सनु तअ्वीलन् (५९) ★ अलम् तर अिलल्लजीन यज़्अुमून अन्नहुम् आमनू बिमा' अुन्ज़िल अिलैक व मा' अुन्ज़िल मिन् क़ब्लिक युरीदून अैयतहाकमू' अिलत्ताग़ूति व क़द् अुमिरू' अैयक्फ़ुरू बिही त् व युरीदुश्शैतानु अैयुज़िल्लहुम् ज़लालम्-बअीदन् (६०)

والمحصنت ٥ — ٦٩ — النساء ٤

من الملك فإذا لا يؤتون الناس نقيرا ۝ أم يحسدون الناس
على ما آتاهم الله من فضله فقد آتينا آل إبراهيم الكتب
والحكمة وآتينهم ملكا عظيما ۝ ٥٤ فمنهم من آمن به ومنهم
من صد عنه وكفى بجهنم سعيرا ۝ إن الذين كفروا
بآيتنا سوف نصليهم نارا كلما نضجت جلودهم بدلنهم
جلودا غيرها ليذوقوا العذاب إن الله كان عزيزا حكيما ۝
والذين آمنوا وعملوا الصلحت سندخلهم جنت تجري من
تحتها الأنهر خلدين فيها أبدا لهم فيها أزواج مطهرة
وندخلهم ظلا ظليلا ۝ إن الله يأمركم أن تؤدوا الأمنت
إلى أهلها وإذا حكمتم بين الناس أن تحكموا بالعدل إن
الله نعما يعظكم به إن الله كان سميعا بصيرا ۝ يأيها الذين
آمنوا أطيعوا الله وأطيعوا الرسول وأولي الأمر منكم فإن
تنازعتم في شيء فردوه إلى الله والرسول إن كنتم تؤمنون
بالله واليوم الآخر ذلك خير وأحسن تأويلا ۝ ألم تر إلى
الذين يزعمون أنهم آمنوا بما أنزل إليك وما أنزل من
قبلك يريدون أن يتحاكموا إلى الطاغوت وقد أمروا أن
يكفروا به ويريد الشيطن أن يضلهم ضللا بعيدا ۝ و

منزل

आया इनके पास राज्य का कोई भाग है अगर ऐसा होता तब तो वे लोगों को तिल बराबर भी न देते।(५३) या अल्लाह ने जो लोगों (इस्माईल की संतान) को अपनी मेहरबानी से निअमत (क़ुर्आन) दी है उस पर जलते हैं, सो इब्राहीम के वंश को हमने (पहले भी) किताब और इल्म और (इनको) बड़ा भारी राज्य दिया।(५४) फिर उन लोगों में से कोई तो उस पर ईमान लाये और किसी ने उससे मुँह मोड़ा और (उनके लिए तो) दहकता हुआ दोज़ख़ काफ़ी है। (५५) यक़ीनन जिन लोगों ने हमारी आयतों से इनकार किया हम उनको जल्दी ही (दोज़ख़ की) आग में झोंकेंगे। जब उनकी खालें जल (कर पक) जावेंगी हम उनको दूसरी खाल बदल देंगे ताकि (वह बराबर) अज़ाब का मज़ा चखते रहें*। बेशक अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त बड़ा हिकमतवाला है।(५६) ● जो लोग ईमान लाये और उन्होंने अच्छे काम किये हम उनको ऐसे बाग़ों में दाख़िल करेंगे जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी जहाँ वे हमेशा रहेंगे। उनमें उनके लिये बीवियाँ साफ़ सुथरी होंगी और हम उनको घनी छाहों में ले जाकर रखेंगे।(५७) अल्लाह तुमको हुक्म देता है कि अमानत वालों की अमानत उनके हवाले कर दिया करो और जब लोगों के आपस के झगड़े चुकाओ (तो) इन्साफ़ के साथ फ़ैसला करो, अल्लाह तुमको कैसी अच्छी शिक्षा देता है बेशक अल्लाह सब कुछ सुनता और देखता है।(५८) ऐ ईमानवालो! अल्लाह की और पैग़म्बर की और तुममें से (जो) हाकिम हैं उनकी आज्ञा मानो फिर अगर किसी बात में तुम्हारे बीच में झगड़ा हो पड़े तो अगर तुम अल्लाह पर और क़ियामत पर ईमान रखते हो (तो) अल्लाह और पैग़म्बर की तरफ़ ले जाओ (उनकी आज्ञाओं के अनुसार करो)। यही (तुम्हारे हक़ में) भला है और इसका फल (अंजाम) भी अच्छा है।(५९) ★

(और ऐ पैग़म्बर!) क्या तुमने उन (मुनाफ़िक़ों) की तरफ़ नहीं देखा जो दावा (तो) करते हैं कि वह उस किताब को जो तुम पर उतरा (याने क़ुर्आन) और उस किताब को जो तुमसे पहले उतरा (याने तौरात) को मानते हैं लेकिन चाहते हैं कि झगड़ा शैतान§ के पास ले जावें हालाँकि उनको हुक्म दिया जा चुका है कि उसकी बात न मानें और शैतान चाहता है कि उनको भटका कर बड़ी दूर ले जावे।(६०)

● रु. ७ आ १४ | ★ रु. ८ आ ५

---

* मतलब यह कि काफ़िरों के लिए अज़ाब कभी ख़त्म होने वाला नहीं। मौ० दरयाबादी साहब की तफ़सीर के बमूजिब दोज़ख़ में इस दुनिया जैसी खाल न समझना चाहिये। मंशा यह कि दोज़ख़ में खाल जल जाने पर भी यह महसूस होगा कि खाल मौजूद है और वह झुलस रही है। § मुनाफ़िक़ जानते थे कि मुहम्मद साहब स० न्याय के समय किसी का पक्ष नहीं ले सकते, इसलिये अपने झगड़ों को यहूदी विद्वानों के पास ले जाते थे जो घूस खाते थे।

व अिजा क़ील लहुम् तआलौ अिला मा अन्ज़लल्लाहु व अिलर्रसूलि रअैतल्-मुनाफ़िक़ीन यसुद्दून अन्क सुदूदन् ज (६१) फ़कैफ़ अिजा असाबत्हुम् मुसीबतुम् - बिमा क़द्दमत् अैदीहिम् सुम्म जाअूक यह्लिफ़ून क़ सला बिल्लाहि अिन् अरद्ना अिल्ला अिह्सानौंव तौफ़ीक़न् (६२) अुलाअिकल्लजीन यअ्लमुल्लाहु मा फ़ी क़ुलूबिहिम् क़ फ़अअ्रिज़् अन्हुम् व अिज़्हुम् व क़ुल्लहुम् फ़ी अन्फ़ुसिहिम् क़ौलम् - बलीग़न् (६३) व मा अर्सल्ना मिर्रसूलिन् अिल्ला लियुताअ बिअिज्निल्लाहि त् व लौ अन्नहुम् अिज़्ज़लमू अन्फ़ुसहुम् जाअूक फ़स्तग़्फ़रुल्लाह वस्तग़्फ़र लहुमुर्रसूलु लवजदुल्लाह तौवाबर्रह़ीमन् (६४) फ़ला व रब्बिक ला युअ्मिनून हत्ता युहक्किमूक फ़ी मा शजर बैनहुम् सुम्म ला यजिदू फ़ी अन्फ़ुसिहिम् हरजम्मिम्मा क़ज़ैत व युसल्लिमू तस्लीमन् (६५) व लौ अन्ना कतब्ना अलैहिम् अनिक़्तुलू अन्फ़ुसकुम्

إِذَا قِيلَ لَهُمْ تَعَالَوْا إِلَىٰ مَا أَنزَلَ اللَّهُ وَإِلَى الرَّسُولِ رَأَيْتَ الْمُنَافِقِينَ
يَصُدُّونَ عَنكَ صُدُودًا ۞ فَكَيْفَ إِذَا أَصَابَتْهُم مُّصِيبَةٌ بِمَا
قَدَّمَتْ أَيْدِيهِمْ ثُمَّ جَاءُوكَ يَحْلِفُونَ بِاللَّهِ إِنْ أَرَدْنَا إِلَّا إِحْسَانًا
وَتَوْفِيقًا ۞ أُولَٰئِكَ الَّذِينَ يَعْلَمُ اللَّهُ مَا فِي قُلُوبِهِمْ فَأَعْرِضْ
عَنْهُمْ وَعِظْهُمْ وَقُل لَّهُمْ فِي أَنفُسِهِمْ قَوْلًا بَلِيغًا ۞ وَمَا
أَرْسَلْنَا مِن رَّسُولٍ إِلَّا لِيُطَاعَ بِإِذْنِ اللَّهِ وَلَوْ أَنَّهُمْ إِذ ظَّلَمُوا
أَنفُسَهُمْ جَاءُوكَ فَاسْتَغْفَرُوا اللَّهَ وَاسْتَغْفَرَ لَهُمُ الرَّسُولُ لَوَجَدُوا
اللَّهَ تَوَّابًا رَّحِيمًا ۞ فَلَا وَرَبِّكَ لَا يُؤْمِنُونَ حَتَّىٰ يُحَكِّمُوكَ فِيمَا
شَجَرَ بَيْنَهُمْ ثُمَّ لَا يَجِدُوا فِي أَنفُسِهِمْ حَرَجًا مِّمَّا قَضَيْتَ وَيُسَلِّمُوا
تَسْلِيمًا ۞ وَلَوْ أَنَّا كَتَبْنَا عَلَيْهِمْ أَنِ اقْتُلُوا أَنفُسَكُمْ أَوِ اخْرُجُوا
مِن دِيَارِكُم مَّا فَعَلُوهُ إِلَّا قَلِيلٌ مِّنْهُمْ وَلَوْ أَنَّهُمْ فَعَلُوا مَا
يُوعَظُونَ بِهِ لَكَانَ خَيْرًا لَّهُمْ وَأَشَدَّ تَثْبِيتًا ۞ وَإِذًا لَّآتَيْنَاهُم
مِّن لَّدُنَّا أَجْرًا عَظِيمًا ۞ وَلَهَدَيْنَاهُمْ صِرَاطًا مُّسْتَقِيمًا ۞ وَمَن
يُطِعِ اللَّهَ وَالرَّسُولَ فَأُولَٰئِكَ مَعَ الَّذِينَ أَنْعَمَ اللَّهُ عَلَيْهِم مِّنَ
النَّبِيِّينَ وَالصِّدِّيقِينَ وَالشُّهَدَاءِ وَالصَّالِحِينَ ۚ وَحَسُنَ أُولَٰئِكَ
رَفِيقًا ۞ ذَٰلِكَ الْفَضْلُ مِنَ اللَّهِ ۚ وَكَفَىٰ بِاللَّهِ عَلِيمًا ۞ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ
آمَنُوا خُذُوا حِذْرَكُمْ فَانفِرُوا ثُبَاتٍ أَوِ انفِرُوا جَمِيعًا ۞ وَإِنَّ

अविख्रुजू मिन् दियारिकुम् मा फ़अलूहु अिल्ला क़लीलुम्मिन्हुम् त् व लौ अन्नहुम् फ़अलू मा यूअज़ून बिह्री लकान ख़ैरल्लहुम् व अशद्द तस्बीतन् ला (६६) ०व अिजल्ल आतैनाहुम् मिल्लदुन्ना अज्रन् अज़ीमन् ला (६७) ०व लहदैनाहुम् सिरातम्मुस्तक़ीमन् (६८) व मैंयुतिअिल्लाह वर्रसूल फ़अुलाअिक मअल्लजीन अन्अमल्लाहु अलैहिम् मिनन्नबीयीन वस्सिद्दीक़ीन वश्शुहदाअि वस्सालिहीन ज् व हसुन अुलाअिक रफ़ीक़न् त् (६९) जालिकल्-फ़ज़्लु मिनल्लाहि त् व कफ़ा बिल्लाहि अलीमन् (७०) ★ या अैयुहल्लजीन आमनू ख़ुज़ू हिज़्रकुम् फ़न्फ़िरू सुबातिन् अविन्फ़िरू जमीअन् (७१)

★ रु. ९ ९ आ ११

और जब उनसे कहा जाता है कि जो अल्लाह ने उतारा है उसकी तरफ़ और पैग़म्बर की तरफ़ (आओ) तो तुम (उन) मुनाफ़िक़ों को देखते हो कि वह तुम्हारी तरफ़ आने से कतराते हैं।(६१) तौ कैसी (शर्म की बात उनके लिए होगी) कि जब इन्हीं कर्मों के कारण इन पर कोई मुसीबत आपड़ेगी तब तुम्हारे पास अल्लाह की सौगन्ध खाते हुए दौड़े आयें गे कि हमारी ग़रज़ तो भलाई और मेल मिलाप† की थी।(६२) यह ऐसे हैं कि जो इनके दिल में है अल्लाह को मालूम है तो उनकी बातों का कुछ ख़्याल न करो। और इनको समझा दो और इनके दिल पर असर करने वाली बातें कहो।(६३) और जो पैग़म्बर हमने भेजा उसके भेजने से हमारा मतलब यही रहा है कि अल्लाह के हुक्म से उसकी आज्ञायें मानी जावें और जब इन लोगों ने अपने ऊपर आप ज़ुल्म किया था, अगर तुम्हारे पास आ जाते और अल्लाह से माफ़ी माँगते और पैग़म्बर (भी) उनकी माफ़ी की दुआ करते तो अल्लाह को बड़ा ही माफ़ी देनेवाला और बड़ा ही मेहरबान पाते*।(६४) सो तुम्हारे परवरदिगार की क़सम कि जब तक वह लोग अपने आपसी झगड़ों में तुमको मुन्सिफ़ न जानें और फिर तुम्हारे फ़ैसले से दिल तंग न हों बल्कि (ख़ुशी से उसको) मान न लें तब तक (वे) ईमानवाले न होंगे।(६५) और अगर हम इनको (मुनाफ़िक़ों को) हुक्म देते कि अपने आप को क़त्ल करो या घरबार छोड़ निकल जाओ तो इनमें से थोड़े (लोग) ही इसको करते और जो कुछ इनको नसीहत दी जाती है अगर उसका पालन करते तो उनके हक़ में ज़्यादः भला होता और उनके दीन को ज़्यादः मज़बूत करता।(६६) और इस सूरत में हम इनको अपनी तरफ़ से बड़ा बदला देते, (६७) और इनको सीधे मार्ग पर (भी) लगा देते।(६८) और जो लोग अल्लाह और रसूल का हुक्म मानें तो ऐसे ही लोग उनके साथ होंगे, जिन पर अल्लाह ने एहसान किये यानी नबी और सिद्दीक़ (सत्यनिष्ठ) और शहीद और (दूसरे) नेक बन्दे और यह लोग (कैसे) अच्छे साथी हैं।(६९) यह अल्लाह की मेहरबानी है और अल्लाह का ही ख़बर रखना काफ़ी है।(७०) ★

★ रु० ९/६ आ ११

ऐ ईमानवालो! (हर वक़्त) अपना बचाव रखो और फिर (जैसा मौक़ा हो, चाहे) अलग - अलग गिरोह बाँधकर निकलो या इकट्ठे होकर निकलो§।(७१)

† एक मुनाफ़िक़ (ज़ाहिर में मुसलमान दिल से काफ़िर) और यहूदी में झगड़ा हुआ। दोनो रसूल स० के पास आये। आँ हज़रत ने यहूदी के पक्ष में अपना निर्णय दिया। मुनाफ़िक़ हज़रत उमर के पास इस विचार से गया कि वह मुझको मुसलमान समझकर मेरी-जैसी कहेंगे। उमर इस समय मदीने में जज थे। जब यहूदी ने उनको बताया कि रसूल स० उसके पक्ष में फ़ैसला कर चुके हैं तो ह० उमर ने मुनाफ़िक़ को क़त्ल कर डाला। उसके वारिस मुहम्मद साहब के पास हज़रत उमर के ख़िलाफ़ मुक़दमा ले कर आये कि हम तो समझौते के लिए उमर के पास गये थे, आपके फ़ैसले की अपील के लिये नहीं। उसी सम्बन्ध में यह आयत उतरी। * लेकिन अब रसूल स० की आज्ञा को न मानने के बाद मुसीबत पड़ने पर झूठी क़समें खाकर बचना चाहते हैं तो यह कैसे मुमकिन है। § यहाँ से जिहाद की सरगर्मियों का ज़िक्र चलता है। जंग ऊहद की हार के बाद दुश्मनों का ज़ोर और ख़तरा ज़्यादः बढ़ गया था। उस पर यह हुक्म हुआ।

और तुम पर अल्लाह किताब में यह हुक्म उतार चुका है कि जब तुम सुनलो कि अल्लाह की आयतों से इन्कार किया जा रहा है और उनकी हँसी उड़ाई जाती है तो ऐसे लोगों के साथ मत बैठो†, जब तक कि (आयतों का उपहास या इन्कारी छोड़ कर वे लोग) किसी दूसरी बात में (न) लगें। वर्ना तुम भी उन्हीं जैसे हो जाओगे। बेशक अल्लाह मुनाफ़िक़ों§ और काफ़िरों को दोज़ख़ में एक जगह जमा करेगा।(१४०) वह इन्कारी तुम्हें तकते हैं; तो अगर अल्लाह की तरफ़से तुमको फ़तेह मिल गई तो कहने लगते हैं क्या हम तुम्हारे साथ न थे और अगर काफ़िरों को (फ़तेह) नसीब हुई तो कहने लगते हैं कि क्या हम तुम पर ग़ालिब नहीं थे और क्या तुमको मुसलमानों से हमने बचा नहीं लिया ? तो अल्लाह तुममें (और मुनाफ़िक़ों में) क़ियामत के दिन फ़ैसला कर देगा और अल्लाह काफ़िरों को मुसलमानों पर हरगिज ग़ालिब (प्रबल) होने का मौक़ा न देगा।(१४१) ★

★ रु. २० / १७ आ ७

मुनाफ़िक़ (मानो इन बातों से) अल्लाह को धोखा देते हैं हालाँकि अल्लाह उन्हीं को धोखा दे रहा है और जब नमाज़ के लिये खड़े होते हैं तो अलसाये हुए खड़े होते हैं (सिर्फ़) लोगों को दिखावे के लिए और (दिल से) अल्लाह को याद नहीं करते मगर (योंहीं) थोड़ा सा।(१४२) इनकार और ईमान के बीच अधर में पड़े झूल रहे हैं न इनकी (मुसलमानों की) तरफ़ और न उनकी (काफ़िरों के) तरफ़ और (ऐ पैग़म्बर!) जिसको अल्लाह भटकाये तो उसके लिए तू कोई राह न पायेगा।(१४३) ऐ ईमानवालो ! ईमानवालों को छोड़ कर काफ़िरों को दोस्त मत बनाओ। क्या तुम अल्लाह का खुला अपराध अपने ऊपर लेना चाहते हो ? (१४४) कुछ सन्देह नहीं कि मुनाफ़िक़ आग (नरक) के सबसे नीचे दर्जे में होंगे और (ऐ पैग़म्बर !) वहाँ तुम किसी को भी इनका साथी न पाओगे।(१४५) मगर जिन लोगों ने तौबा की और अपनी दशा सुधार ली और अल्लाह का मज़बूत सहारा पकड़ा और अल्लाह के आज्ञाकारी हो गये तो यह लोग ईमान वालों के साथ होंगे और अल्लाह ईमानवालों को (आख़िरत में) बड़ा सवाब देगा। (१४६) अगर तुम (अल्लाह के) शुक्रगुज़ार हो और (उस पर) ईमान रखो तो अल्लाह को तुम्हें अज़ाब देने से क्या ? और अल्लाह क़दरदान (और सब कुछ) जाननेवाला है।(१४७)

॥ इति पाँचवाँ पारः ॥

† जो शख्स किसी मजलिस में दीन पर ताना और ऐब सुने और फिर उसमें जमा बैठा रहे भलेही वह खुद वैसी बात न कहे तो भी वह मुनाफ़िक़ और गुनहगार है। § ज़ाहिरा कुछ और भीतरी कुछ रखनेवाले पाखण्डी कपटाचारी।

छठा पारः लायुहिब्बुल्लाहु

सूरतुन्निसा'अि आयात १४८ से १७६

लायुहिब्बुल्लाहुल् - जह्र बिस्सू'अि मिनल्क़ौलि अिल्ला मन् ज़ुलिम त् व कानल्लाहु समीअ़न् अ़लीमन् (१४८) अिन् तुब्दू ख़ैरन् औ तुख़्फ़ूहु औ तअ़्फ़ूअ़न् सू'अिन् फ़अिन्नल्लाह कान अ़फ़ूवन् क़दीरन् (१४९) अिन्नल्लज़ीन यक्फ़ुरून बिल्लाहि व रुसुलिही व युरीदून अँयुफ़र्रिक़ू बैनल्लाहि व रुसुलिही व यक़ूलून नुअ्मिनु बिबअ़्ज़िंव्व नक्फ़ुरु बिबअ़्ज़िन् ला ०व युरीदून अँयत्तख़िज़ू बैन ज़ालिक सबीलन् ला (१५०) अुला'अिक हुमुल्काफ़िरून हक़्क़न् ज् व अअ़्तद्ना लिल्काफ़िरीन अ़ज़ाबम्मुहीनन् (१५१) वल्लज़ीन आमनू बिल्लाहि व रुसुलिही वलम् युफ़र्रिक़ू बैन अहृदिम्मिन्हुम् अुला'अिक सौफ़ युअ्तीहिम् अुजूरहुम् त् व कानल्लाहु ग़फ़ूरर्रहीमन् (१५२) ★

★ रु. २१/१ आ ११

यस्अलुक अह्लुल्किताबि अन् तुनज़्ज़िल अ़लैहिम् किताबम् - मिनस्समा'अि फ़क़द् सअलू मूसा' अक्बर मिन् ज़ालिक फ़क़ालू' अरिनल्लाह जह्रतन् फ़अख़ज़त्-हुमुस्साअ़िक़तु बिज़ुल्मिहिम् ज् सुम्मत्तख़ज़ुल् - अ़िज्ल मिम्बअ़्दि मा जा'अत्-हुमुल्बैयिनातु फ़अ़फ़ौना अ़न् ज़ालिक ज् व आतैना मूसा सुल्तानम्मुबीनन् (१५३) व रफ़अ़्ना फ़ौक़हुमुत्तूर बिमीसाक़िहिम् व क़ुल्ना लहुमुद् ख़ुलुल्बाब सुज्जदौंव क़ुल्ना लहुम् ला तअ़्दू फ़िस्सब्ति व अख़ज़्ना मिन्हुम् मीसाक़न् ग़लीज़न् (१५४) फ़बिमा नक़्ज़िहिम् मीसाक़हुम् व कुफ़्रिहिम् बिआयातिल्लाहि व क़त्लिहिमुल्-अम्बिया'अ बिग़ैरि हक़्क़िंव्व क़ौलिहिम् क़ुलूबुना ग़ुल्फ़ुन् त् बल् तबअ़ल्लाहु अ़लैहा बिकुफ़्रिहिम् फ़ला युअ्मिनून अिल्ला क़लीलन् स् (१५५) ०व बिकुफ़्रिहिम् व क़ौलिहिम् अ़ला मर्यम बुह्तानन् अ़ज़ीमन् ला (१५६)

لا يحب الله ٨١ النساء ٤

لَا يُحِبُّ اللّٰهُ الْجَهْرَ بِالسُّوْٓءِ مِنَ الْقَوْلِ اِلَّا مَنْ ظُلِمَ ؕ وَكَانَ
اللّٰهُ سَمِيْعًا عَلِيْمًا ۝ اِنْ تُبْدُوْا خَيْرًا اَوْ تُخْفُوْهُ اَوْ تَعْفُوْا عَنْ
سُوْٓءٍ فَاِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَفُوًّا قَدِيْرًا ۝ اِنَّ الَّذِيْنَ يَكْفُرُوْنَ بِاللّٰهِ
وَرُسُلِهٖ وَيُرِيْدُوْنَ اَنْ يُّفَرِّقُوْا بَيْنَ اللّٰهِ وَرُسُلِهٖ وَيَقُوْلُوْنَ
نُؤْمِنُ بِبَعْضٍ وَّنَكْفُرُ بِبَعْضٍ ۙ وَّيُرِيْدُوْنَ اَنْ يَّتَّخِذُوْا بَيْنَ
ذٰلِكَ سَبِيْلًا ۝ اُولٰٓئِكَ هُمُ الْكٰفِرُوْنَ حَقًّا ۚ وَاَعْتَدْنَا لِلْكٰفِرِيْنَ
عَذَابًا مُّهِيْنًا ۝ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا بِاللّٰهِ وَرُسُلِهٖ وَلَمْ يُفَرِّقُوْا بَيْنَ
اَحَدٍ مِّنْهُمْ اُولٰٓئِكَ سَوْفَ يُؤْتِيْهِمْ اُجُوْرَهُمْ ؕ وَكَانَ اللّٰهُ غَفُوْرًا
رَّحِيْمًا ۝ يَسْـَٔلُكَ اَهْلُ الْكِتٰبِ اَنْ تُنَزِّلَ عَلَيْهِمْ كِتٰبًا مِّنَ السَّمَآءِ
فَقَدْ سَاَلُوْا مُوْسٰٓى اَكْبَرَ مِنْ ذٰلِكَ فَقَالُوْٓا اَرِنَا اللّٰهَ جَهْرَةً فَاَخَذَتْهُمُ
الصّٰعِقَةُ بِظُلْمِهِمْ ۚ ثُمَّ اتَّخَذُوا الْعِجْلَ مِنْۢ بَعْدِ مَا جَآءَتْهُمُ
الْبَيِّنٰتُ فَعَفَوْنَا عَنْ ذٰلِكَ ۚ وَاٰتَيْنَا مُوْسٰى سُلْطٰنًا مُّبِيْنًا ۝ وَ
رَفَعْنَا فَوْقَهُمُ الطُّوْرَ بِمِيْثَاقِهِمْ وَقُلْنَا لَهُمُ ادْخُلُوا الْبَابَ سُجَّدًا
وَّقُلْنَا لَهُمْ لَا تَعْدُوْا فِى السَّبْتِ وَاَخَذْنَا مِنْهُمْ مِّيْثَاقًا غَلِيْظًا ۝
فَبِمَا نَقْضِهِمْ مِّيْثَاقَهُمْ وَكُفْرِهِمْ بِاٰيٰتِ اللّٰهِ وَقَتْلِهِمُ الْاَنْۢبِيَآءَ
بِغَيْرِ حَقٍّ وَّقَوْلِهِمْ قُلُوْبُنَا غُلْفٌ ؕ بَلْ طَبَعَ اللّٰهُ عَلَيْهَا بِكُفْرِهِمْ
فَلَا يُؤْمِنُوْنَ اِلَّا قَلِيْلًا ۝ وَّبِكُفْرِهِمْ وَقَوْلِهِمْ عَلٰى مَرْيَمَ بُهْتَانًا

منزل ١

छठा पारः लायुहिब्बुल्लाहु

सूरतुन्निसा'अि आयात १४८ से १७६

अल्लाह को पसन्द नहीं कि कोई मुंह फोड़कर (किसी की) निन्दा करे मगर जिस पर जुल्म हुआ हो (वह मुँह फोड़कर ज़ालिम को बुरा कह बैठे तो लाचार है) और अल्लाह सुनता-जानता है (वही किसी को बुराई-भलाई व सुधार-बिगाड़ देने का मालिक है)।(१४८) अगर (किसी के साथ) भलाई खुल्लमखुल्ला करो या छिपाकर करो या (किसी की की हुई) बुराई को माफ़ करो तो (यह अल्लाह ही का तरीक़ा है और) अल्लाह (बड़ी) क़ुदरत वाला और बड़ा माफ़ करनेवाला है।(१४९) जो लोग अल्लाह और उसके पैग़म्बरों का इन्कार करते हैं और अल्लाह और उसके पैग़म्बरों में फ़र्क़ डालना चाहते हैं और कहते हैं कि हम किसी को मानते हैं किसी को नहीं मानते हैं। और (इस तरह) चाहते हैं कि (इन्कार और ईमान) के बीच की कोई (दूसरी) राह निकालें।(१५०) तो ऐसे लोग (ही) बेशक काफ़िर हैं और काफ़िरों के लिए हमने ज़िल्लत की मार तैयार कर रखी है।(१५१) और जो लोग अल्लाह और उसके सब पैग़म्बरों पर ईमान लाये और उनमें से किसी एक को दूसरे से जुदा नहीं समझा (याने सब पर ईमान लाये) तो ऐसे ही लोग हैं जिनको अल्लाह (आख़िरत में) उनके अज्र (फल) देगा और अल्लाह बड़ा बख़्शनेवाला है, बड़ा मेहरबान है।(१५२) ★

★ रु. २१/१ आ ११

किताबवाले (याने यहूद) तुम से माँगते हैं कि तुम उन पर कोई किताब आसमान से उतारो तो (अपने पूर्वज) मूसा से (ये लोग) इससे भी बड़ी चीज़ माँग चुके हैं, (यानी उन्होंने) माँगा कि (हमें) अल्लाह को सामने प्रत्यक्ष दिखलाओ। फिर उनको उनके (इस) गुनाह के कारन बिजली ने आ दबोचा, फिर इसके बाद भी अगर्चे उनके पास (खुली) निशानियाँ आ चुकी थीं तो भी बछड़े को (पूजने के लिए) बना बैठे, फ़िर हमने वह (क़ुसूर भी) माफ़ किया। और मूसा को हमने खुला हुआ ग़लबा (प्रभाव) दिया।(१५३) और उनसे क़ौल (प्रतिज्ञा) लेने के लिए हमने तूर (पहाड़) को उन पर ला लटकाया और हमने उनको आज्ञा दी कि दरवाज़े में सज्दः करते हुए दाख़िल होना§ और हमने उनको कहा था कि हफ़्ते के बारे में ज़्यादती न करना§ और हमने (इनसे इन बातों का) पक्का वादा लिया।(१५४) पस उनके (यहूदियों के) बचन तोड़ने और अल्लाह की आयतों से इन्कारी होने और पैग़म्बरों को नाहक़ क़त्ल करने के कारण और उनके इस कहने के कारण कि हमारे दिलों पर ग़िलाफ़ चढ़ा है, (हालाँकि ग़िलाफ़) नहीं बल्कि अल्लाह ने उनकी इन्कारी की वजह से उन पर मुहर कर दी है, सो (ये योग) (बहुत) कम (ही) ईमान लाते हैं।(१५५) और उनकी इन्कारी की वजह से और मरियम के सम्बन्ध में झूठे कलंक बकने की वजह से (१५६)

§ आयत सूरः बक़र ४९-६५ में यहाँ दी हुई १५० से १५४ तक आयतों की घटनाओं का ज़िक्र देखिये।

ॅव क़ौलिहिम् अिन्ना क़तल्नल्मसीह़ अीसब्न मर्यम रसूलल्लाहि ज् व मा क़तलूहु व मा सलबूहु व लाकिन् शुब्बिह लहुम् त् व अिन्नल्लज़ीनख़्तलफ़ू फ़ीहि लफ़ी शक्किम्मिन्हु मा लहुम् बिही मिन् अिल्मिन् अिल्लत्तिबाअज़्ज़न्नि ज् व
म्'
मा क़तलूहु यक़ीनन् ला (१५७) बर्रफ़अहुल्लाहु अिलैहि त् व कानल्लाहु अज़ीज़न् हकीमन् (१५८) व अिम्मिन् अह्लिल्किताबि अिल्ला लयुअ्मिनन्न बिही क़ब्ल मौतिही ज् व यौमल्-क़ियामति यकूनु अलैहिम् शहीदन् ज् (१५९) फ़बिज़ुल्मिम्-मिनल्लज़ीन हादू हर्रम्ना अलैहिम् तैयिबातिन् अुहिल्लत् लहुम् व बिसद्दिहिम् अन् सबीलिल्लाहि कसीरन् ला (१६०) ॅव अख़्ज़ि-हिमुर्रिबा वक़द्नुहू अन्हु व अक्लिहिम् अम्वालन्नासि बिल्बातिलि त् व अअ्तद्ना लिल्काफ़िरीन मिन्हुम् अज़ाबन् अलीमन् (१६१) लाकिनिर्रासिख़ून फ़िल्-अिल्मि मिन्हुम् वल्मुअ्मिनून युअ्मिनून बिमा अुन्ज़िल अिलैक व मा अुन्ज़िल मिन् क़ब्लिक वल्मुक़ीमीनस्सलात वल्मुअ्तूनज़्ज़कात वल्मुअ्मिनून बिल्लाहि वल्-यौमिल्-आख़िरि त् अुलाअिक सनुअ्तीहिम् अज्रन् अज़ीमन् (१६२) ★ अिन्ना औहैना अिलैक कमा औहैना अिला नूहिंव्वन्नबीयीन मिम्बअ्दिही ज् व औहैना अिला अिब्राहीम व अिस्माअील व अिस्हाक़ व यअ्क़ूब वल्-अस्बाति व अीसा व अैयूब व यूनुस व हारून व सुलैमान ज् व आतैना दावूद ज़बूरन् ज् (१६३) व रुसुलन् क़द् क़सस्नाहुम् अलैक मिन् क़ब्लु व रुसुलल्लम् नक़्सुस्हुम् अलैक त् व कल्लमल्लाहु मूसा तक्लीमन् ज् (१६४) रुसुलम्मुबश्शिरीन व मुन्ज़िरीन लिअल्ला यकून लिन्नासि अलल्लाहि हुज्जतुम्-बअ्दर्रुसुलि त् व कानल्लाहु अज़ीज़न् हकीमन् (१६५)

لا يحب الله ٦ ٨٢ النساء ٤

عظيما ﴿١٥٦﴾ وقولهم انا قتلنا المسيح عيسى ابن مريم رسول الله
وما قتلوه وما صلبوه ولكن شبه لهم وان الذين
اختلفوا فيه لفي شك منه ما لهم به من علم الا اتباع
الظن وما قتلوه يقينا ﴿١٥٧﴾ بل رفعه الله اليه وكان الله
عزيزا حكيما ﴿١٥٨﴾ وان من اهل الكتب الا ليؤمنن به قبل
موته ويوم القيمة يكون عليهم شهيدا ﴿١٥٩﴾ فبظلم من
الذين هادوا حرمنا عليهم طيبت احلت لهم وبصدهم
عن سبيل الله كثيرا ﴿١٦٠﴾ واخذهم الربوا وقد نهوا عنه و
اكلهم اموال الناس بالباطل واعتدنا للكفرين منهم
عذابا اليما ﴿١٦١﴾ لكن الراسخون في العلم منهم والمؤمنون يؤمنون
بما انزل اليك وما انزل من قبلك والمقيمين الصلوة و
المؤتون الزكوة والمؤمنون بالله واليوم الاخر اولئك
سنؤتيهم اجرا عظيما ﴿١٦٢﴾ انا اوحينا اليك كما اوحينا الى نوح
والنبين من بعده واوحينا الى ابرهيم واسمعيل واسحق
ويعقوب والاسباط وعيسى وايوب ويونس وهرون وسليمن
واتينا داود زبورا ﴿١٦٣﴾ ورسلا قد قصصنهم عليك من قبل
ورسلا لم نقصصهم عليك وكلم الله موسى تكليما ﴿١٦٤﴾ رسلا

منزل

★ रु. २२/२ आ १०

और (उनके बड़े गर्व से) इस कहने की वजह से कि हमने मरियम के बेटे ओसा मसीह को, जो अल्लाह के रसूल थे, क़त्ल कर डाला। और न (तो उन्होंने) उनको क़त्ल किया और न उनको सूली पर चढ़ा सके मगर उनको उनकी (सूरत जैसा) धोखा मालूम हुआ§ और जो लोग इस बारे में (तरह तरह की) कई बातें निकालते हैं‡ तो वे इस मामले में भ्रम में पड़े हैं। इनको इसकी (सही) ख़बर तो है नहीं मगर सिर्फ़ अटकल के पीछे दौड़े चले जा रहे हैं और यक़ीनन ओसा को (लोगों ने) क़त्ल नहीं किया।(१५७) बल्कि उनको अल्लाह ने अपनी तरफ़ उठा लिया और अल्लाह ज़बरदस्त हिकमत वाला है।(१५८) और जितने किताब वाले हैं ज़रूर उनके मरने से पहले (सबके सब) उन पर ईमान लावेंगे और क़ियामत के दिन (ओसा) उनका गवाह होगा†।(१५९) सो यहूदियों के गुनाह के सबब हमने कितनी पाक चीज़ें जो उनके लिए (पहले) हलाल थीं उन पर हराम कर दीं@ और इस वजह से (भी ऐसा किया कि) अक्सर अल्लाह की राह से (लोगों को) बहुत रोकते थे।(१६०) और (इस वजह से भी कि बार बार) उनको ब्याज लेने की मनाई कर दी गई थी इस पर भी ब्याज लेते थे और (इस कारण से भी कि) लोगों के माल नाहक़ खा डालते थे और इनमें जो लोग (अल्लाह के हुक्म से) इन्कार करते हैं उनके लिए हमने दुखदाई अज़ाब तैयार कर रखा है।(१६१) लेकिन उन (किताबवालों) में से जो इल्म में पक्के हैं और ईमानवाले हैं वे जो तुम पर उतरी है और जो तुमसे पहले उतरी हैं उनको मानते हैं और (यही लोग) नमाज़ पर क़ायम रहते और ज़कात देते और अल्लाह और क़ियामत पर यक़ीन रखते हैं। हम ऐसों को बड़ा सवाब देंगे।(१६२)★

★ रु. २२/२ आ १०

हमने तुम्हारी तरफ़ वही (संदेश) भेजा है जैसे हमने नूह और उनके बाद दूसरे पैग़म्बरों की तरफ़ भेजा था और (जैसे हमने) इब्राहीम और इस्माईल, इसहाक़ और याक़ूब और याक़ूब की सन्तान, ओसा, अयूब यूनिस, हारूँ और सुलेमान की तरफ़ खुदाई सन्देश भेजा था और हमने दाऊद को ज़बूर (किताब) दी थी।(१६३) और कितने पैग़म्बर हैं जिनका हाल हम पहले तुमसे बयान कर चुके हैं और कितने पैग़म्बर हैं जिनका हाल हमने तुमसे बयान नहीं किया और अल्लाह ने मूसा से प्रत्यक्ष बातें कीं।(१६४) और कितने पैग़म्बर खुशख़बरी देने वाले और डरानेवाले आचुके हैं ताकि पैग़म्बरों के आये बाद अल्लाह के सामने कोई भी उज़्र बाक़ी न रहे (कि उनको हिदायत ही न दी गई) अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त और बड़ा हिकमतवाला है (१६५)

---

§ हज़रत ओसा अ० को सूली नहीं हुई। अल्लाह का ऐसा चमत्कार हुआ कि उनकी जगह ऐसे शख्स को सूली पर चढ़ा दिया गया जिसको यहूदियों ने ओसा अ० समझने का धोखा खाया। ‡ ईसाई हज़रत ओसा अ० की सूली की बाबत तरह तरह की रवायतें रखते हैं। कोई कहते हैं, उनको सूली ही नहीं हुई; कोई कहते हैं सूली तो हुई लेकिन बाद को वे ज़िन्दः होकर आसमान पर चले गये; और बाज़ का कहना है कि जिस्म सूली पर चढ़ा लेकिन रूह अल्लाह तऽला के पास गई, वग़ैरः वग़ैरः। लेकिन ये सब अटकलें हैं। क़ुरआन हक़ीक़त बयान करता है कि वे क़त्ल नहीं हुए और अल्लाह ने उन्हें अपने पास उठा लिया। † हज़रत ओसा अ० अभी आसमान पर ज़िन्दः हैं। जब यहूद में दज्जाल पैदा होगा तब इस जहान में आकर उसको मारेंगे और यहूदी व ओसाई सब उन पर ईमान लावेंगे कि वे सूली पर नहीं चढ़े थे; और क़ियामत के दिन वह इन लोगों की करनी पर अल्लाह के सामने गवाह होंगे—तफ्सीर शाह अब्दुल क़ादिर साहब। @ इन हराम की हुई चीज़ों का ज़िक्र सूरः अनआम आयत १४६ में है।

लाकिनिल्लाहु यश्हदु बिमा अन्ज़ल अिलैक अन्ज़लहू बिअिल्मिही ज् वल्-मलाअिकतु यश्हदून त् व कफ़ा बिल्लाहि शहीदन् त् (१६६) अिन्नल्लज़ीन कफ़रू व सद्दू अन् सबीलिल्लाहि क़द् ज़ल्लू ज़लालम्बअीदन् (१६७) अिन्नल्लज़ीन कफ़रू व ज़लमू लम् यकुनिल्लाहु लियग़्फ़िर लहुम् व ला लियह्दियहुम् तरीक़न् ला (१६८) अिल्ला तरीक़ जहन्नम ख़ालिदीन फ़ीहा अबदन् त् व कान ज़ालिक अलल्लाहि यसीरन् (१६९) या अैयुहन्नासु क़द् जाअ कुमुर्रसूलु बिल्हक़्क़ि मिर्रब्बिकुम् फ़आमिनू ख़ैरल्लकुम् त् व अिन् तक्फ़ुरू फ़अिन्न लिल्लाहि मा फ़िस्समावाति वल्-अर्ज़ि त् व कानल्लाहु अलीमन् हकीमन् (१७०) या अह्लल्किताबि ला तग़्लू फ़ी दीनिकुम् व ला तक़ूलू अलल्लाहि अिल्लल्-हक़्क़ त् अिन्नमल्-मसीहु अीसब्नु मर्यम रसूलुल्लाहि व कलिमतुहू ज् अल्क़ाहा अिला मर्यम वरूहुम्मिन्हु ज् फ़आमिनू बिल्लाहि व रुसुलिही ज् क़िफ़् व ला तक़ूलू सलासतुन् त् अिन्तहू ख़ैरल्लकुम् त् अिन्नमल्लाहु अिलाहुँ-वाहिदुन् त् सुब्हानहू अैंयकून लहू वलदुन् म ● लहू मा फ़िस्समावाति व मा फ़िल्अर्ज़ि त् व कफ़ा बिल्लाहि वकीलन् (१७१) ★ लैंयस्तन्किफ़ल्-मसीहु अैंयकून अब्दल्लिल्लाहि व लल्-मलाअिकतुल्-मुक़र्रबून त् व मैंयस्तन्किफ़् अन् अिबादतिही व यस्तक्बिर् फ़सयह्शुरुहुम् अिलैहि जमीअन् (१७२) फ़अम्मल्लज़ीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति फ़युवफ़्फ़ीहिम् अुजूरहुम् व यज़ीदुहुम् मिन् फ़ज़्लिही ज् व अम्मल्लज़ीनस्तन्कफ़ू वस्तक्बरू फ़युअज़्ज़िबुहुम् अज़ाबन् अलीमन् ७ ला ० व ला यजिदून लहुम् मिन् दूनिल्लाहि वलीयौंव्व ला नसीरन् (१७३)

النساء ٤ — ٨٣ — لا يحب الله ٦

مبشرين ومنذرين لئلا يكون للناس على الله حجة بعد
الرسل وكان الله عزيزا حكيما ۝ لكن الله يشهد بما انزل
اليك انزله بعلمه والملئكة يشهدون وكفى بالله شهيدا ۝
ان الذين كفروا وصدوا عن سبيل الله قد ضلوا ضللا
بعيدا ۝ ان الذين كفروا وظلموا لم يكن الله ليغفر لهم
ولا ليهديهم طريقا ۝ الا طريق جهنم خلدين فيها ابدا
وكان ذلك على الله يسيرا ۝ يايها الناس قد جاءكم الرسول
بالحق من ربكم فامنوا خيرا لكم وان تكفروا فان لله ما
في السموت والارض وكان الله عليما حكيما ۝ يااهل الكتب
لا تغلوا في دينكم ولا تقولوا على الله الا الحق انما المسيح
عيسى ابن مريم رسول الله وكلمته القها الى مريم و
روح منه فامنوا بالله ورسله ولا تقولوا ثلثة انتهوا خيرا
لكم انما الله اله واحد سبحنه ان يكون له ولد له ما
في السموت وما في الارض وكفى بالله وكيلا ۝ لن
يستنكف المسيح ان يكون عبدا لله ولا الملئكة المقربون
ومن يستنكف عن عبادته ويستكبر فسيحشرهم اليه جميعا ۝
فاما الذين امنوا وعملوا الصلحت فيوفيهم اجورهم و

منزل ١

● व. लाज़िम ★ रु. २३/३ आ ६

(ऐ नबी ! लोग भले ही न भी मानें) लेकिन जो कुछ अल्लाह ने तुम्हारी तरफ़ उतारा है अल्लाह (उसके ज़रिये) गवाही देता है कि अपने (कमाल) इल्म से उसको उतारा है और फ़रिश्ते (भी इसकी) गवाही देते हैं और (वैसे तो) अल्लाह (ही) की गवाही काफ़ी है। (१६६) जो लोग इन्कारी हुए और अल्लाह की राह से (दूसरों को) रोका वह बड़ी दूर भटक गये। (१६७) जो लोग काफ़िर हुए और (साथ ही) ज़ुल्म (भी) करते रहे उनको अल्लाह न तो हरगिज़ बख़्शेगा और न उनको राह ही दिखलायेगा। (१६८) सिवाय दोज़ख़ की राह जिसमें हमेशा रहेंगे और अल्लाह के लिए यह सहल है। (१६९) ऐ लोगो ! पैग़म्बर तुम्हारे पास तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से ठीक बात लेकर आ चुके हैं। पस ईमान लाओ, तुम्हारा भला होगा, और अगर न मानोगे तो जो कुछ आसमान और ज़मीन में है अल्लाह ही का है और अल्लाह बड़ा जानने वाला बड़ा हिकमत वाला है। (१७०) ऐ किताबवालो! अपने दीन की बात में (अपनी तरफ़ से) न बढ़ाओ और अल्लाह की बाबत सच बात के सिवा (एक शब्द भी) न कहो। मरियम के बेटे अ़ीसामसीह बस अल्लाह के पैग़म्बर हैं और हैं अल्लाह का हुक्म जो उसने मरियम की तरफ़ भेज दिया और रूह है ख़ास अल्लाह की तरफ़ से, पस अल्लाह और उसके पैग़म्बरों पर ईमान लाओ और न कहो कि (अल्लाह) तीन§ हैं। यह (विचार) छोड़ दो; तुम्हारा भला होगा। अल्लाह एक मात्र इलाह (पूज्य) है, व इससे पाक है कि उसके सन्तान† हो ●। (सब) उसी का है जो कुछ आसमानों में और ज़मीन में है और अल्लाह काम का सम्भालने वाला काफ़ी है। (१७१)★

● व. ला ज़ि म ★ रु. २३/३ आ ६

मसीह को अल्लाह का बंदा होने में कदापि लज्जा नहीं और न अल्लाह के क़रीबी फ़रिश्तों को (ही लज्जा है) और जो अल्लाह की बंदगी से किनारा करे और घमण्ड करे तो अल्लाह जल्द अपने पास सबको खींच बुलायेगा। (१७२) फिर जो लोग ईमानवाले हैं और नेक काम किये अल्लाह उनको उनका पूरा बदला देगा और अपनी रहमत से (और) ज़्यादा (भी) देगा और जो लोग (अल्लाह का बन्दा बनने में) लजाते और घमण्ड करते हैं अल्लाह उनको दुखदायी सज़ा देगा। और अल्लाह के अलावा उनको न कोई साथी मिलेगा और न मददगार। (१७३)

---

§ ईसाई अल्लाह, अ़ीसा अ० और मरियम, तीनों को अल्लाह जैसा पूजते थे। यहाँ यह इशारा है कि ऐसी झूठी बात अल्लाह की शान में मत गढ़ो। † अल्लाह को आदमी जैसा न समझो। उसके लिए बेटी-बेटा रखना शोभा नहीं देता। इसलिए हज़रत अ़ीसा अ० ईश्वर-पुत्र नहीं, पैग़म्बर थे।

या ऐयुहन्नासु क़द् जा'अ कुम् बुर्हानुम्-मिर्रब्बिकुम् व अन्ज़ल्ना इलैकुम् नूरम्मुबीनन् (१७४) फ़अम्मल्लज़ीन आमनू बिल्लाहि वअ्तसमू बिही फ़सयुद्ख़िलुहुम् फ़ी रह्मतिम्-मिन्हु व फ़ज़्लिन् ला व यह्दीहिम् इलैहि सिरातम्-मुस्तक़ीमन् त् (१७५) यस्तफ़्तूनक त् क़ुलिल्लाहु युफ़्तीकुम् फ़िल्कलालति त् इनिम्रुउन् हलक लैस लहू वलदुँवलहू उख़्तुन् फ़लहा निस्फ़ु मा तरक ज् व हुव यरिसुहा इल्लम् यकुल्लहा वलदुन् त् फ़इन् कानतस्नतैनि फ़लहुमस्सुलुसानि मिम्मा तरक त् व इन् कानू इख़्वतर्रिजालौंव निसा'अन् फ़लिज़्ज़करि मिस्लु हज़्ज़िल्-उन्सयैनि त् युबैयिनुल्लाहु लकुम् अन् तज़िल्लू त् वल्लाहु बिकुल्लि शैइन् अलीमुन् (१७६) ★

॥ इति मंज़िल १ ॥

يَزِيدُهُم مِّن فَضْلِهِ ۖ وَأَمَّا الَّذِينَ اسْتَنكَفُوا وَاسْتَكْبَرُوا فَيُعَذِّبُهُمْ
عَذَابًا أَلِيمًا وَلَا يَجِدُونَ لَهُم مِّن دُونِ اللَّهِ وَلِيًّا وَلَا نَصِيرًا ﴿١٧٣﴾
يَا أَيُّهَا النَّاسُ قَدْ جَاءَكُم بُرْهَانٌ مِّن رَّبِّكُمْ وَأَنزَلْنَا إِلَيْكُمْ نُورًا
مُّبِينًا ﴿١٧٤﴾ فَأَمَّا الَّذِينَ آمَنُوا بِاللَّهِ وَاعْتَصَمُوا بِهِ فَسَيُدْخِلُهُمْ
فِي رَحْمَةٍ مِّنْهُ وَفَضْلٍ وَيَهْدِيهِمْ إِلَيْهِ صِرَاطًا مُّسْتَقِيمًا ﴿١٧٥﴾
يَسْتَفْتُونَكَ قُلِ اللَّهُ يُفْتِيكُمْ فِي الْكَلَالَةِ ۚ إِنِ امْرُؤٌ هَلَكَ لَيْسَ
لَهُ وَلَدٌ وَلَهُ أُخْتٌ فَلَهَا نِصْفُ مَا تَرَكَ ۚ وَهُوَ يَرِثُهَا إِن لَّمْ يَكُن
لَّهَا وَلَدٌ ۚ فَإِن كَانَتَا اثْنَتَيْنِ فَلَهُمَا الثُّلُثَانِ مِمَّا تَرَكَ ۚ وَإِن كَانُوا
إِخْوَةً رِّجَالًا وَنِسَاءً فَلِلذَّكَرِ مِثْلُ حَظِّ الْأُنثَيَيْنِ ۗ يُبَيِّنُ اللَّهُ لَكُمْ
أَن تَضِلُّوا ۗ وَاللَّهُ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيمٌ ﴿١٧٦﴾

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीम

بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ
يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا أَوْفُوا بِالْعُقُودِ ۚ أُحِلَّتْ لَكُم بَهِيمَةُ الْأَنْعَامِ
إِلَّا مَا يُتْلَىٰ عَلَيْكُمْ غَيْرَ مُحِلِّي الصَّيْدِ وَأَنتُمْ حُرُمٌ ۗ إِنَّ اللَّهَ يَحْكُمُ
مَا يُرِيدُ ﴿١﴾ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا لَا تُحِلُّوا شَعَائِرَ اللَّهِ وَلَا الشَّهْرَ
الْحَرَامَ وَلَا الْهَدْيَ وَلَا الْقَلَائِدَ وَلَا آمِّينَ الْبَيْتَ الْحَرَامَ يَبْتَغُونَ
فَضْلًا مِّن رَّبِّهِمْ وَرِضْوَانًا ۚ وَإِذَا حَلَلْتُمْ فَاصْطَادُوا ۚ وَلَا يَجْرِمَنَّكُمْ

☪ ५ सूरतुलमाइदः ११२ ☪

(मदनी) इसमें अरबी के १२४६४ हुरूफ़ २८४२ शब्द, १२० आयतें और १६ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि •

या ऐयुहल्लज़ीन आमनू औफ़ू बिल्उक़ूदि ۵ त् उहिल्लत् लकुम् बहीमतुल्-अन्आमि इल्ला मा युत्ला अलैकुम् ग़ैर मुहिल्लिस्सैदि व अन्तुम् हुरुमुन् त् इन्नल्लाह यह्कुमु मा युरीदु (१) या ऐयुहल्लज़ीन आमनू ला तुहिल्लू शआ'इरल्लाहि व लश्शह्रल्-हराम व लल्हद्य व लल्क़ला'इद व ला आ'म्मीनल्-बैतल्-हराम यब्तग़ून फ़ज़्लम्-मिर्रब्बिहिम् व रिज़्वानन् त् व इज़ा हलल्तुम् फ़स्तादू त् व ला यज्रिमन्नकुम् शनआनु क़ौमिन् अन् सद्दूकुम् अनिल्-मस्जिदिल्-हरामि अन् तअ्तदू म् • व तआवनू अलल्बिर्रि वत्तक़्वा स् व ला तआवनू अलल्-इस्मि वल्उद्वानि स् वत्तक़ुल्लाह त् इन्नल्लाह शदीदुल्-इक़ाबि (२) ●

रु. २४/४ आ ५

व. लाज़िम्

रु. ब. अ. १/४

ऐ लोगो ! तुम्हारे पास तुम्हारे पालनकर्ता की तरफ़ से हुज्जत§ आ चुकी और हमने तुम पर जगमगाती हुई रोशनी (क़ुर्आन) उतार दी (१७४) सो जो लोग अल्लाह पर ईमान लाये और उन्होने उसी का मज़बूत (सहारा) पकड़ा तो अल्लाह उनको ज़ल्द अपनी कृपा और दया में ले लेगा, और उनको अपनी तरफ़ की सीधी राह पर पहुँचा देगा (१७५) (ऐ पैग़म्बर !) तुमसे हुक्म मांगते हैं; कह दो कि अल्लाह कलाला (जिसके संतान और बाप दादा न मौज़ूद हों उसे कलाला कहते हैं) के बारे में तुमको हुक्म देता है कि अगर कोई ऐसा मर्द मर जावे जिसके संतान न हो (न माँ-बाप ही हों) और उसके बहन हो तो बहन को उसके तर्के का आधा और अगर बहनों के संतान और माँ बाप न हों तो उसका वारिस वही भाई फिर अगर बहनें दो (या दो से ज़्यादः) हों तो उनको उसके तर्के में से दो तिहाई और अगर भाई-बहन (कई) हों तो दो औरतों के हिस्से के बराबर एक मर्द का हिस्सा होगा। तुम लोगों को भटकने से बचाने के ख़्याल से अल्लाह तुमसे (खोल-खोल कर हुक्म) बयान करता है और अल्लाह सब कुछ जानता है। (१७६)‡ ★

★ रु. २४ ४ आ ५

॥ इति मंज़िल १ ॥

५ सूरतुल्मा'अिदः ११२

(मदनी)*इसमें १२४६४ हुरूफ़, २८४२ कलिमात (शब्द), १२० आयतें और १६ रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रह़ीमि

शुरू अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला मेहरबान है।

ऐ ईमानवालो ! (जब तुम ईमान ला चुके हो तो तुमको चाहिये कि अल्लाह के तमाम हुक्मों पर चलने का) क़रार पूरा करो। तुमको हलाल हैं (चरने वाले) चौपाये मवेशी सिवाय उनके जो (आगे) तुम्हें बताये जाते हैं। लेकिन जब तुम एहराम की हालत में हो तब शिकार को हलाल न समझना। बेशक अल्लाह जो चाहता है हुक्म देता है। (१) ऐ ईमानवालो! अल्लाह की निशानियों की बेहुरमुती (अनादर) न करना और न अदबवाले महीनों की और न क़ुर्बानी के जानवर जो मक्के को (क़ुर्बानी के लिए) जायँ और न उनको जिनके गलों में पट्टे◎ बाँध दिये गये हों, न उनको जो इज़्ज़तवाले घर को अपने परवरदिगार की रहमत और ख़ुशी ढूढ़ने जाते हों और जब एहराम❋ से निकलो तो शिकार करो। कुछ लोगों ने तुमको इज़्ज़तवाली मसजिद से रोका था; (उनकी) यह दुश्मनी तुमको (उनके ख़िलाफ़) ज़्यादती करने का सबब न हो • और नेकी और परहेज़गारी में एक दूसरे के मददगार हो। और गुनाह और ज़्यादती में एक दूसरे के मददगार न बनो♦ और अल्लाह से डरो क्योंकि अल्लाह का अज़ाब (दण्ड) सख़्त है। (२) ●

• व. ला ज़िम ● रु. ब्/ आ. १/४

§ खुली हुई दलील या निशानी ऐसी निशानी जिससे सत्य और असत्य में भेद किया जा सके। ‡ सूरे निसा में विरासत और तर्कः का खास हुक्म हुआ है। इसलिए यह आखिरी आयत भी उसी संबंध में नाज़िल होकर इस सूरः की समाप्ति की है। अदब वाले महीनों में लड़ाई न करो। ◎ एक काफ़िर कुछ ऊँट चुरा ले गया था। मुसलमानों ने देखा कि वह उनके गले में पट्टे डाले हुए काबे की ओर क़ुर्बानी के विचार से लिए जा रहा है। उन्होंने उन ऊँटों को उस दग़ाबाज़ से छीन लेना चाहा। इस पर यह आयत उतरी कि अल्लाह की क़ुर्बानी के नाम पर जाने वाले जानवर, भले ही काफ़िरों के हों, उनका छीनना हलाल नहीं। ❋ एहराम—मुसलमान हज्ज (यात्रा) के प्रारम्भ से समाप्ति तक एक कपड़ा पहनते हैं, उसे एहराम कहते हैं। उसके उतार देने के बाद शिकार करना न करना तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। ♦ किसी वक़्त मक्का के मुशरिकों ने मुसलमानों के काबः का हज करने पर रोक लगा दी थी। आयत-२ में उसकी याद दिलाते हुए हुक्म हुआ है कि [पेज १६१ पर]

* इस सूरः की ११२ और ११४ वीं आयत में "अल्मा'अिदः (ख़्वान निअ़्मत)—खाने [पेज १६१ पर]

हुर्रिमत् अलैकुमुलमैततु वद्दमु व लह़्मुल् - ख़िन्ज़ीरि व मा' उहिल्ल लिग़ैरिल्लाहि बिहदी वल्मुन्ख़निक़तु वल्मौक़ूज़तु वल्मुतरद्दियतु वन्नतीहतु व मा' अकलस्सबुअ़ु अिल्ला मा ज़क्कैतुम् क़िफ़ व मा ज़ुबिह़ अ़लन्नुसुबि व अन् तस्तक़्सिमू बिल्-अज़्लामि तृ ज़ालिकुम् फ़िस्क़ुन् तृ अल्यौम यअिसल्लज़ीन कफ़रू मिन् दीनिकुम् फ़ला तख़शौहुम् वख़शौनि तृ अल्यौम अक्मल्तु लकुम् दीनकुम् व अत्मम्तु अ़लैकुम् निअ़्मती व रज़ीतु लकुमुल्-अिस्लाम दीनन् तृ फ़मनिज़्तुर्र फ़ी मख़्मसतिन् ग़ैर मुतजानिफ़िल् - लिअिस्मिन् ला फ़अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रह़ीमुन् (३) यस्अलूनक मा ज़ा' उह़िल्ल लहुम् तृ क़ुल् उह़िल्ल लकुमुत्-तैयिबातु ला व मा अ़ल्लम्तुम् मिनल्-जवारिहि मुकल्लिबीन तुअ़ल्लिमूनहुन्न मिम्मा अ़ल्लमकुमुल्लाहु ज़् फ़कुलू मिम्मा' अम्सक्न अ़लैकुम् वज़्कुरुस्मल्लाहि अ़लैहि स़् वत्तक़ुल्लाह तृ अिन्नल्लाह सरीअ़ुल्ह़िसाबि (४) अल्यौम उहिल्ल लकुमुत्तैयिबातु तृ व तआ़मुल्लज़ीन ऊतुल् - किताब हिल्लुल्लकुम् स़् व तआ़मुकुम् हिल्लुल्लहुम् ज़् वल्मुह़्सनातु मिनल् - मुअ्मिनाति वल्मुह़्सनातु मिनल्लज़ीन ऊतुल्-किताब मिन् क़ब्लिकुम् अिज़ा' आतैतुमूहुन्न अुजूरहुन्न मुह़्सिनीन ग़ैर मुसाफ़िह़ीन व ला मुत्तख़िज़ी' अख़्दानिन् तृ व मैंयक्फ़ुर् बिल्अीमानि फ़क़द् ह़बित्त अ़मलुहु ज़् व हुव फ़िल्-आख़िरति मिनल्-ख़ासिरीन (५) ★

لا يحب الله ٦ ٨٥ المآئدة ٥

شنان قوم ان صدوكم عن المسجد الحرام ان تعتدوا ۘ وتعاونوا
على البر والتقوى ۖ ولا تعاونوا على الاثم والعدوان ۖ واتقوا الله
ان الله شديد العقاب ۝ حرمت عليكم الميتة والدم ولحم
الخنزير وما اهل لغير الله به والمنخنقة والموقوذة والمتردية
والنطيحة وما اكل السبع الا ما ذكيتم وما ذبح على النصب
وان تستقسموا بالازلام ذلكم فسق ۗ اليوم يئس الذين
كفروا من دينكم فلا تخشوهم واخشون ۚ اليوم اكملت لكم
دينكم واتممت عليكم نعمتي ورضيت لكم الاسلام دينا ۚ
فمن اضطر في مخمصة غير متجانف لاثم ۙ فان الله غفور
رحيم ۝ يسئلونك ماذا احل لهم ۖ قل احل لكم الطيبت ۙ و
ما علمتم من الجوارح مكلبين تعلمونهن مما علمكم الله فكلوا
مما امسكن عليكم واذكروا اسم الله عليه ۖ واتقوا الله ۚ ان
الله سريع الحساب ۝ اليوم احل لكم الطيبت ۖ وطعام الذين
اوتوا الكتب حل لكم ۖ وطعامكم حل لهم ۖ والمحصنت من
المؤمنت والمحصنت من الذين اوتوا الكتب من قبلكم اذا
اتيتموهن اجورهن محصنين غير مسفحين ولا متخذي
اخدان ۗ ومن يكفر بالايمان فقد حبط عمله ۫ وهو في

منزل

रु. १ / ५ आ ५

मरा हुआ, लोहू और सुअर का मांस और जो अल्लाह के सिवाय किसी और के नाम पर चढ़ाया गया हो और जो गला घुटने से या चोट से या गिर कर मरा हो या सींगों से मारा जाने से यह सब चीजें तुम पर हराम कर दी गईं और जिसको दरिन्दों ने फ़ाड़ खाया हो (वह भी हराम है) सिवाय जिसको तुम (उसके मरने के पहले ही) हलाल कर लो। और जो (अल्लाह के अलावा) किसी स्थान पर (चढ़ाकर) ज़िबह (बलि) किया गया हो, (हराम हैं) और यह कि पाँसे डालकर क़िस्मत मालूम करना, यह सब गुनाह है। आज काफ़िर तुम्हारे दीन की तरफ़ से नाउम्मीद हो गये; तो उनसे न डरो बल्कि मुझ ही से डरो। आज मैंने तुम्हारे दीन को तुम्हारे लिए पूरा कर दिया और तुम पर अपना एहसान पूरा कर दिया और मैंने तुम्हारे लिए दीन इस्लाम को पसन्द किया। फिर जो भूख से लाचार हो लेकिन गुनाह की तरफ़ उसकी चाह न हो, तो (ऐसी सूरत में हराम चीज़ से जान बचा लेना गुनाह नहीं) अल्लाह बख़्नेवाला मेहरबान है। (३) तुमसे पूछते हैं कि कौन-कौन सी चीजें उनके लिए हलाल की गई हैं, सो तुम उनको समझा दो कि पाक चीज़ें तुम्हारे लिए (सब) हलाल हैं और शिकारी जानवर जो तुमने शिकार के लिए (वैसे ही) सधा रखे हों, और जैसा तुमको अल्लाह ने सिखला रखा है वैसा ही तुमने उनको सिखला रखा है, तो जो तुम्हारे लिए वे पकड़ रखें तो उसको खाओ, मगर (शिकारी जानवर के छोड़ते वक़्त) उस पर अल्लाह का नाम ले लिया करो। और अल्लाह से डरते रहो क्योंकि अल्लाह जल्द हिसाब लेने वाला है। (४) आज पाक चीजें तुम्हारे लिए सब हलाल कर दी गईं और किताबवालों का खाना तुम्हारे लिए हलाल है और तुम्हारा खाना उनके लिए हलाल है, और मुसलमान (पार्सा) बीवियाँ और जिन लोगों को तुमसे पहले किताब दी जा चुकी है उनमें को पार्सा बीवियाँ (तुम्हारे लिए हलाल हैं) बशर्ते कि उनके मिहर उनके हवाले करो (और) तुम्हारा इरादा क़ैद (निकाह) में लाने का हो न कि मस्ती निकालने का और न चोरी-छिपे आशनाई करने का और जो ईमान (की इन बातों) को न माने तो उसका (सारा) किया-धरा अकारथ होगा। आख़िरत में वह नुक़सान उठाने वालों में होगा। (५) ★

★ रु. १ — ५ अ. ५

[पेज १८६ से] उसका बदला लेने की ग़रज़ से मुसलमान काफ़िरों को काबः जाते समय न तंग करें न उनके जानवर जो क़ुर्बानी के लिए काबे को जा रहे हों उनको ही छीनें, भले ही वे दुश्मनों के हों। दुश्मनों के भी नेक कामों में बाधा डालना अल्लाह के हुक्मों का अनादर करना है।

[पेज १८६से] से भरा दस्तरख़वान" शब्द से सूरः का नामकरण है। सूरः के नाज़िल होने का समय छठी हिजरी का अन्त या सातवीं हिजरी का शुरू है जबकि 'हुदैबिया की सन्धि' के बाद मुसलमानों की स्थिति अब काफ़ी मज़बूत और फैलाव में हो चुकी थी। मदीना के यहूदियों का ज़ोर समाप्त हो चुका था। 'जंग खन्दक़' के बाद मक्का के क़ुरैशों का बल भी टूट चुका था। आस पास के और भी तमाम क़बीले या तो मुसलमान हो चले थे या मुसलमानों के ज़ोर से दब चुके थे। इस्लाम एक अक़ीदा मात्र न होकर उसकी धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक बुनियाद मज़बूत और प्रसिद्ध हो चुकी थी। अब धार्मिक शिक्षाओं पर एक हुकूमत को चलाना था, दूर दूर तक क़ौमों को उसी साँचे में ढालना था।

आयत १—५ में समाज और अल्लाह के लिए अपने फ़र्ज़ पूरी तौर पर पालना, हराम और हलाल भोजन और बिना तरफ़दारी व नफ़रत इन्साफ़ पर अमल और अहलकिताब यानें यहूदी व ईसाई औरतों से निकाह करने की इजाज़त का बयान है। आ० ६—११ में शरीर की पवित्रता के साथ-साथ इन्साफ़ और नेक अमली ही को अल्लाह की ख़ुशी का ज़रिया बताया है। आ० १२ से २८ में यहूदी व ईसाई [पेज १६५ पर]

या ऐयुहल्लजीन आमनू इजा क़ुम्तुम् इलस्सलाति फ़ग़्सिलू वुजूहकुम् व ऐदियकुम् इललमराफ़िक़ि वम्सहू बिरुऊसिकुम् व अर्जुलकुम् इलल्कअ्बैनि ṭ व इन् कुन्तुम् जुनुबन् फ़त्तहहरू ṭ व इन् कुन्तुम्-मर्ज़ा औ अला सफ़रिन् औ जाअ अहदुम् - मिन्कुम् - मिनलग़ाइति औ लामस्तुमुन्निसाअ फ़लम् तजिदू माअन् फ़तयम्ममू सईदन् तैयिबन् फ़म्सहू बिवुजूहिकुम् व ऐदीकुम् मिन्हु ṭ मा युरीदुल्लाहु लियज्अल अलैकुम् मिन् हरजिंव्व लाकिंयुरीदु लियुतह्हिरकुम् व लियुतिम्म निअ़्मतहू अलैकुम् लअल्लकुम् तश्कुरून (६) वज़्कुरू निअ़्मतल्लाहि अलैकुम् व मीसाक़हुल्लजी वासक़कुम् बिही ला इज् क़ुल्तुम् समिअ़्ना व अतअ़्ना ज़् वत्तक़ुल्लाह ṭ इन्नल्लाह अलीमुम् - बिज़ातिस्सुदूरि (७) या ऐयुहल्लजीन आमनू कूनू क़ौवामीन लिल्लाहि शुहदाअ बिल्क़िस्ति ज़् व ला यज्रिमन्नकुम् शनआनु क़ौमिन् अला अल्ला तअ़्दिलू ṭ इअ़्दिलू क़िफ़ हुव अक़्रबु लित्तक़्वा ज़् वत्तक़ुल्लाह ṭ इन्नल्लाह ख़बीरुम् - बिमा तअ़्मलून (८) व अदल्लाहुल्लजीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति ला लहुम् मग़्फ़िरतुंव अज्रुन् अज़ीमुन् (९) वल्लजीन कफ़रू व कज़्ज़बू बिआयातिना उलाइक अस्हाबुल्-जहीमि (१०) या ऐयुहल्लजीन आमनुज़्कुरू निअ़्मतल्लाहि अलैकुम् इज् हम्म क़ौमुन् अंयब्सुतू इलैकुम् ऐदियहुम् फ़कफ़्फ़ ऐदियहुम् अन्कुम् ज़् वत्तक़ुल्लाह ṭ व अलल्लाहि फ़ल्यतवक्कलिल्-मुअ्मिनून (११)

المآئدة ٥ — ٨٦ — لا يحب الله ٦

الْاٰخِرَةِ مِنَ الْخٰسِرِيْنَ ۝ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْۤا اِذَا قُمْتُمْ اِلَى الصَّلٰوةِ فَاغْسِلُوْا وُجُوْهَكُمْ وَاَيْدِيَكُمْ اِلَى الْمَرَافِقِ وَامْسَحُوْا بِرُءُوْسِكُمْ وَاَرْجُلَكُمْ اِلَى الْكَعْبَيْنِ ؕ وَاِنْ كُنْتُمْ جُنُبًا فَاطَّهَّرُوْا ؕ وَاِنْ كُنْتُمْ مَّرْضٰۤى اَوْ عَلٰى سَفَرٍ اَوْ جَآءَ اَحَدٌ مِّنْكُمْ مِّنَ الْغَآئِطِ اَوْ لٰمَسْتُمُ النِّسَآءَ فَلَمْ تَجِدُوْا مَآءً فَتَيَمَّمُوْا صَعِيْدًا طَيِّبًا فَامْسَحُوْا بِوُجُوْهِكُمْ وَاَيْدِيْكُمْ مِّنْهُ ؕ مَا يُرِيْدُ اللّٰهُ لِيَجْعَلَ عَلَيْكُمْ مِّنْ حَرَجٍ وَّلٰكِنْ يُّرِيْدُ لِيُطَهِّرَكُمْ وَلِيُتِمَّ نِعْمَتَهٗ عَلَيْكُمْ لَعَلَّكُمْ تَشْكُرُوْنَ ۝٦ وَاذْكُرُوْا نِعْمَةَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ وَمِيْثَاقَهُ الَّذِيْ وَاثَقَكُمْ بِهٖۤ ۙ اِذْ قُلْتُمْ سَمِعْنَا وَاَطَعْنَا ؗ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌۢ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ۝٧ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُوْنُوْا قَوّٰمِيْنَ لِلّٰهِ شُهَدَآءَ بِالْقِسْطِ ؗ وَلَا يَجْرِمَنَّكُمْ شَنَاٰنُ قَوْمٍ عَلٰۤى اَلَّا تَعْدِلُوْا ؕ اِعْدِلُوْا ۫ هُوَ اَقْرَبُ لِلتَّقْوٰى ؗ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ خَبِيْرٌۢ بِمَا تَعْمَلُوْنَ ۝٨ وَعَدَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ ۙ لَهُمْ مَّغْفِرَةٌ وَّاَجْرٌ عَظِيْمٌ ۝٩ وَالَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَكَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَاۤ اُولٰٓئِكَ اَصْحٰبُ الْجَحِيْمِ ۝١٠ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اذْكُرُوْا نِعْمَتَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ اِذْ هَمَّ قَوْمٌ اَنْ يَّبْسُطُوْۤا اِلَيْكُمْ اَيْدِيَهُمْ فَكَفَّ اَيْدِيَهُمْ عَنْكُمْ ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ؕ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُوْنَ ۝١١ وَلَقَدْ اَخَذَ اللّٰهُ مِيْثَاقَ بَنِيْۤ اِسْرَآءِيْلَ ۚ وَبَعَثْنَا

منزل ٢

रु. २ | ६ आ ६

ऐ ईमानवालो ! जब तुम नमाज़ के लिए तैयार हो तो अपने मुँह और कुहनियों तक हाथ धो लिया करो और अपने सिर पर मसह् कर (गीला हाथ फेर) लिया करो और अपने पैरों को मुखों तक धो लिया करो और अगर नापाक हो तो (नहाकर) पाक हो लिया करो, और अगर तुम बीमार हो या सफ़र में हो या तुममें से कोई जायेज़रूर (शौच) से आया हो या तुमने स्त्रियों से सुहबत की हो और तुमको पानी न मिल सके तो साफ़ मिट्टी लेकर उससे (तयम्मुम यानी) अपने मुँह और हाथों को मल लिया करो। अल्लाह तुम को किसी तरह की तंगी में नहीं डालना चाहता बल्कि तुमको पाक साफ़ रखना चाहता है और यह कि तुम पर अपना एहसान पूरा करे ताक़ि तुम शुक्र करो। (६) और अल्लाह ने जो तुम पर एहसान किया है उसको याद करो और उसका अहद (वचन) जिस (के पूरा करने) की वह तुमसे प्रतिज्ञा ले चुका है जबकि तुमने कहा कि हमने (तेरा हुक्म) सुना और (तेरा हुक्म) माना और अल्लाह (की अवज्ञा) से डरते रहो क्योंकि अल्लाह दिलों की बातें जानता (याने अन्तर्यामी) है। (७) ऐ ईमानवालो ! अल्लाह के वास्ते इन्साफ़ के साथ गवाही देने को तैय्यार रहा करो और एक गरोह की दुश्मनी के सबब इन्साफ़ न छोड़ो (बल्कि दोस्त-दुश्मन हर मामले में) इन्साफ़ पर क़ायम रहो, यही परहेज़गारी से ज्यादह नज़दीक है और अल्लाह से डरते रहो, अल्लाह तुम्हारे कामों से ख़बरदार है। (८) जो लोग ईमान लाये और उन्होंने नेक काम किये, अल्लाह से उनका अहद है कि (आख़िरत में) उनके लिए बख़शीश (क्षमा) है और बड़ा बदला है। (९) और जिन लोगों ने (दीन से) इन्कार किया और हमारी आयतों को झुठलाया वह दोज़ख़ी हैं। (१०) ऐ ईमानवालो ! अल्लाह ने तुम पर जो एहसान किये हैं उनको याद करो कि जब (कुछ) लोगों (क़ुरेश जाति) ने तुम पर हाथ छोड़ने का इरादा किया था तो अल्लाह ने तुम (पर चलने) से उनके हाथों को रोक दिया॰ और अल्लाह से डरते रहो और ईमानवालों को चाहिए कि अल्लाह ही पर भरोसा रखें। (११)★

★ रु. २ | ६ आ ६

॰ तज़किरा है कि हज़रत मुहम्मद सल्ल॰ जंग 'ज़ातुल रक़ाअ' में जाते वक़्त एक जंगल में पेड़ों की छाया में ठहरे और तमाम लोगों की आँख लग गई। हज़रत मुहम्मद स॰ की तलवार जो दरख़्त में लटक रही थी 'ग़ौरस बिन हारिस' ने चुपके से आकर उतार ली और तलवार को म्यान से खींचकर हज़रत मुहम्मद सल्ल॰ की तरफ़ झपका और वार करना चाहा। हज़रत मुहम्मद स॰ से कहाः—अब तुम को मुझसे कौन बचा सकता है ? आप ने फ़र्माया 'अल्लाह'। इतने में हज़रत जिब्राईल अलैहि. स्सलाम ने आकर ग़ौरस के सीने में एक थपकी मारी जिससे तलवार उसके हाथ से गिर गई। तलवार को फ़ौरन हज़रत मुहम्मद सल्ल॰ ने उठा लिया और फ़रमाया 'बता अब तुझको मुझसे कौन बचा सकता है ?' उसने कहा-'आप'। आप ने क्षमा करते हुए फ़र्मायाः— 'जा अपना रास्ता पकड़।' दूसरा तज़किरः है कि एक बार यहूदियों के एक गरोह ने नबी स॰ व उनके चुनीदाँ सहाबाओं को दावत दी इस इरादे से कि उस दावत के मौक़े पर यकबारगी उन पर टूट पड़ा जाय व उनका ख़ात्मा कर दिया जाय। अल्लाह की क़ुदरत से ऐन मौक़े पर रसूल स॰ को उनके इरादे का पता चल गया और वे उस दावत में फिर शरीक न हुये, और उस शुदनी से बाल-बाल बचे।

व लक़द् अख़ज़ल्लाहु मीसाक़ बनी' अिस्रा'ईल ज व बअस्ना मिन्हुमुस्नै अशर
नक़ीबन् त़ व क़ालल्लाहु अिन्नी मअकुम् त़ लअिन् अक़म्तुमुस्सलात व आतैतुमुज्-
ज़कात व आमन्तुम् बिरुसुली व अ़ज़्ज़र्तुमूहुम् व अक़्रज़्तुमुल्लाह क़र्ज़न हसनल्लअु-
कफ़्फ़िरन्न अन्कुम् सैयिआतिकुम् व लअुद् ख़िलन्नकुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-
अन्हारु ज् फ़मन् कफ़र बअ्द ज़ालिक मिन्कुम्
फ़क़द् ज़ल्ल सवा'अस्सबीलि (१२) फ़बिमा
नक़्ज़िहिम् मीसाक़हुम् लअन्नाहुम् व जअल्ना
क़ुलूबहुम् क़ासियतन् ज युहर्रिफ़ूनल्कलिम
अम्मवाज़ि - अिही ला व नसू हज़्ज़म्मिम्मा
ज़ुक्किरू बिही ज् व ला तज़ालु तत्तलिअु अला
ख़ा'अिनतिम्-मिन्हुम् अिल्ला क़लीलम्-मिन्हुम्
फ़अ्फ़ु अन्हुम् वस्फ़ह् त़ अिन्नल्लाह युहिब्बुल्-
मुह्सिनीन (१३) व मिनल्लज़ीन क़ालू' अिन्ना
नसारा' अख़ज़्ना मीसाक़हुम् फ़नसू हज़्ज़म्मिम्मा
ज़ुक्किरू बिही स़ फ़अग़्रैना बैनहुमुल्-अदावत
वल्बग़्ज़ा'अ अिला यौमिल्-क़ियामति त़ व

منهم اثني عشر نقيبا وقال الله اني معكم لئن اقمتم
الصلوة واتيتم الزكوة وامنتم برسلي وعزرتموهم و
اقرضتم الله قرضا حسنا لاكفرن عنكم سياتكم ولادخلنكم
جنت تجري من تحتها الانهر فمن كفر بعد ذلك منكم
فقد ضل سواء السبيل ۝ فبما نقضهم ميثاقهم لعنهم و
جعلنا قلوبهم قسية يحرفون الكلم عن مواضعه ونسوا
حظا مما ذكروا به ولا تزال تطلع على خائنة منهم الا
قليلا منهم فاعف عنهم واصفح ان الله يحب المحسنين ۝
ومن الذين قالوا انا نصرى اخذنا ميثاقهم فنسوا حظا مما
ذكروا به فاغرينا بينهم العداوة والبغضاء الى يوم القيمة
وسوف ينبئهم الله بما كانوا يصنعون ۝ يا هل الكتب قد
جاءكم رسولنا يبين لكم كثيرا مما كنتم تخفون من الكتب
ويعفوا عن كثير قد جاءكم من الله نور وكتب مبين ۝
يهدي به الله من اتبع رضوانه سبل السلم ويخرجهم من
الظلمت الى النور باذنه ويهديهم الى صراط مستقيم ۝ لقد
كفر الذين قالوا ان الله هو المسيح ابن مريم قل فمن يملك
من الله شيئا ان اراد ان يهلك المسيح ابن مريم وامه و

सौफ़ युनब्बिअु-हुमुल्लाहु बिमा कानू यस्नअून (१४) या' अहलल्किताबि क़द्
जा'अकुम् रसूलुना युबैयिनु लकुम् कसीरम्मिम्मा कुन्तुम् तुख़्फ़ून मिनल्किताबि व
यअ्फ़ू अन् कसीरिन् ५ त़ क़द् जा'अकुम् मिनल्लाहि नूरूँव किताबुम्मुबीनुन् ला
(१५) य्यह्दी बिहिल्लाहु मनित्तबअ रिज़्वानहु सुबुलस्सलामि व युख़्रिजुहुम्
मिनज़्ज़ुलुमाति अिलन्नूरि बिअिज़्निही व यह्दीहिम् अिला सिरातिम्-मुस्तक़ीमिन्
(१६) लक़द् कफ़रल्लज़ीन क़ालू' अिन्नल्लाह हुवल्मसीहुब्नु मर्यम त़ क़ुल्
फ़मैंयम्लिकु मिनल्लाहि शैअन् अिन् अराद अैंयुह्लिकल्-मसीहब्न मर्यम व
अुम्महु व मन् फ़िल्अर्ज़ि जमीअन् त़ व लिल्लाहि मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा
बैनहुमा त़ यख़्लुक़ु मा यशा'अु त़ वल्लाहु अला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१७)

और अल्लाह इसराईल के बेटों से वचन ले चुका है और हमने उन्हीं में के बारह सरदार मुक़र्रर किये। और अल्लाह ने (बनी इसराईल से यह भी) कहा कि मैं तुम्हारे साथ हूँ, अगर (तुम) नमाज़ क़ायम रखो और ज़कात देते रहोगे और मेरे पैग़म्बरों को मानोगे और उनकी मदद करोगे और अच्छे तौर से अल्लाह को क़र्ज़ देते रहोगे तो मैं ज़रूर तुम्हारे गुनाह तुमसे दूर करूँगा और (ज़रूर) तुमको ऐसे बाग़ों में दाख़िल करूँगा जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, फिर इसके बाद (भी) जो तुममें से फिरेगा तो बेशक वह सीधी राह से भटक गया। (१२) पस उन्हीं लोगों के अपना अहद तोड़ने के कारण हमने उनको फटकार दिया और उनके दिलों को सख़्त कर दिया कि वह (अल्लाह के) कलाम को उनके ठिकानों (आशय) से बदलते हैं और उनको जो शिक्षा दी गई थी उसमें से (एक बड़ा) हिस्सा भुला बैठे@ और उनमें से चन्द लोगों के सिवाय उनकी दग़ा की ख़बर तुमको होती ही रहती है, तो उन लोगों के गुनाह माफ़ करो और दर-गुज़र करो क्योंकि अल्लाह नेककारों को पसन्द करता है। (१३) और जो लोग अपने को ईसाई कहते हैं, हमने (इसी तरह) उनसे (भी) वचन लिया था, तो वह भी जो कुछ उनको शिक्षा दी गई थी उसका एक (बड़ा) हिस्सा भूल गये। फिर हमने उनमें दुश्मनी और ईर्षा क़ियामत के दिन तक के लिये लगा दी और जल्द ही अल्लाह उनको बतला देगा जो कुछ वह करते रहे (१४) ऐ किताबवालो! तुम्हारे पास हमारा पैग़म्बर (मुहम्मद स०) आ चुका है और किताब (तौरात) में से जो कुछ तुम छिपाते रहे हो वह उसमें से बहुत कुछ तुम्हारे सामने साफ़-साफ़ बयान कर रहा है और बहुतेरी बातों को दर गुज़र करता है। अल्लाह की तरफ़ से तुम्हारे पास रोशनी और वाजेह किताब (क़ुर्आन) आ चुका है। (१५) जो अल्लाह की मरज़ी पर चलते हैं उनको अल्लाह उस (क़ुर्आन) के ज़रिये सलामती की राह दिखलाता है और अपने हुक्म से उनको अँधेरे से निकालकर रोशनी में लाता है और उनको सीधी राह पर चलाता है। (१६) जो लोग मरियम के बेटे मसीह को ही अल्लाह कहते हैं, वह बेशक काफ़िर हैं। (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि अगर मरियम के बेटे मसीह को और उसकी माता को और जितने लोग ज़मीन में हैं सबको अल्लाह मार डालना चाहे तो उसके आगे किसका बस है। और आसमान और ज़मीन और जो कुछ दोनों (आसमान और ज़मीन) के बीच में है अल्लाह ही का है। जो चाहता है पैदा करता है और अल्लाह हर चीज़ पर क़ादिर (सर्वशक्तिमान) है। (१७)

[पेज १६१ से] जिन्होंने सच्ची राह से अपने को भटका लिया था, उनको फिर चेतावनी दी गई है। आ० २६ से ४५ में हसद करने वालों के हाथ ईमानवालों को पहुँची हानि का दुख न करने की उनको हिदायत है। अल्लाह ज़ालिमों को ज़रूर उनकी सज़ा देकर रहेगा। आ० ४६ से ८५ में बिला पक्षपात इन्साफ़ पर क़ायम रहकर अपनी क़ौम और दीन की रक्षा करने व ईसाइयों के भी अच्छे गुणों की क़दर करने की हिदायत है। आ० ८६ से १०६ भलाई और इन्साफ़ का शुक्रगुज़ारी से बसर करते हुये ज्यादती से बचे रहने की शिक्षा और ग़लत क़सम, नशा, जुआँ. पाक जगह की बेहुरमती बिला असलियत की बातों को मज़हब मान कर उन पर अमल, और ग़लत गवाही की निन्दा है। आ० ११० से अन्त तक हज़रत ईसा अ० के चमत्कार और उनके माननेवालों द्वारा आगे चलकर उनका बेजा इस्तेमाल की चर्चा है।

@ इसी बड़े हिस्से में मुहम्मद स० की पैग़म्बरी की तसदीक़ भी है।

व क़ालतिल्-यहूदु वन्नसारा नह्नु अब्नाअुल्लाहि व अहिब्बाअुहू त़् क़ुल् फ़लिम युअ़ज्ज़िबुकुम् बिज़ुनूबिकुम् त़् बल् अन्तुम् बशरुम्मिम्मन् ख़लक़ त़् यग़्फ़िरु लिमैंयशाअु व युअ़ज्ज़िबु मैंयशाअु त़् व लिल्लाहि मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि व मा बैनहुमा ज़् व अिलैहिल्-मसीरु (१८) याअहलल् - किताबि क़द् जाअकुम् रसूलुना युबैयिनु लकुम् अ़ला फ़त्रतिम्-मिनर्रुसुलि अन् तक़ूलू मा जाअना मिम्बशीरिंव्व ला नज़ीरिन् ज़् फ़क़द् जाअकुम् बशीरूंव नज़ीरुन् त़् वल्लाहु अ़ला कुल्लि शैअिन् क़दीरुन् (१९) ★ व अिज़् क़ाल मूसा लिक़ौमिही याक़ौमिज़्कुरू निअ़मतल्लाहि अ़लैकुम् अिज़् जअ़ल फ़ीकुम् अम्बियाअ व जअ़लकुम् मुलूकन् क़् सला ०व आताकुम् मालम् युअ़्ति अहदम्मिनल्-आ़लमीन (२०) या क़ौमिद्ख़ुलुल्-अर्ज़ल्-मुक़द्दसतल्-लती कतबल्लाहु लकुम् व ला तर्तद्दू अ़ला अद्बारिकुम् फ़तन्क़लिबू ख़ासिरीन (२१) क़ालू या मूसा अिन्न फ़ीहा क़ौमन् जब्बारीन क़् सला व अिन्ना लन् नद्ख़ुलहा हत्ता यख़्रुजू मिन्हा ज़् फ़अिंयख़्रुजू मिन्हा फ़अिन्ना दाख़िलून (२२) क़ाल रजुलानि मिनल्लज़ीन यख़ाफ़ून अन्अ़मल्लाहु अ़लैहिमद्ख़ुलू अ़लैहिमुल्बाब ज़् फ़अिज़ा दख़ल्तुमूहु फ़अिन्नकुम् ग़ालिबून ० ज़् व अ़लल्लाहि फ़तवक्कलू अिन् कुन्तुम् मुअ्मिनीन (२३) क़ालू या मूसा अिन्ना लन्नद्ख़ुलहा अबदम् - मा दामू फ़ीहा फ़ज़्हब् अन्त वरब्बुक फ़क़ातिला अिन्ना - हाहुना क़ाअिदून (२४)

★ रु. ३ । ७ आ ८

لايحب الله ٦ ٨٨ المائدة ٥

مَنْ فِي الْأَرْضِ جَمِيعًا ۗ وَلِلَّهِ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضِ وَمَا
بَيْنَهُمَا ۚ يَخْلُقُ مَا يَشَاءُ ۚ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ ﴿١٧﴾ وَ
قَالَتِ الْيَهُودُ وَالنَّصٰرٰى نَحْنُ أَبْنٰٓؤُا اللّٰهِ وَأَحِبّٰٓؤُهُ ۚ قُلْ فَلِمَ
يُعَذِّبُكُمْ بِذُنُوبِكُمْ ۖ بَلْ أَنْتُمْ بَشَرٌ مِمَّنْ خَلَقَ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَشَاءُ
وَيُعَذِّبُ مَنْ يَشَاءُ ۚ وَلِلَّهِ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا ۖ
وَإِلَيْهِ الْمَصِيرُ ﴿١٨﴾ يٰٓأَهْلَ الْكِتٰبِ قَدْ جَاءَكُمْ رَسُولُنَا يُبَيِّنُ لَكُمْ
عَلٰى فَتْرَةٍ مِنَ الرُّسُلِ أَنْ تَقُولُوا مَا جَاءَنَا مِنْ بَشِيرٍ وَلَا
نَذِيرٍ ۖ فَقَدْ جَاءَكُمْ بَشِيرٌ وَنَذِيرٌ ۗ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ
قَدِيرٌ ﴿١٩﴾ وَإِذْ قَالَ مُوسٰى لِقَوْمِهِ يٰقَوْمِ اذْكُرُوا نِعْمَةَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ
إِذْ جَعَلَ فِيكُمْ أَنْبِيَاءَ وَجَعَلَكُمْ مُلُوكًا ۖ وَآتٰىكُمْ مَا لَمْ يُؤْتِ
أَحَدًا مِنَ الْعٰلَمِينَ ﴿٢٠﴾ يٰقَوْمِ ادْخُلُوا الْأَرْضَ الْمُقَدَّسَةَ الَّتِي
كَتَبَ اللّٰهُ لَكُمْ وَلَا تَرْتَدُّوا عَلٰٓى أَدْبَارِكُمْ فَتَنْقَلِبُوا خٰسِرِينَ ﴿٢١﴾
قَالُوا يٰمُوسٰٓى إِنَّ فِيهَا قَوْمًا جَبَّارِينَ ۖ وَإِنَّا لَنْ نَدْخُلَهَا حَتّٰى
يَخْرُجُوا مِنْهَا ۖ فَإِنْ يَخْرُجُوا مِنْهَا فَإِنَّا دٰخِلُونَ ﴿٢٢﴾ قَالَ رَجُلَانِ مِنَ
الَّذِينَ يَخَافُونَ أَنْعَمَ اللّٰهُ عَلَيْهِمَا ادْخُلُوا عَلَيْهِمُ الْبَابَ ۚ فَإِذَا
دَخَلْتُمُوهُ فَإِنَّكُمْ غٰلِبُونَ ۚ وَعَلَى اللّٰهِ فَتَوَكَّلُوا إِنْ كُنْتُمْ مُؤْمِنِينَ ﴿٢٣﴾
قَالُوا يٰمُوسٰٓى إِنَّا لَنْ نَدْخُلَهَا أَبَدًا مَا دَامُوا فِيهَا فَاذْهَبْ أَنْتَ وَرَبُّكَ

ع

منزل ٢

और यहूदी व ईसाई दावा करते हैं कि हम अल्लाह के बेटे और उसके प्यारे हैं (ऐ पैग़म्बर ! इनसे) कहो (कि अगर यह सही है तो) वह तुम्हारे गुनाहों के बदले में तुमको सज़ा (ही) क्यों दिया करता है (तो तुम्हारा यह कहना ठीक नहीं) बल्कि अल्लाह ने जो पैदा किये हैं उन्हीं में के इन्सान तुम भी हो। (अल्लाह) जिसको चाहे माफ़ करे और जिसको चाहे सज़ा दे और आसमान और ज़मीन और जो कुछ दोनों के बीच में है सब अल्लाह ही के अख़्तियार में है और (सबको) उसी की तरफ़ लौटकर जाना है। (१८) ऐ किताबवालो ! (एक अरसे तक) पैग़म्बरों का तोड़ा (सिलसिला बन्द) रहने के बाद‡ हमारा पैग़म्बर (मुहम्मद स०) तुम्हारे पास आया है जो तुमसे साफ़-साफ़ बयान करता है। ताकि तुमको कहने की गुन्जाइश न रहे कि हमारे पास कोई ख़ुशख़बरी सुनानेवाला और डराने वाला नहीं आया। पस ख़ुशख़बरी सुनानेवाला और डराने वाला तुम्हारे पास आ चुका और अल्लाह हर चीज़ पर समर्थ है। (१९) ★

★ रु. ३/७ आ ८

और (ऐ पैग़म्बर ! वह भी याद दिलाओ) जब मूसा ने अपनी जाति से कहा कि ऐ भाइयो ! अल्लाह ने जो तुम पर एहसान किये हैं उनको याद करो कि उसने तुममें (बहुतेरे) पैग़म्बर पैदा किये और तुमको बादशाह (भी) बनाया और तुमको वह (नियामतें) दीं जो दुनिया जहान के लोगों में से किसी को नहीं दीं। (२०) भाइयो ! (मुल्क शाम की) पाक ज़मीन जो अल्लाह ने तुम्हारे भाग्य में लिख दी है उसमें दाख़िल हो और (काफ़िरों के मुक़ाबिले में) पीठ न फेरना नहीं तो उलटे घाटे में (नाकाम) लौटोगे। (२१) वह कहने लगे कि ऐ मूसा ! उस मुल्क में तो बड़े ज़बरदस्त लोग (रहते) हैं और जब तक वह वहाँ से न निकलें हम उस (मुल्क) में पैर न रखेंगे। हाँ (वह लोग) उसमें से निकल जावें तो हम ज़रूर (जा) दाख़िल होंगे। (२२) डर मानने वालों में से दो आदमी (यूशा और क़ालिब) थे कि उन पर अल्लाह की कृपा थी और (उनको हिम्मत हुई कि) वह बोल उठे उन पर (चढ़ाई करके बैतुल मुक़द्दस के) दरवाजे में घुस पड़ो और जब दरवाज़े में घुस पड़ोगे तो बेशक तुम्हारी जीत है और अगर तुम ईमान रखते हो तो अल्लाह ही पर भरोसा रखो। (२३) वह (लोग फिर) बोले ऐ मूसा! जब तक उसमें वह लोग हैं, हम उसमें कभी न जावेंगे। हाँ तुम और तुम्हारा अल्लाह दोनों जाओ और (उनसे) लड़ो, हम यहीं बैठे हैं। (२४)

‡ ह० ईसा अ० के बाद और मुहम्मद साहब स० से पहले कोई नबी नहीं आया था। इस लिए फ़रमाया कि तुममें अब अरसे के बाद रसूल हमने भेज दिया है ताकि तुमको पछताव न रहे कि तुम्हारे समय में तो कोई समझाने वाला आया ही नहीं। लेकिन याद रखो ! अगर नबी के व किताब के आने के बाद भी तुमने सही अमल न किया और उन ईमान से भटके हुए यहूदियों व ईसाइयों की तरह ही नेक अमल को गवाँ कर नाम के ही मुसलमान रह गये तो हम फिर तुम्हारी जगह कोई दूसरी जमात को सरसब्ज़ कर देंगे। इसलिए अल्लाह की हिदायत को सही माने में मज़बूती से पकड़ो।

क़ाल रब्बि इन्नी ला अम्लिकु इल्ला नफ़्सी व अख़ी फ़फ़्रुक़् बैनना व बैनल्-क़ौमिल्-फ़ासिक़ीन (२५) क़ाल फ़इन्नहा मुहर्रमतुन् अ़लैहिम् अर्बअ़ीन सनतन् ज् यतीहून फ़िल्अर्ज़ि त् फ़ला तअ्स अ़लल्-क़ौमिल्-फ़ासिक़ीन (२६) ★ वत्लु अ़लैहिम् नबअब्नै आदम बिल्हक़्क़ि म् ● इज़् क़र्रबा क़ुर्बानन् फ़तुक़ुब्बिल मिन् अहदिहिमा व लम् युतक़ब्बल् मिनल्-आख़रि त् क़ाल लअक़्तुलन्नक त् क़ाल इन्नमा यतक़ब्ब-लुल्लाहु मिनल्मुत्तक़ीन (२७) ● लइम् बसत्त इलैय यदक लितक़्तुलनी मा अना बिबासितीं-यदिय इलैक लिअक़्तुलक ज् इन्नी अख़ाफ़ुल्लाह रब्बल्-आलमीन (२८) इन्नी उरीदु अन् तबूअ बिइस्मी व इस्मिक फ़तकून मिन् अस्हाबिन्नारि ज् व ज़ालिक जज़ाउज़्-ज़ालिमीन ज् (२९) फ़तौवअ़त् लहू नफ़्सुहू क़त्ल अख़ीहि फ़क़तलहू फ़अस्बह मिनल्ख़ासिरीन (३०) फ़बअ़सल्लाहु ग़ुराबैंयब्हसु फ़िल्अर्ज़ि लियुरियहू कैफ़ युवारी सौअत अख़ीहि त् क़ाल यावैलता अअ़जज़्तु अन् अकून मिस्ल हाज़ल्ग़ुराबि फ़उवारिय सौअत अख़ी ज् फ़अस्बह मिनन्नादिमीन ज् ला ∴ (३१) मिन् अज्लि ज़ालिक ज् ∴ ● कतब्ना अ़ला बनी इस्राईल अन्नहू मन् क़तल नफ़्सम्-बिग़ैरि नफ़्सिन् औ फ़सादिन् फ़िल्अर्ज़ि फ़कअन्नमा क़तलन्नास जमीअ़न् त् व मन् अह्याहा फ़कअन्नमा अह्यन्नास जमीअ़न् त् व लक़द् जाअतहुम् रुसुलुना बिल्बैयिनाति ज् सुम्म इन्न कसीरम्-मिन्हुम् बअ़्द ज़ालिक फ़िल्अर्ज़ि लमुस्रिफ़ून (३२) इन्नमा जज़ाउल्लज़ीन युहारिबूनल्लाह व रसूलहू व यस्औन फ़िल्अर्ज़ि फ़सादन् अँयुक़त्तलू औ युसल्लबू औ तुक़त्तअ़ ऐदीहिम् व अर्-जुलुहुम् मिन् ख़िलाफ़िन् औ युन्फ़ौ मिनल्अर्ज़ि त् ज़ालिक लहुम् ख़िज़्युन् फ़िद्दुन्या व लहुम् फ़िल्आख़िरति अ़ज़ाबुन् अ़ज़ीमुन् ला (३३)

قَالَ رَبِّ إِنِّي لَآ أَمْلِكُ إِلَّا نَفْسِي وَأَخِي فَافْرُقْ بَيْنَنَا وَبَيْنَ الْقَوْمِ الْفٰسِقِينَ ۝ قَالَ فَإِنَّهَا مُحَرَّمَةٌ عَلَيْهِمْ أَرْبَعِينَ سَنَةً يَتِيهُونَ فِي الْأَرْضِ فَلَا تَأْسَ عَلَى الْقَوْمِ الْفٰسِقِينَ ۝ وَاتْلُ عَلَيْهِمْ نَبَأَ ابْنَيْ اٰدَمَ بِالْحَقِّ إِذْ قَرَّبَا قُرْبَانًا فَتُقُبِّلَ مِنْ أَحَدِهِمَا وَلَمْ يُتَقَبَّلْ مِنَ الْاٰخَرِ قَالَ لَأَقْتُلَنَّكَ قَالَ إِنَّمَا يَتَقَبَّلُ اللّٰهُ مِنَ الْمُتَّقِينَ ۝ لَئِنْ بَسَطْتَ إِلَيَّ يَدَكَ لِتَقْتُلَنِي مَا أَنَا بِبَاسِطٍ يَدِيَ إِلَيْكَ لِأَقْتُلَكَ إِنِّي أَخَافُ اللّٰهَ رَبَّ الْعٰلَمِينَ ۝ إِنِّي أُرِيدُ أَنْ تَبُوْٓأَ بِإِثْمِي وَإِثْمِكَ فَتَكُونَ مِنْ أَصْحٰبِ النَّارِ وَذٰلِكَ جَزٰٓؤُا الظّٰلِمِينَ ۝ فَطَوَّعَتْ لَهُ نَفْسُهُ قَتْلَ أَخِيهِ فَقَتَلَهُ فَأَصْبَحَ مِنَ الْخٰسِرِينَ ۝ فَبَعَثَ اللّٰهُ غُرَابًا يَبْحَثُ فِي الْأَرْضِ لِيُرِيَهُ كَيْفَ يُوَارِي سَوْءَةَ أَخِيهِ قَالَ يٰوَيْلَتٰٓى أَعَجَزْتُ أَنْ أَكُونَ مِثْلَ هٰذَا الْغُرَابِ فَأُوَارِيَ سَوْءَةَ أَخِي فَأَصْبَحَ مِنَ النّٰدِمِينَ ۝ مِنْ أَجْلِ ذٰلِكَ كَتَبْنَا عَلٰى بَنِيٓ إِسْرَآءِيلَ أَنَّهُ مَنْ قَتَلَ نَفْسًا بِغَيْرِ نَفْسٍ أَوْ فَسَادٍ فِي الْأَرْضِ فَكَأَنَّمَا قَتَلَ النَّاسَ جَمِيعًا وَمَنْ أَحْيَاهَا فَكَأَنَّمَآ أَحْيَا النَّاسَ جَمِيعًا وَلَقَدْ جَآءَتْهُمْ رُسُلُنَا بِالْبَيِّنٰتِ ثُمَّ إِنَّ كَثِيرًا مِنْهُمْ بَعْدَ ذٰلِكَ فِي الْأَرْضِ لَمُسْرِفُونَ ۝ إِنَّمَا جَزٰٓؤُا الَّذِينَ يُحَارِبُونَ اللّٰهَ وَرَسُولَهُ وَيَسْعَوْنَ فِي الْأَرْضِ فَسَادًا أَنْ

रु. ४ ८ आ ७ ● व. ला ज़िम ● नि. १/२ ● मु. अ़ि मु. आ ५ ● व. न बी स.

(इस पर मूसा ने) कहा (कि) ऐ मेरे परवरदिगार ! अपनी जान और अपने भाई (हारून) के सिवाय कोई मेरे बस का नहीं। सो तू हममें और इन हुक्म न मानने वाले लोगों में फ़ैसला कर दे। (२५) (इस पर) अल्लाह ने कहा (कि) तो वह (मुल्क) चालीस वर्ष तक इनको नसीब न होगा। ज़मीन में (ये) मारे मारे फिरेंगे। तू (इन) बे हुक्म लोगों पर अफ़सोस न कर§। (२६) ★

और (ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों को आदम के दो बेटे (हाबील और क़ाबील) के सच्चे हालात पढ़ कर सुनाओ ● कि जब दोनों ने (अल्लाह के लिए) भेंट♦ चढ़ाई फिर उनमें से एक (यानी हाबील) की क़बूल हुई और दूसरे (यानी क़ाबील) की क़बूल न हुई। तो (क़ाबील) कहने लगा मैं तुझको ज़रूर मार डालूँगा। दूसरे ने जबाब दिया अल्लाह तो सिर्फ़ परहेज़गारों की (ही क़ुर्बानी) क़बूल करता है। (२७) ● अगर मेरे मार डालने के इरादे से तू मुझ पर अपना हाथ बढ़ायेगा (तो भी) मैं तुझे क़त्ल करने के लिए तुझ पर अपना हाथ न बढ़ाऊँगा (क्योंकि) मैं तो अल्लाह से डरता हूँ जो सारे संसार का पालनहार है। (२८) मैं यह चाहता हूँ कि तू मेरा और अपना पाप समेट ले और आग (दोज़ख़) वालों में से हो जावे और ज़ालिमों की यही सज़ा है। (२९) इस पर भी उसके दिल ने उसको अपने भाई के मार डालने पर आमादा किया और (आख़िरकार) उसको मार डाला और (यों) घाटा उठाने वालों में आ गया। (३०) इसके बाद अल्लाह ने एक कौवा भेजा। वह ज़मीन को कुरेदने लगा ताकि उसको (क़ाबील को) दिखाये कि वह अपने भाई की लाश को क्योंकर छिपाये। (चुनाँचे वह कौवे को ज़मीन कुरेदते देखकर) बोल उठा, हाय ! मैं इस कौवे के बराबर भी (बुद्धिमान) नहीं हुआ कि अपने भाई की लाश को छिपा लेता। (यह सोचकर) वह पछताने वालों में से हुआ। (३१) इस वजह से ● हमने इसराईल के बेटों को लिख (हुक्म) दिया कि किसी का क़त्ल कर डालने या मुल्क में फ़साद फैलाने के जुर्म के बग़ैर किसी शख़्स को कोई अगर मार डाले तो गोया उसने तमाम आदमियों को मार डाला और जिसने एक मरते को बचा लिया तो गोया उसने तमाम आदमियों को बचा लिया और उन (इसराईल के बेटों) के पास हमारे रसूल खुली-खुली निशानियाँ लेकर आ (भी) चुके हैं। फिर इसके बाद (भी) इनमें से बहुतेरे (लोग) मुल्क में ज़्यादतियाँ करते फिरते हैं। (३२) जो लोग अल्लाह और उसके पैग़म्बर से लड़ते और फ़साद फैलाने की ग़रज़ से मुल्क में दौड़े फिरते हैं, उनकी सज़ा तो यही है कि मार डाले जाँय या उनको सूली दी जाय या उनके हाथ पाँव ख़िलाफ़ जानिब से काट दिये जायँ (यानी सीधा हाथ काटा जाय तो बायाँ पैर काटा जावे या बायाँ हाथ तो सीधा पैर) या उनको देश निकाला दिया जाय। यह तो दुनिया में उनकी दुर्दशा हुई और आख़िरत में बड़ी कड़ी सज़ा (तैयार) है। (३३)

रु. ४/८ आ ७ ● व. ला जि म ● नि. १/२ ● न. न बी. स.

---

§ आयत २१-२४ में इशारा इस वाक़या पर है कि मिस्र से निकलने के क़रीब दो साल बाद अपनी क़ौम को लिए हज़रत मूसा अ० फ़िलस्तीन के दक्खिन में जंगलों में पड़े थे। उन्होंने बारह यहूदी सरदारों को फ़िलस्तीन का दौरा करने भेजा कि वहाँ के हाल मालूम करें। इन लोगों ने वहाँ से वापस होने पर वहाँ के लोगों की ताक़त का इतना ज़ोरदार बयान किया कि यहूदियों के छक्के छूट गये और उन्होंने वहाँ जाकर लड़ने से साफ़ इन्कार कर दिया। तब १२ सरदारों में से दो (यूशा और कालिब) ने उनकी हिम्मत बढ़ाई लेकिन बेकार। इस पर अल्लाह का कोप हुआ और चालीस साल तक जब तक मौजूदा लोग मर खप न गये और नई नस्ल तैयार न हुई तब तक फ़िलस्तीन पर यहूदियों का क़ब्ज़ः न हो सका। ♦ हज़रत आदम अ० ने अपने आज्ञाकारी बेटे हाबील के साथ एक लड़की का ब्याह कराना चाहा। इस पर काबील ने अपने ब्याह के लिए ज़िद की। ह० आदम अ० ने फ़र्माया कि जिसकी क़ुर्बानी अल्लाह क़बूल कर लेगा उसी के साथ उस लड़की का ब्याह होगा। ह० आदम अ० से एक-एक गर्भ से एक लड़का व एक लड़की होती थी। एक गर्भ की लड़की दूसरे गर्भ के लड़के को ब्याह दी जाती थी। यों इन्सानी नस्ल का सिलसिला चला।

ऐ ईमानवालो! तुमको क्या हो गया है कि जब तुमसे कहा जाता है कि अल्लाह की राह में (जिहाद के लिए) निकलो तो तुम ज़मीन पर ढेर हुए जाते हो, क्या आख़िरत छोड़कर दुनिया की ज़िन्दगी पर रीझे हो? तो आख़िरत के मुक़ाबले में दुनिया (की ज़िन्दगी) के साज सामान बिल्कुल नाचीज हैं।(३८) अगर तुम (बुलाये जाने पर भी जेहाद पर) न निकलोगे तो (अल्लाह तुमको) बड़ी दुखदाई मार देगा और तुम्हारे सिवाय दूसरे लोगों को (रसूल की पैरवी में) लाकर मौजूद करेगा, और तुम उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकोगे, और अल्लाह हर चीज़ पर ताक़तवर है। (३९) अगर तुम पैग़म्बर की मदद न करोगे तो (क्या बिगड़ जायगा) यक़ीनन अल्लाह ने अपने पैग़म्बर की मदद उस वक़्त भी की थी जब काफ़िरों ने उनको (मक्का से) निकाल बाहर किया था, जब दो में से एक वह (पैग़म्बर) थे; (और) जब वह दोनों (अबूबकर और मोहम्मद स० सौर की) गुफ़ा में (छिपे) थे उस वक़्त (पैग़म्बर) अपने साथी (अबूबकर) को समझा रहे थे कि रंज न करो, अल्लाह हमारे साथ है।† फिर अल्लाह ने पैग़म्बर पर अपनी तरफ़ से सब्र उतारा और उनको ऐसी (फ़रिश्तों की) फ़ौजों से मदद दी जिनको तुम लोग न देख सके और काफ़िरों की बात नीची की, और अल्लाह ही की बात हमेशा ऊँची है और अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त बड़ा हिकमतवाला है। (४०) हल्के और बोझिल (हथियार कम या ज़्यादः जिस हालत में भी हो पैग़म्बर के बुलाने पर) निकल खड़े हुआ करो और अपनी जान व माल से अल्लाह की राह में जिहाद करो। अगर तुम समझवाले हो तो यह तुम्हारे हक़ में बेहतर है। (४१) अगर आसानी से फ़ायदा मिलने वाला होता और सफ़र भी मामूली दर्जे का होता तो (ये लोग) तुम्हारे साथ चल पड़ते, लेकिन उनको तो सफ़र दूर दिखाई दिया‡ और अब (चूँकि ख़तरा निकल गया है तो) अल्लाह की क़सम खा-खाकर कहेंगे कि अगर हमसे बन पड़ता तो हम ज़रूर तुम्हारे साथ (जिहाद पर) निकलते। यह लोग आप अपनी जानों को तबाही में डाल रहे हैं, और अल्लाह को मालूम है कि यह लोग (निरे) झूठे हैं। (४२)★

★ रु० ६/१२ आ० ५

(ऐ मोहम्मद!) अल्लाह तुझे माफ़ करे! तूने क्यों उनको (इस लड़ाई में न जाने की) रुख़सत (छुट्टी) दी, इससे पहले कि तुमको पता चल जाता कि (इन उज्र पेश करने वालों में) कौन सच्चे हैं और (कौन) झूठे (बहानेबाज़) हैं।(४३) जो लोग अल्लाह का और आख़िरत का विश्वास रखते हैं वह तुझसे इस बात की मोहलत नहीं माँगते कि अपनी जान व माल से जिहाद में शरीक न हों और अल्लाह परहेज़गारों डर माननेवालों को ख़ूब जानता है। (४४)

---

† जब रसूल स० ने हिजरत में मक्का से मदीना को प्रस्थान किया तो यह जानकर कि काफ़िर रास्ते में उनके क़त्ल का ज़रूर मन्सूबा बाँधेंगे, वह और उनके अकेले साथी ह० अबूबकर उत्तर का आम रास्ता छोड़कर दक्खिन की ओर से मदीना चले और रास्ते में तीन दिन एक गुफ़ा में छिपे रहे। दुश्मन वहाँ तक खोजते हुये पहुँचे भी और ह० अबूबकर के घबड़ाने पर नबी स० ने बजाय अपने क़त्ल का डर छोड़ उनको समझाया और अल्लाह की बरकत से वह बाल-बाल बचकर मदीना पहुंच गये; और काफ़िरों का आगे चलकर मक्का से सफ़ाया होकर रहा। ‡ मक्का और हुनैन की विजय के बाद इस्लाम की चरचा दूर-दूर फैलने लगी और मुल्क शाम के ईसाई हाकिम ने, जो रोम के सम्राट का गवर्नर था, मदीने पर चढ़ाई करने का इरादा किया। रोम का उस समय बड़ा दबदबा और ताक़त थी। रसुलुल्लाह स० ने यह खबर सुनते ही इस विकट मोर्चे के लिए फ़ौरन कूच बोला और जाकर तबूक पर डेरा डाला। लेकिन कुछ ऐसा हुआ कि रोम से मदद न मिल पाई और शाम के गवर्नर ने पस्त होकर नबी स० से सुलह कर ली। आयत ३८ से इसी जिहाद का बयान शुरू है। यह मोर्चा बड़ा सख्त था इस लिए बहुत से लोग जी चुराने लगे। लेकिन जब अल्लाह की कृपा से बिला लड़ाई वह बला टल गई तो जिहाद पर न जाने से पछताने लगे और बहाने बनाने लगे कि वे मजबूरी से रुक गये न कि जान बचाने को।

अिन्नमा यस्तअ् - जिनुकल्लज़ीन ला युअ्मिनून बिल्लाहि वल्यौमिल् - आख़िरि वर्ताबत् क़ुलूबुहुम् फ़हुम् फ़ी रैबिहिम् यतरद्दून (४५) व लौ अरादुल्-ख़ुरूज लअअद्दूलहू अुद्दवौंव लाकिन् करिहल्लाहुम् - बिआसहुम् फ़सब्बतहुम् व क़ीलक़्अुदू मअलक़ाअिदीन (४६) लौ ख़रजू फ़ीकुम् मा ज़ादूकुम् अिल्ला ख़बालौंव लऔज़अू ख़िलालकुम् यब्ग़ूनकुमुल्-फ़ित्नव ज् व फ़ीकुम् सम्माअून लहुम् त् वल्लाहु अलीमुम् - बिज्ज़ालिमीन (४७) लक़दिब्तग़वुल् - फ़ित्नव मिन् क़ब्लु व क़ल्लबू लकल् - अुमूर हत्ता जा'अल्हक़्क़ु व ज़हर अम्रुल्लाहि व हुम् कारिहून (४८) व मिन्हुम् मैंयक़ूलुअ्ज़ल्ली व ला तफ़्तिन्नी त् अला फ़िल्फ़ित्नति सक़तू त् व अिन्न जहन्नम लमुहीततुम्-बिल्काफ़िरीन (४९) अिन् तुसिब्क हसनतुन् तसुअ्हुम् ज् व अिन् तुसिब्क मुसीबतुंय्यक़ूलू क़द् अख़ज़्ना' अम्रना मिन् क़ब्लु व यतवल्लौव्वहुम् फ़रिहून (५०) क़ुल्लैं-युसीबना' अिल्ला मा कतबल्लाहु लना ज् हुव मौलाना ज् व अलल्लाहि फ़ल्यतवक्कलिल् - मुअ्मिनून (५१) क़ुल् हल् तरब्बसून बिना' अिल्ला' अिह्दल्-हुस्नयैनि त् व नह्नु नतरब्बसु बिकुम् अैंयुसीब-कुमुल्लाहु बिअज़ाबिम्-मिन् अिन्दिही' औ बिअैदीना ज् सला फ़तरब्बसू' अिन्ना मअकुम् मुतरब्बिसून (५२) क़ुल् अन्फ़िक़ू तौअन् औ कर्हल्लैंयुतक़ब्बल मिन्कुम् त् अिन्नकुम् कुन्तुम् क़ौमन् फ़ासिक़ीन (५३) व मा मनअहुम् अन् तुक़्बल मिन्हुम् नफ़क़ातुहुम् अिल्ला' अन्नहुम् कफ़रू बिल्लाहि व बिरसूलिही व ला यअ्तूनस्सलात अिल्ला व हुम् कुसाला व ला युन्फ़िक़ून अिल्ला व हुम् कारिहून (५४)

التوبة ٩　　　١٥٥　　　واعلموا ١٠

إِنَّمَا يَسْتَأْذِنُكَ الَّذِينَ لَا يُؤْمِنُونَ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ وَارْتَابَتْ
قُلُوبُهُمْ فَهُمْ فِي رَيْبِهِمْ يَتَرَدَّدُونَ ۝ وَلَوْ أَرَادُوا الْخُرُوجَ
لَأَعَدُّوا لَهُ عُدَّةً وَلَٰكِنْ كَرِهَ اللَّهُ انْبِعَاثَهُمْ فَثَبَّطَهُمْ وَقِيلَ
اقْعُدُوا مَعَ الْقَاعِدِينَ ۝ لَوْ خَرَجُوا فِيكُمْ مَا زَادُوكُمْ إِلَّا خَبَالًا
وَلَأَوْضَعُوا خِلَالَكُمْ يَبْغُونَكُمُ الْفِتْنَةَ وَفِيكُمْ سَمَّاعُونَ لَهُمْ
وَاللَّهُ عَلِيمٌ بِالظَّالِمِينَ ۝ لَقَدِ ابْتَغَوُا الْفِتْنَةَ مِنْ قَبْلُ وَقَلَّبُوا
لَكَ الْأُمُورَ حَتَّىٰ جَاءَ الْحَقُّ وَظَهَرَ أَمْرُ اللَّهِ وَهُمْ كَارِهُونَ ۝ وَ
مِنْهُمْ مَنْ يَقُولُ ائْذَنْ لِي وَلَا تَفْتِنِّي ۚ أَلَا فِي الْفِتْنَةِ سَقَطُوا
وَإِنَّ جَهَنَّمَ لَمُحِيطَةٌ بِالْكَافِرِينَ ۝ إِنْ تُصِبْكَ حَسَنَةٌ
تَسُؤْهُمْ ۖ وَإِنْ تُصِبْكَ مُصِيبَةٌ يَقُولُوا قَدْ أَخَذْنَا أَمْرَنَا
مِنْ قَبْلُ وَيَتَوَلَّوْا وَهُمْ فَرِحُونَ ۝ قُلْ لَنْ يُصِيبَنَا إِلَّا مَا
كَتَبَ اللَّهُ لَنَا هُوَ مَوْلَانَا ۚ وَعَلَى اللَّهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُونَ ۝
قُلْ هَلْ تَرَبَّصُونَ بِنَا إِلَّا إِحْدَى الْحُسْنَيَيْنِ ۖ وَنَحْنُ نَتَرَبَّصُ
بِكُمْ أَنْ يُصِيبَكُمُ اللَّهُ بِعَذَابٍ مِنْ عِنْدِهِ أَوْ بِأَيْدِينَا ۖ
فَتَرَبَّصُوا إِنَّا مَعَكُمْ مُتَرَبِّصُونَ ۝ قُلْ أَنْفِقُوا طَوْعًا أَوْ كَرْهًا
لَنْ يُتَقَبَّلَ مِنْكُمْ ۖ إِنَّكُمْ كُنْتُمْ قَوْمًا فَاسِقِينَ ۝ وَمَا مَنَعَهُمْ
أَنْ تُقْبَلَ مِنْهُمْ نَفَقَاتُهُمْ إِلَّا أَنَّهُمْ كَفَرُوا بِاللَّهِ وَبِرَسُولِهِ وَ

منزل ٢

तुमसे छुट्टी के चाहनेवाले वही लोग हैं जो अल्लाह और आख़िरत पर विश्वास नहीं रखते और उनके दिल शक में पड़े हैं, तो वह अपने शक में ही भटक रहे हैं। (४५) और अगर यह लोग (जिहाद के लिए) निकलने का इरादा रखते तो उसके लिए कुछ तैयारी करते, मगर अल्लाह को इनका उठना पसन्द न हुआ, तो उसने इनको बोझिल (शिथिल) कर दिया और हुक्म (से प्रेरित) किया कि तुम भी बैठनेवालों के साथ बैठे रहो।† (४६) अगर यह लोग तुम्हारे साथ निकलते भी तो तुममें ख़राबियाँ डालने के सिवाय कुछ भला न करते और तुममें फ़साद फैलाने की ग़रज़ से तुम्हारे बीच दौड़े-दौड़े फिरते, और तुममें उनके भेदी भी बाज़ मौजूद हैं और अल्लाह ज़ालिमों को ख़ूब जानता है।@ (४७) (और ऐ पैग़म्बर!) उन्होंने पहले भी फ़साद डलवाना चाहा और तुम्हारे खिलाफ़ तदबीरों की उलट-पलट करते ही रहे यहाँ तक कि (अल्लाह की) सच्ची प्रतिज्ञा आ पहुँची और अल्लाह की आज्ञा पूरी होकर रही और वे बुरा ही मानते रहे। (४८) और इनमें ऐसे भी हैं जो कहते हैं कि मुझको छुट्टी दे और मुझको विपत्ति में न डाल§। तो जान लो! यह लोग विपत्ति में पड़े ही हैं और दोज़ख़ काफ़िरों को घेरे हुए है। (४९) अगर तुमको कोई भलाई पहुँचे तो उन (मुनाफ़िकों) को बुरा लगता है और अगर तुमको कोई आफ़त पहुँचे तो कहने लगते हैं कि हमने (इसी वजह से) पहले से ही अपना काम साध लिया था और (यह कहते हुये) खुशी मनाते वापिस चले जाते हैं। (५०) (ऐ पैग़म्बर!) कह दो कि जो कुछ अल्लाह ने हमारे लिये लिख दिया है वही हमको पहुँचेगा, वही हमारा काम का सँभालनेवाला है और ईमानवालों को चाहिए कि अल्लाह ही पर भरोसा रखें। (५१) (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि तुम हमारे हक़ में दो भलाइयों में से‡ एक भलाई का ही इन्तज़ार कर रहे हो; और हम तुम्हारे हक़ में इस बात के मुन्तज़िर हैं कि अल्लाह तुम पर (या तो) अपने यहाँ से कोई अज़ाब उतारे या हमारे हाथों से (तुम्हें सज़ा दिलवाये)। तो तुम भी (उसका) रास्ता देखो और हम भी तुम्हारे साथ (उसी का) रास्ता देखते हैं। (५२) (ऐ पैग़म्बर! ऐसे लोगों से) कह दो कि तुम खुशदिली से ख़र्च करो या बेदिली से, अल्लाह तुमसे (ख़ैरात) क़ुबूल नहीं करेगा क्योंकि तुम हुक्म न मानने वाले हो। (५३) और उनका ख़र्च क़ुबूल नहीं होता इसलिए कि उन्होंने अल्लाह और उसके पैग़म्बर का हुक्म नहीं माना और नमाज़ को आते हैं तो अलसाये हुए से और बुरे दिल से ख़र्च करते हैं। (५४)

[पेज ३२७ से] आ० १००—११८ में अल्लाह की राह में जान-माल लड़ाने वालों को ही कामयाबी है। फ़र्ज़ से हटने वालों को यहाँ तक कि गुनहगारों को भी तौबः करने पर अल्लाह की माफ़ी खुली हुई है। लेकिन हमेशा सरकशी करने वालों को नरक की आग तैयार है। आ० ११९ से समाप्ति १२९ तक हिदायत है कि जेहाद में सबका पूरी तौर पर शिरकत करना फ़र्ज़ है। अलबत्ता सबके जंग पर कूच करने के बजाय कुछ लोगों को दीनी तालीम व समझ पैदा करने के लिए ठहर जाने की भी हिदायत है। सूरः तौबः से पता चलता है कि इस समय उम्मते इस्लाम बहुत असरदार और ज़ोरावर हो चली थीं। और अरब व आस पास के इलाक़ों में उसकी धाक बैठ चुकी थी।

† बैठनेवाले याने जिनको सचमुच लाचारी थी उन्हीं के साथ इन बहानेबाज़ों को भी घर पड़े रहने की प्रेरणा हुई। क्योंकि अगर ये मुनाफ़िक़ साथ चले भी जाते तो वहाँ फ़साद की ही साँठ गाँठ करते। @ यह हाल है उन लोगों का जो दावा मुसलमान होने का करते थे मगर दिल से मुसलमानों का बुरा चाहते थे। जब इनसे कहा जाता था कि लड़ाई के लिए तैयार हो तो एक न एक बात बना देते थे। इनका सरदार अब्दुल्लाह बिन-उबैइ था। § तबूक की चढ़ाई के समय इन्हीं बहाने से बैठ रहने वालों में एक जैद बिन क़ैस था जिसने यह अजूबा बहाना पेश किया कि मैं वहाँ रूमियों की सुन्दरता में फस जाऊँगा। इसलिए मुझे जाने से माफ़ करो, अलबत्ता माल से मदद करूँगा। यों नेककार का स्वांग रच कर जान बचाई। ‡ दो में से एक चीज़ तो हमें अल्लाह देवे गा ही—विजय या शहादत (युद्ध में वीरगति)।

फ़ला तुऽजिब्क अम्वालुहुम् व ला औलादुहुम् त़ अिन्नमा युरीदुल्लाहु लियुअ़ज्जिबहुम् बिहा फ़िल्हयाविद्दुन्या व तज़्हक़ अन्फ़ुसुहुम् व हुम् काफ़िरून (५५) व यह्लिफ़ून बिल्लाहि अिन्नहुम् लमिन्कुम् त़ व मा हुम् मिन्कुम् व लाकिन्नहुम् क़ौमुंय्यफ़्रक़ून (५६) लौ यजिदून मल्जअन् औ मग़ारातिन् औ मुद्दख़लल्लवल्लौ अिलैहि व हुम् यज्महून (५७) व मिन्हुम् मैंयल्मिज़ुक फ़िस्सदक़ाति ज् फ़अिन् अुऽतू मिन्हा रज़ू व अिल्लम् युऽतौ मिन्हा अिज़ा हुम् यस्ख़तून (५८) व लौ अन्नहुम् रज़ू मा आताहुमुल्लाहु व रसूलुहू ला व क़ालू हस्बुनल्लाहु सयुअ्तीनल्लाहु मिन् फ़ज़्लिही व रसूलुहू ला अिन्ना अिलल्लाहि राग़िबून (५९) ★ अिन्नमस्सदक़ातु लिल्फ़ुक़राअि वल्मसाकीनि वल्आमिलीन अ़लैहा वल्मुअल्लफ़ति क़ुलूबुहुम् व फ़िर्रिक़ाबि वल्ग़ारिमीन व फ़ी सबीलिल्लाहि वब्निस्सबीलि त़ फ़रीज़तम्मिनल्लाहि त़ वल्लाहु अ़लीमुन् हकीमुन् (६०) व मिन्हुमुल्लज़ीन युअ्ज़ूनन्नबीय व यक़ूलून हुव अुज़ुनुन् त़ क़ुल् अुज़ुनु ख़ैरिल्लकुम् युअ्मिनु बिल्लाहि व युअ्मिनु लिल्मुअ्मिनीन व रह्मतुल्लिल्लज़ीन आमनू मिन्कुम् त़ वल्लज़ीन युअ्ज़ून रसूलल्लाहि लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीमुन् (६१) यह्लिफ़ून बिल्लाहि लकुम् लियुर्ज़ूकुम् ज वल्लाहु व रसूलुहू अहक़्क़ु अैंयुर्ज़ूहु अिन् कानू मुअ्मिनीन (६२) ● अलम् यऽलमू अन्नहू मैंयुहादि दिल्लाह व रसूलहू फ़अन्न लहू नार जहन्नम ख़ालिदन् फ़ीहा त़ ज़ालिकल् - ख़िज़्युल् - अ़ज़ीमु (६३)

रु. ७/१३ आ १७ ★

मु. ३/४ ●

واعلموا ١٠ — ١٥٦ — التوبة ٩

لا يأتون الصلوة الا وهم كسالى ولا ينفقون الا وهم كرهون ۝
فلا تعجبك أموالهم ولا أولادهم انما يريد الله ليعذبهم
بها في الحيوة الدنيا وتزهق انفسهم وهم كفرون ۝
ويحلفون بالله انهم لمنكم وما هم منكم ولكنهم قوم
يفرقون ۝ لو يجدون ملجأ او مغرت او مدخلا لولوا
اليه وهم يجمحون ۝ ومنهم من يلمزك في الصدقت فان
اعطوا منها رضوا وان لم يعطوا منها اذا هم يسخطون ۝ و
لو انهم رضوا ما اتهم الله ورسوله وقالوا حسبنا الله
سيؤتينا الله من فضله ورسوله انا الى الله رغبون ۝
انما الصدقت للفقراء والمسكين والعملين عليها والمؤلفة
قلوبهم وفي الرقاب والغرمين وفي سبيل الله وابن السبيل
فريضة من الله والله عليم حكيم ۝ ومنهم الذين يؤذون
النبي ويقولون هو اذن قل اذن خير لكم يؤمن بالله
ويؤمن للمؤمنين ورحمة للذين امنوا منكم والذين
يؤذون رسول الله لهم عذاب اليم ۝ يحلفون بالله لكم
ليرضوكم والله ورسوله احق ان يرضوه ان كانوا مؤمنين ۝
الم يعلموا انه من يحادد الله ورسوله فان له نار

منزل

सो तू इनके माल और औलाद (को देखकर) ताज्जुब न कर (कि यह बरकतें इन गुनहगारों को कैसे नसीब हैं)। अल्लाह दुनिया की ज़िन्दगी में इनको इन (माल और औलाद) के ज़रिये ही सज़ा देना चाहता है, और वह काफ़िर ही (रहकर) मरेंगे।§ (५५) और अल्लाह की क़समें खाते हैं कि वह बेशक तुम (ईमानवालों) में हैं, हालाँकि वह तुममें नहीं हैं बल्कि (सच तो यह है कि) वह डरपोक हैं। (५६) अगर कोई ग़ार (खोह) या घुस बैठने की जगह कहीं बचाव को पावें तो रस्सी तुड़ाकर उसी तरफ़ भागें (५७) और इनमें से कुछ लोग ऐसे भी हैं कि ख़ैरात (के बाँटने) में तुम पर (बेइंसाफ़ी की) तोहमत लगाते हैं, तो अगर इनको उसमें से (इनके मनमाफ़िक़) दिया जाय तो ख़ुश रहते हैं, और अगर इनको उसमें से (इनके मनमाफ़िक़) न दिया जाय तो वह फ़ौरन नाख़ुश हो जाते हैं। (५८) और जो अल्लाह ने और उसके पैग़म्बर ने इनको दिया था अगर यह उसमें ख़ुश रहते और कहते कि हमको अल्लाह काफ़ी है (और) आगे को अपने फ़ज़ल से अल्लाह और उसका पैग़म्बर हमको (बहुत कुछ) दे रहेगा (और कहते कि) हम तो अल्लाह ही से लौ लगाये बैठे हैं तो उनके हक़ में बेहतर होता। (५९) ✯

ख़ैरात का माल तो निर्धनों का हक़ है और ग़रीबों का और उन (महकमा सदक़ात के) कर्मचारियों का है और उन लोगों के लिये जिनके दिल इस्लाम की तरफ़ लगाना मंज़ूर है और ग़ुलामों को आज़ाद कराने में और क़र्ज़दारों (की मदद) में और अल्लाह की राह (यानी जिहाद) में और मुसाफ़िरों (में ज़कात यानी ख़ैरात के माल का ख़र्च) अल्लाह ने ठहराया है, और अल्लाह (सब कुछ) जाननेवाला बड़ा हिकमत वाला है। (६०) और उनमें से कुछ ऐसे हैं जो पैग़म्बर (के दिल) को चोट पहुँचाते हैं और कहते हैं कि यह शख़्स कान का बड़ा कच्चा࿇ है। (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो वह कान निरा तुम्हारे भले को है, वह यक़ीन करता है अल्लाह का और यक़ीन करता है ईमानवालों (की बात) का और जो लोग तुममें से ईमान लाये हैं उनके लिये (हमेशा) रहमत है। और जो लोग अल्लाह के पैग़म्बर (के दिल) को चोट पहुंचाते हैं उनको दुखदाई सज़ा होनी है। (६१) (ऐ ईमानवालो!) तुम्हारे सामने अल्लाह की क़समें खाते हैं ताकि तुमको (समझाकर) राज़ी कर लें (कि उनका मंशा रसूल को चोट पहुँचाना न था; लेकिन तुम राज़ी हो न हो असल में) अल्लाह और उसके पैग़म्बर ज़्यादा हक़ रखते हैं कि यह लोग (अगर) ईमानवाले हैं तो उनको (ही) राज़ी करें। ● (६२) क्या इन्होंने अभी तक इतनी बात भी नहीं समझी कि जो अल्लाह और उसके पैग़म्बर का विरोध करता है, उसके ही लिए दोज़ख़ की आग (तैयार) है जिसमें वह हमेशा रहेगा। यह (उनकी) बड़ी ज़िल्लत है। (६३)

✯ रु. ७/१३ आ १७

● सु. ३/४

§ इनकी माल व औलाद की बहुतायत इनके लिए बरकत नहीं उल्टे अज़ाब साबित होगी। क्योंकि यह उनके ही मोह में रातदिन फँसे रहकर अल्लाह की राह से हमेशा अंधे रहेंगे और गुनाहों में फँसते व अपने लिए दुनिया में बवाल और आख़िरत के लिए अज़ाब का सामना करते रहेंगे। ࿇ कुछ मुनाफ़िक़ कहते थे कि मुहम्मद साहब स० से जो कोई हमारे बारे में कुछ कह देता है वह उसको सच्च मान लेते हैं और जब हम आकर क़सम खा लेते हैं तो हमको सच्चा समझने लगते हैं। इसका जवाब दिया गया है कि वह तुम्हारी बातों को भली भाँति जानते हैं, लेकिन तुम पर ज़ाहिर नहीं करते। वे तुम्हारी नादानी पर दया करते हैं।

यह्ज़रुल् - मुनाफ़िक़ून अन् तुनज़्ज़ल अलैहिम् सूरतुन् तुनब्बिअुहुम् बिमा फ़ी क़ुलूबिहिम् त़् क़ुलिस्तह्ज़िअू ज् अिन्नल्लाह मुख़्रिजुम् - मा तह्ज़रून (६४) व लअिन् सअल्तहुम् लयक़ूलुन्न अिन्नमा कुन्ना नख़ूज़ु व नल्अबु त़् क़ुल् अबिल्लाहि व आयातिही व रसूलिही कुन्तुम् तस्तह्ज़िअून (६५) ला तअ्तजिरू क़द् कफ़र्तुम् बअ्द ओमानिकुम् त़् अिन्नअ्फ़ु अन् ता'अिफ़तिम् - मिन्कुम् नुअज्जिब् ता'अिफ़तम् - बिअन्नहुम् कानू मुज्रिमीन (६६) ★ अल्मुनाफ़िक़ून वल्मुनाफ़िक़ातु बअ्ज़ुहुम् मिम्बअ्ज़िन म् • यअ्मुरून बिल्मुन्करि व यन्हौन अनिल्मअ्रूफ़ि व यक़्बिज़ून ऐदियहुम् त़् नसुल्लाह फ़नसियहुम् त़् अिन्नल्-मुनाफ़िक़ीन हुमुल्-फ़ासिक़ून (६७) व अदल्लाहुल्-मुनाफ़िक़ीन वल्मुनाफ़िक़ाति वल्कुफ़्फ़ार नार जहन्नम ख़ालिदीन फ़ीहा त़् हिय हस्बुहुम् ज् व लअनहुमुल्लाहु ज् व लहुम् अज़ाबुम्मुक़ीमुन् ला (६८) कल्लज़ीन मिन् क़ब्लिकुम् कानू अशद्द मिन्कुम् क़ूवतौंव अक्सर अम्वालौंव औलादन् त़् फ़स्तम्तअू बिख़लाक़िहिम् फ़स्तम्तअ्तुम् बिख़लाक़िकुम् कमस्-तम्तअल्लज़ीन मिन् क़ब्लिकुम् बिख़लाक़िहिम् व ख़ुज़्तुम् कल्लज़ी ख़ाज़ू त़् उला'अिक हबितत् अअ्मालुहुम् फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति ज् व उला'अिक हुमुल्ख़ासिरून (६९) अलम् यअ्तिहिम् नबअुल्लज़ीन मिन् क़ब्लिहिम् क़ौमि नूहिंव्व आदिंव्व समूद ० ला व क़ौमि अिब्राहीम व अस्हाबि मद्यन वल्मुअ्तफ़िकाति त़् अततहुम् रुसुलुहुम् बिल्बैयिनाति ज् फ़मा कानल्लाहु लियज़्लिमहुम् व लाकिन् कानू अन्फ़ुसहुम् यज़्लिमून (७०)

★ रु. ८/१४ आ ७ • व. ला ज़िम

التوبة ٩ ١٥٧ واعلموا ١٠

جهنم خالدا فيها ذلك الخزي العظيم ۝ يحذر المنفقون
ان تنزل عليهم سورة تنبئهم بما في قلوبهم قل
استهزءوا ان الله مخرج ما تحذرون ۝ ولئن سألتهم
ليقولن انما كنا نخوض ونلعب قل ابالله واٰيته ورسوله
كنتم تستهزءون ۝ لا تعتذروا قد كفرتم بعد ايمانكم
ان نعف عن طائفة منكم نعذب طائفة بانهم كانوا
مجرمين ۝ المنفقون والمنفقت بعضهم من بعض
يامرون بالمنكر وينهون عن المعروف ويقبضون
ايديهم نسوا الله فنسيهم ان المنفقين هم الفسقون ۝
وعد الله المنفقين والمنفقت والكفار نار جهنم خلدين
فيها هي حسبهم ولعنهم الله ولهم عذاب مقيم ۝
كالذين من قبلكم كانوا اشد منكم قوة واكثر اموالا و
اولادا فاستمتعوا بخلاقهم فاستمتعتم بخلاقكم كما
استمتع الذين من قبلكم بخلاقهم وخضتم كالذي
خاضوا اولئك حبطت اعمالهم في الدنيا والاخرة و
اولئك هم الخسرون ۝ الم يأتهم نبا الذين من قبلهم
قوم نوح وعاد وثمود وقوم ابرهيم واصحب مدين

منزل

मुनाफ़िक़ डरते रहते हैं कि अल्लाह की तरफ़ से ईमानवालों पर (पैग़म्बर के ज़रिये कहीं) ऐसी सूरत न उतरे कि जो कुछ इनके दिलों में (साँठ गाँठ छिपी) है उसे ईमानवालों पर ज़ाहिर कर दे। (ऐ पैग़म्बर!) कहो कि हँसे जाओ! जिस का तुम्हें डर है अल्लाह वही बात ज़ाहिर करनेवाला है।⁂ (६४) और अगर तुम इन लोगों से पूछो तो वह ज़रूर यही उत्तर देंगे कि हम तो यों ही बातें-चीतें और हँसी मज़ाक़ कर रहे थे। तो (उनसे) कहो कि तुमको हँसी करनी थी तो अल्लाह के ही साथ और उसी की आयतों और उसी के पैग़म्बर के साथ? (६५) (उनसे साफ़ कह दो कि) बातें न बनाओ, (सच तो यह है कि) तुम ईमान लाने के बाद काफ़िर हो गये हो। अगर हम तुममें से एक गिरोह को माफ़ भी कर दें तो भी दूसरों को ज़रूर सज़ा देंगे, (इसलिए कि) वह (हमेशा) गुनहगार रहेंगे। (६६)★

★ रु. ८ | १४ आ ७ ● व. ला ज़िम

मुनाफ़िक़ मर्द और (मुनाफ़िक़) औरतें सबकी एक चाल है।● बुरे काम की सलाह दें और भले कामों से मना करें और अपनी मुट्ठियाँ (ख़ैरात व भले कामों के लिए) बन्द रखते हैं। इन लोगों ने अल्लाह को भुला दिया तो अल्लाह ने भी इन्हें भुला दिया। कुछ सन्देह नहीं कि ये मुनाफ़िक़ ही सरकश हैं।(६७) मुनाफ़िक़ मर्दों और मुनाफ़िक़ औरतों और काफ़िरों के हक़ में अल्लाह ने दोज़ख़ की आग का अ़हद कर लिया है, यह लोग हमेशा उसमें रहेंगे। यही उनको काफ़ी है और अल्लाह ने इनको फिटकार दिया है और इनके लिए अ़ज़ाब हमेशा के लिए है। (६८) (तुम्हारी भी वही मिसाल है) जैसी तुम से पहलों की (हुई) थी जो तुमसे बहुत ज़्यादा ज़ोरावर थे और माल और औलाद भी ज़्यादा रखते थे। तो वह अपने हिस्से के फ़ायदे (दुनिया में) उठा कर चल दिये और तुमने भी अपने हिस्से के फ़ायदे (दुनिया में) उठाये जैसे तुमसे पहलों ने अपने हिस्सों के फ़ायदे (दुनिया में) उठाये थे। और (बाद में) जैसी वह लोग (बुरी बातों में) पड़े थे वैसे ही तुम भी पड़ गये। ऐसे ही लोगों का दुनिया और आख़िरत में किया धरा अकारथ हुआ और यही नुक़सान में रहे।§ (और उन्हीं के क़दमों पर चल कर अब तुम्हारा भी वैसा ही हाल होना है)।(६९) क्या इनको उन लोगों का हाल नहीं मालूम जो इनसे पहले गुज़र चुके हैं (यानी) नूह की क़ौम और आ़द और समूद और इब्राहीम की क़ौम और मदियन के लोग और उल्टी हुई बस्तियों के रहनेवालों का कि इनके पैग़म्बर इनके पास खुले हुए चमत्कार लेकर आये। सो अल्लाह ने इन पर ज़ुल्म नहीं किया (बल्कि अपने कुफ़्र के कारन) यह लोग आप अपने ऊपर ज़ुल्म करते थे।(७०)

⁂ यानी तुम्हारा झूठ खुल कर रहेगा। § तुमसे पहले क़ौम नूह क़ौम आ़द और क़ौम समूद वग़ैरः हुईं। उनको अल्लाह ने बड़ी बरकतें दीं और वे तुम काफ़िरों से कहीं ज़्यादः उन्नति पर पहुँचे। लेकिन जब सरकशी पर उतर आये तो दुनिया में बुरी तरह मिटे और आखिरत में अ़ज़ाब का मज़ा चखेंगे। उसी तरह तुमको भी ताक़त इज़्ज़त हुकूमत सब मिली और अब कुफ़्र पर उतर आने के कारन उनकी जैसी हालत पर पहुँचोगे।

व. ला ज़ि म

वल्मुअ्मिनून वल्मुअ्मिनातु बअ़्ज़ुहुम् औलिया'अु बअ़्ज़िन् म ● यअ्मुरून बिल्मअ़्रूफ़ि व यन्हौन अनिल्मुन्करि व युक़ीमूनस्सलात व युअ्तूनज़्ज़काव व युतीअ़ूनल्लाह व रसूलहू त् अुला'अिक सयर्हमुहुमुल्लाहु त् अिन्नल्लाह अ़ज़ीज़ुन् हकीमुन् (७१) व अ़दल्लाहुल् - मुअ्मिनीन वल्मुअ्मिनाति जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल्-अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा व मसाकिन तैयिबतन् फ़ी जन्नाति अ़द्निन् त् व रिज़्वानुम्मिनल्लाहि अक्बरु त् ज़ालिक हुवल् - फ़ौज़ुल् - अ़ज़ीमु (७२) ★

रु. ६/१५ आ ६

या' अैयुहन्नबीयु जाहिदिल् - कुफ़्फ़ार वल्मुनाफ़िक़ीन वग़्लुज़् अ़लैहिम् त् व मअ्वाहुम् जहन्नमु त् व बिअ्सल्मसीरु (७३) यह्लिफ़ून बिल्लाहि मा क़ालू त् व लक़द् क़ालू कलिमतल्-कुफ़्रि व कफ़रू बअ़्द अिस्लामिहिम् व हम्मू बिमालम् यनालू ज् व मा नक़मू' अिल्ला' अन् अग़्नाहुमुल्लाहु व रसूलुहू मिन् फ़ज़्लिही ज्

واعلموا ١٠ — ١٥٨ — التوبة ٩

وَالْمُؤْتَفِكٰتِ اَتَتْهُمْ رُسُلُهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ فَمَا كَانَ اللّٰهُ
لِيَظْلِمَهُمْ وَلٰكِنْ كَانُوْٓا اَنْفُسَهُمْ يَظْلِمُوْنَ ۝ وَالْمُؤْمِنُوْنَ وَ
الْمُؤْمِنٰتُ بَعْضُهُمْ اَوْلِيَآءُ بَعْضٍ يَاْمُرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ وَ
يَنْهَوْنَ عَنِ الْمُنْكَرِ وَيُقِيْمُوْنَ الصَّلٰوةَ وَيُؤْتُوْنَ الزَّكٰوةَ وَ
يُطِيْعُوْنَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ اُولٰٓئِكَ سَيَرْحَمُهُمُ اللّٰهُ اِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ
حَكِيْمٌ ۝ وَعَدَ اللّٰهُ الْمُؤْمِنِيْنَ وَالْمُؤْمِنٰتِ جَنّٰتٍ تَجْرِيْ
مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا وَمَسٰكِنَ طَيِّبَةً فِيْ جَنّٰتِ
عَدْنٍ وَرِضْوَانٌ مِّنَ اللّٰهِ اَكْبَرُ ذٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ۝
يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ جَاهِدِ الْكُفَّارَ وَالْمُنٰفِقِيْنَ وَاغْلُظْ عَلَيْهِمْ وَ
مَاْوٰىهُمْ جَهَنَّمُ وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ۝ يَحْلِفُوْنَ بِاللّٰهِ مَا قَالُوْا
وَلَقَدْ قَالُوْا كَلِمَةَ الْكُفْرِ وَكَفَرُوْا بَعْدَ اِسْلَامِهِمْ وَهَمُّوْا
بِمَا لَمْ يَنَالُوْا وَمَا نَقَمُوْٓا اِلَّآ اَنْ اَغْنٰىهُمُ اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗ مِنْ
فَضْلِهٖ فَاِنْ يَّتُوْبُوْا يَكُ خَيْرًا لَّهُمْ وَاِنْ يَّتَوَلَّوْا يُعَذِّبْهُمُ
اللّٰهُ عَذَابًا اَلِيْمًا فِي الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ وَمَا لَهُمْ فِي الْاَرْضِ
مِنْ وَّلِيٍّ وَّلَا نَصِيْرٍ ۝ وَمِنْهُمْ مَّنْ عٰهَدَ اللّٰهَ لَئِنْ اٰتٰىنَا
مِنْ فَضْلِهٖ لَنَصَّدَّقَنَّ وَلَنَكُوْنَنَّ مِنَ الصّٰلِحِيْنَ ۝ فَلَمَّآ
اٰتٰىهُمْ مِّنْ فَضْلِهٖ بَخِلُوْا بِهٖ وَتَوَلَّوْا وَّهُمْ مُّعْرِضُوْنَ ۝

فَلَمّا

फ़अींयतूबू यकु ख़ैरल्लहुम् ज् व अींयतवल्लौ युअ़ज़्ज़िब् - हुमुल्लाहु अ़ज़ाबन् अलीमन् ला फ़िद्दुन्या वल्आख़िरति ज् व मा लहुम् फ़िल्अर्ज़ि मिंव्वलीयिंव्वला नसीरिन् (७४) व मिन्हुम् मन् आ़हदल्लाह लअिन् आताना मिन् फ़ज़्लिही लनस्सद्दक़न्न व लनकूनन्न मिनस्सालिहीन (७५) फ़लम्मा' आताहुम् मिन् फ़ज़्लिही बख़िलू बिही व तवल्लौव्व हुम् मुअ़्रिज़ून (७६)

और ईमानवाले मर्द और ईमानवाली औरतें आपस में एक दूसरे की सहायक हैं●। (वह लोग) नेक काम करने का उपदेश देते और बुरे काम से रोकते और नमाज़ क़ायम रखते और ज़कात देते और अल्लाह और उसके पैग़म्बर के हुक्म पर चलते हैं। यही लोग हैं जिन पर अल्लाह रहम करेगा। बेशक अल्लाह बड़ा ज़बरदस्त बड़ा हिकमतवाला है।(७१) ईमानवाले मर्दों और (ईमानवाली) औरतों से अल्लाह ने (बहिश्त के) बाग़ों का वादा कर लिया है जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी और वह उनमें हमेशा रहेंगे और (वादा किया है) सदा रहनेवाली जन्नत में बढ़िया मकानों का और (इन निअ़मतों से भी) बढ़ कर अल्लाह की खुशी (मिलेगी), और यह बड़ी कामयाबी है। (७२) ★

ऐ पैग़म्बर! काफ़िरों और मुनाफ़िक़ों के विरुद्ध जिहाद करो और उन पर सख़्ती करो और उनका ठिकाना दोज़ख़ है, और वह क्या ही बुरी जगह पहुँचने को है।(७३) अल्लाह की सौगन्धें खाते हैं कि (फ़लाँ बात) हमने नहीं कही§ हालाँकि ज़रूर उन्होंने कुफ़्र की बात कही, और (साफ़ ज़ाहिर है कि) इस्लाम (पर ईमान लाने) के बाद (वे) काफ़िर हो गये और ऐसा इरादा भी किया जिस को वह पूरा न कर पाये‡ और यह बदला उन्होंने इस बात का दिया कि अल्लाह ने और उसके पैग़म्बर ने इनको अपने फ़ज़्ल से (माले ग़नीमत वग़ैरः काफ़ी देकर) मालदार कर दिया था। सो यह लोग अगर (अब भी) तौबा करें तो इनके हक़ में अच्छा होगा और अगर न मानें तो अल्लाह इनको दुनिया और आख़िरत में दुखदाई सज़ा देगा और ज़मीन पर न कोई इनका साथी होगा और न मददगार। (७४) और इनमें से कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्होंने अल्लाह से अ़हद किया था कि अगर वह अपने रहम से हमको (माल, धन) देगा तो हम (ज़रूर) ख़ैरात किया करेंगे और हम (ज़रूर) नेक काम करनेवालों में होंगे।(७५) फिर जब (अल्लाह ने) अपनी कृपा से उनको (माल) दिया तो उसमें कंजूसी करने लगे और (अपने किये वादे से) मुँह मोड़ कर फिर बैठे।(७६) तो उसका फल यह हुआ कि अल्लाह ने उनके दिलों में निफ़ाक़ (यानी दीन से विमुखता) डाल दी उस दिन तक के लिए जब वे अल्लाह के सामने हाज़िर होंगे; (यह) इसलिए कि उन्होंने अल्लाह से प्रतिज्ञा की थी उसके ख़िलाफ़ चले और इसलिए कि झूठ बोलते थे।(७७)

व. ला ज़िम ★ रु. ९/१५ आ ६

§ तबूक की लड़ाई से पहले एक मुनाफ़िक़ जिलास बिन-स्वैद ने गधे पर चढ़कर कहा था कि अगर मुहम्मद की लाई हुई बात याने क़ुर्आन सच हो तो मैं उससे भी बुरा हूँ जिस पर सवार हूँ। इन आयतों में उसी का बयान है। ‡ इन आयतों में बार-बार उन मुनाफ़िक़ों की घटकर्मी की चरचा आ रही है जो मुसलमान हो चुके थे और मुसलमानों में घुले-मिले भी थे। लेकिन मन में उनसे बैर रखते और उनके नुक़सान की तदबीरें करते रहते। यह ज़िक्र यों है कि तबूक की मुहिम से वापस होते समय रास्ते में चन्द मुनाफ़िक़ों ने सलाह की कि आँ हज़रत स० फ़लाँ घाटी से रात के वक़्त गुज़रेंगे; वहीं उन को क़त्ल कर दिया जाय। चुनांचे हुआ भी यही। लेकिन रसूल स० के साथ दो सहाबा हज़रत हज़ीफ़ः और हज़रत अम्मार भी थे। छिपे बैठे मुनाफ़िक़ों के वार पर इन लोगों की बहादुरी ने उनकी चलने न दी और वे भाग गये। वे रात के सबब पहचाने न जा सके। लेकिन दूसरे दिन नबी स० ने उन १२ आदमियों के नाम बता दिये जो मुजरिम थे और तब वे अल्लाह की क़समें खा खा कर उससे इनकार करने लगे।

फ़अअ़क़बहुम् निफ़ाक़न् फ़ी क़ुलूबिहिम् अिला यौमि यल्क़ौनहु बिमा अख़्लफ़ुल्लाह मा वअ़दूहु व बिमा कानू यक्ज़िबून (७७) अलम् यअ़लमू अन्नल्लाह यअ़लमु सिर्रहुम् व नज्वाहुम् व अन्नल्लाह अ़ल्लामुल्ग़ुयूबि ज् (७८) अल्लज़ीन यल्मिज़ूनल् - मुत्तौवि अ़ीन मिनल्मुअ्मिनीन फ़िस्सदक़ाति वल्लज़ीन ला यजिदून अिल्ला जुह्दहुम् फ़यस्ख़रून मिन्हुम् त् सख़िरल्लाहु मिन्हुम् ज् व लहुम् अ़ज़ाबुन् अलीमुन् (७९) अिस्तग़्फ़िर् लहुम् औ ला तस्तग़्फ़िर् लहुम् त् अिन् तस्तग़्फ़िर् लहुम् सब्ओ़ीन मर्रतन् फ़लैंयग़्फ़िरल्लाहु लहुम् त् ज़ालिक बिअन्नहुम् कफ़रू बिल्लाहि व रसूलिही त् वल्लाहु ला यह्दिल्क़ौमल् - फ़ासिक़ीन (८०) ★ फ़रिहल्मुख़ल्लफ़ून बिमक़्अ़दिहिम् ख़िलाफ़ रसूलिल्लाहि व करिहू अँयुजाहिदू बिअम्वालिहिम् व अन्फ़ुसिहिम् फ़ी सबीलिल्लाहि व क़ालू ला तन्फ़िरू फ़िल्हर्रि त् क़ुल् नारु जहन्नम अशद्दु हर्रन् त् लौ कानू यफ़्क़हून (८१) फ़ल्यज़्हकू क़लीलौंवल् - यब्कू कसीरन् ज् जज़ाअम् - बिमा कानू यक्सिबून (८२) फ़अिर् - रजअ़कल्लाहु अिला ताअिफ़तिम् - मिन्हुम् फ़स्तअ्ज़नूक लिल्ख़ुरूजि फ़क़ुल्लन् तख़्रुजू मअ़िय अबदौंव लन् तुक़ातिलू मअ़िय अ़दूवन् त् अिन्नकुम् रज़ीतुम् बिल्क़ुअ़ूदि औवल मर्रतिन् फ़क़्अ़ुदू मअ़ल्ख़ालिफ़ीन (८३) व ला तुसल्लि अ़ला अहदिम्मिन्हुम् मा त अबदौंव ला तक़ुम् अ़ला क़ब्रिही त् अिन्नहुम् कफ़रू बिल्लाहि व रसूलिही व मा तू व हुम् फ़ासिक़ून (८४)

★ रु. १०/१६ आ. ८

واعلموا ١٠ — ١٥٩ — التوبة ٩

فَاَعْقَبَهُمْ نِفَاقًا فِیْ قُلُوْبِهِمْ اِلٰی یَوْمِ یَلْقَوْنَهٗ بِمَاۤ اَخْلَفُوا اللّٰهَ
مَا وَعَدُوْهُ وَبِمَا كَانُوْا یَكْذِبُوْنَ ۝ اَلَمْ یَعْلَمُوْۤا اَنَّ اللّٰهَ یَعْلَمُ
سِرَّهُمْ وَنَجْوٰىهُمْ وَاَنَّ اللّٰهَ عَلَّامُ الْغُیُوْبِ ۝ اَلَّذِیْنَ
یَلْمِزُوْنَ الْمُطَّوِّعِیْنَ مِنَ الْمُؤْمِنِیْنَ فِی الصَّدَقٰتِ وَالَّذِیْنَ
لَا یَجِدُوْنَ اِلَّا جُهْدَهُمْ فَیَسْخَرُوْنَ مِنْهُمْ ؕ سَخِرَ اللّٰهُ مِنْهُمْ ۫
وَلَهُمْ عَذَابٌ اَلِیْمٌ ۝ اِسْتَغْفِرْ لَهُمْ اَوْ لَا تَسْتَغْفِرْ لَهُمْ ؕ اِنْ
تَسْتَغْفِرْ لَهُمْ سَبْعِیْنَ مَرَّةً فَلَنْ یَّغْفِرَ اللّٰهُ لَهُمْ ؕ ذٰلِكَ
بِاَنَّهُمْ كَفَرُوْا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ ؕ وَاللّٰهُ لَا یَهْدِی الْقَوْمَ الْفٰسِقِیْنَ ۝
فَرِحَ الْمُخَلَّفُوْنَ بِمَقْعَدِهِمْ خِلٰفَ رَسُوْلِ اللّٰهِ وَكَرِهُوْۤا اَنْ
یُّجَاهِدُوْا بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ فِیْ سَبِیْلِ اللّٰهِ وَقَالُوْا لَا
تَنْفِرُوْا فِی الْحَرِّ ؕ قُلْ نَارُ جَهَنَّمَ اَشَدُّ حَرًّا ؕ لَوْ كَانُوْا
یَفْقَهُوْنَ ۝ فَلْیَضْحَكُوْا قَلِیْلًا وَّلْیَبْكُوْا كَثِیْرًا ۚ جَزَآءًۢ بِمَا كَانُوْا
یَكْسِبُوْنَ ۝ فَاِنْ رَّجَعَكَ اللّٰهُ اِلٰی طَآىِٕفَةٍ مِّنْهُمْ فَاسْتَاْذَنُوْكَ
لِلْخُرُوْجِ فَقُلْ لَّنْ تَخْرُجُوْا مَعِیَ اَبَدًا وَّلَنْ تُقَاتِلُوْا مَعِیَ
عَدُوًّا ؕ اِنَّكُمْ رَضِیْتُمْ بِالْقُعُوْدِ اَوَّلَ مَرَّةٍ فَاقْعُدُوْا مَعَ الْخٰلِفِیْنَ ۝
وَلَا تُصَلِّ عَلٰۤی اَحَدٍ مِّنْهُمْ مَّاتَ اَبَدًا وَّلَا تَقُمْ عَلٰی قَبْرِهٖ ؕ
اِنَّهُمْ كَفَرُوْا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ وَمَاتُوْا وَهُمْ فٰسِقُوْنَ ۝ وَلَا

منزل ٢

क्या (उन्होंने) इतना भी न समझा कि अल्लाह इनके भेदों को और सलाहों को जानता है
और यह कि अल्लाह ग़ैब की (छिपी) बातों से ख़ूब जानकार है।(७८) यह (मुनाफ़िक़)
ही तो हैं कि ईमानवालों में जो लोग खुशदिली से ख़ैरात करते हैं उन पर ताना कसते हैं
और जो लोग अपनी मेहनत (की थोड़ी सी कमाई) के सिवाय ज़्यादा ख़ैरात की ताक़त नहीं
रखते उन पर हँसते हैं। तो अल्लाह इन (मुनाफ़िक़ों की हालत) पर हँसता है× और इनके
लिए दुखदाई सज़ा (तैयार) है।(७९) (ऐ पैग़म्बर!) तुम इनके हक़ में माफ़ी की दुआ
करो या न करो (सब बेकार), अगर (तुम) सत्तर दफ़े भी इनके लिए माफ़ी माँगों तो भी
अल्लाह हरगिज़ इनको क्षमा नहीं करेगा। यह इनके इस कर्म की सज़ा है कि उन्होंने अल्लाह
और उसके पैग़म्बर के साथ कुफ़्र किया और अल्लाह नाफ़र्मानी (अवज्ञा) करनेवालों को राह
नहीं दिखाता।(८०) ★

★ रु. १० / १६ / आ ८

जो (मुनाफ़िक़ लड़ाई में न जाने के बहाने बनाने पर) पीछे छोड़ दिये गये, वह अल्लाह
के पैग़म्बर (की मर्ज़ी) के ख़िलाफ़ (घरों में) बैठ रहने (और तबूक की जंग से अपने को
बचा लेने) से बहुत खुश हुए और अल्लाह की राह में अपनी जान और माल से जिहाद करना
उनको नागवार हुआ और (दूसरों को भी) समझाने लगे कि (ऐसी) गर्मी में (घर से) न
निकलना। (ऐ पैग़म्बर! इन लोगों से) कहो कि दोज़ख़ की आग (को गर्मी) तो कहीं
ज़्यादाः सख़्त है। अगर इनको इतनी समझ होती।(८१) तो यह लोग थोड़ा हँस लें और
(एक दिन आनेवाला है जब) बहुत रोवेंगे और यह परिणाम है उनकी (दुनिया की) कमाई
का।(८२) तो (ऐ पैग़म्बर!) अगर अल्लाह तुमको इन मुनाफ़िक़ों के किसी गरोह की
तरफ़ वापस (होने पर) ले जाय और (ये जेहाद के लिए) चलने का तुमसे हुक्म चाहें तो
तुम कह देना कि तुम न तो कभी मेरे साथ निकल सकोगे और न मेरे साथ होकर किसी
दुश्मन से लड़ोगे। तुम पहली बार घरों में (लड़ाई से जी चुरा कर) बैठ रहने
पर रीझे, सो (अब भी) पीछे रहनेवालों के साथ (घरों में) बैठे रहो।(८३) और
(ऐ पैग़म्बर!) अगर इनमें से कभी कोई मर जाय तो तुम कदापि उस पर नमाज़ न
पढ़ना और न उसकी क़ब्र पर खड़े होना। उन्होंने अल्लाह और उसके पैग़म्बर के
साथ कुफ़्र (इन्कार) किया और वह नाफ़रमानी की दशा में ही मर गये।(८४)

× मुहम्मद साहब स० ने ख़ैरात करने का हुक्म दिया तो जिस मुसलमान से जितना हो सका ले आया।
अब्दुर्रहमान इब्न औफ़ चार हज़ार दिरहम लाये और आसिम केवल ४ सेर जौ। मुनाफ़िक़ कहने लगे
अब्दुर्रहमान अपनी नामवरी की ग़रज़ से रकम बहा रहे हैं और आसिम को देखो, वह लोहू लगा कर शहीदों
में नाम करने चले हैं। मुनाफ़िक़ों की तो हर मौक़े पर दीनवालों को गिराने की नियत रहती थी।

व ला तुऽजिब्क अम्वालुहुम् व औलादुहुम् त् अिन्नमा युरीदुल्लाहु अँयुअज्जिबहुम् बिहा फ़िद्दुन्या व तज़्हक़ अन्फ़ुसुहुम् व हुम् काफ़िरून (८५) व अिजा' अुन्ज़िलत् सूरतुन् अन् आमिनू बिल्लाहि व जाहिदू मअ रसूलिहिस्-तअ्जनक अुलुत्तौलि मिन्हुम् व क़ालू जर्ना नकुम्मअल् - क़ाअिदीन (८६) रज़ूबिअँयकूनू मअल् - ख़वालिफ़ि व तुबिअ अला क़ुलूबिहिम् फ़हुम् ला यफ़क़हून (८७) लाकिनिर्रसूलु वल्लजीन आमनू मअहू जाहदू बिअम्वालिहिम् व अन्फ़ुसिहिम् त् व अुला'अिक लहुमुल्ख़ैरातु ज् व अुला'अिक हुमुल्मुफ़्लिहून (८८) अअद्दल्लाहु लहुम् जन्नातिन् तज्री मिन् तह्तिहल् - अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा त् जालिकल् - फ़ौज़ुल् - अज़ीमु (८९) ★ व जा'अल् - मुअज्जिरून मिनल् - अऽराबि लियुअ्जन लहुम् व क़अदल्लजीन कजबुल्लाह व रसूलहू त् सयुसीबुल्लजीन कफ़रू मिन्हुम् अजाबुन् अलीमुन् (९०) लैस अलज़्ज़ुअफ़ा'अि व ला अलल्मर्ज़ा व ला अलल्लजीन ला यजिदून मा युन्फ़िक़ून हरजुन् अिजा नसहू लिल्लाहि व रसूलिही त् मा अलल् - मुह्सिनीन मिन् सबीलिन् त् वल्लाहु ग़फ़ूरुर्रहीमुन् ला (९१) ०व ला अलल्लजीन अिजा मा' अतौक लितह्मिलहुम् क़ुल्त ला' अजिदु मा' अह्मिलुकुम् अलैहि स् तवल्लौव्व अऽयुनुहुम् तफ़ीज़ु मिनद्दम्अि हज़नन् अल्ला यजिदू मा युन्फ़िक़ून त् (९२) अिन्नमस्सबीलु अलल्लजीन यस्तअ्जिनूनक व हुम् अग़्निया'अु ज् रज़ू बिअँयकूनू मअल्ख़वालिफ़ि ला व तबअल्लाहु अला क़ुलूबिहिम् फ़हुम् ला यऽलमून (९३)

التوبة ٩　١٦٠　واعلموا ١٠

تُعْجِبْكَ اَمْوَالُهُمْ وَاَوْلَادُهُمْ اِنَّمَا يُرِيْدُ اللّٰهُ اَنْ يُّعَذِّبَهُمْ بِهَا فِى الدُّنْيَا وَتَزْهَقَ اَنْفُسُهُمْ وَهُمْ كٰفِرُوْنَ ﴿٨٥﴾ وَاِذَآ اُنْزِلَتْ سُوْرَةٌ اَنْ اٰمِنُوْا بِاللّٰهِ وَجَاهِدُوْا مَعَ رَسُوْلِهِ اسْتَاْذَنَكَ اُولُوا الطَّوْلِ مِنْهُمْ وَقَالُوْا ذَرْنَا نَكُنْ مَّعَ الْقٰعِدِيْنَ ﴿٨٦﴾ رَضُوْا بِاَنْ يَّكُوْنُوْا مَعَ الْخَوَالِفِ وَطُبِعَ عَلٰى قُلُوْبِهِمْ فَهُمْ لَا يَفْقَهُوْنَ ﴿٨٧﴾ لٰكِنِ الرَّسُوْلُ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مَعَهٗ جٰهَدُوْا بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ وَاُولٰٓئِكَ لَهُمُ الْخَيْرٰتُ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿٨٨﴾ اَعَدَّ اللّٰهُ لَهُمْ جَنّٰتٍ تَجْرِىْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ذٰلِكَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿٨٩﴾ وَجَآءَ الْمُعَذِّرُوْنَ مِنَ الْاَعْرَابِ لِيُؤْذَنَ لَهُمْ وَقَعَدَ الَّذِيْنَ كَذَبُوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ سَيُصِيْبُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ﴿٩٠﴾ لَيْسَ عَلَى الضُّعَفَآءِ وَلَا عَلَى الْمَرْضٰى وَلَا عَلَى الَّذِيْنَ لَا يَجِدُوْنَ مَا يُنْفِقُوْنَ حَرَجٌ اِذَا نَصَحُوْا لِلّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ مَا عَلَى الْمُحْسِنِيْنَ مِنْ سَبِيْلٍ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٩١﴾ وَّلَا عَلَى الَّذِيْنَ اِذَا مَآ اَتَوْكَ لِتَحْمِلَهُمْ قُلْتَ لَآ اَجِدُ مَآ اَحْمِلُكُمْ عَلَيْهِ تَوَلَّوْا وَّاَعْيُنُهُمْ تَفِيْضُ مِنَ الدَّمْعِ حَزَنًا اَلَّا يَجِدُوْا مَا يُنْفِقُوْنَ ﴿٩٢﴾ اِنَّمَا السَّبِيْلُ عَلَى الَّذِيْنَ يَسْتَاْذِنُوْنَكَ وَهُمْ اَغْنِيَآءُ رَضُوْا بِاَنْ يَّكُوْنُوْا مَعَ الْخَوَالِفِ وَطَبَعَ اللّٰهُ عَلٰى قُلُوْبِهِمْ فَهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٩٣﴾

منزل ٢

★ रु. ११/१७ आ. ६

॥ इति दसवाँ पारः ॥

और इनके माल और इनकी औलाद (की बढ़ती) पर तू ताज्जुब न कर (कि इन गुनहगारों को यह निअमतें कैसे !) अल्लाह यही चाहता है कि इन (माल और औलाद) के ज़रिये इनको संसार में सज़ा दे और जब इनकी जान निकले तब तक काफ़िर ही रहें।(८५) और (ऐ पैग़म्बर !) जब कोई सूरत उतारी जाती है कि अल्लाह पर ईमान लाओ और उसके पैग़म्बर के साथ जिहाद (में शिरकत) करो तो इनमें से माल वाले (लोग) तुमसे (छुट्टी का हुक्म) माँगने लगते हैं और कहते हैं कि हमको छोड़ जाओ कि बैठनेवालों के साथ हम भी (घरों में) बैठे रहें। (८६) इनको (घर पर) रह जानेवाली औरतों के साथ (पीछे बैठ) रहना पसंद आया और इनके दिलों पर (अल्लाह की) मुहर लग गई सो यह लोग समझते नहीं।(८७) लेकिन पैग़म्बर ने और जो उनके साथ ईमानवाले हैं अपनी माल और जान से (अल्लाह की राह में) जिहाद किया। और यही लोग हैं जिनके लिए (दुनिया और दूसरी दुनिया की सब) ख़ूबियाँ (मयस्सर) हैं और यही मुराद पानेवाले हैं।(८८) इनके लिए अल्लाह ने (जन्नत के) बाग़ तैयार कर रखे हैं जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी, उनमें हमेशा रहेंगे। यही सबसे बड़ी सफलता है।(८९) ★

★ रु. ११/१७ अ ६

(ऐ पैग़म्बर !) गवाँर (बद्दुओं) में से भी बहाना करनेवाले (बहाने बताते) आये ताकि उनको (लड़ाई से बख़्श कर घर बैठ रहने की) इजाज़त दी जाय और जिन लोगोंने अल्लाह और उसके पैगम्बर से झूठ बोला था वह (घर) बैठे रहे। इनमें से जिन्होंने इन्कार किया उनको शीघ्र ही दुखदाई सज़ा मिलेगी।(९०) (ऐ पैग़म्बर !) कमज़ोरों पर कुछ गुनाह नहीं और न बीमारों पर और न उन लोगों पर जिनकी (जिहाद के लिए सफ़र) ख़र्च की ताक़त नहीं, बशर्ते कि अल्लाह और पैग़म्बर के साथ उनके दिल साफ़ हों। नेकीवालों पर कोई इल्ज़ाम की राह नहीं और अल्लाह बड़ा बख़्शनेवाला बेहद मेहरबान है।(९१) और उन पर भी (गुनाह) नहीं है जो तुम्हारे पास (दौड़े) आये ताकि (उनको जंग में चलने को) सवारी दे (और) तुमने कहा कि मेरे पास कोई चीज़ नहीं है जो तुम्हें सवारी (के लिए) दूँ। (यह सुनकर वह लोग) वापस लौट गये और ख़र्च की ताक़त न होने के कारण उनकी आँखों से आँसू जारी थे×।(९२) जुर्म की गुंजाइश तो उन्हीं पर है जो मालदार होने पर भी तुझसे रुख़सत माँगते हैं और (घर पर) रह जानेवाली औरतों के साथ (बैठे) रहना पसन्द करते हैं और अल्लाह ने उनके दिलों पर मुहर कर दी है (हालाँकि) वह समझते नहीं।(९३)

॥ इति दसवाँ पारः ॥

× यह लोग बक्काईन कहलाते हैं। सात आदमी हज़रत मुहम्मद स० के पास जिहाद (धर्मयुद्ध) में शरीक होने के लिए आये थे। परन्तु इनके पास सवारी नहीं थी। जब इनको सवारी का प्रबन्ध न हुआ तो ये लोग अपनी बेबसी पर रो दिये। ऐसे ग़रीबों के लिए जिहाद में भाग न लेपाने पर कोई अपराध नहीं। लेकिन जिहाद का हुक्म हो जाने पर, बिला लाचारी बैठ रहनेवालों पर लानत व अल्लाह का अज़ाब है।

ग्यारहवाँ पारः यऽ्तजिरून

सूरतुत्तौबः आयात ९४ से १२९

यऽ्तजिरून अिलैकुम् अिजा रजऽ्तुम् अिलैहिम् त् क़ुल्ला तऽ्तजिरू लन्नुअ्मिन लकुम् क़द् नब्बअनल्लाहु मिन् अख़्बारिकुम् त् व सयरल्लाहु अ़मलकुम् व रसूलुहू सुम्म तुरद्दून अिला आ़लिमिल्ग़ैबि वश्शहादति फ़युनब्बिअुकुम् बिमा कुन्तुम् तऽ्मलून (९४) सयह्लिफ़ून बिल्लाहि लकुम् अिजन्क़लब्तुम् अिलैहिम् लितुऽ्रिज़ू अ़न्हुम् त् फ़अऽ्रिज़ू अ़न्हुम् त् अिन्नहुम् रिज्सुन् ज् ॰व मअ्वाहुम् जहन्नमु ज् जज़ा'अम्-बिमा कानू यक्सिबून (९५) यह्लिफ़ून लकुम् लितर्ज़ौ अ़न्हुम् ज् फ़अिन् तर्ज़ौ अ़न्हुम् फ़अिन्नल्लाह ला यर्ज़ा अ़निल्-क़ौमिल्-फ़ासिक़ीन (९६) अल्अऽ्राबु अशद्दु कुफ़्रौंव निफ़ाक़ौंव अज्दरु अल्ला यऽ्लमू हुदूद मा अन्ज़लल्लाहु अ़ला रसूलिही त् वल्लाहु अ़लीमुन् हकीमुन् (९७) व मिनल्अऽ्राबि मैंयत्तख़िज़ु मा युन्फ़िक़ु मग़्रमौंव यतरब्बसु बिकुमुद्दवा'अिर त् अ़लैहिम् दा'अिरतुस्सौअि त् वल्लाहु समीअ़ुन् अ़लीमुन् (९८) व मिनल्अऽ्राबि मैंयुअ्मिनु बिल्लाहि वल्यौमिल्-आख़िरि व यत्तख़िज़ु मा युन्फ़िक़ु क़ुरुबातिन् अ़िन्दल्लाहि व सलवातिर्रसूलि त् अला अिन्नहा क़ुर्बतुल्लहुम् त् सयुद्ख़िलुहुमुल्लाहु फ़ी रह्मतिही त् अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (९९) ★ वस्साबिक़ूनल्-औवलून मिनल्मुहाजिरीन वल्अन्सारि वल्लजीनत्तबअ़ू हुम् बिअिह्सानिन् ला र्रज़ियल्लाहु अ़न्हुम् व रज़ू अ़न्हु व अअ़द्द लहुम् जन्नातिन् तज्री तह्तहल्-अन्हारु ख़ालिदीन फ़ीहा अबदन् त् जालिकल्-फ़ौज़ुल्-अ़ज़ीमु (१००)

★ रु १२/१ आ १०

يعتذرون اليكم اذا رجعتم اليهم قل لا تعتذروا لن
نؤمن لكم قد نبانا الله من اخباركم وسيرى الله عملكم
ورسوله ثم تردون الى علم الغيب والشهادة فينبئكم بما
كنتم تعملون ۝ سيحلفون بالله لكم اذا انقلبتم اليهم
لتعرضوا عنهم فاعرضوا عنهم انهم رجس وماوىهم جهنم
جزاء بما كانوا يكسبون ۝ يحلفون لكم لترضوا عنهم فان
ترضوا عنهم فان الله لا يرضى عن القوم الفسقين ۝ الاعراب
اشد كفرا ونفاقا واجدر الا يعلموا حدود ما انزل الله على
رسوله والله عليم حكيم ۝ ومن الاعراب من يتخذ ما ينفق
مغرما ويتربص بكم الدوائر عليهم دائرة السوء والله
سميع عليم ۝ ومن الاعراب من يؤمن بالله واليوم الاخر
ويتخذ ما ينفق قربت عند الله وصلوت الرسول الا انها
قربة لهم سيدخلهم الله في رحمته ان الله غفور رحيم ۝
والسبقون الاولون من المهجرين والانصار والذين اتبعوهم
باحسان رضي الله عنهم ورضوا عنه واعد لهم جنت تجري
تحتها الانهر خلدين فيها ابدا ذلك الفوز العظيم ۝ وممن
حولكم من الاعراب منفقون ومن اهل المدينة مردوا

ग्यारहवाँ पारः (यऽ्तज़िरून)

९४ सूरतुत्तौबः १२९

(ऐ मुसलमानो !) जब तुम मुनाफ़िक़ों की तरफ़ फिर वापस जाओगे तो (लड़ाई से मुँह चुरा कर बैठ रहने के लिए) तुम्हारे सामने (अपने तरह-तरह के) उज्र पेश करेंगे (तो इनसे) कह देना कि बहाने न बनाओ, हम किसी तरह तुम्हारा यक़ीन करनेवाले नहीं; अल्लाह तुम्हारे हालात हमको बता चुका है और अभी तो अल्लाह और उसका रसूल तुम्हारी करतूतों को देखेगा, फिर तुम उसकी तरफ़ लौटाये जाओगे जो ज़ाहिर और छिपे का जाननेवाला है, सो जो कुछ तुम करते रहे हो तुमको (सब) बतादेगा।(९४) जब तुम लौटकर उनके पास जाओगे तो यह लोग तुम्हारे आगे अल्लाह की क़समें खायेंगे ताकि तुम इन (के झूठे बहानों) की तरफ से ध्यान हटा लो। सो इनकी (तरफ़ से) ध्यान हटा ही लो क्योंकि वह लोग नापाक हैं और इनका ठिकाना दोज़ख़ है। (यह) उनकी कमाई का बदला है।(९५) यह तुम्हारे सामने क़समें खायेंगे ताकि तुम इनसे राज़ी हो जाओ। सो अगर तुम इनसे राज़ी हो जाओ तो अल्लाह (तो इन) बेहुक्म (नाफ़र्मान) लोगों से राज़ी न होगा।(९६) वे गवाँर (बद्दू) कुफ़्र (इन्कार) और निफ़ाक़ (छल-कपट) में बड़े कठोर हैं[] और वे इसी लायक़ है कि अल्लाह ने जो अपने पैग़म्बर पर (किताब के ज़रिये) हदें उतारी (यानी क़ायम की) हैं उनको न समझ सकें और अल्लाह सब कुछ जाननेवाला और बड़ा हिकमतवाला है।(९७) और देहातियों में से कुछ लोग हैं कि उनको जो (अल्लाह की राह में) ख़र्च (उनकी मर्ज़ी के ख़िलाफ़) करना पड़ता है उसको तावान (नाहक़ का दण्ड) समझते हैं और राह ताकते हैं कि (किसी तरह) तुम ईमानवाले ज़माने की गरदिशों में फँस जाओ;‡ हालाँकि इन्हीं पर (ज़माने के) बुरे फेर का असर पड़नेवाला है। और अल्लाह सब सुनता और सब जानता है।(९८) और इन देहात (के बद्दूओं) में से कुछ ऐसे भी हैं जो अल्लाह पर और आख़िरत के दिन पर ईमान लाते और जो कुछ (अल्लाह की राह में) ख़र्च करते हैं उसमें (अपने लिए) अल्लाह के नज़दीकी होने और पैग़म्बर की दुआओं का ज़रिया समझते हैं। तो सुन रखो (बेशक) वह उनके लिए नज़दीकी होने का ज़रिया है। अल्लाह ज़रूर उनको अपने रहम (की पनाह) में ले लेगा। अल्लाह बड़ा माफ़ करनेवाला बेहद मेहरबान है।(९९) ★

★ रु. १२/१ प्रा. १०

और मुहाजरीन (देशत्यागी सहाबाओं) और मदद करनेवालों (अन्सारों) में से जो लोग क़दीम हैं (और) सबसे पहले (ईमान लाये) और वह लोग जिन्होंने नेककारी के साथ उनकी पैरवी की अल्लाह उनसे राज़ी और वह उससे राज़ी हुए† और अल्लाह ने उनके लिए (बहिश्त के ऐसे) बाग़ तैयार कर रखे हैं जिनके नीचे नहरें बह रही होंगी उनमें हमेशा रहेंगे। यही बड़ी कामयाबी है।(१००)

[] यहाँ से देहाती बद्दुओं का ज़िक्र शुरू होता है। इनमें ज़्यादातर मुनाफ़िक़ थे और मुनाफ़िक़त में शहरी अरबों के मुक़ाबले में बेपढ़े और गवाँर होने के कारन कहीं ज़्यादा सख़्त थे। अलबत्ता कुछ ईमानवाले भी थे। ‡ यानी चाहते हैं कि तुम पर कोई बड़ी आपत्ति फट पड़े और तुम्हारी शान घटे। † जंगे बद्र तक जो ईमान ला चुके थे उनका शुमार क़दीमों में है और उसके बाद वालों का शुमार इन क़दीमों के पैराकारों में है।

∴ मु. अ़िं मु त क़. ५ ● व. मंजिल

व मिम्मन् हौलकुम् मिनल्अअ़्राबि मुनाफ़िक़ून त् ∴ व मिन् अह्लिल्-मदीनति क़िफ़् ∴ ● मरदू अ़लन्निफ़ाक़ि क़िफ़् ला तअ़्लमुहुम् त् नह्नु नअ़्लमुहुम् त् सनुअ़ज़्ज़िबुहुम् मर्रतैनि सुम्म युरद्दून अिला अ़ज़ाबिन् अ़ज़ीमिन् ज् (१०१) व आख़रूनअ़्तरफ़ू बिज़ुनूबिहिम् ख़लतू अ़मलन् सालिहौंव आख़र सैयिअन् त् अ़सल्लाहु अैंयतूब अ़लैहिम् त् अिन्नल्लाह ग़फ़ूरुर्रहीमुन् (१०२) ख़ुज़् मिन् अम्वालिहिम् सदक़तन् तुतह्हिरुहुम् व तुज़क्कीहिम् बिहा व सल्लि अ़लैहिम् त् अिन्न सलातक सकनुल्लहुम् त् वल्लाहु समीअ़ुन् अ़लीमुन् (१०३) अलम् यअ़्लमू अन्नल्लाह हुव यक़्बलुत्तौबत अ़न् अ़िबादिही व यअ़्ख़ुज़ुस्सदक़ाति व अन्नल्लाह हुवत्तौवाबुर्रहीमु (१०४) व क़ुलिअ़्मलू फ़सयरल्लाहु अ़मलकुम् व रसूलुहू वल्मुअ़्मिनून त् व सतुरद्दून अिला आ़लिमिल्ग़ैबि वश्शहादति फ़युनब्बिअ़ुकुम् बिमा कुन्तुम् तअ़्मलून ज् (१०५) व आख़रून मुर्जौन लिअम्रिल्लाहि अिम्मा युअ़ज़्ज़िबुहुम् व अिम्मा यतूबु अ़लैहिम् त् वल्लाहु अ़लीमुन् हकीमुन् (१०६) वल्लज़ीनत्तख़ज़ू मस्जिदन् ज़िरारौंव कुफ़्रौंव तफ़्रीक़म् - बैनल्मुअ़्मिनीन व अिर्सादल्लिमन् हारबल्लाह व रसूलहू मिन् क़ब्लु त् व लयह्लिफ़ुन्न अिन् अरद्ना अिल्लल् - हुस्ना त् वल्लाहु यश्हदु अिन्नहुम् लकाज़िबून (१०७) ला तक़ुम् फ़ीहि अबदन् त् लमस्जिदुन् अुस्सिस अ़लत्तक़्वा मिन् औवलि यौमिन् अहक़्क़ु अन् तक़ूम फ़ीहि त् फ़ीहि रिजालुंय्युहिब्बून अैंयततहहरू त् वल्लाहु युहिब्बुल् - मुत्तह्हिरीन (१०८) अफ़मन् अस्सस बुन्यानहू अ़ला तक़्वा मिनल्लाहि व रिज़्वानिन् ख़ैरुन् अम् मन् अस्सस बुन्यानहू अ़ला - शफ़ा जुरुफ़िन् हारिन् फ़न्हार बिही फ़ी नारि जहन्नम त् वल्लाहु ला यह्दिल् - क़ौमज़्ज़ालिमीन (१०९)

التوبة ٩ ١٦٢ يعتذرون ١١

على النفاق لا تعلمهم نحن نعلمهم سنعذبهم مرتين ثم
يردون الى عذاب عظيم ۝ واخرون اعترفوا بذنوبهم خلطوا
عملا صالحا واخر سيئا عسى الله ان يتوب عليهم ان الله
غفور رحيم ۝ خذ من اموالهم صدقة تطهرهم وتزكيهم بها
وصل عليهم ان صلوتك سكن لهم والله سميع عليم ۝ الم
يعلموا ان الله هو يقبل التوبة عن عباده ويأخذ الصدقت وان
الله هو التواب الرحيم ۝ وقل اعملوا فسيرى الله عملكم و
رسوله والمؤمنون وستردون الى علم الغيب والشهادة فينبئكم
بما كنتم تعملون ۝ واخرون مرجون لامر الله اما يعذبهم و
اما يتوب عليهم والله عليم حكيم ۝ والذين اتخذوا مسجدا
ضرارا وكفرا وتفريقا بين المؤمنين وارصادا لمن حارب الله
ورسوله من قبل وليحلفن ان اردنا الا الحسنى والله يشهد
انهم لكذبون ۝ لا تقم فيه ابدا لمسجد اسس على التقوى
من اول يوم احق ان تقوم فيه فيه رجال يحبون ان يتطهروا
والله يحب المطهرين ۝ افمن اسس بنيانه على تقوى من
الله ورضوان خير ام من اسس بنيانه على شفا جرف هار
فانهار به في نار جهنم والله لا يهدي القوم الظلمين ۝ لا

और तुम्हारे आस-पास के देहातियों में से बाज़ मुनाफ़िक़ (कपटी) हैं और बाज़ मदीने में रहनेवालों में से भी हैं, ● जो निफ़ाक़ (कपट) पर अड़े बैठे हैं, (ऐ पैग़म्बर!) तुम इनको नहीं जानते, हम इनको जानते हैं। सो हम इनको दोहरी मार देंगे‡, फिर (ये) बड़े अज़ाब की ओर लौटाये जायेंगे। (१०१) और कुछ लोग हैं जिन्होंने अपने अपराध को मान लिया है (और उन्होंने) कुछ काम भले और कुछ बुरे (मिले-जुले) किये थे, आश्चर्य नहीं कि अल्लाह उनकी तौबा क़बूल करे। बेशक अल्लाह बड़ा क्षमा करनेवाला बेहद मेहरबान है। (१०२) (ऐ पैग़म्बर! यह लोग अपने माल की ज़कात दें तो) इनके माल में से ज़कात ले लिया करो क्योंकि उस (ज़कात के क़बूल करने) से तुम इनको पाक करते हो, और उनके लिए दुआए ख़ैर करो क्योंकि तुम्हारी दुआ इनके लिए संतोष है,† और अल्लाह सब सुनता जानता है। (१०३) क्या इन लोगों को इसकी ख़बर नहीं कि अल्लाह अपने बन्दों की तौबः आप क़बूल करता है और (वही) ज़कात लेता है और अल्लाह ही बड़ा तौबः क़बूल करनेवाला बेहद मेहरबान है। (१०४) और (ऐ पैग़म्बर! इनको) समझा दो कि तुम (अपनी जगह) अमल करते रहो सो अभी तो अल्लाह, पैग़म्बर और ईमानवाले तुम्हारे कामों को देखेंगे और ज़रूर (मरे पीछे) तुम उसकी तरफ़, जो ज़ाहिर और छिपे को जानता है, लौटाये जाओगे, फिर जो कुछ तुम (दुनिया में) करते रहे हो तुमको वह बतादेगा। (१०५) और कुछ और लोग हैं जिनका काम अल्लाह के हुक्म पर ठहरा हुआ (निर्भर) है, वह चाहे उनको सज़ा देवे चाहे उनकी तौबः क़बूल करे, और अल्लाह सब जाननेवाला और बड़ा हिकमतवाला है। (१०६) और जिन्होंने इस मतलब से एक मसजिद§ बना खड़ी की कि (ईमानवालों को) नुक़सान पहुँचायें और (अल्लाह के साथ) कुफ़्र करें और ईमानवालों में फूट डालें और उन लोगों को, उस शख़्स के लिए🟉 दाव घात बताने की (साजिश की) जगह बनायें जो अल्लाह और उसके पैग़म्बर के साथ पहले लड़ चुके हैं और (जब उनसे पूछा जायगा तो) सौगन्धें खाने लगेंगे कि हमने तो भलाई (के सिवाय और किसी तरह का बुरा) इरादा नहीं चाहा था। और अल्लाह गवाही देता है कि ये झूठे हैं। (१०७) सो (ऐ पैग़म्बर!) तुम उस (मसजिद) में कभी खड़े भी न होना। हाँ वह मसजिद जिसकी नींव पहले दिन से ही परहेज़गारी पर रखी गई है, वह इस लायक़ है कि तुम उसमें खड़े हो। क्योंकि उसमें ऐसे लोग हैं जो पाक रहना पसंद करते हैं, और अल्लाह पवित्रता से रहनेवालों को पसंद करता है। (१०८) भला जो आदमी अल्लाह के डर से और उसकी ख़ुशी पर अपनी इमारत की नींव रखे वह उत्तम है या वह जो (कुफ़्र और निफ़ाक़ की) ढह जाने वाली खाई के किनारे अपनी नींव रखे, फिर वह (इमारत) उसको दोज़ख़ की आग में ले गिरे? और अल्लाह ज़ालिम लोगों को हिदायत नहीं दिया करता। (१०९)

‡ याने दुनिया मे मार पर मार देंगे फिर आख़िरत में अज़ाब में झोंके जायँ गे। † आयत १०२—१०३ में बयान उन चन्द मुसलमानों का है जो तबूक के जेहाद के समय मुनाफ़िक़ों की देखादेखी जेहाद से जी चुराकर घर बैठ रहे थे। लेकिन बाद को बहुत शर्मिन्दः हो कर मसजिद में खाना-पीना छोड़ अपने को बाँध दिया व मर जाने का क़स्द किया जब तक उन्हें माफ़ी न मिल जाय। आख़िर रसूलुल्लाह स० ने इस आयत पर उनके बन्धन खोल कर माफ़ किया और संकोच छोड़ कर उनसे ज़कात भी ली जो वे माफ़ी पाने के बाद देने को बेचैन थे। § कुछ मुनाफ़िक़ों ने मुसलमानों में फूट डालने व उनको नुक़सान पहुँचाने के विचार से मुसलमानों की मौजूदा दो मसजिदों—एक मसजिद क़ुबा व एक और के अलावा एक मसजिद नई बनवाई [पेज ३४७ पर]
🟉 यह शख़्स एक ईसाई संन्यासी अबू आमिर था जो मुसलमानों व इस्लाम का बड़ा दुश्मन [पेज ३४७ पर]

★ रु. १३/२ आ ११

ला यज़ालु बुन्यानुहुमुल्लज़ी बनौरीबतन् फ़ी क़ुलूबिहिम् इल्ला अन् तक़त्तअ क़ुलूबुहुम् ॰ वल्लाहु अलीमुन् हकीमुन् (११०) ★ इन्नल्लाहश्तरा मिनल्मुअ्मिनीन अन्फ़ुसहुम् व अम्वालहुम् बिअन्न लहुमुल्जन्नत ॰ युक़ातिलून फ़ी सबीलिल्लाहि फ़यक़्तुलून व युक़्तलून क़िफ़् वऽ्दन् अलैहि हक़्क़न् फ़ित्तौराति वल्इन्जीलि वल्क़ुर्आनि ॰ व मन् औफ़ा बिअह्दिही मिनल्लाहि फ़स्तब्शिरू बिबैअिकुमुल्लज़ी बायऽ्तुम् बिही ॰ व ज़ालिक हुवल्फ़ौज़ुल् - अज़ीमु (१११) अत्ताअिबूनल् - आबिदूनल् - हामिदूनस्-साअिहूनर् - राकिअूनस् - साजिदूनल्-आमिरून बिलमऽ्रूफ़ि वन्नाहून अनिल्मुन्करि वल्हाफ़िज़ून लिहुदूदिल्लाहि ॰ व बश्शिरिल् - मुअ्मिनीन (११२) मा कान लिन्नबीयि वल्लज़ीन आमनू अँयस्तग़्फ़िरू लिल्मुश्रिकीन व लौ कानू उली क़ुर्बा मिम्बऽ्दि मा तबैयन लहुम् अन्नहुम् अस्हाबुल्जहीमि (११३) व मा कानस्-तिग़्फ़ारु अिब्राहीम लिअबीहि इल्ला अम्मौअिदतिंव्व अदहा ईयाहु ज् फ़लम्मा तबैयन लहू अन्नहु अदूवुल्लिल्लाहि तबर्रअ मिन्हु ॰ इन्न अिब्राहीम लअौवाहुन् हलीमुन् (११४) व मा कानल्लाहु लियुज़िल्ल क़ौमम् - बऽ्द अिज़् हदाहुम् हत्ता युबैयिन लहुम् मा यत्तक़ून ॰ इन्नल्लाह बिकुल्लि शैअिन् अलीमुन् (११५) इन्नल्लाह लहू मुल्कुस्समावाति वल्अर्ज़ि ॰ युह्यी व युमीतु ॰ व मा लकुम् मिन् दूनिल्लाहि मिंव्वलीयिंव्व ला नसीरिन् (११६) लक़त्ताबल्लाहु अलन्नबीयि वल्मुहाजिरीन वल्-अन्सारिल्लज़ीनत्-तबअूहु फ़ी साअतिल् - अुस्रति मिम्बऽ्दि मा काद यज़ीग़ु क़ुलूबु फ़रीक़िम् - मिन्हुम् सुम्म ताब अलैहिम् ॰ इन्नहु बिहिम् रअूफ़ुर्रहीमुन् ला (११७)

يعتذرون ١١ ١٦٣ التوبة ٩

يَزَالُ بُنْيَانُهُمُ الَّذِي بَنَوْا رِيبَةً فِي قُلُوبِهِمْ إِلَّا أَنْ تَقَطَّعَ قُلُوبُهُمْ وَاللَّهُ عَلِيمٌ حَكِيمٌ ﴿١١٠﴾ إِنَّ اللَّهَ اشْتَرَىٰ مِنَ الْمُؤْمِنِينَ أَنْفُسَهُمْ وَأَمْوَالَهُمْ بِأَنَّ لَهُمُ الْجَنَّةَ يُقَاتِلُونَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَيَقْتُلُونَ وَيُقْتَلُونَ وَعْدًا عَلَيْهِ حَقًّا فِي التَّوْرَاةِ وَالْإِنْجِيلِ وَالْقُرْآنِ وَمَنْ أَوْفَىٰ بِعَهْدِهِ مِنَ اللَّهِ فَاسْتَبْشِرُوا بِبَيْعِكُمُ الَّذِي بَايَعْتُمْ بِهِ وَذَٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيمُ ﴿١١١﴾ التَّائِبُونَ الْعَابِدُونَ الْحَامِدُونَ السَّائِحُونَ الرَّاكِعُونَ السَّاجِدُونَ الْآمِرُونَ بِالْمَعْرُوفِ وَالنَّاهُونَ عَنِ الْمُنْكَرِ وَالْحَافِظُونَ لِحُدُودِ اللَّهِ وَبَشِّرِ الْمُؤْمِنِينَ ﴿١١٢﴾ مَا كَانَ لِلنَّبِيِّ وَالَّذِينَ آمَنُوا أَنْ يَسْتَغْفِرُوا لِلْمُشْرِكِينَ وَلَوْ كَانُوا أُولِي قُرْبَىٰ مِنْ بَعْدِ مَا تَبَيَّنَ لَهُمْ أَنَّهُمْ أَصْحَابُ الْجَحِيمِ ﴿١١٣﴾ وَمَا كَانَ اسْتِغْفَارُ إِبْرَاهِيمَ لِأَبِيهِ إِلَّا عَنْ مَوْعِدَةٍ وَعَدَهَا إِيَّاهُ فَلَمَّا تَبَيَّنَ لَهُ أَنَّهُ عَدُوٌّ لِلَّهِ تَبَرَّأَ مِنْهُ إِنَّ إِبْرَاهِيمَ لَأَوَّاهٌ حَلِيمٌ ﴿١١٤﴾ وَمَا كَانَ اللَّهُ لِيُضِلَّ قَوْمًا بَعْدَ إِذْ هَدَاهُمْ حَتَّىٰ يُبَيِّنَ لَهُمْ مَا يَتَّقُونَ إِنَّ اللَّهَ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيمٌ ﴿١١٥﴾ إِنَّ اللَّهَ لَهُ مُلْكُ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ يُحْيِي وَيُمِيتُ وَمَا لَكُمْ مِنْ دُونِ اللَّهِ مِنْ وَلِيٍّ وَلَا نَصِيرٍ ﴿١١٦﴾ لَقَدْ تَابَ اللَّهُ عَلَى النَّبِيِّ وَالْمُهَاجِرِينَ وَالْأَنْصَارِ الَّذِينَ اتَّبَعُوهُ فِي سَاعَةِ الْعُسْرَةِ مِنْ بَعْدِ مَا كَادَ يَزِيغُ قُلُوبُ فَرِيقٍ مِنْهُمْ ثُمَّ تَابَ عَلَيْهِمْ إِنَّهُ بِهِمْ

منزل ٢

यह इमारत जो इन लोगों ने बनाई है इसके कारण इन लोगों के दिलों में हमेशा शक और शुबहा रहेगा, यहाँ तक कि (उस शुबहा याने निफ़ाक़ के सबब) इनके दिलों के टुकड़े-टुकड़े हो जावें। और अल्लाह सब कुछ जाननेवाला और बड़ा हिकमतवाला है। (११०) ★

★ रु. १३/२ आ ११

अल्लाह ने मुसलमानों से उनकी जानें और उनके माल ख़रीद लिये हैं कि उनके बदले उनको जन्नत देगा कि वे अल्लाह की राह में लड़ते हैं, मारते हैं और मारे जाते हैं। यह अल्लाह का पक्का अ़हद हो चुका और यह अ़हद तौरात, इंजील और क़ुर्आन में है, और अल्लाह से बढ़कर अपने अ़हद का पूरा और कौन हो सकता है। तो अपने सौदे पर जो तुमने अल्लाह के साथ किया है आनन्द मनाओ और यही बड़ी कामयाबी है। (१११) तौबः करनेवाले बन्दगी करनेवाले, स्तुति करनेवाले, बेतअ़ल्लुक़ (निस्संग) रहनेवाले§, रुकूअ़ करने वाले, सिजदः करनेवाले, नेक़ काम की सलाह देनेवाले, और बुरे काम से मना करनेवाले और अल्लाह ने जो हद्दें (मर्यादा) बाँध दी हैं उन पर रहनेवाले ☼ (यही हैं जिन्होंने अल्लाह से आख़िरत का अपनी जान माल का सौदा किया है) और (ऐ पैग़म्बर ! ऐसे) ईमानवालों को ख़ुशख़बरी सुना दो। (११२) जब पैग़म्बर और मुसलमानों को मालूम हो चुका कि मुशरिकीन दोज़ख़ी होंगे तो उनको यह ज़ेब (शोभा) नहीं देता कि उनके लिए माफ़ी चाहें, गो वह रिश्तेदार (सम्बन्धी ही क्यों न) हों। (११३) और इब्राहीम ने अपने बाप के लिए (जो) माफ़ी की प्रार्थना की थी सो (सिर्फ़) एक वादे के कारन जो इब्राहीम ने अपने बाप से (पहले) कर लिया था। फिर जब उनको मालूम हो गया कि यह अल्लाह का दुश्मन है तो बाप से बेज़ार (विमुख) हो गये † (बेशक) इब्राहीम बड़े नरम दिल और सहनशील थे ! (११४) और अल्लाह की शान से बाहर है कि एक जाति को राह पर लाने के बाद राह से उन्हें भटकाये, जब तक उनको वह चीज़ें साफ़ साफ़ न ज़ाहिर कर दे जिनसे वह बचते रहें। अल्लाह हर चीज़ से जानकार है। (११५) और आसमान और ज़मीन की बादशाहत अल्लाह ही की है। वही जिलाता और मारता है, और अल्लाह के सिवाय तुम्हारा कोई सरपरस्त और मददगार नहीं। (११६) अल्लाह ने पैग़म्बर पर कृपा की और देशत्यागी (मुहाजरीन) और मदद करनेवालों (यानी अन्सारों) पर जिन्होंने संकट के समय में पैग़म्बर का साथ दिया, बाद में जबकि इनमें से बाज़ के दिल (तबूक की सचमुच बेढब मुसीबत को देखकर) डगमगा चले थे, फिर उसी ने इन पर अपनी कृपा की (और यह साबितक़दम रहे) इसमें शक नहीं कि अल्लाह इन सब पर अत्यन्त दया रखता है। (११७)

[पेज ३४५ से]‡ थी कि उसमें मुसलमानों के ख़िलाफ़ दुश्मनों से बैठकर साज़िश करे। इस मसजिद का नाम ही मसजिदे ज़िरार यानी ज़रर (नुक़सान) पहुँचाने वाली था। रसूल स० से हुक्म हुआ कि ये मुनाफ़िक़ चाहे जितनी सफ़ाई नेकनियती की दें उनकी मसजिद में पैर न रखना। बाद में रसूल स० ने इस निफ़ाक़ पर क़ायम मसजिद को गिरवा दिया था। [पेज ३४५ से]❋ था। उसने रोम के शहंशाह से मिलकर हमला कराने व और तमाम साज़िशें करने की कोशिश की। इसी रोम की चढ़ाई की खबर पर नबी स० ने तबूक पर जाकर क़िलेबन्दी की थी। अबू आमिर का भी इस मसजिद ज़िरार में अड्डा था।

§ बेतअ़ल्लुक़ रहना याने रोज़ः रखना या हिजरत करना या दुनियावी मज़ों में लिप्त न होना है। ☼ याने शरीअ़त (धर्मशास्त्र) के खिलाफ़ कभी आचरन न करना। † देखिये आयात ४७ सूरे मर्यम और आयत ८६—८६ सूरे शुअ़राअ़ि।

الْمُجْرِمُوْنَ ۝ فَمَآ اٰمَنَ لِمُوْسٰٓى اِلَّا ذُرِّيَّةٌ مِّنْ قَوْمِهٖ عَلٰى خَوْفٍ
مِّنْ فِرْعَوْنَ وَمَلَا۠ئِهِمْ اَنْ يَّفْتِنَهُمْ ؕ وَاِنَّ فِرْعَوْنَ لَعَالٍ فِي
الْاَرْضِ ۚ وَاِنَّهٗ لَمِنَ الْمُسْرِفِيْنَ ۝ وَقَالَ مُوْسٰى يٰقَوْمِ اِنْ كُنْتُمْ

★ रु. ८/१३ आ. १२

फिर (इस पर भी लोगों ने) उसको (यानी नूह अ० को) झुठलाया तो हमने नूह को और जो लोग उसके साथ किश्ती में थे, उनको बचा दिया और उन्हींको ख़लीफ़ा क़ायम किया उनकी जगह पर। और जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुठलाया उनको डुबो दिया। तो देखो जो लोग डराये गये (और फिर भी राह पर न आये) उनका कैसा परिणाम हुआ। † (७३) फिर नूह के बाद हमने कितने ही पैग़म्बर उनकी अपनी-अपनी जाति की तरफ़ भेजे, तो वह (पैग़म्बर) उनके पास खुली निशानियाँ लेकर आये, सो (इस पर भी) जिस चीज़ को पहले झुठला चुके थे उस पर ईमान नहीं ही लाये। इसी तरह हम ज्यादती करनेवालों के दिलों पर मुहर लगा दिया करते हैं। (७४) फिर उनके बाद हमने मूसा और हारूँ को अपनी निशानियाँ देकर फ़िरऔन और उसके सरदारों की तरफ़ भेजा, तो वे (घमण्ड में) अकड़ बैठे और यह लोग गुनहगार थे। (७५) तो जब इनके पास हमारी तरफ़ से सच बात पहुँची, तो वह कहने लगे कि यह तो खुला जादू है। (७६) मूसा ने कहा कि जब सच बात तुम्हारे पास आई तो क्या तुम उसकी बाबत कहते हो (कि यह जादू है ?) और जादू करनेवालों का भला नहीं होता। (७७) (वह) कहने लगे क्या तुम इस मतलब से हमारे पास आये हो कि जिस (राह) पर हमने अपने बाप दादों (यानी बड़ों) को पाया उससे हमको फिरा दो और इस देश में तुम दोनों को सरदारी (हासिल) हो और हम तो तुम पर ईमान लानेवाले नहीं। (७८) और फ़िरऔन ने हुक्म दिया कि हर गुनी जादूगर को हमारे सामने लाकर हाज़िर करो। (७९) फिर जब जादूगर आ मौजूद हुए तो उनसे मूसा ने कहा कि जो तुमको (जादू) डालना मंजूर है डालो। (८०) तो जब उन्होंने (रस्सियों को साँप बनाकर) डाला तो मूसा ने कहा कि यह जो तुम लाये हो जादू है, (सो बेशक) अल्लाह इसको झूठ करेगा, क्योंकि अल्लाह फ़सादियों को काम सवाँरने (का मौक़ा) नहीं देता। (८१) और अल्लाह अपने हुक्म से सच को सच करता है, भले ही गुनहगारों को बुरा ही क्यों न लगे। (८२) ★

★ रु. ८/१३ आ. १२

तो (इन तमाम बातों पर भी) मूसा पर कोई ईमान न लाया सिवाय उसकी क़ौम के चन्द लोग और वह भी फ़िरऔन और उसके सरदारों से डरते-डरते कि कहीं किसी आफ़त में उनको न फँसा दे और बेशक फ़िरऔन देश में बहुत बड़ाई जिता रहा था और वह हद से ज्यादा ज़्यादती वाला था। (८३) और मूसा ने (अपनी क़ौम वालों को) समझाया कि भाइयो ! अगर तुम अल्लाह पर (दिल से) ईमान रखते हो और अगर तुम हुक्मबरदार हो तो उसी पर भरोसा रखो। (८४)

[पेज ३६५ से] सूरः हूद में इन्सानों को मिनजुमलः उसके मुसलमानों को भी चेतावनी है कि महज़ किसी क़ौम या दीन का नाम लेवा हो जाने से छुटकारा नहीं है। जो अल्लाह की राह पर अमल करेंगे वही दुनिया में सरसब्ज़ होंगे और आख़िरत (परलोक) में भी सफल होंगे। लेकिन जो सरकश होंगे उनके साथ कोई रिआयत न होगी कि वे तो फलाँ दीन या फलाँ क़ौम के लोग हैं इनको छूट मिल जाय। वे दुनिया में तबाह होंगे और उनकी जगह दूसरी क़ौम या दूसरे गिरोह को सरसब्ज़ किया जायगा और आख़िरत में भी नेककारों को जन्नत और बद किरदारों को दोज़ख नसीब होगा।

† ह० नूह अ० की नसीहत के बावजूद जब उनकी क़ौम कुफ्र और सरकशी पर हद पार कर गई तो अल्लाह का अज़ाब एक बड़े तूफ़ान की शक्ल में आया। ह० नूह अ० को अल्लाह के फ़ज़्ल से पहले ही ख़बर हुई और उन्होंने एक नाव तैयार कर ली। ह० नूह अ० व उनके साथी ईमानवाले उस किश्ती में बैठ कर बच गये और वही उन सरकशों की जगह देश के अधिकारी हुये और सरकश सब के सब तूफ़ान में डूब गये।

फ़क़ालू अलल्लाहि तवक्कल्ना ज् रब्बना ला तजअल्ना फ़ित्नतल्लिल्-
क़ौमिज़्ज़ालिमीन ला (८५) व नज्जिना बिरह्मतिक मिनल् - क़ौमिल्-
काफ़िरीन (८६) व औहैना अिला मूसा व अख़ीहि अन्तबौवआ लिक़ौमि-कुमा
बिमिस्र बुयूतौंवजअलू बुयूतकुम् क़िब्लतौंव अक़ीमुस्सलात त् व बश्शिरिल्-
मुअ्मिनीन (८७) व क़ाल मूसा रब्बना
अिन्नक आतैत फ़िर्औन व मलअहु ज़ीनतौंव
अम्वालन् फ़िल्हयातिद्दुन्या ला रब्बना
लियुज़िल्लू अन् सबीलिक ज् रब्बनत्मिस्
अला अम्वालिहिम् वश्दुद् अला क़ुलूबिहिम्
फ़ला युअ्मिनू हत्ता यरवुल् - अज़ाबल्-
अलीम (८८) क़ाल क़द् अुजीबद्दअ्वतु-
कुमा फ़स्तक़ीमा व ला तत्तबिआन्नि
सबीलल्लज़ीन ला यअ्लमून (८९) व
जावज़्ना बिबनी अिस्राअीलल् - बह्र
फ़अत्बअहुम् फ़िर्औनु व जुनूदुहू बग़्यौंव
अद्वन् त् हत्ता अिज़ा अद्रकहुल्-

أَمَنْتُمْ بِاللّٰهِ فَعَلَيْهِ تَوَكَّلُوْا إِنْ كُنْتُمْ مُّسْلِمِيْنَ ۝ فَقَالُوْا عَلَى
اللّٰهِ تَوَكَّلْنَا ۚ رَبَّنَا لَا تَجْعَلْنَا فِتْنَةً لِّلْقَوْمِ الظّٰلِمِيْنَ ۝ وَنَجِّنَا
بِرَحْمَتِكَ مِنَ الْقَوْمِ الْكٰفِرِيْنَ ۝ وَأَوْحَيْنَا إِلٰى مُوْسٰى وَأَخِيْهِ أَنْ
تَبَوَّا لِقَوْمِكُمَا بِمِصْرَ بُيُوْتًا وَّاجْعَلُوْا بُيُوْتَكُمْ قِبْلَةً وَّأَقِيْمُوا الصَّلٰوةَ ۗ
وَبَشِّرِ الْمُؤْمِنِيْنَ ۝ وَقَالَ مُوْسٰى رَبَّنَا إِنَّكَ اٰتَيْتَ فِرْعَوْنَ وَ
مَلَأَهٗ زِيْنَةً وَّأَمْوَالًا فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ۙ رَبَّنَا لِيُضِلُّوْا عَنْ سَبِيْلِكَ ۚ
رَبَّنَا اطْمِسْ عَلٰى أَمْوَالِهِمْ وَاشْدُدْ عَلٰى قُلُوْبِهِمْ فَلَا يُؤْمِنُوْا حَتّٰى
يَرَوُا الْعَذَابَ الْأَلِيْمَ ۝ قَالَ قَدْ أُجِيْبَتْ دَّعْوَتُكُمَا فَاسْتَقِيْمَا وَ
لَا تَتَّبِعٰٓنِّ سَبِيْلَ الَّذِيْنَ لَا يَعْلَمُوْنَ ۝ وَجٰوَزْنَا بِبَنِيْ إِسْرَآءِيْلَ
الْبَحْرَ فَأَتْبَعَهُمْ فِرْعَوْنُ وَجُنُوْدُهٗ بَغْيًا وَّعَدْوًا ۗ حَتّٰى إِذَآ أَدْرَكَهُ
الْغَرَقُ ۙ قَالَ اٰمَنْتُ أَنَّهٗ لَآ إِلٰهَ إِلَّا الَّذِيْٓ اٰمَنَتْ بِهٖ بَنُوْٓا إِسْرَآءِيْلَ
وَأَنَا مِنَ الْمُسْلِمِيْنَ ۝ آٰلْئٰنَ وَقَدْ عَصَيْتَ قَبْلُ وَكُنْتَ مِنَ
الْمُفْسِدِيْنَ ۝ فَالْيَوْمَ نُنَجِّيْكَ بِبَدَنِكَ لِتَكُوْنَ لِمَنْ خَلْفَكَ
اٰيَةً ۗ وَإِنَّ كَثِيْرًا مِّنَ النَّاسِ عَنْ اٰيٰتِنَا لَغٰفِلُوْنَ ۝ وَلَقَدْ بَوَّأْنَا
بَنِيْٓ إِسْرَآءِيْلَ مُبَوَّأَ صِدْقٍ وَّرَزَقْنٰهُمْ مِّنَ الطَّيِّبٰتِ ۚ فَمَا
اخْتَلَفُوْا حَتّٰى جَآءَهُمُ الْعِلْمُ ۗ إِنَّ رَبَّكَ يَقْضِيْ بَيْنَهُمْ يَوْمَ
الْقِيٰمَةِ فِيْمَا كَانُوْا فِيْهِ يَخْتَلِفُوْنَ ۝ فَإِنْ كُنْتَ فِيْ شَكٍّ مِّمَّآ

ग़रक़ु ला क़ाल आमन्तु अन्नहू ला अिलाह अिल्लल्लज़ी आमनत् बिहीं बनू
अिस्राअील व अना मिनल् - मुस्लिमीन (९०) आल्आन व क़द् असैत
क़ब्लु व कुन्त मिनल् - मुफ़्सिदीन (९१) फ़ल्यौम नुनज्जीक बिबदनिक
लितकून लिमन् ख़ल्फ़क आयतन् त् व अिन्न कसीरम् - मिनन्नासि अन्
आयातिना लग़ाफ़िलून (९२) ★ व लक़द् बौवअ्ना बनी अिस्राअील
मुबौवअ सिद्क़िंव्व रज़क़्नाहुम् मिनत्तैयिबाति ज् फ़मख़्तलफ़ू हत्ता
जाअहुमुल् - अिल्मु त् अिन्न रब्बक यक़्ज़ी बैनहुम् यौमल् - क़ियामति
फ़ीमा कानू फ़ीहि यख़्तलिफ़ून (९३) फ़अिन् कुन्त फ़ी शक्किम् - मिम्मा
अन्ज़ल्ना अिलैक फ़स्अलिल्लज़ीन यक़्रअूनल् - किताब मिन् क़बलिक ज् लक़द्
जाअकल् - हक़्क़ु मिर्रब्बिक फ़ला तकूनन्न मिनल्मुम्तरीन ला (९४)

★ रु. ९/१४ आ १०

इस पर उन्होंने जवाब दिया कि (बेशक) हमने अल्लाह ही पर भरोसा किया। ऐ परवरदिगार! हम पर इस ज़ालिम क़ौम (फ़िरऔन) का ज़ोर न आज़मा। (८५) और अपनी कृपा से हमको (इस) काफ़िर क़ौम से बचा। (८६) और हमने मूसा और उसके भाई (हारून) की तरफ़ हुक्म भेजा कि अपनी क़ौम के लोगों के लिए मिसर में घर बना लो और अपने घरों को क़िबला (यानी मसजिदें) क़रार दो § और नमाज़ क़ायम करो और ईमानवालों को ख़ुशख़बरी सुना दो। (८७) और मूसा ने दुआ माँगी कि ऐ हमारे परवरदिगार! तूने फ़िरऔन और उसके सरदारों को संसार के जीवन में रौनक़ (शान शौक़त) व माल दे रखा है और ऐ परवरदिगार! यह इसलिए (दिये हैं) कि वह तेरे रास्ते से (लोगों को रोकें और) भटकावें, तो ऐ परवरदिगार! इनकी सम्पदा को मिटा दे और इनके दिलों को कठोर कर दे कि उनको ईमान लाना नसीब ही न हो और दुखदाई अज़ाब को (आख़िर अपनी आखों) देखें। (८८) (अल्लाह ने) फ़र्माया तुम्हारी दुआ क़बूल हुई तो तुम दोनों (अपनी राह पर) जमे रहो और उन लोगों के रास्ते मत चलना जो अनजान (अज्ञानी) हैं। (८९) और हमने इसराईल की औलाद को दरया के पार उतार दिया फिर फ़िरऔन और उसके लश्करियों ने ज़्यादती और दुश्मनी से उनका पीछा किया, यहाँ तक (नौबत आई) कि जब फ़िरऔन (अपने लश्कर सहित) डूबने लगा तब बोला कि मैं ईमान लाया कि जिस पर इसराईल के बेटे ईमान लाये हैं कि उसके सिवाय कोई और पूजित नहीं और मैं अब आज्ञाकारियों में हूँ। (९०) (इसका जवाब मिला कि) अब (तू) यों बोला और पहले (बराबर) हुक्म के ख़िलाफ़ करता रहा और हमेशा फ़सादियों में रहा। (९१) तो आज तेरे शरीर को हम (दरया में नष्ट हो जाने से) बचादेंगे कि जो लोग तेरे बाद आनेवाले हैं उनके लिए (तेरी लाश तेरे आमाल और उनकी सजा की याद दिलाने के लिए) नसीहत हो। और बेशक बहुत से लोग हमारी निशानियों से ग़ाफ़िल रहते हैं। (९२) ☆

रु॰ ९ | १४ आ १०

और हमने इसराईल की औलाद को एक बहुत उम्दः जगह दी और उनको सुथरे पदार्थ खाने को दिये और (इसको शुक्र मान कर बजाय ईमान पर जमे रहने के) उन्होंने विरोध पैदा किया जबकि उन पर अ़िल्म पहुँच चुका था। तो यह लोग जिन-जिन बातों में भेद डालते रहते थे तुम्हारा पालनकर्त्ता क़ियामत के दिन उन (भेदों) का फ़ैसला कर देगा। (९३) (तो ऐ पैग़म्बर! यह क़ुर्आन) जो हमने तुम्हारी तरफ़ उतारा है अगर इसकी बाबत तुमको किसी क़िस्म का सन्देह हो तो तुमसे पहले जो लोग (तौरेत वग़ैरः) किताबों को पढ़ते रहे हैं उनसे पूछ देखो, कुछ सन्देह नहीं कि तुम पर तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से हक़ (सत्य) प्रकट हुआ है, तो (कभी) सन्देह करनेवालों में न होना। (९४)

§ चूँकि फ़िरऔनों की सख्ती की वजह से सरे आम मसजिद व नमाज़ क़ायम करने में दुश्वारी थी इस लिए अपने घरों को ही मसजिद मान कर नमाज़ क़ायम करने का हुक्म हुआ।

व ला तकूनन्न मिनल्लजीन कज्जबू बिआयातिल्लाहि फ़तकून मिनल्ख़ासिरीन (९५) अिन्नल्लजीन हक़्क़त् अलैहिम् कलिमतु रब्बिक ला युअ्मिनून ला (९६) व लौ जाअत्हुम् कुल्लु आयतिन् हत्ता यरवुल्-अजाबल्-अलीम (९७) फ़लौ ला कानत् क़र्यतुन् आमनत् फ़नफ़अहा ईमानुहा अिल्ला क़ौम यूनुस त़ लम्मा आमनू कशफ़्ना अन्हुम् अजाबल्-खिज़्यि फ़िल्-हयातिद्दुन्या व मत्तअ्नाहुम् अिलाहीनिन् (९८) व लौ शाअ रब्बुक लआमन मन् फ़िल्अर्ज़ि कुल्लुहुम् जमीअन् त़ अफ़अन्त तुक्रिहुन्नास हत्ता यकूनू मुअ्मिनीन (९९) व मा कान लिनफ़्सिन् अन् तुअ्मिन अिल्ला बिअिज़्निल्लाहि त़ व यज्अलुर्रिज्स अलल्लजीन ला यअ्क़िलून (१००) क़ुलिन्जुरू मा जा फ़िस्समावाति वल्अर्ज़ि त़ व मा तुग़्निल्-आयातु वन्नुजुरु अन् क़ौमिल्-ला युअ्मिनून (१०१) फ़हल् यन्तजिरून अिल्ला मिस्ल अैयामिल्लजीन ख़लौ मिन् क़ब्लिहिम् त़ क़ुल् फ़न्तजिरू अिन्नी मअकुम् मिनल्-मुन्तजिरीन (१०२) सुम्म नुनज्जी रुसुलना वल्लजीन आमनू कजालिक ज् हक़्क़न् अलैना नुन्जिल्-मुअ्मिनीन (१०३) ★ क़ुल् या अैयुहन्नासु अिन् कुन्तुम् फ़ी शक्किम्-मिन् दीनी फ़ला अअ्बुदुल्लजीन तअ्बुदून मिन् दूनिल्लाहि व लाकिन् अअ्बुदुल्लाहल्लजी यतवफ़्फ़ाकुम् ज् सला व अुमिर्तु अन् अकून मिनल्-मुअ्मिनीन ला (१०४) व अन् अक़िम् वज्हक लिद्दीनि हनीफ़न् ज् व ला तकूनन्न मिनल्-मुश्रिकीन (१०५)

★ रु. १०/१५ आ ११

أَنْزَلْنَا إِلَيْكَ فَسْئَلِ الَّذِينَ يَقْرَءُونَ الْكِتٰبَ مِنْ قَبْلِكَ لَقَدْ جَاءَكَ الْحَقُّ مِنْ رَبِّكَ فَلَا تَكُونَنَّ مِنَ الْمُمْتَرِينَ ۝ وَلَا تَكُونَنَّ مِنَ الَّذِينَ كَذَّبُوا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ فَتَكُونَ مِنَ الْخٰسِرِينَ ۝ إِنَّ الَّذِينَ حَقَّتْ عَلَيْهِمْ كَلِمَتُ رَبِّكَ لَا يُؤْمِنُونَ ۝ وَلَوْ جَاءَتْهُمْ كُلُّ اٰيَةٍ حَتّٰى يَرَوُا الْعَذَابَ الْأَلِيمَ ۝ فَلَوْلَا كَانَتْ قَرْيَةٌ اٰمَنَتْ فَنَفَعَهَا إِيمَانُهَا إِلَّا قَوْمَ يُونُسَ لَمَّا اٰمَنُوا كَشَفْنَا عَنْهُمْ عَذَابَ الْخِزْيِ فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَمَتَّعْنٰهُمْ إِلٰى حِينٍ ۝ وَلَوْ شَاءَ رَبُّكَ لَاٰمَنَ مَنْ فِي الْأَرْضِ كُلُّهُمْ جَمِيعًا أَفَأَنْتَ تُكْرِهُ النَّاسَ حَتّٰى يَكُونُوا مُؤْمِنِينَ ۝ وَمَا كَانَ لِنَفْسٍ أَنْ تُؤْمِنَ إِلَّا بِإِذْنِ اللّٰهِ وَيَجْعَلُ الرِّجْسَ عَلَى الَّذِينَ لَا يَعْقِلُونَ ۝ قُلِ انْظُرُوا مَاذَا فِي السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضِ وَمَا تُغْنِي الْاٰيٰتُ وَالنُّذُرُ عَنْ قَوْمٍ لَا يُؤْمِنُونَ ۝ فَهَلْ يَنْتَظِرُونَ إِلَّا مِثْلَ أَيَّامِ الَّذِينَ خَلَوْا مِنْ قَبْلِهِمْ قُلْ فَانْتَظِرُوا إِنِّي مَعَكُمْ مِنَ الْمُنْتَظِرِينَ ۝ ثُمَّ نُنَجِّي رُسُلَنَا وَالَّذِينَ اٰمَنُوا كَذٰلِكَ حَقًّا عَلَيْنَا نُنْجِ الْمُؤْمِنِينَ ۝ قُلْ يٰأَيُّهَا النَّاسُ إِنْ كُنْتُمْ فِي شَكٍّ مِنْ دِينِي فَلَا أَعْبُدُ الَّذِينَ تَعْبُدُونَ مِنْ دُونِ اللّٰهِ وَلٰكِنْ أَعْبُدُ اللّٰهَ الَّذِي يَتَوَفّٰىكُمْ وَأُمِرْتُ أَنْ أَكُونَ مِنَ الْمُؤْمِنِينَ ۝ وَأَنْ أَقِمْ وَجْهَكَ لِلدِّينِ

منزل ٣

और न उन लोगों में होना जिन्होंने अल्लाह की आयतों को झुठलाया, कि तुम भी नुक़सान उठाने वालों में हो जाओ। (९५) (ऐ पैग़म्बर!) जिन पर परवरदिगार का (अज़ाब का) हुक्म तै पा चुका है वे (हरगिज़) ईमान न लावेंगे। (९६) यहाँ तक कि (उस) दुखदाई सज़ा को न देख लेंगे चाहे उनके पास सारी निशानियाँ क्यों न आ मौजूद हों। (९७) और यूनुस की जाति के सिवाय और कोई बस्ती ऐसी क्यों न हुई कि ईमान ले आती और उनका ईमान लाना उनके काम आता। तो जब (यूनुस की क़ौम वाले) ईमान ले आये तो हमने दुनिया की ज़िन्दगी में उनको ज़िल्लत की सज़ा से मुक्त कर दिया और उनको एक वक़्त तक (खुशहाल) रहने दिया §। (९८) और ऐ पैग़म्बर! अगर तुम्हारा परवरदिगार चाहता तो जितने आदमी ज़मीन की सतह पर हैं सबके सब ईमान ले आते। तो अब क्या तुम (हस्ती रखते हो कि) लोगों को मजबूर करो कि वह ईमान ले आवें। (९९) और किसी शख़्स के हक़ में नहीं है कि बिना हुक्म अल्लाह के ईमान ले आवे। और वह उन लोगों पर गन्दगी† डालता है जो बुद्धि से काम नहीं लेते। (१००) (उनसे) कहो कि देखो तो यह क्या कुछ (क़ुदरत अल्लाह की) है आसमानों और ज़मीन में। लेकिन निशानियाँ और डर उन लोगों का कोई भला नहीं करते जो ईमान नहीं रखते। (१०१) तो क्या वैसे ही (गर्दिश के) दिनों की राह देखते हैं जैसे इनसे पहले के लोगों पर आ चुके हैं। तो (ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों से कह दो कि तुम भी (उस अज़ाब का) इंतज़ार करो, मैं भी तुम्हारे साथ इंतज़ार करनेवालों में हूँ। (१०२) फिर (अज़ाब की मार उतरने के समय) हम अपने पैग़म्बरों को बचा लेते हैं और इसी तरह उन लोगों को भी जो ईमान लाये; हमने अपने ज़िम्मे लाज़िम कर लिया है कि ईमानवालों को बचालें। (१०३) ★

★ रु. १० / १५ आ ११

(ऐ पैग़म्बर!) इन लोगों से कहो कि ऐ लोगो! अगर मेरे दीन के सम्बन्ध में तुम सन्देह में हो तो (जाने रहो) अल्लाह के सिवाय तुम जिनकी पूजा करते हो, मैं तो उनको पूजने से रहा, बल्कि मैं तो अल्लाह ही को पूजता हूँ जो कि तुम्हारी रूह को खींच लेता है (यानी जिसके हाथ में तुम्हारी ज़िन्दगी-मौत है) और मुझको हुक्म दिया गया है कि मैं ईमान वालों में रहूँ। (१०४) और यह कि (और सब तरफ़ से हट कर) दीन की तरफ़ ही अपना रुख़ रखो और मुशरिकों (बहुदेव-पूजकों) में हरगिज़ न होना। (१०५)

§ दजला नदी के किनारे नैनुआ एक पुराने राज्य का केन्द्र (मरकज़) था। यहाँ के लोग भी जब तरक़्क़ी की पूरी ऊँचाई पर पहुँचे तो घमण्डी और सरकश हो गये जैसे कि और तरक़्क़ी वाली क़ौमें हो जाया करती हैं और उन्हीं की तरह इन पर भी अज़ाब नाज़िल होने को था। लेकिन इनके नबी यूनुस अ० के ज़रिये इन पर अल्लाह के हुक्म पहुँचे और यूनुस अ० की क़ौम की तरह बजाय सरकशी करने के तोबः मान ली इस लिए इनका अज़ाब माफ़ कर दिया गया और फिर एक मुद्दत तक ये खुश व खुर्रम आबाद रहे। † गन्दगी से मतलब है कुफ़्, शिर्क और गन्दे विचार।

व ला तद्अु मिन् दूनिल्लाहि मा ला यन्फ़अुक व ला यज़ुर्रुक ज् फ़इन् फ़अ़ल्त फ़इन्नक इजम् - मिनज्ज़ालिमीन (१०६) व इंयम्सस्कल्लाहु बिज़ुर्रिन् फ़ला काशिफ़ लहू इल्ला हुव ज् व इंयुरिद्क बिख़ैरिन् फ़ला रा'द लिफ़ज़्लिही त् युसीबु बिही मैंयशाउ मिन् अ़िबादिही त् व हुवल् ग़फ़ूरुर्रहीमु (१०७) क़ुल् या अैयुहन्नासु क़द् जाअकुमुल्हक़्क़ु मिर्रब्बिकुम् ज् फ़मनिह्तदा फ़इन्नमा यह्तदी लिनफ़्सिही ज् व मन् ज़ल्ल फ़इन्नमा यज़िल्लु अ़लैहा ज् व मा अना अ़लैकुम् बिवकीलिन् त् (१०८) वत्तबिऽ मा यूहा इलैक वस्बिर् हत्ता यह्कुमल्लाहु ज् सला व हुव ख़ैरुल्हाकिमीन (१०९) ★

रु. ११ / १६ आ ६

☪ ११ सूरः हूद ५२ ☪

(मक्की) इस सूरः में ७६२४ हुरूफ़ १६३६ शब्द १२३ आयात और १० रुकूअ़ हैं।

बिस्मिल्लाहिर्रह्मानिर्रहीमि •

अलिफ़् ला'म रा क़िफ़ किताबुन् उह्किमत् आयातुहू सुम्म फ़ुस्सिलत् मिल्लदुन् हकीमिन् ख़बीरिन् ला (१) अल्ला तऽबुदू इल्लल्लाह त् इन्ननी लकुम् मिन्हु नजीरुँव बशीरुन् ला (२) ०'व अनिस्तग़्फ़िरू रब्बकुम् सुम्म तूबू इलैहि युमत्तिऽकुम् मताअ़न् हसनन् इला अजलिम् - मुसम्मौंव युअ्ति कुल्ल जी फ़ज़्लिन् फ़ज़्लहू त् व इन् तवल्लौ फ़इन्नी अख़ाफ़ु अ़लैकुम् अ़जाब यौमिन् कबीरिन् (३) इलल्लाहि मर्जिअ़ुकुम् ज् व हुव अ़ला कुल्लि शैइन् क़दीरुन् (४) अला इन्नहुम् यस्नून सुदूरहुम् लियस्तख़्फ़ू मिन्हु त् अला हीन यस्तग़्शून सियाबहुम् ला यऽलमु मा युसिर्रून व मा युऽलिनून ज् इन्नहू अ़लीमुम् - बिजातिस्सुदूरि (५)

॥ इति ग्यारहवाँ पारः ॥

يعتذرون ١١ — ١٨٦ — هود ١١

حَنِيْفًا ۚ وَلَا تَكُوْنَنَّ مِنَ الْمُشْرِكِيْنَ ۝ وَلَا تَدْعُ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ مَا لَا يَنْفَعُكَ وَلَا يَضُرُّكَ ۚ فَاِنْ فَعَلْتَ فَاِنَّكَ اِذًا مِّنَ الظّٰلِمِيْنَ ۝ وَاِنْ يَّمْسَسْكَ اللّٰهُ بِضُرٍّ فَلَا كَاشِفَ لَهٗۤ اِلَّا هُوَ ۚ وَاِنْ يُّرِدْكَ بِخَيْرٍ فَلَا رَآدَّ لِفَضْلِهٖ ؕ يُصِيْبُ بِهٖ مَنْ يَّشَآءُ مِنْ عِبَادِهٖ ؕ وَهُوَ الْغَفُوْرُ الرَّحِيْمُ ۝ قُلْ يٰۤاَيُّهَا النَّاسُ قَدْ جَآءَكُمُ الْحَقُّ مِنْ رَّبِّكُمْ ۚ فَمَنِ اهْتَدٰى فَاِنَّمَا يَهْتَدِيْ لِنَفْسِهٖ ۚ وَمَنْ ضَلَّ فَاِنَّمَا يَضِلُّ عَلَيْهَا ۚ وَمَاۤ اَنَا عَلَيْكُمْ بِوَكِيْلٍ ؕ۝ وَاتَّبِعْ مَا يُوْحٰۤى اِلَيْكَ وَاصْبِرْ حَتّٰى يَحْكُمَ اللّٰهُ ۚۖ وَهُوَ خَيْرُ الْحٰكِمِيْنَ ۝

سُوْرَةُ هُوْدٍ مَكِّيَّةٌ وَهِيَ مِائَةٌ وَثَلٰثٌ وَعِشْرُوْنَ اٰيَةً وَعَشْرُ رُكُوْعَاتٍ

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

الۤرٰ ۫ كِتٰبٌ اُحْكِمَتْ اٰيٰتُهٗ ثُمَّ فُصِّلَتْ مِنْ لَّدُنْ حَكِيْمٍ خَبِيْرٍ ۝ اَلَّا تَعْبُدُوْۤا اِلَّا اللّٰهَ ؕ اِنَّنِيْ لَكُمْ مِّنْهُ نَذِيْرٌ وَّبَشِيْرٌ ۝ وَّاَنِ اسْتَغْفِرُوْا رَبَّكُمْ ثُمَّ تُوْبُوْۤا اِلَيْهِ يُمَتِّعْكُمْ مَّتَاعًا حَسَنًا اِلٰۤى اَجَلٍ مُّسَمًّى وَّيُؤْتِ كُلَّ ذِيْ فَضْلٍ فَضْلَهٗ ؕ وَاِنْ تَوَلَّوْا فَاِنِّيْۤ اَخَافُ عَلَيْكُمْ عَذَابَ يَوْمٍ كَبِيْرٍ ۝ اِلَى اللّٰهِ مَرْجِعُكُمْ ۚ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ۝ اَلَاۤ اِنَّهُمْ يَثْنُوْنَ صُدُوْرَهُمْ لِيَسْتَخْفُوْا مِنْهُ ؕ اَلَا حِيْنَ يَسْتَغْشُوْنَ ثِيَابَهُمْ ۙ يَعْلَمُ مَا يُسِرُّوْنَ وَمَا يُعْلِنُوْنَ ۚ اِنَّهٗ عَلِيْمٌۢ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ۝

منزل ٣

और अल्लाह के सिवाय किसी को न पुकारना कि वह तुमको न तो लाभ ही पहुँचा सकता है और न नुक़सान ही (पहुँचा सकता है) और अगर तुमने ऐसा किया तो उसी वक़्त तुम भी ज़ालिमों में हो जाओगे। (१०६) और अगर अल्लाह तुमको कोई कष्ट पहुँचावे तो उसके सिवाय कोई उसका दूर करनेवाला नहीं और अगर किसी क़िस्म की भलाई (पहुँचाना) चाहे तो कोई उसकी कृपा को उलटने वाला नहीं। अपने बन्दों में से जिस पर चाहे कृपा करे और वही बड़ा क्षमा करने वाला बेहद मेहरबान है। (१०७) (ऐ पैग़म्बर!) कह दो कि लोगो! सच बात तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से तुम्हारे पास आ चुकी। अब जो कोई राह अपनायेगा वह अपने भले के लिए राह अपनायेगा और जो कोई गुमराह हो तो वह गुमराह होगा अपने बुरे के लिए और मैं तुम्हारा कोई (जवाबदेह) ज़िम्मेदार नहीं हूँ। (१०८) और (ऐ पैग़म्बर!) तुम्हारी तरफ़ जो हुक्म भेजा है उसी पर चले जाओ और उसी पर जमे रहो यहाँ तक कि अल्लाह फ़ैसला कर दे और वह सब से बेहतर फ़ैसला करनेवाला है। (१०९) ☆

☆ ११ १६ आ ६

☪ ११ सूरः हूद ५२ ☪

(मक्की) इसमें अरबी के ७६२४ हरफ़, १६३६ शब्द, १२३ आयतें और १० रुकूअ हैं। *

बिस्मिल्लाहिर्रह़्मानिर्रहीमि।

(शुरू) अल्लाह के नाम से जो निहायत रहमवाला बेहद मेहरबान है।

अलिफ़-लाम-रा। यह (क़ुर्आन) एक किताब है जिसकी आयतें पक्की हैं और हिक्मतवाले और ख़बरदार अल्लाह की ओर से साफ़-साफ़ बयान की गयी हैं। (१) कि (लोगो!) अल्लाह के सिवाय किसी की अिबादत मत करो। मैं उसी की ओर से तुमको डराता और ख़ुशख़बरी सुनाता हूँ। (२) और यह कि अपने परवरदिगार से माफ़ी माँगो और उसी के सामने तौबः करो, तो वह तुमको एक नियत समय तक (दुनिया में) सुख से गुज़र करायेगा और हर फ़ज़्ल वाले (कृपा पात्र) को (उसके हक़ के मुताबिक़) अपना फ़ज़्ल इनायत करेगा और अगर (अल्लाह से विमुख यानी) मुँह मोड़ोगे तो (मुझको) तुम्हारी बाबत (क़ियामत के) बड़े दिन की सज़ा का डर है। (३) (आख़िर) तुमको अल्लाह ही की तरफ़ लौटकर जाना है और वह हर चीज़ पर क़ादिर (समर्थ) है। (४) (ऐ पैग़म्बर!) सुनो कि यह अपने सीनों को दुहरा किये डालते हैं ताकि (उनके दिलों की बातें) अल्लाह से छिपी रहें। (लेकिन ऐ नबी!) सुन रखो कि जब वह अपने कपड़े ओढ़ते हैं (उस समय भी) अल्लाह उनकी सारी ख़ुफ़िया और ज़ाहिरा बातों से ख़बरदार है। वह तो दिलों के अन्दर तक की बातें जाननेवाला है। (५)

॥ इति ग्यारहवाँ पारः ॥

* सूरः हूद के नाज़िल (अवतरित) होने का भी वही समय है जो रसूल स० के मक्का के अन्तिम काल में सूरः यूनुस के नाज़िल होने का है। इस सूरत का नाम क़ौम आद की ओर भेजे गये अल्लाह के पैग़म्बर हज़रत हूद अ० के नाम पर है जिनकी चरचा आयत ५० में है। क़ौम आद और दूसरी बहुत सी तरक़्क़ी वाली क़ौमों का ज़िक्र है कि जब इन्हीं अल्लाह से इनाम और बख़्शीश पायी हुई शानदार क़ौमों ने अल्लाह और उसके नबियों के हुक्मों को टाला और वे शिर्क यानी अल्लाह के अलावा दूसरों को पूजने के गुनाह व कुफ़्र (अधर्म) में ऐसा फँस गईं कि ख़ुदाई किताबों और नबियों की हिदायतों व नसीहतों पर वापस आने की नौबत [पेज ३६५ पर]

☪☪ बारहवाँ पारः वमामिन्दा'ब्बतिन् ☪☪

☪ सूरः हूद आयात ६ से १२३ ☪

व मा मिन् दा'ब्बतिन् फ़िल्अर्ज़ि इल्ला अ़लल्लाहि रिज़्क़ुहा व यअ़्लमु मुस्तक़र्रहा व मुस्तौदअ़हा त़ कुल्लुन् फ़ी किताबिम् - मुबीनिन् (६) व हुवल्लज़ी ख़लक़स्समावाति वल्अर्ज़ फ़ी सित्तति अैयामिंव्व कान अ़र्शुहु अ़लल्मा'इ लियब्लुवकुम् अैयुकुम् अह्सनु अ़मलन् त़ व लइन् क़ुल्त इन्नकुम् मब्अूसून मिम्बअ़्दिल्-मौति लयक़ूलन्नल्-लज़ीन कफ़रू' इन् हाज़ा' इल्ला सिह्रुम्मुबीनुन् (७) व लइन् अख़्ख़र्ना अ़न्हुमुल्-अ़ज़ाब इला' उम्मतिम् - मअ़्दूदतिल् - लयक़ूलुन्न मा यह्बिसुहु त़ अला यौम यअ्तीहिम् लैस मस्रूफ़न् अ़न्हुम् व हाक़ बिहिम् मा कानू बिही यस्तह्ज़िऊन (८) ★ व लइन् अज़क़्नल् - इन्सान मिन्ना रह्मतन् सुम्म नज़अ़्नाहा मिन्हु ज इन्नहु लयऊसुन् क़फ़ूरुन् (९) व लइन् अज़क़्नाहु नअ़्मा'अ बअ़्द ज़र्रा'अ मस्सत्हु लयक़ूलन्न ज़हबस्सैयिआतु अ़न्नी त़ इन्नहु लफ़रिहुन् फ़ख़ूरुन् ला (१०) इल्लल्लज़ीन सबरू व अ़मिलुस्सालिहाति त़ उला'इक लहुम् मग़्फ़िरतुंव अज्रुन् कबीरुन् (११) फ़लअ़ल्लक तारिकुम्बअ़्ज़ मा यूहा' इलैक व ज़ा'इक़ुम्-बिही सद्रुक अैयक़ूलू लौला' उन्ज़िल अ़लैहि कन्ज़ुन् औजा'अ मअ़हु मलकुन् त़ इन्नमा' अन्त नज़ीरुन् त़ वल्लाहु अ़ला कुल्लि शैइंव्वकीलुन् त़ (१२) अम् यक़ूलूनफ़्तराहु त़ क़ुल् फ़अ्तू बिअ़श्रि सुवरिम्-मिस्लिही मुफ़्तरयातिंव्वद्ऊ मनिस् - ततअ़्तुम् मिन् दूनिल्लाहि इन् कुन्तुम् सादिक़ीन (१३) फ़इल्लम् यस्तजीबू लकुम् फ़अ़्लमू' अन्नमा' उन्ज़िल बिअ़िल्मिल्लाहि व अल्ला' इलाह इल्ला हुव ज फ़हल् अन्तुम् मुस्लिमून (१४)

रु. १/१ आ ८

وما من دابة في الارض الا على الله رزقها ويعلم مستقرها
ومستودعها كل في كتب مبين ۝ وهو الذي خلق السموت
والارض في ستة ايام وكان عرشه على الماء ليبلوكم ايكم
احسن عملا ولئن قلت انكم مبعوثون من بعد الموت ليقولن
الذين كفروا ان هذا الا سحر مبين ۝ ولئن اخرنا عنهم
العذاب الى امة معدودة ليقولن ما يحبسه الا يوم ياتيهم
ليس مصروفا عنهم وحاق بهم ما كانوا به يستهزءون ۝ و
لئن اذقنا الانسان منا رحمة ثم نزعنها منه انه ليـٔوس كفور ۝
ولئن اذقنه نعماء بعد ضراء مسته ليقولن ذهب السيات
عني انه لفرح فخور ۝ الا الذين صبروا وعملوا الصلحت اولئك
لهم مغفرة واجر كبير ۝ فلعلك تارك بعض ما يوحى اليك
وضائق به صدرك ان يقولوا لولا انزل عليه كنز او جاء معه
ملك انما انت نذير والله على كل شيء وكيل ۝ ام يقولون
افترىه قل فاتوا بعشر سور مثله مفتريت وادعوا من استطعتم
من دون الله ان كنتم صدقين ۝ فالم يستجيبوا لكم فاعلموا
انما انزل بعلم الله وان لا اله الا هو فهل انتم مسلمون ۝
من كان يريد الحيوة الدنيا وزينتها نوف اليهم اعمالهم فيها

☪☪ बारहवाँ पारः (वमामिन्दा'ब्बतिन्) ☪☪

☪ सूरः हूद आयात ६ से १२३ ☪

और जितने ज़मीन में चलते-फिरते (जीव) हैं उनकी रोज़ी अल्लाह ही के ज़िम्मे है और वही उनके ठिकाने को और उनकी सौंपे जाने की जगह को जानता है। † सब कुछ खुली किताब (यानी लौह महफ़ूज़) में दर्ज है। (६) और वही है जिसने आसमानों और ज़मीन को ६ दिन में बनाया§ और उसका तख़्त (किब्रियाई) पानी पर था (तो उसने तुमको इस लिए बनाया) ताकि तुम लोगों को जाँचे कि तुममें किसके कर्म अच्छे हैं। और (ऐ पैग़म्बर!) अगर तुम (इन लोगों से) कहो कि मरने के बाद (फिर) तुम उठाकर खड़े किये जाओगे तो जो लोग इन्कारी हैं ज़रूर कहेंगे कि यह तो खुला जादू है। (७) और अगर हम अज़ाब को इन (पर पड़ने) से गिनती के चन्द रोज़ तक रोके रहें तो (अज़ाब की हंसी उड़ाते हुये) कहें कि कौन-सी चीज़ सज़ा को रोक रही है। सुनो जी, जिस दिन सज़ा इन पर आ पहुँचे गी इनपर से किसी के टाले टलनेवाली नहीं और जिस (अज़ाब) की यह लोग हँसी उड़ा रहे हैं, वह इनको घेर लेगा। (८) ★

★ रु. १/१ आ ८

और अगर हम मनुष्य को अपनी मेहरबानी (का स्वाद) चखा दें, फिर उसको उससे छीन लें, तो वह नाउम्मीद और नाशुक्र होता है। (९) और अगर उसको कोई तकलीफ़ पहुँची हो और उसके बाद उसको आराम (का मज़ा) चखावें तो कहने लगता है कि मुझसे सब बुराइयाँ दूर हो गईं और वह बहुत ही ख़ुश हो हो कर (अपनी) बड़ाइयाँ हाँकने लगता है। (१०) मगर जो लोग सब्र करते हैं और नेक काम करते हैं यही हैं जिनके लिए (दुनिया में किये गुनाहों की) बख़्शीश और (आख़िरत में) बड़ा सवाब है। (११) तो कहीं जो हुक्म तुम पर भेजा जाता है, तुम उसमें से कुछ छोड़ न दो और तुम्हारा जी इस बात पर तंग हो कि वे कहते हैं कि इस शख़्स पर कोई ख़ज़ाना @ क्यों नहीं उतरा या उसके साथ कोई फ़रिश्ता क्यों नहीं आया। सो (ऐ नबी!) तुम (तो सिर्फ़) डरानेवाले हो और ज़िम्मे तो हर चीज़ अल्लाह ही के है। (१२) (ऐ पैग़म्बर!) क्या (काफ़िर) कहते हैं कि (तुमने) क़ुर्आन को अपने दिल से गढ़ लिया है, तो इनसे कहो कि अगर (अपने इस कहने में) तुम सच्चे हो तो तुम (भी) इसी तरह की दस सूरतें गढ़ लाओ और अल्लाह के सिवाय जिसको तुमसे बुलाते बन पड़े बुला लो (कि तुम्हारे लिए ऐसी सूरतें गढ़ दें)। (१३) पस अगर (काफ़िर) तुम्हारा कहना न कर सकें (और वह ऐसा कर सकेंगे भी नहीं, तो उनसे कहो कि अच्छी तरह अब) जान लो कि यह (क़ुर्आन) अल्लाह ही के इ़ल्म से उतरा है और यह कि उसके सिवाय किसी की पूजा नहीं करनी चाहिए, तो क्या अब तुम (अल्लाह का) हुक्म मानने को तैयार हो! (१४)

---

† ठहरना दुनिया मे और सौंपे जाना जैसे मरने के बाद क़ब्र में एक मियाद तक के लिए जब कि क़ियामत में वे दुबारा ज़िन्दः उठा खड़े किये जायें गे। यह सब अल्लाह को एक-एक की ख़बर है। § ६ दिन में सृष्टि बनाई। यह दिन हम इन्सानों जैसे दिन नहीं। सूरः हज्ज आयत ४७ में ज़िक्र है कि हमारे हज़ार साल के बराबर एक दिन अल्लाह की नज़र में है। कहीं ५० हज़ार का ज़िक्र भी है। मतलब ६ युग ऐसे बीते जिनमें दुनिया का विकास (Evolution) होते होते यह मौजूदः शकल आई। (अ. यू) @ इन्कारी कहते थे कि मुहम्मद रसूल हैं तो इनके पास अधिक धन होना चाहिए या इनके साथ एक फ़रिश्ता निरंतर चलना चाहिए जो इनके रसूल होने की निशानी हो। इन बातों से मुहम्मद साहब स० को बड़ा दुःख होता था। इन आयतों में यह बताया गया है कि नबी को इससे तंग न होना चाहिये न उसके लिए इस आडम्बर की ज़रूरत है।

मन् कान युरीदुल् - हयातद्दुन्या व ज़ीनतहा नुवफ़्फ़ि अिलैहिम् अऽमालहुम् फ़ीहा व हुम् फ़ीहा ला युब्ख़सून (१५) अुला'अिकल्लज़ीन लैस लहुम् फ़िल्आख़िरति अिल्लन्नारु ज् सला व हबित मा सनअू फ़ीहा व बातिलुम्मा कानू यऽमलून (१६) अफ़मन् कान अला बैयिनतिम् - मिर्रब्बिही व यत्लूहु शाहिदुम् - मिन्हु व मिन् क़ब्लिही किताबु मूसा' अिमामौंव रह्मतन् त् अुला'अिक युअ्मिनून बिही त् व मैंयक्फ़ुर् बिही मिनल् - अह्ज़ाबि फ़न्नारु मौअिदुहु ज् फ़ला-तकु फ़ी मिर्यतिम् - मिन्हु क् अिन्नहुल्-हक़्क़ु मिर्रब्बिक व लाकिन्न अक्सरन्नासि ला युअ्मिनून (१७) व मन् अज़्लमु मिम्-मनिफ़्तरा अलल्लाहि कज़िबन् त् अुला'अिक युऽरज़ून अला रब्बिहिम् व यक़ूलुल् - अशहादु हा'अुला'अिल्-लज़ीन कज़बू अला रब्बिहिम् ज् अला लऽनतुल्लाहि अलज़्ज़ालिमीन ला (१८) अल्लज़ीन यसुद्दून अन् सबीलिल्लाहि व यब्ग़ूनहा अिवजन् त् व

وَهُمْ فِيهَا لَا يُبْخَسُونَ ۝ أُولَٰئِكَ الَّذِينَ لَيْسَ لَهُمْ فِي الْآخِرَةِ
إِلَّا النَّارُ ۖ وَحَبِطَ مَا صَنَعُوا فِيهَا وَبَاطِلٌ مَا كَانُوا يَعْمَلُونَ ۝ أَفَمَنْ
كَانَ عَلَىٰ بَيِّنَةٍ مِنْ رَبِّهِ وَيَتْلُوهُ شَاهِدٌ مِنْهُ وَمِنْ قَبْلِهِ كِتَابُ
مُوسَىٰ إِمَامًا وَرَحْمَةً ۚ أُولَٰئِكَ يُؤْمِنُونَ بِهِ ۚ وَمَنْ يَكْفُرْ بِهِ مِنَ
الْأَحْزَابِ فَالنَّارُ مَوْعِدُهُ ۚ فَلَا تَكُ فِي مِرْيَةٍ مِنْهُ ۚ إِنَّهُ الْحَقُّ مِنْ
رَبِّكَ وَلَٰكِنَّ أَكْثَرَ النَّاسِ لَا يُؤْمِنُونَ ۝ وَمَنْ أَظْلَمُ مِمَّنِ افْتَرَىٰ
عَلَى اللَّهِ كَذِبًا ۚ أُولَٰئِكَ يُعْرَضُونَ عَلَىٰ رَبِّهِمْ وَيَقُولُ الْأَشْهَادُ هَٰؤُلَاءِ
الَّذِينَ كَذَبُوا عَلَىٰ رَبِّهِمْ ۚ أَلَا لَعْنَةُ اللَّهِ عَلَى الظَّالِمِينَ ۝ الَّذِينَ
يَصُدُّونَ عَنْ سَبِيلِ اللَّهِ وَيَبْغُونَهَا عِوَجًا وَهُمْ بِالْآخِرَةِ هُمْ
كَافِرُونَ ۝ أُولَٰئِكَ لَمْ يَكُونُوا مُعْجِزِينَ فِي الْأَرْضِ وَمَا كَانَ لَهُمْ
مِنْ دُونِ اللَّهِ مِنْ أَوْلِيَاءَ ۘ يُضَاعَفُ لَهُمُ الْعَذَابُ ۚ مَا كَانُوا يَسْتَطِيعُونَ
السَّمْعَ وَمَا كَانُوا يُبْصِرُونَ ۝ أُولَٰئِكَ الَّذِينَ خَسِرُوا أَنْفُسَهُمْ وَ
ضَلَّ عَنْهُمْ مَا كَانُوا يَفْتَرُونَ ۝ لَا جَرَمَ أَنَّهُمْ فِي الْآخِرَةِ هُمُ
الْأَخْسَرُونَ ۝ إِنَّ الَّذِينَ آمَنُوا وَعَمِلُوا الصَّالِحَاتِ وَأَخْبَتُوا إِلَىٰ
رَبِّهِمْ أُولَٰئِكَ أَصْحَابُ الْجَنَّةِ ۖ هُمْ فِيهَا خَالِدُونَ ۝ مَثَلُ الْفَرِيقَيْنِ
كَالْأَعْمَىٰ وَالْأَصَمِّ وَالْبَصِيرِ وَالسَّمِيعِ ۚ هَلْ يَسْتَوِيَانِ مَثَلًا ۚ أَفَلَا
تَذَكَّرُونَ ۝ وَلَقَدْ أَرْسَلْنَا نُوحًا إِلَىٰ قَوْمِهِ إِنِّي لَكُمْ نَذِيرٌ مُبِينٌ ۝

हुम् बिल्आख़िरति हुम् काफ़िरून (१९) अुला'अिक लम् यकूनू मुऽजिज़ीन फ़िल्अर्ज़ि व मा कान लहुम् मिन् दूनिल्लाहि मिन् औलिया'अ म् युज़ाअफ़ु लहुमुल् - अज़ाबु त् मा कानू यस्ततीअूनस्सम्अ व मा कानू युब्सिरून (२०) अुला'अिकल्लज़ीन ख़सिरू' अन्फ़ुसहुम् व ज़ल्ल अन्हुम् मा कानू यफ़्तरून (२१) ला जरम अन्नहुम् फ़िल्आख़िरति हुमुल् - अख़्सरून (२२) अिन्नल्लज़ीन आमनू व अमिलुस्सालिहाति व अख़्बतू' अिला रब्बिहिम् ला अुला'अिक अस्हाबुल् - जन्नति ज् हुम् फ़ीहा ख़ालिदून (२३) मसलुल् - फ़रीक़ैनि कल् - अऽमा वल्-असम्मि वल्बसीरि वस्समीअि त् हल् यस्तवियानि मसलन् त् अफ़ला तज़क्करून (२४) ★ व लक़द् अर्सल्ना नूहन् अिला क़ौमिही' ज् अिन्नी लकुम् नज़ीरुम् - मुबीनुन् ला (२५)

व. ला ज़िम

★ रु. २ | २ आ १६

जिनकी ख़्वाहिश दुनिया की ज़िन्दगी और दुनिया की रौनक़ चाहना है, हम उनके काम का बदला इसी (दुनिया) में उनको (पूरा-पूरा) भर देते हैं और वह इस (दुनिया की ज़िन्दगी) में घाटे में नहीं रहते। (१५) यही वह लोग हैं जिनके लिए आख़िरत में (दोज़ख़ की) आग के सिवाय और कुछ नहीं और जो काम इस (दुनिया) में इन लोगों ने किये, गये-गुज़रे हुए और इनका किया-धरा बेकार हुआ। (१६) भला जो अपने परवरदिगार के खुले रास्ते पर हों और उनके पास उसकी ओर से गवाही (भी) पहुँची हो § और उससे (यानी क़ुर्आन से) पहले मूसा की किताब (तौरात भी) राह दिखानेवाली और मेहरबानी (के रूप में) मौजूद हो तो वही लोग उस पर ईमान लाते हैं। और फ़िर्क़ों में से जो कोई इस (क़ुर्आन) से मुन्किर (विमुख) हों तो उनके वादे की जगह (दोज़ख़ की) आग है, तो (ऐ पैग़म्बर!) तुम इस (क़ुर्आन) की तरफ़ से शक में न रहना। इसमें कुछ संदेह नहीं कि वह तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से हक़ (सच्चा) है लेकिन अक्सर लोग ईमान नहीं लाते। (१७) और जो अल्लाह (के नाम) पर झूठ गढ़े उससे बढ़कर ज़ालिम कौन है? यह लोग अपने परवरदिगार के सामने पेश किये जावेंगे और गवाह गवाही देंगे कि यही हैं जिन्होंने अपने परवरदिगार पर झूठ बोला था। सुन रखो कि ज़ालिमों पर अल्लाह की लानत है। (१८) जो अल्लाह के रास्ते से रोकते हैं और उसमें कजी (याने राह से बेराह वाली बातें) खोजते रहते हैं तो यही हैं जो आख़िरत (के सामना होने) से भी इन्कार करते हैं। (१९) यह लोग न दुनिया ही में अल्लाह को थका (कर अपने को बचा) सकेंगे और न अल्लाह के सिवाय इनका कोई हिमायती (आख़िरत में ही) खड़ा होगा। (ऐ पैग़म्बर!) इनको दोहरी सज़ा होगी, क्योंकि (इनका कुफ़्र इस क़दर बढ़ा था कि हमारा पैग़ाम) न ये लोग सुन सकते थे और न देख सकते थे। (२०) यही लोग हैं जिन्होंने आप अपने को घाटे में डाला और झूठ जो बाँधते थे वह सब इनसे गया गुज़रा हो गया। (२१) ज़रूर यही लोग आख़िरत में सबसे ज़्यादा घाटे में होंगे। (२२) अलबत्ता जो लोग ईमान लाये और अच्छे काम किये और अपने परवरदिगार के आगे बिनती करते रहे, यही जन्नत में रहनेवाले हैं कि यह उस (जन्नत) में हमेशा रहेंगे। (२३) (इन) दोनों फ़िर्क़ों की मिसाल ऐसी है कि एक अन्धा और बहरा और एक देखने-सुनने वाला। क्या इन दोनों का हाल एकसा हो सकता है? फिर क्या तुम ध्यान नहीं करते †? (२४) ★

व. ला ज़िम

रु. २/२ आ १६

और (ऐसे ही हालात थे जब) हमने नूह को उनकी जाति की ओर भेजा था। (उन्होंने कहा) कि मैं तुमको साफ़-साफ़ डर सुनाने आया हूँ। (२५)

§ गवाही पहुँची है याने दिल में इस दीन का नूर और मज़ा पाता है और क़ुर्आन की तिलावत व-हिदायत। † काफ़िर अन्धों की तरह हैं कि अल्लाह की निशानियाँ नहीं देखते और बहरों की तरह हैं कि रसूल की बातें नहीं सुनते और ईमानवाले आँख और कान वाले हैं कि अल्लाह की निशानियों को देखते हैं और रसूल की बातों पर कान धरते हैं।

अल्ला तऽबुदू अिल्लल्लाह त् अिन्नी अख़ाफ़ु अलैकुम् अजाब यौमिन् अलीमिन् (२६) फ़क़ालल् - मलअुल्लजीन कफ़रू मिन् क़ौमिही मा नराक अिल्ला बशरम् - मिस्लना व मा नराकत्-तबअक अिल्लल्लजीन हुम् अराजिलुना बादियर्रअ्यि ज् व मा नरा लकुम् अलैना मिन् फ़ज़्लिम्-बल् नजुन्नुकुम् काजिबीन (२७) क़ाल या क़ौमि अरअैतुम् अिन् कुन्तु अला बैयिनतिम् - मिर्रब्बी व आतानी रह्मतम् - मिन् अिन्दिही फ़अुम्मियत् अलैकुम् त् अ-नुल्ज़िमुकुमू-हा व अन्तुम् लहा कारिहून (२८) व या क़ौमि ला अस्अलुकुम् अलैहि मा लन् त् अिन् अज्रिय अिल्ला अलल्लाहि व मा अना बितारिदिल्लजीन आमनू त् अिन्नहुम् मुलाक़ू रब्बिहिम् व लाकिन्नी अराकुम् क़ौमन् तज्हलून (२९) व या क़ौमि मैंयन्सुरुनी मिनल्लाहि अिन् तरत्तुहुम् त् अफ़ला तजक्करून (३०) व ला अक़ूलु लकुम् अिन्दी ख़ज़ा अिनुल्लाहि व ला अऽलमुल् - ग़ैब व ला अक़ूलु अिन्नी मलकूँव ला अक़ूलु लिल्लजीन तज़्दरी अऽयुनुकुम् लैंयुअ्तिय - हुमुल्लाहु ख़ैरन् त् अल्लाहु अऽलमु बिमा फ़ी अन्फ़ुसिहिम् ज् सला अिन्नी अिजल्-लमिनज़् - ज़ालिमीन (३१) क़ालू या नूहु क़द् जादल्तना फ़अक्सर्त जिदालना फ़अ्तिना बिमा तअिदुना अिन् कुन्त मिनस्सादिक़ीन (३२) क़ाल अिन्नमा यअ्तीकुम् बिहिल्लाहु अिन् शाअ व मा अन्तुम् बिमुऽजिज़ीन (३३) व ला यन्फ़अुकुम् नुस्ही अिन् अरत्तु अन् अन्सह लकुम् अिन् कानल्लाहु युरीदु अैंयुग़्विय-कुम् त् हुव रब्बुकुम् क़िफ़् व अिलैहि तुर्जअून त् (३४) अम् यक़ूलूनफ़्तराहु त् क़ुल् अिनिफ़्तरैतुहू फ़अलैय अिज्रामी व अना बरीअुम्-मिम्मा तुज्रिमून (३५) ★

वما من دآبة ١٢ — ١٧٩ — هود ١١

اَنْ لَّا تَعْبُدُوْٓا اِلَّا اللّٰهَ ؕ اِنِّیْٓ اَخَافُ عَلَیْكُمْ عَذَابَ یَوْمٍ اَلِیْمٍ ﴿۲۶﴾ فَقَالَ
الْمَلَاُ الَّذِیْنَ كَفَرُوْا مِنْ قَوْمِهٖ مَا نَرٰىكَ اِلَّا بَشَرًا مِّثْلَنَا وَمَا نَرٰىكَ
اتَّبَعَكَ اِلَّا الَّذِیْنَ هُمْ اَرَاذِلُنَا بَادِیَ الرَّاْیِ ۚ وَمَا نَرٰى لَكُمْ عَلَیْنَا
مِنْ فَضْلٍۭ بَلْ نَظُنُّكُمْ كٰذِبِیْنَ ﴿۲۷﴾ قَالَ یٰقَوْمِ اَرَءَیْتُمْ اِنْ
كُنْتُ عَلٰى بَیِّنَةٍ مِّنْ رَّبِّیْ وَاٰتٰىنِیْ رَحْمَةً مِّنْ عِنْدِهٖ فَعُمِّیَتْ
عَلَیْكُمْ ؕ اَنُلْزِمُكُمُوْهَا وَاَنْتُمْ لَهَا كٰرِهُوْنَ ﴿۲۸﴾ وَیٰقَوْمِ لَاۤ اَسْـَٔلُكُمْ
عَلَیْهِ مَالًا ؕ اِنْ اَجْرِیَ اِلَّا عَلَى اللّٰهِ وَمَاۤ اَنَا بِطَارِدِ الَّذِیْنَ اٰمَنُوْا ؕ
اِنَّهُمْ مُّلٰقُوْا رَبِّهِمْ وَلٰكِنِّیْۤ اَرٰىكُمْ قَوْمًا تَجْهَلُوْنَ ﴿۲۹﴾ وَیٰقَوْمِ مَنْ
یَّنْصُرُنِیْ مِنَ اللّٰهِ اِنْ طَرَدْتُّهُمْ ؕ اَفَلَا تَذَكَّرُوْنَ ﴿۳۰﴾ وَلَاۤ اَقُوْلُ
لَكُمْ عِنْدِیْ خَزَآىِٕنُ اللّٰهِ وَلَاۤ اَعْلَمُ الْغَیْبَ وَلَاۤ اَقُوْلُ اِنِّیْ مَلَكٌ
وَّلَاۤ اَقُوْلُ لِلَّذِیْنَ تَزْدَرِیْۤ اَعْیُنُكُمْ لَنْ یُّؤْتِیَهُمُ اللّٰهُ خَیْرًا ؕ اَللّٰهُ
اَعْلَمُ بِمَا فِیْۤ اَنْفُسِهِمْ ۚۖ اِنِّیْۤ اِذًا لَّمِنَ الظّٰلِمِیْنَ ﴿۳۱﴾ قَالُوْا یٰنُوْحُ
قَدْ جٰدَلْتَنَا فَاَكْثَرْتَ جِدَالَنَا فَاْتِنَا بِمَا تَعِدُنَاۤ اِنْ كُنْتَ مِنَ
الصّٰدِقِیْنَ ﴿۳۲﴾ قَالَ اِنَّمَا یَاْتِیْكُمْ بِهِ اللّٰهُ اِنْ شَآءَ وَمَاۤ اَنْتُمْ بِمُعْجِزِیْنَ ﴿۳۳﴾
وَلَا یَنْفَعُكُمْ نُصْحِیْۤ اِنْ اَرَدْتُّ اَنْ اَنْصَحَ لَكُمْ اِنْ كَانَ اللّٰهُ یُرِیْدُ
اَنْ یُّغْوِیَكُمْ ؕ هُوَ رَبُّكُمْ ۫ وَاِلَیْهِ تُرْجَعُوْنَ ﴿۳۴﴾ اَمْ یَقُوْلُوْنَ افْتَرٰىهُ ؕ
قُلْ اِنِ افْتَرَیْتُهٗ فَعَلَیَّ اِجْرَامِیْ وَاَنَا بَرِیْٓءٌ مِّمَّا تُجْرِمُوْنَ ﴿۳۵﴾

منزل ٣

★ रु. ३/३ आ ११

(कि) अल्लाह के सिवाय किसी की अिबादत न करो। मुझको तुम पर अज़ाब (पड़ने वाले) एक दुखदाई दिन का डर है। (२६) फिर उनकी जाति के सरदार जो मुन्किर (विमुख) थे कहने लगे कि हमको तो तुम हमारे ही जैसे आदमी दिखाई देते हो और हमारे नज़दीक सिर्फ़ वही लोग तुम्हारे ताबे हो गये हैं जो हमसे नीच और कच्ची समझ वाले हैं और वह भी सरसरी राय से, हम तो तुम में अपने से कोई विशेषता नहीं पाते बल्कि हम तुमको झूठा समझते हैं। (२७) (नूह ने) कहा भाइयो! भला देखो तो सही अगर मैं अपने परवरदिगार के खुले रास्ते पर हूँ, और उसने मुझको अपनी तरफ़ से रहमत दी है फिर वह (रास्ता) तुमको सूझ न पड़े तो (आख़िर हमारे पास क्या चारा है) क्या हम उसको तुम्हारे गले मढ़ सकते हैं जब कि तुम उससे बेज़ार (विमुख) हो रहे हो। (२८) और ऐ भाइयो! मैं इस (हिदायत) के बदले में तुमसे कुछ माल तो नहीं मांगता। मेरी मज़दूरी तो अल्लाह के सिवा किसी के ज़िम्मे नहीं है और मैं लोगों को जो ईमान ला चुके हैं (अपने पास से) निकालनेवाला नहीं हूँ (भलेही तुम उनको नीच कहो क्योंकि) इनको अपने परवरदिगार से मिलना है, मैं देखता हूँ कि तुम लोग (निरे) जाहिल हो।@ (२९) और भाइयो! अगर मैं इनको निकाल दूँ तो अल्लाह के सामने कौन मेरी मदद को खड़ा होगा? क्या तुम नहीं समझते। (३०) और मैं तुमसे दावा नहीं करता कि मेरे पास ख़ुदाई ख़ज़ाने हैं और न मैं ग़ैब (अदृष्ट की बातें) जानता हूँ और न मैं (यही) कहता हूँ कि मैं फ़रिश्ता हूँ और जो लोग तुम्हारी नज़रों में तुच्छ हैं मैं उनके सम्बन्ध में यह भी नहीं कह सकता कि अल्लाह उनको हरगिज़ कोई भलाई न देगा। उनके दिल की बात को अल्लाह ही खूब जानता है। अगर (बढ़-चढ़कर मैं) ऐसी बातें कहने का हौसला करूँ तो मैं ज़ालिमों में हूँगा। (३१) वह बोले ऐ नूह! तूने हमसे झगड़ा किया, और बहुत झगड़ा किया, अब अगर तू सच्चा है तो जिस (अज़ाब) से हमको डराता है उसको हम पर ले आ। (३२) (नूह ने) कहा कि अल्लाह को मंज़ूर होगा तो वही सज़ा को भी तुम पर लायेगा और (तब) तुम (भाग-बचकर उसको) थका (भी) न सकोगे। (३३) और जो मैं तुम्हारे लिए नसीहत करना चाहूँ अगर अल्लाह ही को तुम्हें बेराह चलाना मंज़ूर है तो मेरी नसीहत (कुछ भी) तुम्हारे काम नहीं आ सकती। वही तुम्हारा परवरदिगार है और उसी की तरफ़ तुमको लौटकर जाना है। (३४) (ऐ पैग़म्बर! जिस तरह नूह की क़ौम ने नूह को झुठलाया था) क्या (उसी तरह यह मक्का के मुशरिक भी तुमको झुठलाते हैं और तुम पर एतराज़ करते और) कहते हैं कि क़ुर्आन को पैग़म्बर ने खुद गढ़ लिया है, तो तुम (उनको) जवाब दो कि अगर (क़ुर्आन) मैंने खुद गढ़ लिया है तो मेरा गुनाह मुझ पर है और जो गुनाह तुम करते हो उस पर मेरा कुछ ज़िम्मा नहीं। (३५) ★

★ रु. ३/३ आ ११

@ इन्कारियों ने ईमान लाने वालों को नीच कहा क्योंकि वे धंधे करके अपना पालन-पोषण करते थे। इन आयतों में बताया गया है कि किसी प्रकार का पेशा या धंधा करने से आदमी नीच नहीं हो जाता; बल्कि जो लोग उसे नीच समझते हैं वही मूर्ख हैं। हज़रत नूह अ० की ही तरह रसूलुल्लाह स० मुहम्मद पर भी यह नौबत आई कि अमीर उमरः शिकायत करते थे कि आप इन अदना आदमियों को साथ न बिठायें तो हम आपकी बात सुनें। ग़रीब ईमानवाले नीच नहीं होते बल्कि अमीर घमण्डी ही नीच होते हैं।

व अूहिय अिला नूहिन् अन्नहु लैंयुअ्मिन मिन् क़ौमिक अिल्ला मन् क़द् आमन फ़ला तब्तअिस् बिमा कानू यफ़्अलून ज् सला (३६) वस्नअिल्-फ़ुल्क बिअऽयुनिना व वह्यिना व ला तुख़ातिब्नी फ़िल्लज़ीन ज़लमू ज् अिन्नहुम् मुग़्रक़ून (३७) व यस्नअुल्फ़ुल्क क़िफ़् व कुल्लमा मर्र अलैहि मलअुम्मिन् क़ौमिही सख़िरू मिन्हु त् क़ाल अिन् तस्ख़रू मिन्ना फ़अिन्ना नस्ख़रु मिन्कुम् कमा तस्ख़रून त् (३८) फ़सौफ़ तअ्लमून ला मैंयअ्तीहि अज़ाबुंय्युख़्ज़ीहि व यहिल्लु अलैहि अज़ाबुम् - मुक़ीमुन् (३९) हत्ता' अिज़ा जा'अ अम्रुना व फ़ारत्तन्नूरु ला क़ुल्नह्मिल् फ़ीहा मिन् कुल्लिन् ज़ौजैनिस्नैनि व अह्लक अिल्ला मन् सबक़ अलैहिल् - क़ौलु व मन् आमन त् व मा' आमन मअ़हू' अिल्ला क़लीलुन् (४०) व क़ालर्कबू फ़ीहा बिस्मिल्लाहि मज्रीहा § व मुर्साहा त् अिन्न रब्बी लग़फ़ूरुर् - रहीमुन् (४१) व हिय तज्री बिहिम् फ़ी मौजिन् कल्जिबालि क़िफ़् व नादा नूहुनिब्नहू व कान फ़ी मऽज़िलीं-याबुनैयर्कम्मअ़ना व ला तकुम्मअल् - काफ़िरीन (४२) क़ाल सआवी' अिला जबलीं-यऽसिमुनी मिनल्मा'अि त् क़ाल ला आसिमल्यौम मिन् अम्रिल्लाहि अिल्ला मर्रहिम ज् व हाल बैनहुमल् - मौजु फ़कान मिनल्मुग़्रक़ीन (४३) व क़ील या' अर्ज़ुब्लअ़ी मा'अकि व यासमा'अु अक़्लिअ़ी व ग़ीज़ल्-मा'अु व क़ुज़ियल् - अम्रु वस्तवत् अलल्जूदीयि व क़ील बुऽदल्लिल्-क़ौमिज़्ज़ालिमीन (४४) ● व नादा नूहुर्रब्बहू फ़क़ाल रब्बि अिन्नब्नी मिन् अह्ली व अिन्न वऽदकल् - हक़्क़ु व अन्त अह्कमुल् - हाकिमीन (४५)

वमा من دآبة ١٢ — ١٨٠ — هود ١١

وَاُوْحِيَ اِلٰى نُوْحٍ اَنَّهٗ لَنْ يُّؤْمِنَ مِنْ قَوْمِكَ اِلَّا مَنْ قَدْ اٰمَنَ فَلَا تَبْتَئِسْ بِمَا كَانُوْا يَفْعَلُوْنَ ۝ وَاصْنَعِ الْفُلْكَ بِاَعْيُنِنَا وَوَحْيِنَا وَلَا تُخَاطِبْنِيْ فِي الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا اِنَّهُمْ مُّغْرَقُوْنَ ۝ وَيَصْنَعُ الْفُلْكَ وَكُلَّمَا مَرَّ عَلَيْهِ مَلَاٌ مِّنْ قَوْمِهٖ سَخِرُوْا مِنْهُ قَالَ اِنْ تَسْخَرُوْا مِنَّا فَاِنَّا نَسْخَرُ مِنْكُمْ كَمَا تَسْخَرُوْنَ ۝ فَسَوْفَ تَعْلَمُوْنَ مَنْ يَّاْتِيْهِ عَذَابٌ يُّخْزِيْهِ وَيَحِلُّ عَلَيْهِ عَذَابٌ مُّقِيْمٌ ۝ حَتّٰى اِذَا جَآءَ اَمْرُنَا وَفَارَ التَّنُّوْرُ قُلْنَا احْمِلْ فِيْهَا مِنْ كُلٍّ زَوْجَيْنِ اثْنَيْنِ وَاَهْلَكَ اِلَّا مَنْ سَبَقَ عَلَيْهِ الْقَوْلُ وَمَنْ اٰمَنَ وَمَا اٰمَنَ مَعَهٗ اِلَّا قَلِيْلٌ ۝ وَقَالَ ارْكَبُوْا فِيْهَا بِسْمِ اللّٰهِ مَجْرٖىهَا وَمُرْسٰىهَا اِنَّ رَبِّيْ لَغَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝ وَهِيَ تَجْرِيْ بِهِمْ فِيْ مَوْجٍ كَالْجِبَالِ وَنَادٰى نُوْحُ ِۨابْنَهٗ وَكَانَ فِيْ مَعْزِلٍ يّٰبُنَيَّ ارْكَبْ مَّعَنَا وَلَا تَكُنْ مَّعَ الْكٰفِرِيْنَ ۝ قَالَ سَاٰوِيْ اِلٰى جَبَلٍ يَّعْصِمُنِيْ مِنَ الْمَآءِ قَالَ لَا عَاصِمَ الْيَوْمَ مِنْ اَمْرِ اللّٰهِ اِلَّا مَنْ رَّحِمَ وَحَالَ بَيْنَهُمَا الْمَوْجُ فَكَانَ مِنَ الْمُغْرَقِيْنَ ۝ وَقِيْلَ يٰاَرْضُ ابْلَعِيْ مَآءَكِ وَيٰسَمَآءُ اَقْلِعِيْ وَغِيْضَ الْمَآءُ وَقُضِيَ الْاَمْرُ وَاسْتَوَتْ عَلَى الْجُوْدِيِّ وَقِيْلَ بُعْدًا لِّلْقَوْمِ الظّٰلِمِيْنَ ۝ وَنَادٰى نُوْحٌ رَّبَّهٗ فَقَالَ رَبِّ اِنَّ ابْنِيْ مِنْ اَهْلِيْ وَاِنَّ وَعْدَكَ الْحَقُّ وَاَنْتَ اَحْكَمُ الْحٰكِمِيْنَ ۝

منزل ٣

रु ४ अ. १ ४

§ याद रहे अरबी ज़ुबान में 'याये' मझोल नहीं होती। मगर क़ुर्आन शरीफ़ में सिर्फ़ एक जगह (आयत ४१ में रेखाङ्कित) एक लफ़्ज़ "मज्रीहा" लिखा है उसका उच्चारण मज्रीहा नहीं बल्कि "मज्रेहा" पढ़ना चाहिये।

और नूह की तरफ़ खुदाई पैग़ाम आया कि तुम्हारी जाति में जो लोग ईमान ला चुके हैं उनके सिवाय अब और कोई ईमान नहीं लावेगा तो उनकी करतूतों पर तुम (कुछ) रंज न करो। (३६) और हमारे सामने और हमारे हुक्म के बमूजिब एक नाव बनाओ और ज़ालिमों (अवज्ञाकारियों) के सम्बन्ध में मुझसे कुछ (सिफ़ारिशन) न कहो, (क्योंकि) यह लोग ज़रूर डूबेंगे। (३७) चुनांचे नूह ने नाव बनानी शुरू की और जब कभी उनकी जाति के सरदार उनके पास से होकर गुज़रते तो उनकी हँसी उड़ाते। नूह ने जवाब दिया कि अगर तुम हम पर हँसते हो तो हम भी तुम पर हँसते हैं जैसे तुम (मुझ पर) हँस रहे हो। (३८) जल्दीही (तुमको) मालूम हो जायगा कि किस पर वह अज़ाब उतरता है जो उसको ज़लील करेगा और किस पर हमेशा के लिए वह अज़ाब बर्पा होगा। (३९) यहाँ तक कि हमारा हुक्म जब आ पहुँचा और (अज़ाबे इलाही का) तनूर उबल पड़ा तो हमने हुक्म दिया कि हर क़िस्म में से दो-दो के जोड़े और जिनकी बाबत पहले (न बख़्शे जाने का) हुक्म हो चुका है उनको छोड़कर अपने घरवाले † और जो ईमान ला चुके हैं ✡ उनको किश्ती में बैठा लो। और उनके साथ ईमान भी थोड़े ही लोग लाये थे (४०) और नूह ने (किश्ती में सवार होने वालों से) कहा सवार हो उसमें और अल्लाह के नाम से ही है किश्ती का बहना और ठहरना और बेशक मेरा रब बख़्शने वाला बेहद मेहरबान है। (४१) और किश्ती इनको ऐसी लहरों में जो पहाड़ के समान थीं चलने लगी और नूह का बेटा (दूर) किनारे पर था तो नूह ने उसे पुकारा कि बेटा! हमारे साथ बैठ ले और काफ़िरों के साथ मत रह। (४२) (वह) बोला मैं अभी किसी पहाड़ पर पनाह लेता हूँ, वह मुझको पानी से बचा लेगा। (नूह ने) कहा कि आज के दिन अल्लाह के ग़ुस्से से बचानेवाला कोई नहीं सिवाय उसको कि अल्लाह ही जिस पर अपनी मेहरबानी करे। और दोनों के दरमियान एक लहर आ गई और (दूसरों के साथ नूह का बेटा भी) डूबने वालों में रह गया। (४३) और हुक्म हुआ कि ऐ ज़मीन! अपना पानी निगल ले और ऐ आसमान! थम जा और पानी समा गया और काम तमाम हो चुका और किश्ती जूदी (पहाड़) § पर टिक गई और हुक्म हुआ कि ज़ालिमों की क़ौम दूर हुई (अल्लाह की रहमत से)। (४४) ● और नूह ने अपने परवरदिगार को पुकारा और बिनती की कि ऐ मेरे परवरदिगार! मेरा बेटा मेरे घर वालों में से है और तेरा वादा सच्चा है और तू सब हाकिमों से बड़ा हाकिम है। @ (४५) (अल्लाह ने) फ़र्माया कि ऐ नूह! तुम्हारा बेटा तुम्हारे घरवालों में नहीं था, क्योंकि इसके कर्म बुरे थे। तो जो तू नहीं जानता वह बात मुझसे न पूछ। मैं तुझको नसीहत करता हूँ कि तू जाहिलों (अज्ञानियों) जैसा न हो। (४६)

● रु. ब. अ. १/४

† हज़रत नूह अ० के समय जो तूफ़ान बर्पा हुआ उसमें उनके घरवालों में से जो काफ़िर और न बचने वाले अल्लाह की ओर से बताये जा चुके थे उनको छोड़ कर बाक़ी घरवालों को किश्ती में बिठाल लेने का हुक्म हुआ। घरवालों में काफ़िरों की चरचा में एक तो हज़रत नूह अ० का एक बेटा और उनकी बीवी का नाम आता है जो तूफ़ान में तबाह हो गये। ✡ इस आयत से मालूम होता है हज़रत नूह अ० व उनके तीन बेटों के अलावा भी कुछ दूसरे लोग थे जो ईमानवाले थे और जो किश्ती में बैठकर उस प्रलय से बच गये। इस तरह सारे मौजूदा इन्सानों को महज़ हज़रत नूह अ० की ही औलादों में शुमार करनेवालों की राय का क़ुर्आन समर्थन नहीं करता। (ह० मौलाना मौदूदी) § यह एक पहाड़ का नाम है जो शाम देश में है। @ यानी तूने वायदा किया था कि तेरे घरवालों को बचा लिया जायगा तो मेरा बेटा कैसे डूब गया? ऐ अल्लाह! तेरा कहना तो कभी ग़लत नहीं हो सकता।

क़ाल या नूहु अिन्नहु लैस मिन् अह्लिक ज् अिन्नहु अ़मलुन् ग़ैरु सालिहिन् ज् क् सला फ़ला तस्अल्नि मा लैस लक बिही अ़िल्मुन् त् अिन्नी॑ अअ़िजुक अन्तकून मिनल् - जाहिलीन (४६) क़ाल रब्बि अिन्नी॑ अअूजुबिक अन् अस्अलक मा लैस ली बिही अ़िल्मुन् त् व अिल्ला तग़्फ़िर् ली व तर्हम्नी॑ अकुम्मिनल्-ख़ासिरीन (४७) क़ील यानूहुह्बित् बिसलामिम् - मिन्ना व बरकातिन् अ़लैक व अ़ला॑ अुममिम् - मिम्मम् - मअ़क त् व अुममुन् सनुमत्तिअ़ुहुम् सुम्म यमस्सुहुम् मिन्ना अ़जाबुन् अलीमुन् (४८) तिल्क मिन् अम्बा॑अिल्ग़ैबि नूहीहा॑ अिलैक ज् मा कुन्त तअ़्लमुहा॑ अन्त व ला क़ौमुक मिन् क़ब्लि हाजा त् ∴ फ़स्बिर् त् ∴ अिन्नल्-आ़क़िबत लिल्मुत्तक़ीन (४९) ★ व अिला आ़दिन् अख़ाहुम् हूदन् त् क़ाल या क़ौमिअ़्बुदुल्लाह मा लकुम् मिन् अिलाहिन् ग़ैरुहू त् अिन् अन्तुम् अिल्ला मुफ़्तरून (५०) या क़ौमि ला॑ अस्अलुकुम् अ़लैहि अज्रन् त् अिन् अज्रिय अिल्ला अ़लल्लजी फ़तरनी त् अफ़ला तअ़्क़िलून (५१) व या क़ौमिस्-तग़्फ़िरू रब्बकुम् सुम्म तूबू॑ अिलैहि युर्सिलिस्-समा॑अ अ़लैकुम् मिद्रारौंव यज़िद्कुम् क़ूवतन् अिला क़ूवतिकुम् व ला ततवल्लौ मुज्रिमीन (५२) क़ालू या हूदु मा जिअ्तना बिबैयिनतिंव मा नह्नु बितारिकी॑ आलिहतिना अ़न् क़ौलिक व मा नह्नु लक बिमुअ्मिनीन (५३) अिन्नक़ूलु अिल्लाअ़्तराक बअ़्ज़ु आलिहतिना बिसू॑अिन् त् क़ाल अिन्नी॑ अुश्हिदुल्लाह वश्हदू॑ अन्नी बरी॑अुम्-मिम्मा तुश्रिकून ला (५४) मिन् दूनिही फ़कीदूनी जमीअ़न् सुम्म ला तुन्ज़िरूनि (५५) अिन्नी तवक्कल्तु अ़लल्लाहि रब्बी व रब्बिकुम् त् मा मिन् दा॑ब्बतिन् अिल्ला हुव आख़िजुम् - बिना सियतिहा त् अिन्न रब्बी अ़ला सिरातिम् - मुस्तक़ीमिन् (५६)

मु. अ्रि मु ता ख. ६ ★ रु. ४/४ आ १४

وما من دآبة ١٢ ١٨١ هود ١١

قَالَ يٰنُوْحُ اِنَّهٗ لَيْسَ مِنْ اَهْلِكَ اِنَّهٗ عَمَلٌ غَيْرُ صَالِحٍ فَلَا تَسْئَلْنِ
مَا لَيْسَ لَكَ بِهٖ عِلْمٌ اِنِّیْٓ اَعِظُكَ اَنْ تَكُوْنَ مِنَ الْجٰهِلِيْنَ ۝ قَالَ رَبِّ
اِنِّیْٓ اَعُوْذُ بِكَ اَنْ اَسْئَلَكَ مَا لَيْسَ لِیْ بِهٖ عِلْمٌ وَاِلَّا تَغْفِرْ لِیْ وَتَرْحَمْنِیْٓ
اَكُنْ مِّنَ الْخٰسِرِيْنَ ۝ قِيْلَ يٰنُوْحُ اهْبِطْ بِسَلٰمٍ مِّنَّا وَبَرَكٰتٍ عَلَيْكَ وَ
عَلٰٓى اُمَمٍ مِّمَّنْ مَّعَكَ وَاُمَمٌ سَنُمَتِّعُهُمْ ثُمَّ يَمَسُّهُمْ مِّنَّا عَذَابٌ اَلِيْمٌ ۝
تِلْكَ مِنْ اَنْۢبَآءِ الْغَيْبِ نُوْحِيْهَآ اِلَيْكَ مَا كُنْتَ تَعْلَمُهَآ اَنْتَ وَلَا قَوْمُكَ
مِنْ قَبْلِ هٰذَا فَاصْبِرْ اِنَّ الْعَاقِبَةَ لِلْمُتَّقِيْنَ ۝ وَاِلٰى عَادٍ اَخَاهُمْ
هُوْدًا قَالَ يٰقَوْمِ اعْبُدُوا اللّٰهَ مَا لَكُمْ مِّنْ اِلٰهٍ غَيْرُهٗ اِنْ اَنْتُمْ اِلَّا
مُفْتَرُوْنَ ۝ يٰقَوْمِ لَآ اَسْئَلُكُمْ عَلَيْهِ اَجْرًا اِنْ اَجْرِیَ اِلَّا عَلَى الَّذِیْ
فَطَرَنِیْ اَفَلَا تَعْقِلُوْنَ ۝ وَيٰقَوْمِ اسْتَغْفِرُوْا رَبَّكُمْ ثُمَّ تُوْبُوْٓا اِلَيْهِ
يُرْسِلِ السَّمَآءَ عَلَيْكُمْ مِّدْرَارًا وَّيَزِدْكُمْ قُوَّةً اِلٰى قُوَّتِكُمْ وَلَا تَتَوَلَّوْا
مُجْرِمِيْنَ ۝ قَالُوْا يٰهُوْدُ مَا جِئْتَنَا بِبَيِّنَةٍ وَّمَا نَحْنُ بِتَارِكِیْٓ اٰلِهَتِنَا
عَنْ قَوْلِكَ وَمَا نَحْنُ لَكَ بِمُؤْمِنِيْنَ ۝ اِنْ نَّقُوْلُ اِلَّا اعْتَرٰىكَ
بَعْضُ اٰلِهَتِنَا بِسُوْٓءٍ قَالَ اِنِّیْٓ اُشْهِدُ اللّٰهَ وَاشْهَدُوْٓا اَنِّیْ بَرِیْٓءٌ
مِّمَّا تُشْرِكُوْنَ ۝ مِنْ دُوْنِهٖ فَكِيْدُوْنِیْ جَمِيْعًا ثُمَّ لَا تُنْظِرُوْنِ ۝
اِنِّیْ تَوَكَّلْتُ عَلَى اللّٰهِ رَبِّیْ وَرَبِّكُمْ مَا مِنْ دَآبَّةٍ اِلَّا هُوَ اٰخِذٌۢ بِنَاصِيَتِهَا
اِنَّ رَبِّیْ عَلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ۝ فَاِنْ تَوَلَّوْا فَقَدْ اَبْلَغْتُكُمْ مَّآ اُرْسِلْتُ

(नूह ने) कहा ऐ मेरे परवरदिगार ! मैं तेरी ही पनाह माँगता हूँ कि जो मैं नहीं जानता हूँ उसकी बाबत तुझसे पूछ बैठूँ और अगर तू मेरा (यह) क़सूर माफ़ नहीं करेगा और (मुझ पर) रहम न करेगा तो मैं बर्बादों में हो जाऊँगा। (४७) हुक्म हुआ कि ऐ नूह ! हमारी तरफ़ से ऐसी सलामती और बरकतों के साथ (किश्ती से) उतरो जैसी तुम पर और उन गिरोहों पर जो तेरे साथवालों में हैं (उन पर होंगी)। और कुछ ऐसे भी गरोह होंगे जिनको हम (एक मुद्दत तक दुनिया के) फ़ायदे देंगे फिर (उनकी बे हुक्मी के कारन) उनको हमारी तरफ़ से दुख की मार पहुँचेगी। (४८) (ऐ मोहम्मद !) यह ग़ैब की कुछ ख़बरें हैं जो हम 'वही' द्वारा तेरी तरफ़ भेजते हैं। इससे पहले तुम और तुम्हारी जाति के लोग इन बातों को न जानते थे, तो तू सब्र कर, बेशक परहेज़गारों का अन्त भला है। (४९) ★

★ रु. ४/४ आ १४

और (इसी तरह क़ौम) आद की तरफ़ हमने (उन्हीं के भाई) हूद को (पैग़म्बरी देकर) भेजा। (उन्होने) समझाया कि भाइयो ! अल्लाह ही की अिबादत करो, उसके सिवाय तुम्हारा कोई दूसरा पूज्य नहीं। (और अल्लाह के साथ दूसरों को शरीक और पूज्य बनाना यह बातें) तुम सब झूठ बाँधते हो। (५०) भाइयो ! इस (नसीहत के) बदले मैं तुमसे कुछ मज़दूरी नहीं माँगता, मेरी मज़दूरी तो उसी के ज़िम्मे है जिसने मुझको पैदा किया, तो क्या तुम (इतनी बात भी) नहीं समझते§। (५१) भाइयो ! अपने परवरदिगार से (अपने क़ुसूरों की) माफ़ी माँगो, फिर (आगे के लिए) उसके सामने तौबः करो; वह अपने (रहम से) तुम पर ख़ूब बारिशें भेजेगा और दिन पर दिन तुम्हारे बल (ज़ोर) को बढ़ावेगा और गुनहगार बनकर उससे मुँह न मोड़ो। (५२) वह कहने लगे ऐ हूद ! तू हमारे पास कोई दलील लेकर नहीं आया और तेरे कहने से हम अपने पूजितों को न छोड़ेंगे और हम तुम पर यक़ीन लाने वाले नहीं। (५३) हम तो यही समझते हैं कि तुझ पर हमारे पूजित (देवताओं) में से किसी की मार पड़ गई है। ꣵ (हूद ने) जवाब दिया कि मै अल्लाह को गवाह करता हूँ और तुम भी गवाह रहो कि अल्लाह के सिवाय जिनको तुम शरीक बनाते हो मैं उनसे (बिलकुल) बेज़ार (विमुख) हूँ। (५४) तो तुम (और तुम्हारे पूजित) सब मिलकर मेरे साथ अपनी बदी कर चलो और मुझको दम न लेने दो। (५५) मैं तो अल्लाह ही पर भरोसा करता हूँ जो मेरा परवरदिगार है और तुम्हारा परवरदिगार है। जितने जानदार हैं, सभी की चोटी उसके हाथ में है। बेशक मेरा परवरदिगार सीधी राह पर (चलने पर मिलता) है। (५६)

---

§ तमाम नबियों के बयान यही कहते हैं कि उनका अपना कोई निजी फ़ायदा नहीं रहा। वह तो दुनिया की भलाई के लिए ही अल्लाह की प्रेरणा से उसके हुक्मों को दुनियावालों में पहुँचाते हैं। उनकी ग़रज़ न होने पर भी सरकश लोग बजाय उनकी नसीहत पल्ले बाँधने के उलटे उन नबियों पर ही मुसीबत के पहाड़ ढाते रहे। और उनकी इन्हीं सरकशियों के कारन उन बड़ी-बड़ी शान-शौक़त की क़ौमों को तबाह होना पड़ा और दूसरी क़ौमों को उनकी जगह मिली। अल्लाह की क़ुदरत का यह सिलसिला दुनिया में हमेशा से क़ायम है और क़ायम रहेगा। ꣵ हूद अ॰ की सरकश क़ौम ने उनसे कहा कि हमारी समझ में तो तुम्हारी देवताओं की तरफ़ से इनकारी के कारन किसी देवता का कोप तुम पर पड़ गया है और उस कारन तुम समाज में सब तरफ़ बेइज़्ज़त हो रहे हो।

फ़अिन् तवल्लौ फ़क़द् अब्लग़्तुकुम् मा उर्सिल्तु बिही अिलैकुम् त् व यस्तख़्लिफ़ु रब्बी क़ौमन् ग़ैरकुम् ज् व ला तज़ुर्रूनहू शैअन् त् अिन्न रब्बी अ़ला कुल्लि शैअिन् हफ़ीज़ुन् (५७) व लम्मा जाअ अम्रुना नज्जैना हूदौंवल्लज़ीन आमनू मअ़हू बिरह़्मतिम्-मिन्ना ज् व नज्जैनाहुम् मिन् अ़ज़ाबिन्-ग़लीज़िन् (५८) व तिल्क आदुन् क़िफ़् ला जहदू बिआयाति रब्बिहिम् व अ़सौ रुसुलहू वत्तबअ़ू अम्र कुल्लि जब्बारिन् अ़नीदिन् (५९) व उत्बिअ़ू फ़ी हाज़िहिद्दुन्या लअ़्नतौंव यौमल्-क़ियामति त् अला अिन्न आदन् कफ़रू रब्बहुम् त् अला बुअ़्दल्लिआदिन् क़ौमि हूदिन् (६०) ★ व अिला समूद अख़ाहुम् सालिहन् म् ● क़ाल या क़ौमिअ़्बुदुल्लाह मा लकुम् मिन् अिलाहिन् ग़ैरुहू त् हुव अन्शअकुम् मिनल्अर्ज़ि वस्तअ़्मर-कुम् फ़ीहा फ़स्तग़्फ़िरूहु सुम्म तूबू अिलैहि त् अिन्न रब्बी क़रीबुम्-मुजीबुन् (६१) क़ालू या सालिहु क़द् कुन्त फ़ीना मर्जुव्वन् क़ब्ल हाज़ा अतन्हाना अन् नअ़्बुद मा यअ़्बुदु आबाउना व अिन्नना लफ़ी शक्किम्मिम्मा तद्अ़ूना अिलैहि मुरीबिन् (६२) क़ाल या क़ौमि अरअैतुम् अिन् कुन्तु अ़ला बैयिनतिम्-मिर्रब्बी व आतानी मिन्हु रह़्मतन् फ़मैंयन्सुरुनी मिनल्लाहि अिन् अ़सैतुहू क़िफ़् फ़मा तज़ीदूननी ग़ैर तख़्सीरिन् (६३) व या क़ौमि हाज़िही नाक़तुल्लाहि लकुम् आयतन् फ़ज़रूहा तअ्कुल् फ़ी अर्ज़िल्लाहि व ला तमस्सूहा बिसूअिन् फ़यअ्ख़ुज़कुम् अ़ज़ाबुन् क़रीबुन् (६४) फ़अ़क़रूहा फ़क़ाल तमत्तअ़ू फ़ी दारिकुम् सलासत अैयामिन् त् ज़ालिक वअ़्दुन् ग़ैरु मक्ज़ूबिन् (६५) फ़लम्मा जाअ अम्रुना नज्जैना सालिहौंवल्लज़ीन आमनू मअ़हू बिरह़्मतिम्-मिन्ना व मिन् ख़िज़्यि यौमिअिज़िन् त् अिन्न रब्बक हुवल्क़वीयुल् - अ़ज़ीज़ु (६६)

★ रु. ५/५ आ ११ ● व. लाज़िम

بِهٖ اِلَيْكُمْ وَيَسْتَخْلِفُ رَبِّيْ قَوْمًا غَيْرَكُمْ وَلَا تَضُرُّوْنَهٗ شَيْـًٔا اِنَّ
رَبِّيْ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ حَفِيْظٌ ۝ وَلَمَّا جَآءَ اَمْرُنَا نَجَّيْنَا هُوْدًا وَّ
الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مَعَهٗ بِرَحْمَةٍ مِّنَّا وَنَجَّيْنٰهُمْ مِّنْ عَذَابٍ غَلِيْظٍ ۝ وَ
تِلْكَ عَادٌ جَحَدُوْا بِاٰيٰتِ رَبِّهِمْ وَعَصَوْا رُسُلَهٗ وَاتَّبَعُوْٓا اَمْرَ كُلِّ
جَبَّارٍ عَنِيْدٍ ۝ وَاُتْبِعُوْا فِيْ هٰذِهِ الدُّنْيَا لَعْنَةً وَّيَوْمَ الْقِيٰمَةِ اَلَآ
اِنَّ عَادًا كَفَرُوْا رَبَّهُمْ اَلَا بُعْدًا لِّعَادٍ قَوْمِ هُوْدٍ ۝ وَاِلٰى ثَمُوْدَ اَخَاهُمْ
صٰلِحًا قَالَ يٰقَوْمِ اعْبُدُوا اللّٰهَ مَا لَكُمْ مِّنْ اِلٰهٍ غَيْرُهٗ هُوَ اَنْشَاَكُمْ
مِّنَ الْاَرْضِ وَاسْتَعْمَرَكُمْ فِيْهَا فَاسْتَغْفِرُوْهُ ثُمَّ تُوْبُوْٓا اِلَيْهِ اِنَّ رَبِّيْ
قَرِيْبٌ مُّجِيْبٌ ۝ قَالُوْا يٰصٰلِحُ قَدْ كُنْتَ فِيْنَا مَرْجُوًّا قَبْلَ هٰذَآ اَتَنْهٰىنَآ
اَنْ نَّعْبُدَ مَا يَعْبُدُ اٰبَآؤُنَا وَاِنَّنَا لَفِيْ شَكٍّ مِّمَّا تَدْعُوْنَآ اِلَيْهِ مُرِيْبٍ ۝
قَالَ يٰقَوْمِ اَرَءَيْتُمْ اِنْ كُنْتُ عَلٰى بَيِّنَةٍ مِّنْ رَّبِّيْ وَاٰتٰىنِيْ مِنْهُ رَحْمَةً
فَمَنْ يَّنْصُرُنِيْ مِنَ اللّٰهِ اِنْ عَصَيْتُهٗ فَمَا تَزِيْدُوْنَنِيْ غَيْرَ تَخْسِيْرٍ ۝
وَيٰقَوْمِ هٰذِهٖ نَاقَةُ اللّٰهِ لَكُمْ اٰيَةً فَذَرُوْهَا تَاْكُلْ فِيْٓ اَرْضِ اللّٰهِ وَ
لَا تَمَسُّوْهَا بِسُوْٓءٍ فَيَاْخُذَكُمْ عَذَابٌ قَرِيْبٌ ۝ فَعَقَرُوْهَا فَقَالَ
تَمَتَّعُوْا فِيْ دَارِكُمْ ثَلٰثَةَ اَيَّامٍ ذٰلِكَ وَعْدٌ غَيْرُ مَكْذُوْبٍ ۝ فَلَمَّا جَآءَ
اَمْرُنَا نَجَّيْنَا صٰلِحًا وَّالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مَعَهٗ بِرَحْمَةٍ مِّنَّا وَمِنْ خِزْيِ
يَوْمِئِذٍ اِنَّ رَبَّكَ هُوَ الْقَوِيُّ الْعَزِيْزُ ۝ وَاَخَذَ الَّذِيْنَ ظَلَمُوا